



॥पं. रामशरणशास्त्रिस्मृतिविशेषाङ्कः॥

DR. RAM SHARAN SHASTRI
COMMEMORATION VOLUME



॥पं. रामशरणशास्त्रिस्मृतिविशेषाङ्कः॥

DR. RAM SHARAN SHASTRI COMMEMORATION VOLUME

I S S N 0016–4461

Journal of
Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha
(formerly : *Journal of Ganganatha Jha Research Institute*)


A Journal devoted to Oriental Studies in general
and Indological studies in particular

Vols. XXXVIII–XXXIX (1982–83)

पं. रामशरणशास्त्रिस्मृतिविशेषाङ्कः

Published by
G. C. Tripathi, M.A., PH.D., DR. PHIL.
Principal
Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha
Chandrashekhar Azad Park
Allahabad–2
India.

Vols. XXXVIII & XXXIX Jan. 1982—Dec. 1983



JOURNAL OF THE GANGANATHA JHA KENDRIYA SANSKRITA VIDYAPEETHA

Editors

G. C. Tripathi

Maya Malaviya



Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha

Chandrashekhar Azad Park

ALLAHABAD-2

1985

The Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha is a constituent Institute of *Rashtriya Sanskrit Sansthan,* Delhi, which is run under the auspices of the Ministry of Education and Culture, Govt. of India.

गङ्गानाथप्रसृमरयशश्चन्द्रिकाधौतहर्म्यं
कूजद्विद्वद्विहगनिवहानेकपीताभिरामम् ।
काले काले कुसुमितनवान्वेषणाऽऽमोदिताशं
विद्यापीठं जयतु जगतां भूयसे मङ्गलाय ।।

—खिस्ते-उपाह्वस्य बटुकनाथशास्त्रिण:

Annual Subscription

Inland : Rs. 40/-, Foreign : $ 10/-

(including postage and registration charges)

Price of this double volume : *Rs.* 80/- *or* $ 20/-

Printed at The Indian Press (Pvt.) Ltd., Allahabad.

JOURNAL
OF THE
GANGANATHA JHA
KENDRIYA SANSKRIT VIDYAPEETHA

Vols. XXXVIII & XXXIX Jan. 1982—Dec. 1983

CONTENTS

ENGLISH

EDITORIAL NOTE

The present volume of the *Journal of G. N. Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha* is respectfully dedicated to the sacred memory of a rare savant of Indic learning who selflessly and untiringly worked for promotion and propagation of Sanskrit under very difficult personal circumstances, yet who abhorred publicity, abstained from self-praise and who was humility incarnate.

Pt. Ramsharan Shastri has carved out a special place for himself in the realm of modern Sanskrit literature by composing the famous prose romance *Kaumudīkathākallolinī* which simultaneously seeks to illustrate the *sūtras* of Pāṇini in the order of *Siddhāntakaumudī*. It is a masterpiece of modern Sanskrit prose writing. His other work titled *Brahmasūtra-bhāṣya-pañcaka-samīkṣaṇam* is a fine example of how deep and subtle metaphysical thoughts can be expressed and communicated with facility by means of extremely simple and chaste Sanskrit.

Shastriji has been deeply associated with our Vidyapeetha. This association became deeper when after his retirement he started living at Allahabad.

By honouring the memory of Pt. Ramsharan Shastri we are honouring the type of an erudite traditional scholar who advantageously imbibes in himself the modern and critical outlook towards his heritage and who works mutely believing in the maxim of *Karmaṇyevādhikāras te* shunning all publicity and mindless to the public opinion about himself.



डॉ० रामशरण त्रिपाठी शास्त्री
(१९०८—४-१२-१९७७)

डॉ० रामशरण शास्त्री : एक परिचय

संस्कृत के जिन अप्रतिम विद्वान्, व्याकरण, न्याय एवं वेदान्त के सूक्ष्मतत्त्वों के मर्मज्ञ तथा यशस्वी गद्यकार की सप्तम पुण्यतिथि (५ दिसम्बर, १९८४) पर यह सारस्वत श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुए विद्यापीठ अपने को कृतकृत्य अनुभव कर रहा है, विनय विनम्रता एवं आर्जव की प्रतिमूर्ति वे डॉ० रामशरण शास्त्री एक ऐसे मनस्वी संस्कृत विद्वान् थे जिन्होंने अत्यन्त विषम पारिवारिक परिस्थितियों के बीच, अनेक व्यक्तिगत कठिनाइयों और समस्याओं को झेलते हुए भी माँ शारदा की सेवा के लिये समय निकाला और मूक तथा शान्त भाव से, अर्थ और यश की कामना से बहुत दूर रह कर, निष्काम भाव से संस्कृत की सेवा की।

डा० रामशरण त्रिपाठी का जन्म उत्तर प्रदेश में अवस्थित बाँदा जिले के यमुना-कूलवर्ती सुरम्य ग्राम 'मरका' में ३० दिसम्बर, १९०८ को हुआ था। इनके पूर्वज मूलतः कान्यकुब्ज (कन्नौज) के निवासी थे जो अपने आश्रयदाता परमारवंशीय राजाओं और सामन्तों के साथ धीरे-धीरे भ्रमण करते हुए फतेहपुर जनपद में आकर बस गये थे। परमारवंशीय क्षत्रिय अपने इन कुलगुरुओं का विशेष सम्मान किया करते थे। लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व जब परमारों के एक उत्साही और पराक्रमी सेनानायक चैनसिंह ('चाँगू बाबा') ने फतेहपुर में यमुना को पार कर उसके दक्षिण में अवस्थित भूमि पर अधिकार करके, वहाँ ठाकुरों के बारह गाँवों को बसाया तो अपने 'उपाध्याय' (पुरोहित) एवं उसके पुत्रों को इन समस्त गाँवों का आध्यात्मिक गुरु एवं पुरोधा नियुक्त किया। इन बारह गाँवों का उपाध्यायत्व श्री रामशरण शास्त्री के समय तक अविच्छिन्न भाव से चला आया जहाँ बसने वाले 'पवाँर' ठाकुर आज भी इस वंश को अतुल सम्मान प्रदान करते हैं।

श्री रामशरण त्रिपाठी के पितामह ज्योतिष के प्रकाण्ड विद्वान् थे। अपनी गणना से भूमिगत द्रव्य का पता लगाने में उन्हें विशेष दक्षता प्राप्त थी। मध्यप्रदेश के एक रजवाड़े में अपने गणित द्वारा महल की दीवार में गड़े किसी स्वल्प धन का सही पता बता कर उन्होंने वहाँ के पण्डितों को चकित कर दिया था। किंवदन्ती है कि उससे ईर्ष्याग्रस्त होकर पण्डितों ने आभिचारिक मारण प्रयोग द्वारा उनका वहीं वध करवा दिया और वे अपने एकमात्र द्वादशवर्षीय अल्पवयस्क पुत्र श्री गिरिधारी प्रसाद त्रिपाठी को अकेला छोड़ कर विदेश में ही दिवंगत हो गये।

अल्पवयस् में पिता का देहान्त हो जाने के कारण श्री गिरधारी प्रसाद त्रिपाठी को अपना अध्ययन बीच में ही छोड़ कर परिवार के भरण-पोषण की ओर

ध्यान केन्द्रित करना पड़ा किन्तु इसकी कमी उन्होंने अपने पाँचों पुत्रों के लिये उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करके की। उनके द्वितीय पुत्र ने संस्कृत-व्याकरण, साहित्य एवं वेदान्त के अध्ययन में विशेष सफलता प्राप्त की और वे १९१९ ई० में रायपुर (म० प्र०) मण्डल में अवस्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक तीर्थ-स्थान राजिम (राजीवलोचन) की संस्कृत पाठशाला में प्राचार्य नियुक्त हो गये।

श्री रामशरण त्रिपाठी ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा मरका से १४ मील की दूरी पर अवस्थित बबेरू नामक तहसील-मुख्यालय के विद्यालय में प्राप्त की और वहाँ से हिन्दी-मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण की। इस समय तक आपके मन में यह विश्वास बद्धमूल हो गया था कि शैक्षणिक दृष्टि से प्रगति करने के लिये पारम्परिक संस्कृत ज्ञान के साथ-साथ अंग्रेजी का ज्ञान भी परमावश्यक है। अतः एक दिन रात्रि में घर में बिना किसी को बताए हुए वे अपने एक मित्र के साथ नाव लेकर भरी यमुना को पार करके असोथर आये और वहाँ से कानपुर पहुँचे क्योंकि उन्होंने सुन रखा था कि कानपुर में कुछ ऐसे विद्यालय हैं जिनमें पारम्परिक और आधुनिक, दोनों प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाती है। कानपुर रेलवे स्टेशन पर बैठे हुए जब दोनों सोच ही रहे थे कि कहाँ चला जाए तो एक धूर्त्त ने दोनों को देखा और उनसे अन्तरंगता विकसित करके उसने जान लिया कि ये दोनों कौन हैं और किस उद्देश्य से घर से निकले हैं। उसने बताया कि मैं स्वयं मध्यप्रदेश में एक विद्यालय का संचालक हूँ जिसमें ऐसी शिक्षा की व्यवस्था है। उसने दोनों को प्रवेश का आश्वासन दिया और उनको साथ लेकर दमोह जिले के किसी गाँव में आया। यहाँ आकर दोनों को पता चला कि उस व्यक्ति की एक नाटक मण्डली है जिसमें भाग लेने के लिये वह इसी प्रकार कम वयस् के बालकों को पकड़ लाया करता है। शारीरिक यातनाओं के बल पर इन दोनों से भी बलात् कई मास तक रामलीला मण्डली में विभिन्न पात्रों की भूमिकाएँ करवाई गईं। एक दिन रात्रि में उस धूर्त की अनुपस्थिति में श्री त्रिपाठी उस कारावास से भाग निकले और ३५ मील का जंगली रास्ता पैदल पार करके समीपस्थ रेलवे स्टेशन पहुँचे। वहाँ से अनेक कष्ट और असुविधाएँ सहते हुए ये दो-तीन दिन के उपरान्त भूखे-प्यासे अपने बड़े भाई के पास राजिम पहुँचे।

राजिम में रह कर त्रिपाठी जी ने अपने ज्येष्ठ भ्राता से संस्कृत व्याकरण एवं साहित्य की प्रथम दीक्षा प्राप्त की। थोड़े ही समय में संपूर्ण लघुकौमुदी और तद्गत शास्त्रार्थ उन्हें कण्ठस्थ हो गया और वे अध्यापन कार्य में अपने बड़े भाई की सहायता करने लगे। यहाँ रहते हुए उन्होंने रघुवंश, किरातार्जुनीय, भट्टिकाव्य एवं दशकुमार-चरित का अध्ययन एवं अध्यापन किया और ज्येष्ठ भ्राता से ही ज्योतिष शास्त्र का ज्ञान प्राप्त कर 'मुहूर्तचिन्तामणि', 'शीघ्रप्रबोध', 'बृहज्जातक' तथा 'जातकालंकार' आदि ग्रन्थ पढ़े। अपने कौमुदीकथाकल्लोलिनी नामक गद्यकाव्य के उपसंहारात्मक

श्लोक में उन्होंने अग्रज श्री मुक्तादत्त त्रिपाठी को अपने 'आद्यगुरु' के रूप में श्रद्धा-पूर्वक प्रणाम किया है—

(नन्नमेह) भ्रात्रे ममाद्यगुरवे श्री मुक्तादत्तविदुषे स्तात् ।

उन दिनों जौनपुर मण्डल के उकनी ग्राम में अवस्थित श्री भोलानाथ संस्कृत महाविद्यालय की बड़ी ख्याति थी। इससे निकले छात्र व्याकरण के परिनिष्ठित विद्वान् एवं शास्त्रार्थ प्रक्रिया में अत्यन्त पटु माने जाते थे। निर्वाणवेद विद्यालय, प्रयाग एवं बाद में गोयनका संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य पं० कमला कान्त मिश्र (जो ट्यूबिंगन वि० वि०, प० जर्मनी के प्रो० पाउल थीमे के भी गुरु रहे) ने भी यहीं अध्ययन किया था। उस समय इस विद्यालय में पं० जयदेव शर्मा त्रिपाठी अध्यापन किया करते थे जिन्होंने काशी में पं० तात्या शास्त्री से व्याकरण का पाण्डित्य अर्जित किया था और जिनका गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज बनारस के तत्कालीन प्राचार्य प्रो० वेनिस विशेष सम्मान करते थे। विद्यालय की सर्वतोमुखी ख्याति ने त्रिपाठी जी को भी आकृष्ट किया और कौमुदी, मनोरमा, शेखर तथा भाष्य के विशिष्ट अध्ययन के लिये वे राजिम छोड़ कर उकनी आ गये तथा पं० जयदेव त्रिपाठी के स्नेहपूर्ण संरक्षण में विद्याभ्यास करने लगे। सन् १९२४ से १९२९ तक लगभग पाँच वर्ष वे वहाँ रहे और व्याकरण के साथ-साथ न्याय एवं अद्वैत-वेदान्त का भी उन्होंने वहाँ दत्तचित्त होकर अध्ययन किया। १९२९ ई० में उन्होंने मध्यमा की परीक्षा ससम्मान उत्तीर्ण की।

उकनी नागरिक सुविधाओं से रहित और संचार साधनों से विहीन एक छोटा सा पिछड़ा हुआ गाँव था और बहुत कुछ आज भी ऐसा ही है। आटे की चक्की भी उन दिनों गाँव से कई मील दूर बादशाहपुर नामक स्थान में थी। आवास एवं भोजन की जिन असुविधाओं को झेलते हुए तत्कालीन विद्यार्थी निष्ठापूर्वक विद्योपार्जन किया करते थे, वह आज के दुर्ललित संस्कृत छात्र के लिये कल्पनातीत है। हर दो-तीन मास में भोजनार्थ अन्न लाने के लिये बाँदा जिले में स्थित अपने गाँव तक पैदल आना, अनाज लेकर जाना, हर पखवारे सिर पर गेहूं की पोटली लादकर आटा पिसवाने बादशाहपुर जाना, प्रतिदिन दुपहर में पाठ के बाद चूल्हे पर दाल चढ़ा कर स्नान करने जाना, लौट कर दाल के उफान के कारण बुझे हुए उसकी गीली लकड़ियों के कारण पुनः कठिनाई से जलाना और विवर्द्धित क्षुधा के कारण जल्दी-जल्दी में चार-पाँच कच्ची-पक्की रोटी सेंक कर बुझे हुए चूल्हे के कारण अधपकी रह गई दाल से खाना, यह रोज का क्रम था। अपराह्ण में प्रातः पढ़ा हुआ पाठ दुहराना, समझना एवं आवश्यक होने पर लिखना तथा रात्रि में दुपहर की अवशिष्ट एक-दो रोटियाँ खाकर सो जाना, सामान्यतः यह दिनचर्या हुआ करती थी। अपने गुरु पं० जयदेवमणि त्रिपाठी एवं उनके पुत्र, ज्येष्ठ गुरुभ्राता. पं० रामशिरोमणि

त्रिपाठी के प्रति त्रिपाठी जी की आजीवन अगाध श्रद्धा रही। उनका एक चित्र सदैव उनके पास रहता था और उनका स्मरण और चर्चा होने पर वे भाव-विगलित हो जाया करते थे। अपने सर्वप्रथम प्रकाशित ग्रन्थ "सरल ज्योतिर्विज्ञान" को उन्होंने एक अपार श्रद्धा-पूरित उत्सर्ग पत्र के साथ अपने गुरुजी को समर्पित किया है। उत्सर्ग-पत्र के साथ गुरुजी का चित्र भी है जिसके नीचे निम्न श्लोक अंकित है—

उकनीग्रामवास्तव्याः कौमुदीकृत्कुलोद्भवाः।
श्रीजयदेवशर्माणो राजन्ते गुरवो मम।।

"सिद्धान्तादर्श" के मंगलाचरण श्लोक में उकनीवासी गुरुजी को— "नमस्कृत्योकनीसद्गून् गुरूनथ वृषाकपी" शब्दों से प्रणाम किया गया है। उकनी ग्राम को वे विद्या के क्षेत्र में काशी-तुल्य माना करते थे जैसा कि अन्यत्र (वेदान्तसार—भावबोधनी) विहित मंगलाचरण से स्पष्ट है—माधवोमाधवौ नत्वा काशीकल्पोकनीगुरून्।

उकनी में अध्ययन समाप्त करने के उपरान्त त्रिपाठी जी ने उच्चतर अध्ययन के लिये काशी के गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज में प्रवेश लिया। किन्तु कुछ मास अध्ययन करने के उपरान्त ही आप एक सीलनदार और खटमलों से भरी कोठरी में रहने के कारण दुःसाध्य और दीर्घकालिक ज्वर से पीड़ित हो गये। इस पर आपके बड़े भाई आकर आपको गाँव ले गये, जहाँ धीरे-धीरे आपने स्वास्थ्य लाभ किया। घरवालों ने फिर उन्हें काशी वापिस नहीं जाने दिया। इस बीच चित्रकूट में अक्षय-वट पर अवस्थित "श्रीरामनाम संस्कृत विद्यालय" के व्यवस्थापक 'ब्रह्मचारी जी' को त्रिपाठी जी के गाँव में रहने का समाचार मिला। इस समय तक बाँदा जनपद में उनके अप्रतिम वैदुष्य और सौम्य स्वभाव की कीर्ति दूर तक फैल चुकी थी। ब्रह्मचारी जी अपने विद्यालय के लिये किसी व्याकरण के अध्यापक की खोज में थे। उन्होंने त्रिपाठी जी से संपर्क स्थापित करके उनसे चित्रकूट चले आने का आग्रह किया। त्रिपाठी जी ने आग्रह स्वीकार किया और चित्रकूट आ गये। यहाँ उन्होंने लगभग तीन वर्ष अध्यापन किया।

चित्रकूट में वे पाठशाला की एक कोठरी में रहा करते थे। उनके उस समय के एक शिष्य श्री बैजनाथ शास्त्री आज उस पाठशाला के प्रबन्धक हैं और चित्रकूट में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामायण-मेले से घनिष्ठतया संबद्ध रहते हैं। ये अपने गुरु का अपार श्रद्धा के साथ स्मरण किया करते हैं। उनके तत्कालीन परम सुहृत्, कर्वी संस्कृत कालेज के भूतपूर्व प्राध्यापक पं० श्री रामसिपाही शास्त्री अभी पर्याप्त सक्रिय हैं और बड़े प्रेम से उनके संस्मरण सुनाया करते हैं। दोनों के अनुसार त्रिपाठी जी प्रातः मन्दाकिनी स्नान के अनन्तर नित्य प्रति अग्निहोत्र किया करते थे। सदैव

दुग्ध-धवल शुभ्र वस्त्र एवं उत्तरीय अथवा रामनामी दुपट्टा धारण किये रहते थे जो उनके गौरवर्ण के उच्छ्रित शरीर पर बहुत फबता था। अध्यापन कार्य उन दिनों प्रायः दिन भर चला करता था। त्रिपाठी जी स्वयं श्लोक रचना में तो प्रवीण थे ही, स्मरण शक्ति अच्छी होने से संस्कृत साहित्य के अगणित श्लोक उन्हें कण्ठस्थ थे, फलतः विद्यालय के प्राङ्गण की दीवारों पर, द्वारदेश के ऊपर तथा कक्षों के अन्दर उन्होंने गेरू से बनाई गई स्याही से अनेक सुभाषित लिख डाले थे जिनमें त्रिपाठी जी द्वारा स्वरचित एवं शाब्दिक चमत्कार से पूर्ण कुछ कूट श्लोक इतने कठिन थे कि विद्यार्थी उनका अर्थ समझने में अपने को असमर्थ पाते थे। निःस्पृही इतने कि एक बार कलकत्ता के किसी मारवाड़ी सेठ ने जब गुप्तदान के रूप में उन्हें कुछ स्वर्ण प्रदान किया तो उसे तत्काल पाठशाला को दे डाला। चित्रकूट में व्यतीत किये तीन वर्ष त्रिपाठी जी के लिये शैक्षणिक दृष्टि से बड़े सार्थक रहे। इन दिनों वे क्षेत्र के अच्छे-अच्छे विद्वानों के संपर्क में आये जिनके साथ वार्तालाप, शास्त्रार्थ आदि के द्वारा ज्ञान में और प्रौढ़ता आई। उधर अध्यापन के द्वारा विद्या परिमार्जित और परिष्कृत हुई। और सर्वाधिक लाभ तो यह हुआ कि उस शैक्षणिक वातावरण में रह कर आप अनेक लेख, कविताओं एवं ग्रन्थों का प्रणयन करने में समर्थ हुए। जिन ग्रन्थों की प्रारम्भिक रूपरेखा और तत्संबन्धित टिप्पणियाँ आपके पास लिखी रखी थीं उन्हें आपने अन्तिम रूप दिया और उनकी शुद्ध तथा स्पष्ट प्रतिलिपियाँ तैयार कीं।

उनकी इस समय प्रारम्भ या परिसमाप्त की गई बड़ी कृतियों में निम्नलिखित विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—

१. सिद्धान्तादर्श
२. सिद्धान्तकौमुदी की (राजीवलोचनी) संस्कृत व्याख्या
३. सरलज्योतिर्विज्ञान
४. मुक्तावली की 'बालबोधनी' नामक टीका
५. पत्रिकाओं में लेख-कविताएँ आदि।

इनमें सिद्धान्तादर्श सबसे प्रौढ़ ग्रन्थ है। इसमें लेखक ने कौमुदी के दुरूह सूत्रों के ऊपर पूर्वपक्ष-उत्तरपक्ष-समन्वित शास्त्रार्थ प्रक्रिया समझाते हुए, उनके अर्थ एवं महत्त्व आदि की विशद विवेचना करने वाली, एक विस्तृत संस्कृत व्याख्या लिखी है। लेखक का मत है कि सिद्धान्तकौमुदी एक दुर्गम अरण्य की भाँति है जहाँ मार्ग विषम एवं दुर्बोध शब्दों की कँटीली झाड़ियों से अवरुद्ध है और दुरूह पंक्तियाँ पथ पर बैठे सिंहों की भाँति अध्येता-यात्री को संत्रस्त करती रहती हैं।

इसी कान्तार में छात्रों को सुगम मार्ग पर चलाने के लिये इस ग्रन्थ का प्रणयन किया गया है—

नमस्कृत्योकनीसद्गून् गुरूनथ वृषाकपी ।
कौमुदीविपिने छात्रान् व्याख्यामार्गं प्रदर्शये ।
सूत्रादिविषमे शब्दकण्टकिद्रुमम‌ण्डिते ।
सूक्ष्मा यत्र····पंक्तिर्हरयो यत्र शेरते ।।*

यह ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हो पाया । अब इसका संपूर्ण हस्तलेख भी उपलब्ध नहीं है । इसका प्रकाशन एक बार संभवतः चौखम्बा, वाराणसी से होना निर्धारित हुआ था और दो फार्म छपे भी थे पर कार्य आगे नहीं बढ़ा ।

सिद्धांतकौमुदी की 'राजीवलोचनी' अथवा 'औकनीय' व्याख्या हस्तलेख के रूप में पञ्चसंध्यन्त सुन्दर, सुस्पष्ट अक्षरों में लिखी हुई हस्तलेख के रूप में उपलब्ध है । इस पर संवत् १९८७ पड़ा हुआ है जिससे स्पष्ट है कि यह सन् १९३० में पूर्ण हो गई थी । छोटी-छोटी अन्य पञ्जिकाओं में लिखी हुई टिप्पणियों से स्पष्ट है कि यह व्याख्या और आगे भी लिखी गई थी किन्तु उसकी शुद्ध और अन्तिम प्रतिलिपि तैयार नहीं हो सकी ।

'सरल ज्योतिर्विज्ञान' हिन्दी भाषा में निर्मित एक पद्यबद्ध रचना है । इसमें ज्योतिषियों के लिये सरल भाषा में फलित ज्योतिष के सिद्धान्तों का विवेचन किया गया है । विविध प्रकार के मुहूर्त्त, जन्म कुण्डली बनाने की विधि एवं विविध स्थानों पर ग्रहों का फल आदि विषय हिन्दी के कवित्त, सवैया, दोहा, चौपाई आदि छन्दों में और संस्कृत के वसन्ततिलका, भुजंगप्रयात, शार्दूलविक्रीडित इत्यादि छन्दों में बड़ी मनोरमता के साथ वर्णित हैं । पुस्तक का कुछ अंश प्रारम्भ में चित्रकूट से प्रकाशित 'चित्रकूटाश्रम' नामक हिन्दी पत्रिका में धारावाहिक रूप से छपा था । बाद में आगरा पहुँचने पर सन् १९३९ में त्रिपाठी जी ने इसे 'मशहूर जन्त्री कार्यालय' से प्रकाशित करवा दिया । यह ग्रन्थ ज्योतिष के प्रारम्भिक ज्ञान के लिये बहुत लोकप्रिय हुआ और तबसे इसके आठ संस्करण हो चुके हैं ।

मुक्तावली की 'बालबोधनी' की शुद्ध प्रतिलिपि कुछ चित्रकूट में और कुछ १९३२ ई० में त्रिपाठी जी के चित्रकूट की सेवावृत्ति छोड़ कर राजिम वापिस चले जाने के बाद बड़े भ्राता पं० मुक्तादत्त त्रिपाठी की सहायता से राजिम में तैयार की

---

*ये श्लोक स्मृति से उद्धृत किये गये हैं । मूल हस्तलेख में अब यह प्रथम पृष्ठ नष्ट हो चुका है ।

गई थी। इसके प्रकाशन के संबन्ध में भी त्रिपाठी जी उदासीन रहे। अब इसके प्रत्यक्षखण्ड की व्याख्या का प्रकाशन विद्यापीठ द्वारा प्रस्तावित है।

चित्रकूट में रह कर त्रिपाठी जी ने अत्यन्त परिष्कृत भाषा एवं मनोरम गद्य-शैली में कुछ प्रौढ़ संस्कृत निबन्ध लिखे जिनमें प्राचीन रूढ़िवादी पण्डितों से आधुनिकता की चुनौती स्वीकार करने और समय के साथ बदलने का आह्वान किया गया था। ये निबन्ध प्रायः भारत धर्म महामण्डल, काशी से प्रकाशित "सूर्योदय" नामक सुप्रसिद्ध संस्कृत पत्रिका में छपा करते थे। इन निबन्धों में "भारतावनत्युन्नति-बीजविमृष्टिः" (दो खण्डों में) तथा "आवश्यकमन्यभाषासूक्ष्मज्ञानम्" विशेष उल्लेखनीय है। कविताएँ हिन्दी तथा संस्कृत दोनों में थीं। हिन्दी की कविताएं कवित्त और सवैया आदि प्राचीन छन्दों में बद्ध ब्रजभाषा में भी हैं और मैथिलीशरण गुप्त द्वारा उस समय विशेष लोकप्रिय बना दिये गये हरिगीतिका छन्द में बद्ध खड़ीबोली में भी। इनमें से कुछ 'चित्रकूटाश्रम' पत्रिका में छपी हैं और कुछ का प्रकाशन स्थल अभी अज्ञात है। ब्रज एवं खड़ी बोली दोनों में समान अधिकार से आप प्रायः वृद्धावस्था तक अच्छी काव्य-रचना करते रहे। सन् १९३२ तथा ३३ में आपकी लिखी कुछ कहानियाँ भी विविध पत्रिकाओं में छपी प्राप्त होती हैं।

त्रिपाठी जी को अभी अपने संस्कृत ज्ञान और उपलब्धियों से संतोष नहीं था। वे आगे पढ़ना और जीवन में कुछ आगे बढ़ना चाहते थे। चित्रकूट में अध्यापन करते हुए यह संभव नहीं था, अतः सन् १९३२ ई० के उत्तरार्द्ध में कभी त्रिपाठी जी ने चित्रकूट की सेवावृत्ति छोड़ दी और 'कलकत्ता संस्कृत एसोसिएशन' द्वारा संचालित 'काव्यतीर्थ' की परीक्षा की तैयारी करने के लिये राजिम आ गये। इस परीक्षा से संबन्धित निम्नतर परीक्षाएँ वे उकनी में रहते हुए ही उत्तीर्ण कर चुके थे। १९३३ ई० में नागपुर केन्द्र से परीक्षा में बैठकर उन्होंने प्रथम श्रेणी में 'काव्यतीर्थ' की उपाधि प्राप्ति की। संभवतः इसी वर्ष राजिम में रहते हुए उन्होंने अपने अग्रज की सहायता से सिद्धान्त मुक्तावली की "बालबोधनी" टीका की शुद्ध प्रतिलिपि तैयार की जिसे वे चित्रकूट में ही प्रारम्भ कर चुके थे। इस प्रतिलिपि में दोनों भ्राताओं का हस्तलेख प्राप्त होता है।

"काव्यतीर्थ" करने के उपरान्त उन्होंने आगे लाहौर में पढ़ने की योजना बनाई। कहा जा चुका है कि पारम्परिक संस्कृत विद्या के क्षेत्र में भी त्रिपाठी जी आधुनिकता के पक्षपाती थे। पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर का ओरियन्टल कालेज उन दिनों उदार एवं आधुनिक विचारों से युक्त संस्कृत शिक्षण पद्धति के लिये विख्यात था। इसके प्राचार्य एक अंग्रेज संस्कृत विद्वान् श्री ए० सी० वूल्नर थे जिनकी An Introduction to Prakrit पुस्तक आज भी समादृत है। यहाँ की उच्चतम उपाधि का नाम 'शास्त्री' था जिसका संस्कृत जगत् में बड़ा सम्मान था। पाठ्यक्रम के

व्यापक और विस्तृत आयाम की दृष्टि से पंजाब की 'शास्त्री' को पारम्परिक संस्कृत विद्या के क्षेत्र में विश्वविद्यालयीय एम०ए० का पर्याय मानना उचित होगा क्योंकि इसमें वैदिक सूक्तों और निरुक्त से लेकर व्याकरण-महाभाष्य और कादम्बरी तक सभी विषयों के प्रतिनिधि-ग्रन्थ निर्धारित थे। त्रिपाठी जी को व्याकरण में आचार्य करने के स्थान पर यह अधिक रुचा और वे अग्रज से आग्रह करके उनके साहाय्य से लाहौर चले गये।

शास्त्री परीक्षा का पाठ्यक्रम यद्यपि सामान्यतः दो वर्षों का था किन्तु मेधावी छात्रों के लिये इसे एक वर्ष में भी देने की व्यवस्था थी। त्रिपाठी जी ने परीक्षा में निर्धारित अधिकांश ग्रन्थ पहले ही पढ़ रखे थे। जो विषय नहीं पढ़े थे उनका एक वर्ष में पर्याप्त अभ्यास करके वे प्रथम वर्ष के अन्त में ही १९३४ ई० में संपूर्ण परीक्षा में बैठे और अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के कारण परीक्षार्थियों के बीच द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा के स्तर का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि उस वर्ष लगभग २५० परीक्षार्थियों में केवल ३० ही उत्तीर्ण हुए थे।

शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण करने के अनन्तर पंजाब वि० वि० से संस्कृत विषय लेकर एम०ए० करने वाले छात्रों को उन दिनों एम०ए० के साथ-साथ एम० ओ० एल्० (मास्टर ऑफ् ओरिएन्टल लर्निङ्) की एक अतिरिक्त उपाधि प्रदान की जाती थी जिसका भारतीय विद्या के क्षेत्र में बड़ा महत्त्व था अतः शास्त्री जी भी एम०ए० की तैयारी करने लगे और जीविका-निर्वाहार्थ स्थानीय सनातन धर्म कालेज में अंशकालिक अध्यापक भी हो गये। इन्हीं दिनों राधास्वामी मत के प्रख्यात धर्म-गुरु एवं दयालबाग (आगरा) के संस्थापक श्री साहब जी महाराज का धर्म प्रचार एवं प्रवचन के प्रसंग में लाहौर पधारना हुआ। साहब जी महाराज उच्चकोटि के विद्वान्, चिन्तक एवं वक्ता थे। इन सबके साथ उनमें गुणग्राहकता का गुण कूट-कूट कर भरा हुआ था। बहुत सारे निर्णय वे अपने प्रातिभ ज्ञान के सहारे लिया करते थे। वे इस समय किसी अच्छे संस्कृत पण्डित की खोज में थे जो राधास्वामी मत के दार्शनिक सिद्धान्तों को भारतीय दर्शन की मूल धारा से जोड़ सके और वेदों से लेकर आधुनिक युग तक इस मत के दार्शनिक सिद्धान्तों का क्रमिक विकास प्रदर्शित कर सके। संयोगवश किसी प्रसंग में शास्त्री जी से साक्षात्कार होने पर साहब जी महाराज को लगा कि उन्हें वह व्यक्ति मिल गया जिसकी उन्हें वर्षों से खोज थी। वे शास्त्रीजी की धवल-शुभ्र वेश-भूषा, सुसंस्कृत एवं विनम्र वाणी तथा मधुर व्यवहार से बड़े प्रभावित हुए। उन दिनों पंजाब के संस्कृत विद्वानों में आदरणीय मालवीय जी की भाँति सिर पर श्वेत उष्णीष और कन्धे पर उत्तरीय के साथ लंबा कुर्ता और धोती पहनने का रिवाज था। शास्त्री जी भी यही धारण करते थे और स्वयं साहब जी महाराज भी इसी वेशभूषा में रहा करते थे।

१९३४ में शास्त्री जी दयालबाग आ गये। उन्हीं दिनों आर० ई० आई० (राधास्वामी-एजूकेशनल-इंस्टीट्यूट) कालेज में संस्कृत और हिन्दी के अध्यापन हेतु एक प्राध्यापक का स्थान रिक्त हुआ और शास्त्री जी की सेवाएँ उसमें ले ली गईं। दार्शनिक विचारधारा वाली योजना शनैः-शनैः, विशेषतः साहबजी महाराज के स्वर्गवास के अनन्तर, समाप्त सी हो गई।

दयालबाग में शास्त्री जी १९ वर्ष, अर्थात् सन् १९५३ तक रहे। यहाँ 'सरल ज्योतिर्विज्ञान' का प्रकाशन (प्रथम संस्करण १९३९) हुआ। भारतीय इतिहास से संबधित एक अंग्रेजी ग्रन्थ का सन् १९४२ में उन्होंने हिन्दी अनुवाद किया और इंटरमीडियेट तथा बी० ए० के छात्रों के लिये उन्होंने १९५२ में संस्कृत व्याकरण एवं रचना का नई पद्धति से सरल एवं सुस्पष्ट विवेचन करने वाला "संस्कृत-रचनानुवाद-रत्नाकर" नामक ग्रन्थ लिख कर प्रकाशित किया (प्रीमियर पब्लिशिंग हाउस, बाग मुजफ्फर खाँ, आगरा, १९५२)। सन् १९४८ में आगरा वि० वि० से हिन्दी तथा सन् १९५२ में संस्कृत विषय लेकर एम० ए० की परीक्षाएँ भी उन्होंने अत्यन्त विषम पारिवारिक परिस्थितियों में उत्तीर्ण कीं।

इन 'विषम पारिवारिक परिस्थितियों' का भी कुछ विवरण देना यहाँ उचित प्रतीत होता है। जिस समय शास्त्री जी चित्रकूट में पढ़ाते थे उन दिनों वहाँ बाँदा जनपद के गिरवाँ गाँव के एक छात्र श्री रविकिरण त्रिवेदी भी पढ़ा करते थे। इनका अपने गुरु के प्रति इतना प्रगाढ़ श्रद्धाभाव विकसित हो गया था कि उनके राजिम वापिस चले जाने पर वे अत्यन्त व्याकुल हुए और अन्ततः एक दिन अपनी नव-विवाहिता पत्नी को घर छोड़ कर वे विवाह की ही पीली धोती पहने अनेक कष्ट सहते हुए राजिम पहुँचे और शास्त्री जी के पास रह कर उनसे व्यक्तिगत रूप से आगे पढ़ने लगे। उनके लाहौर चले जाने पर वे कुछ दिन के लिये अपने गाँव वापिस आ गये और दयालबाग पहुँच जाने पर पुनः गुरुजी के पास आकर उनकी सेवा करते हुए रहने लगे। यह क्रम तीन-चार वर्ष चला। इस बीच रविकिरण जी का पारिवारिक दायित्व कुछ ऐसा बढ़ गया कि उन्हें अपने गुरुजी का साथ छोड़ कर गाँव वापिस जाना पड़ गया। किन्तु वे उनके भोजनादि की व्यवस्था किये बिना, उनको नितान्त अकेला छोड़कर लौटना भी नहीं चाहते थे अतः उन्होंने गिरवाँ जाकर वहाँ के जमींदार और एक सुप्रतिष्ठित कांग्रेसी नेता श्री पं० रामप्रसाद मिश्र से इसकी साभिप्राय चर्चा की और थोड़े ही समय में उनकी द्वितीय पुत्री सुश्री रामदासी का विवाह शास्त्री जी के साथ जून १९३८ में संपन्न हो गया।

सन् १९४४ ई० में शास्त्री जी के सबसे बड़े भाई पं० बालगोविन्द त्रिपाठी का देहान्त हो गया जो कुछ वर्षों पूर्व दिवङ्गत हुए पिताजी के निधन के उपरान्त गाँव में परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। इससे शास्त्री जी को जो आघात पहुँचा उसे तो वे किसी प्रकार झेल गये किन्तु उससे बड़ा वज्रपात अभी होना था। सन्

१९४६ ई० के सितम्बर मास में क्रमशः ६, ४ और १ वर्ष की तीन संतानों को छोड़ कर, केवल आठ वर्ष के दाम्पत्य जीवन के उपरान्त, मात्र कुछ मास की रुग्णता के अनन्तर उनकी जीवन-संगिनी का असमय में निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी अवस्था केवल २६ वर्ष की थी। इस कुलिशाघात ने धैर्य के उस धराधर को भी हिलाकर रख दिया। वेदना की तरंगों से तरलित भावों का ज्वार गांभीर्य के उस समुद्र की मर्यादा भंग करके उमड़ पड़ा। एक लम्बी कविता का जन्म हुआ जिसकी प्रथम पंक्ति थी—

'दासी' होते हुए रही जो घर की रानी,
हमें छोड़कर चली गई रह गई कहानी।

एक स्थान पर आगे वे लिखते हैं कि 'इस समय इच्छा तो ऐसी होती है कि छाती पर पत्थर बाँध कर यमुना में कूद जाऊँ और जल-समाधि ले लूँ, पर तीन छोटे-छोटे बच्चों का अबोध मुंह देख कर, यह भी तो नहीं किया जाता।' लगता है ऐसे भीषण संकट की घड़ी में उन्होंने अपने कौटुम्बिक जनों की ओर बड़ी आशाभरी दृष्टि से निहारा कि उनमें से कोई आकर उनको थोड़ा-सा सहारा दे सके और बच्चों के लिये मातृत्व के अभाव की कुछ पूर्ति कर सके किन्तु शीघ्र ही उनकी समझ में आ गया कि इस स्वार्थमय जगत् में व्यक्ति को स्वयं ही अपना सहारा बनना पड़ता है— मुहूर्त्तमात्रं भवनिन्दया दयासखाः सखायः स्रवदश्रवो मम (नैषध, १.१३६)। भाभी, साली एवं माँ, थोड़े-थोड़े दिन के लिये सभी आकर औपचारिकता सी पूर्ण करके वापिस लौट गये। कुछ के सामने अपना परिवार था, कुछ के सामने सुनहला भविष्य था। मातृविहीन बच्चों के पास कौन रुकता? लोगों ने पुनर्विवाह की सलाह दी, जिसे उन्होंने दृढ़ता के साथ एकदम ठुकरा दिया। स्वावलम्ब को संबल बनाकर वे एकाकी इस दुर्गम और कण्टकाकीर्ण कर्त्तव्य-पथ पर आगे बढ़ निकले। बच्चों को उन्होंने माँ के प्यार के अभाव की अनुभूति कभी नहीं होने दी। माता का वात्सल्य और पिता का संरक्षण दोनों एक साथ बच्चों को उनसे प्राप्त होते रहे। केवल यही नहीं, परिचारकों की दुर्लभता के कारण, भोजन बनाने, बर्तन माँजने और झाड़-पोंछे से लेकर राशन की दूकान से अनाज लाकर आटा पिसाने और दूध लाने तक के घर के काम वे अकेले ही करते रहे। उनकी उस काल में रचित एक कविता की निम्न दो पंक्तियों से स्वावलम्ब के प्रति उनकी आस्था और उनके आत्मविश्वास की सुन्दर अभिव्यक्ति प्राप्त होती है—

स्वावलम्ब सिद्धान्त हमारा
सदाचार जीवन-संबल।
स्वार्थ-पिच्छिला शिला धरा पर
दौड़ें इसके बल केवल॥

इन सब गार्हस्थिक कर्त्तव्यों के साथ कालेज में अध्यापन और एक-दो ट्यूशन तो साथ-साथ चला ही करते थे, आश्चर्य आज यह सोच कर होता है कि इन परिस्थितियों में भी उन्होंने विद्या-व्यसन और अध्ययन नहीं छोड़ा तथा पत्नी की मृत्यु के अगले दो वर्षों में ही आगरा विश्वविद्यालय से अध्यापक के रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थी होकर उन्होंने हिन्दी साहित्य में एम० ए० की परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण की, जो उस समय के लिये निश्चय ही एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी। किन्तु कालेज में हिन्दी अध्यापन से शास्त्री जी को मानसिक संतोष होनेवाला नहीं था। उनका मुख्य विषय सदा से संस्कृत ही रहा था अतः दो वर्ष पश्चात् वे एम० ए० संस्कृत की परीक्षा में बैठे और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। साहित्यशास्त्र (काव्य प्रकाश) में उन्होंने १०० में से ९६ तथा व्याकरण और अनुवाद के प्रश्न-पत्र में ९८ अंक प्राप्त किये थे।

स्वतन्त्रता-प्राप्ति के पश्चात् दयालबाग का आर० ई० आई० कालेज मुख्यतः वाणिज्य, विज्ञान एवं कृषि का कालेज बन कर रह गया। संस्कृत के उच्चस्तरीय अध्यापन का वहाँ कोई अवसर न था। उधर शास्त्रीजी संस्कृत के ही अध्ययन-अध्यापन को पूर्णतया समर्पित थे अतः प्रयाग के श्री हृदयनाथ कुंजरू की सलाह मान कर सन् १९५३ में आप मुरादाबाद चले आये और वहाँ के के० जी० के० स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत के प्राध्यापक हो गये। यह कालेज उन दिनों संपूर्ण रुहेलखण्ड क्षेत्र का अत्यन्त प्रतिष्ठित शिक्षा-संस्थान था और इसमें कला-विभाग में ही लगभग दस विषयों में एम० ए० का अध्यापन हुआ करता था। बाद में उसी वर्ष आपको इसी पद पर बलवन्त राजपूत कालेज (आगरा) तथा सेन्ट जॉन्स कालेज (आगरा) भी बुलाया गया किन्तु आप मुरादाबाद छोड़ कर नहीं गये।

सन् १९५३ में उत्तर प्रदेश में सर्वत्र हिन्दी-माध्यम से अध्यापन प्रारम्भ हो गया था किन्तु हिन्दी व्याख्याओं के अभाव में दर्शन शास्त्र के ग्रन्थों के अध्ययन-अध्यापन में बड़ी कठिनाई का अनुभव किया जा रहा था। शास्त्री जी को वेदान्त में पहले से रुचि थी अतः उन्होंने सदानन्द प्रणीत 'वेदान्तसार' की व्याख्या लिखना प्रारम्भ किया। सन् १९३० के आस-पास जब उन्होंने 'न्याय सिद्धान्त मुक्तावली' की 'बालबोधनी' व्याख्या लिखी थी तब कोई सोच भी नहीं सकता था कि हिन्दी व्याख्याओं के माध्यम से संस्कृत के शास्त्रीय ग्रन्थों का अध्यापन हो सकता है। दो-एक ग्रन्थों की जो हिन्दी व्याख्याएँ उपलब्ध भी थीं उन्हें यदि भूल से भी संस्कृत के छात्र अपने साथ विद्यालय ले आते थे तो उन्हें गुरु की तीव्र भर्त्सना का पात्र होना पड़ता था, किन्तु अब युगधर्म परिवर्तित हो चुका था। अतः व्याख्या संस्कृत के साथ-साथ हिन्दी में भी लिखी गई। छः मास में समाप्त हुई और अगले छः मासों में चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी से उनके द्वारा स्थापित एक नवीन पुस्तकमाला के प्रथम पुष्प के रूप में प्रकाशित भी हो गई (वेदान्तसार : भावबोधनी संस्कृत हिन्दी

टीका सहित, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी १९५४)। यह पुस्तक अत्यन्त लोकप्रिय हुई और पिछले तीस वर्षों में इसके अनेक संस्करण हुए। इसके बाद **वेदान्तसार** के कुछ अन्य हिन्दी संस्करण भी निकले। चौखम्बा संस्थान के बँटवारे के बाद इसके कवर-पृष्ठ को परिवर्तित करके और कोई नया लेखक-नाम देकर भी कुछ नये संस्करण बना लिये गये पर इसकी लोकप्रियता उसी प्रकार आज भी अक्षुण्ण है।

वेदान्तसार के प्रकाशन के पश्चात् शास्त्री जी की प्रवृत्ति रचनात्मक साहित्य की ओर हुई। संस्कृत में गद्यसाहित्य की कमी सुविदित है अतः उत्कृष्ट काव्य निर्माण क्षमता होते हुए भी वे गद्य लेखन की ओर प्रवृत्त हुए। किन्तु उनका वैयाकरण वाला पक्ष तो अपने स्थान पर था ही, उसे उपेक्षित करना संभव नहीं था, अतः **'कौमुदी-कथाकल्लोलिनी'** की परिकल्पना ने जन्म लिया। उनकी इच्छा हुई कि एक ऐसा प्रौढ़ गद्यकाव्य का निर्माण किया जाए जिसे पढ़ कर पाठक परोक्षतः व्याकरण के समस्त प्रयोगों से भी परिचित हो जाए। भट्टिकाव्य पद्यात्मक है। पाणिनि के समस्त सूत्रों के प्रयोग भी उसमें नहीं प्राप्त होते। इसके अतिरिक्त इस युग में **अष्टाध्यायी** क्रम की अपेक्षा **सिद्धान्तकौमुदी** का क्रम ही पठन-पाठन में अधिक मान्य है अतः उन्होंने अपने सामने लक्ष्य रखा कि एक ऐसे गद्यकाव्य का निर्माण हो जिसमें साहित्यिक सरसता के साथ साथ, क्रम से सिद्धान्तकौमुदी के समस्त सूत्रों के दृष्टान्त अथवा प्रयोग अनुस्यूत हों। सूत्रों को पाद टिप्पणी के रूप में देने का निर्णय किया गया। कथा के आधार के रूप में कथासरित्सागर में वर्णित नरवाहनदत्त-वृत्तान्त का चयन किया गया।

'कल्लोलिनी' एकादश कल्लोलों में विभाजित है जिनमें क्रमशः सन्धि, कारक, समास-स्त्री प्रत्यय, समास-तद्धित, तद्धित-द्विरुक्त, गण, प्रक्रिया, कण्ड्वादि प्रभृति विषयों का विवेचन किया गया है। ग्रन्थ की विशेषता यह है कि कथा-प्रवाह व्याकरण के द्वारा कहीं उपहत नहीं होता और पाठक अनायास ही तत्तत् सूत्रों के प्रयोगों को हृदयंगम करता चलता है। एक ही प्रकरण से संबन्धित इतने सारे प्रयोगों का कथा में संयोगवश उपस्थित प्रसंग में सफलतापूर्वक निर्वाह कर ले जाना, वास्तव में एक दुष्कर कार्य है। व्याकरण के दुर्लभ प्रयोगों के साथ-साथ विरोध, परिसंख्या, श्लेष, उपमा तथा उत्प्रेक्षादि अलंकारों की रमणीय छटा भी ग्रन्थ में सर्वत्र दर्शनीय है। शास्त्री जी की संस्कृत साहित्य जगत् में ख्याति बहुत कुछ इसी ग्रन्थ पर आधारित है। यह ग्रन्थ सन् १९६१ में चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी से प्रकाशित हुआ था और अब दस वर्षों से भी अधिक समय से दुष्प्राप्य है। जिसके पास यह उपलब्ध है वे संस्कृत लेखन में प्रौढ़ि प्राप्त करने की दृष्टि से समय-समय पर इसका पारायण करते रहते हैं। पं० श्रीनिवास शास्त्री ने अपने **'सूर्यप्रभा किंवा**

वैभवपिशाचः' नामक संस्कृत उपन्यास में कल्लोलिनी की प्रशस्ति में निम्न आर्या गुम्फित की है—

दीक्षितपदानुयाता व्याकरणक्षीरपूरिता वितता ।
कल्लोलिनी सुललिता ग्राह्या रामशरणस्य ।।

कौमुदी कथाकल्लोलिनी की रचना १९५९ में पूर्ण हो गई थी। मुद्रण कार्य काशी में चलता रहा। शास्त्री जी के पास अब जो समय बचने लगा उसे वे वेदान्त अनुशीलन में लगाने लगे। ब्रह्मसूत्र उनकी प्रिय पुस्तक थी। जब भी समय मिलता, उसको लेकर बैठ जाते और उसके विविध पक्षों पर चिन्तन करने लगते। उसके तत्त्वार्थ के परिज्ञान के लिये उन्होंने उस पर रचित समस्त प्रमुख भाष्यों का भी अध्ययन कर डाला। तब उनकी इच्छा हुई कि ब्रह्मसूत्र पर विभिन्न आचार्यों की जो वैविध्य-पूर्ण व्याख्याएँ हैं उनका एक समीक्षात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जाए। नियमित कार्य करने के लिये कोई उद्देश्य होना अपेक्षित था। अनेक वर्षों से शास्त्री जी की पी-एच० डी० करने की इच्छा थी अतः 'एक पन्थ दो काज' की उक्ति सार्थक करते हुए उन्होंने इसी विषय पर शोधकार्य हेतु आगरा विश्वविद्यालय से अपना पञ्जीकरण करा लिया और दो-ढाई वर्षों के परिश्रम से ही सन् १९६२ के अन्त में संस्कृत भाषा में अपना शोध प्रबन्ध लिख कर विश्वविद्यालय में जमा कर दिया। उस विश्वविद्यालय में संस्कृत भाषा में लिखित संभवतः यह प्रथम शोध प्रबन्ध था। १९६३ ई० में उन्हें 'डॉक्टरेट' की उपाधि प्राप्त हुई और उसके कुछ वर्षों पश्चात् उनके प्रकाशक चौखम्बा संस्थान ने काशी ग्रन्थमाला (सं० २१३) में 'ब्रह्मसूत्रप्रमुख-भाष्यपञ्चकसमीक्षणम्" शीर्षक से सन् १९७१ में इसका प्रकाशन किया। इस ग्रन्थ में ब्रह्मसूत्र पर शंकर, रामानुज, मध्व, निम्बार्क तथा वल्लभ आचार्यों की व्याख्याओं की समीक्षा करते हुए उनके सिद्धान्तों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इस ग्रन्थ की भाषा अत्यन्त सुगम, सुबोध तथा सरल है। सन्धियों का प्रयोग भी कम से कम किया गया है। दर्शन के दुरूह क्लिष्ट एवं जटिल विषय को कैसे सर्वजनसुलभ और अत्यन्त सुबोध बनाया जा सकता है, इसका यह ग्रन्थ सुन्दर निदर्शन है और यदि शास्त्रीय विषयों का इस प्रकार की सुगम शैली और प्राञ्जल भाषा में विवेचन किया जाए तो संस्कृत की व्यापकता में शीघ्र ही तीव्र गति से अभिवृद्धि होगी। सन् १९७१ के जून मास में शास्त्री जी ने दो वर्ष की अवधि वृद्धि के पश्चात् के० जी० के० कालेज मुरादाबाद की सेवावृत्ति से अवकाश ग्रहण किया। उनके अनेक कृतज्ञ, गुरुभक्त और श्रद्धालु शिष्य उत्तर भारत में यत्र-तत्र सेवारत हैं और उनमें से तीन क्रमशः काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आचार्य (एवं विभागाध्यक्ष) का पद अलंकृत कर रहे हैं।

शास्त्रीजी ने अनेक प्रकीर्ण संस्कृत श्लोकों एवं कविताओं का निर्माण किया था। दुःख का विषय है कि उनमें से अधिकांश काल कवलित हो गईं। अपनी रचनाओं को सुरक्षित रखने या मुद्रित करवाकर उनका प्रचार-प्रसार करने की ओर शास्त्रीजी ने कभी ध्यान नहीं दिया। संस्कृत पद्यों में पत्राचार करना आपको प्रिय था। छात्रावस्था से ही आप अपने कुछ साथियों को श्लोकबद्ध पत्र ही लिखते रहे। इनमें एक श्री सत्यनारायण शर्मा को लिखे गये कुछ पत्र कुछ वर्ष पूर्व तक उपलब्ध थे, अब नहीं हैं। पंजाबी वि० वि० पटियाला के प्रो० धर्मेन्द्र कुमार गुप्त को (जो उस वर्ष उनके सहयोगी परीक्षक थे) एक बार उन्होंने जो पद्यात्मक पत्र लिखा था उसका अन्तिम श्लोक संभवतः इस प्रकार था—

अतोऽग्रे भवद्भिः सविश्रब्धि कार्यं
वधानं ददद्भिः स्वसौविध्यसाध्यम्।
विधेयं विधेयं भवेयं यथाऽहं
यथाकालमुक्तः कृतः कारितोऽर्थः॥

आगरा के मूर्धन्य संस्कृत मनीषी एवम् आशुकवि पं० शारदाचरण दीक्षित से भी उनका एक बार पद्यात्मक पत्राचार हुआ था जो सहृदयों के मनोरञ्जन हेतु इस परिचय के अन्त में दिया गया है। अपने अत्यन्त प्रतापी किन्तु वीतराग एवं जीवन्मुक्तोपम श्वशुर के निधन पर एवं ज्योतिष्पीठाधिप श्री कृष्णबोधाश्रम एवं उनके शिष्य श्री विष्णु बोधाश्रम के मुरादाबाद आने पर निर्मित दो-दो पद्य भी किसी प्रकार सुरक्षित रह गये हैं। वे भी नीचे दिये जा रहे हैं जिनसे उनकी काव्य-रचना की कुछ बानगी मिल सकती है। कुछ वर्ष पूर्व इस विद्यापीठ ने यहाँ से प्रकाशित **'वाणीविलसितम्'** की द्वितीय भंगी में उनकी "पितुः परिदेवनम्" नामक कविता के कुछ अंश प्रकाशित किये थे। पिता के साथ-साथ माता का भी कर्त्तव्य निभाने के कारण शास्त्रीजी का अपनी संतान पर बहुत स्नेह था। १९६२ ई० में जब उनके बड़े पुत्र को उच्चतर अध्ययन हेतु प० जर्मनी जाना पड़ा तो वे उसे छोड़ने बम्बई तक गये। उन दिनों विदेश जाने के लिये मुख्यतया जलमार्ग ही व्यवहृत होता था। पुत्र को बिदा करके जब वे घर लौटे तो उसके वियोग में पितृसुलभ स्नेहातिरेक से भावनाओं की जो ऊर्मियाँ उनके हृदयोदधि में उमड़ीं उन्हें उन्होंने बड़ी मार्मिकता के साथ उपर्युक्त कविता में अंकित किया है।

शास्त्रीजी पदशास्त्र पारावारीण थे। उनकी शब्द संपदा असीम थी। व्याकरण पर उनका असाधारण अधिकार था और नये-नये शब्द गढ़ने की उनमें अद्वितीय क्षमता थी। स्पष्ट है कि ऐसा व्यक्ति यदि काव्य-निर्माण करेगा तो उसमें शब्दालंकारों का ही प्राचुर्य होगा। अनुप्रास, यमक, श्लेष, विरोध और परिसंख्या, ये ही उनके प्रिय अलंकार हैं। अनुप्रास एवं यमक के प्रयोग के लिये **'वाणीविलसितम्'** की प्रथम भंगी में प्रकाशित उनका सरस्वती-वन्दना परक निम्न मंगलाचरण श्लोक उल्लेखनीय है—

मान्दीतमोपनयना नयनाभिरामा
रामा रमारमणनाभिसरोजभूतेः ।
भूतेर्गिरां वितरणे तरणे सहाया-
हायार्णवे च सवताद् भवतापनुत्तौ ।।

सन् १९५२ में एक बार मेरठ कालेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्रनाथ शास्त्री को केवल एक श्लोक का एक पत्र उन्होंने भेजा था जिसके १७ अर्थ निकलते थे। बाँदा जनपद के खत्री पहाड़ पर अवस्थित विन्ध्यवासिनी के मन्दिर के मुख्य द्वार पर उनके द्वारा निर्मित एक श्लोक लगा हुआ है जिसके, उनके अनुसार, ३५ अर्थ हैं। इस श्लोक की व्याख्या में उन्होंने एक छोटी-सी पुस्तक भी छपाई थी—

शिवदास्यपि या कमला
विन्ध्यपि खत्र्यद्रिविन्ध्यनगनिष्ठा ।
अवतु सदा वसुहस्ता
सापर्णा नोऽन्नपूर्णापि ।।

सेवानिवृत्ति के अनन्तर कुछ समय बाँदा एवं भुवनेश्वर में व्यतीत करने के उपरान्त शास्त्री जी सन् १९७२ से प्रयाग में अपने कनिष्ठ पुत्र डा० रमाचरण त्रिपाठी के पास रहे, जो संप्रति मनोविज्ञान विभाग में आचार्य तथा अध्यक्ष हैं। अपने बड़े पुत्र को उन्होंने जान बूझकर संस्कृत ही पढ़ाई जिससे कुलपरंपरागत विद्या सुरक्षित रहे। सबसे छोटी संतान अपर्णा का विवाह एक चिकित्सक से उन्होंने किया था जो संप्रति वाराणसी में अवस्थित शासकीय चिकित्सालय में वरिष्ठ शल्य-चिकित्सक हैं। अपर्णा भी बसन्त कालेज में मनोविज्ञान की प्राध्यापिका हैं। प्रयाग में शास्त्री जी ने लगभग साढ़े पाँच वर्ष व्यतीत किये। उस समय आपका आवास विद्यापीठ के समीप ही था और यहाँ आयोजित भाषणों तथा उत्सवों में आपकी प्रायः नियमित उपस्थिति रहती थी। इनके द्वारा इस विद्यापीठ में सन् १९७६ में पठित ' पाणिनिः पश्यतोहरः'' नामक लेख हम विद्यापीठ शोधपत्रिका के भाग ३४, अंक १-२ (१९७८) में प्रकाशित कर चुके हैं। सन् १९७३ में इस विद्यापीठ के तत्कालीन प्राचार्य और राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के वर्तमान निदेशक डा० मण्डन मिश्र के सौप्रस्थानिक समारोह के अवसर पर शास्त्री जी ने विद्यापीठ की ओर से एक बहुत सुन्दर अभिनन्दन पत्र उन्हें भेंट किया था।

इसी तीर्थराज में लगभग ५।। वर्ष निवास करने के उपरान्त ४ दिसम्बर १९७७ को एक अल्पकालिक सांघातिक रोग के कारण शास्त्री जी का स्वर्गवास हो गया। रुग्णावस्था में भी उनकी विद्या उनको उसी प्रकार उपस्थित थी और कुछ जिज्ञासा होने पर वह सिद्धान्तकौमुदी की पंक्तियाँ—उसी प्रकार अविकृत रूप में उद्धृत किया करते थे। शास्त्री जी स्वभाव से अत्यधिक सौम्य, नितान्त उदारमना, अतिशय शान्त, अतीव विनम्र और परम कारुणिक थे जो मन से भी कभी किसी का

अहित-चिन्तन नहीं करते थे। इस प्रकार का गंभीर, उदात्त और गरिमामय व्यक्तित्व अपवाद-स्वरूप ही देखने को मिलता है। मित भाषी इतने थे कि विकत्थन तो दूर, स्वयं अपने विषय में बात करते हुए भी किसी ने उन्हें नहीं सुना होगा। पारिवारिक सदस्यों से भी वे अपने विषय में कभी कोई बात नहीं करते थे जिससे उनके व्यक्तिगत जीवन के विषय में अधिक ज्ञात नहीं है जो कुछ ऊपर लिखा गया है वह मुख्यतः विविध अप्रत्यक्ष स्रोतों से संकलित है।

इस अंक में प्रकाशित शास्त्री जी का यह चित्र सन् १९७२ के प्रारंभ में भुवनेश्वर में खिचवाया गया था। चित्र घर पर आ जाने के उपरान्त शास्त्री जी ने इसके नीचे निम्न श्लोक बना कर छपवा दिया जो उनके निरतिशय वैनम्र्य का अद्वितीय परिचायक है—

चरणद्वयबाहुर्यो ह्यपर्णा यत्कुटीरिका।
अर्द्धाङ्गः सशरीरोऽपि स रामशरणः पुरः॥



शास्त्री जी द्वारा निर्मित कुछ श्लोक

ज्योतिष्पीठाधीश्वरं श्री १०८ कृष्णबोधाश्रमं तच्छिष्यं श्री १०८ विष्णुबोधाश्रमञ्चाधिकृत्य मुरादाबादनगरे तयोः स्वागतावसरे (१९५७)

पापान् कर्षति वर्षति प्रियवचः कीलालकल्पं च यः
बुद्धिं बोधयते यतः पथि हृषीकाणीह नेनीयते।
ओङ्कारीयति शङ्करेण वपुषा सत्यं निषेसिक्त्यृतम्
लब्ध्वा स्वागतिका वयं सुकृतिनः तं कृष्णबोधाश्रमम्॥१॥

विश्वस्मिन् विषुणानकार्यनिपुणान् चेक्रीयते सद्गुणान्
धर्माणामुपदिष्टिवृष्टिकरणैर्योऽहर्निशं निःश्रमम्।
अद्य स्वागतिका वयं सुकृतिनः प्राप्यात्मसन्मन्दिरे
तं श्रीशङ्करबाहुयुग्मसुयुजं श्रीविष्णुबोधाश्रमम्॥२॥

स्वकीयं श्वशुरं स्वातन्त्र्यसेनान्यं वीतरागं श्रीरामप्रसादमिश्रमहोदयमधिकृत्य तन्निधनावसरे

मत्वा विश्वं विनाशि स्वतनुमपि तथा का कथा वैभवानां
हित्वाऽऽसक्तिं रसादीननुभवविषयं यो हि कुर्वन्नलिप्तः।
स्वात्मानन्दानुभूतिं निजनयबलमेवावगच्छन्नलं यः
तन्वा गुप्तावपीहानवहितिसुकृती देहयुक्तोऽपि मुक्तः॥१॥

रागद्वेषादियुग्मप्रविरहितमना यो मनाङ् नातिदर्शी
हर्षी स्वीयाश्रितानां सुखविभवमुदा सर्वसन्मार्गदर्शी।
वर्षी सापत्न्यमूर्धन्यशिरसि सततं स्वाशिषां शत्रुकर्षी
मिश्रो रामप्रसादो गिरिगुरुगिरवाँग्रामगेहो विदेहः॥२॥

———

Dr. Ram Sharan Tripathi,
Kavyatirth, Shastri, M.A , Ph. D.
Department of Sanskrit

3, K. G. K. College,
MORADABAD.

निद्धद्वरिष्ठा: —

Date 30।६।६६

श्रीशारदाचरणदीक्षितसुधयुपास्या:,
वाङ्मध्वरिन्दम सुवक्त्रनुपमेयवाच:।
विद्वत्प्रकाण्डहरयोऽर्चितसाधवो मे
प्रोन्नायका: सुरगिरां नतिभावका: स्यु: ॥१॥

श्रीमताम्—
सुसंस्कृतास्निग्धविदग्धचातुरीतुरी सुरीति ग्रथितं सुवर्णकम्।
अलभ्यलभ्यं न्वनु हिताय तोषितुं शक्ता नत्रापि दलं फलं मुदाम् ॥२॥

इदानीम्—
नह्यस्ति शब्दं न्वधुना सुरगी: सुपात्रमाहात्म्यमीयत यया पटुभि: प्रनाण्या।
अक्षय्यमेतदधुनातन बोद्धुपाशा: द्रव्यं विनार्ध्यपफलं परमन्तमाहु: ॥३॥
किन्तु— दीक्षितपदानुयाता वासवदत्तेयकथाब्धिसम्पाता।
कल्लोलिनी सुविततां गाढा श्रीशारदापादै: ।४।

अत:—
चेत: शान्तिमुपैति, शारदपदै: प्रक्षाल्य कल्लोलिनी,
शुद्धैधिष्ण्यत एवमत्र विदुषां तादृङ्मनीषाजुषाम्।
श्रीशारङ्गधीन् परिमार्ष्टि दिव्यसारिता कल्लोलिनी जाह्नवी,
इत्यालोच्य भवेन भावनतया मूर्ध्नि स्वकीये धृता ॥५॥

सम्मति:— मक्षिका मक्षिकास्थाने मकरार्थ: प्रदर्शित:।
मेदिन्यमरयोर्वाच स्पष्टये चापि हलायुधे ॥६॥

"अन्यो व्युत्पत्तिलभ्योऽर्थ: प्रवृत्त्यर्थस्ततोऽन्यथा।
'गमेर्डो:' प्रत्यये जाते न मनुष्यो गवाभिध: ॥७॥

प्रयागस्थ श्रीगङ्गानाथझा-केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठीयप्राचार्यवर्य डा० श्री गयाचरणमिश्रमहोदयानाम् स्थानान्तरगमनावसरे समवेतैः समुद्गतसौहृदय्यैः तदीयसुहृद्भिः, पीठाश्रितैः पदाधिकारिभिः, सदस्यैश्च

सादरभरं सप्रश्रयोपचयञ्च समर्पिताः, शुभाशंसनप्रसूनाञ्जलयः

प्रोद्यदनवद्यविद्याविद्योतितान्तःकरणाः,

नैतदविदितमत्र भवतां यद्भवद्भिः श्रीगङ्गानाथझामहोदयाद्यनेकविद्वद्वृन्द-परम्परापरिष्कृते, मृद्वीकानीकाशनिर्यन्मधुररसनिर्झरीभूतमाधुरीभाग्यभाग्भिर्गीर्भिः सुरसरस्वतीसमाराधनेन धन्यातिधन्यतां नीते, प्रयागस्थकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठे, अद्यावधि प्राचार्यपदमलङ्कुर्वाणानाम्, समुपलब्धप्राच्यपाश्चात्योभयविद्वद्विशारदिम्नाम्, भारतीयसंस्कृति-संस्कृतप्रचारप्रसारोद्योगप्रसृमरमहिम्नाम्, श्रीमताम् अस्मात् स्थानान्तरगमनावसरे भावत्काभिशंसनप्रसूनाञ्जलिप्रदानव्यतिकरेण समवेताः सद्भाग्यशालितां नीताः।

ज्ञानविज्ञानशोभितशेमुषीकाः,

समुपलब्धविश्वविख्यातीनाम्, नैकश्रीशोभाजुषाम्, परमविदुषाम्, विद्वद्वरेण्यश्रीपट्टाभिराम-शास्त्रिणाम्, आत्मवैदुष्यापचयाय कृतानेकमीमांसक (दुरूण मीमांसक-) दुर्दुरूढप्रतिष्ठापितनिष्ठाः, मीमांसाशास्त्रपरिनिष्ठाः शिष्याः श्रीमन्तः, अवशिष्टस्मृतीनां प्रेष्ठशिष्यसंस्कृतोच्छ्रितीनाम्, भारतीयप्रधानमन्त्रिणाम्, श्रीलालबहादुरशास्त्रिणाम्, ससम्मानाहूतिं पुरस्कृत्य, नैकनेतृनीतिचर्चितायां नगरीमचर्चिकायाम्, भारतीयप्रासाददेहल्यामिव देहल्याम्, पदपल्लवतल्लजमादधानाः, तत्रादिमकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठमतिष्ठिपन्। यत्र च तदवधि मृतप्रायमरिमरः अप्रत्याशितां समभ्युन्नतिं, भवदनध्यासितपीठे सञ्जातामवलोक्य भारतीयशासनैः स्वातन्त्र्योत्तरीयमन्यदपि केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठपञ्चकम् स्थापयत्। अखिलभारतीयसंस्कृतसम्मेलनस्य कर्णधारतां भवतां संस्कृताभ्युन्नायकेषु प्रमुखं, विशिष्टं शीर्षण्यञ्च स्थानम्। राष्ट्रियसंस्कृतविकासयोजनासंघटित-वैदिकसमितिसदस्यानां श्रीमताम्.

'संस्कृतं वर्धतां नित्यं संस्कृतश्रीः समेधताम्'

'संस्कृतविदुत्समादृतावेव भवदुदि' इति भावनया गीर्वाणगीर्गरिमोन्नायनमेव जीवनलक्ष्यमिति संस्कृतविदुत्समादृतावेव भवदृदि परमानन्दसन्दोहो द्रुमः।

दिल्ली-तिरुपतिविद्यापीठयोः प्राचार्यचरणाः, संस्कृतादरभाजनसमाजिताः श्रीमन्तः अनुसन्धित्सूनां सौकर्याय अनुसन्धानकक्षम् एव इत्तमात्मकार्यकाले प्रयागस्थकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठे भवतामेव संरक्षकतायां अन्यानपि तैः अमहत्त्वशिक्षाकक्षान् उदजीघटन्। गंगानाथझाशताब्दीं भवतामेव संरक्षकतायां संस्कृतपीठीयपुस्तकालयस्य अभ्यानेष्वपि तेषां समस्तक्रियाकलापानां समुद्भूतम्। चिरकालादागतेहृत्य कर्मचारिचेतनाधृतिप्रमनाकरणस्य, संस्कृतपीठीयपुस्तकालयस्य समभ्युद्यत। चिरकालादागते हृत्य कर्मचारिचेतनाधृतिप्रमनाकरणस्य च श्रेयस्विनः श्रीमन्त एव। एवमन्यभवन्तो भवन्तः केन्द्रसम्भवान् केन्द्रीयसंस्कृतपुस्तकालयस्थापनस्य च श्रेयस्विनः श्रीमन्त एव। अनुशासननीति-रीतिनिरताः, स्वीयेन सौजन्येन, औदार्येण, गाम्भीर्येण, भावात्म अनुभावयन्तः, अनुशासननीतिरीतिनिरताः, सदाचारेण, प्रेम्णा, कारुण्येन, सौहार्देन च तेषां वदान्यताम् निजाश्रितानां प्रशंसाभिः समयं गमयन्ति स्म।

किं बहुना —

आन्वीक्षिकीन्यायतत्त्व, मीमांसानुश्रुता तथा।
विशिष्टविद्वद्देशीयमण्डनत्वं त्वयि त्रयम्॥१॥

प्राचार्यस्य पदं स्वयुग्रमदिह श्रीमण्डनो मण्डनः।
गंगानाथमहानुभावपदवीं केन्द्रीयपीठे भवान्॥
वैशारद्यमिताद्य गम्यमिति तत्त्वात्सम्मतिम्नः फलम्।
यत्तत्साम्मतसाम्मनस्यमिति तो वायुः प्रसंस्थानगः॥२॥

प्रयागस्थश्रीगङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठीयप्राचार्यवर्य डा० श्री मण्डनमिश्रमहोदयानाम् स्थानान्तरगमनावसरे

समवेतैः समुदात्तसौहृदय्यैः तदीयसुहृद्भिः, पीठाश्रितैः पदाधिकारिभिः सदस्यैश्च

सादरभरं सप्रश्रयोपचयञ्च समर्पिताः, शुभाशंसनप्रसूनाञ्जलयः

प्रोद्यदनवद्यधिषणाविद्योतितान्तःकरणाः,

नैतदविदितमत्र भवतां मद्यमयोः श्रीगङ्गानाथझामहोदयानेकविद्वद्वृन्द-

परम्परापरिस्यन्दिते, मृद्वीकानीकाशनिर्यन्मधुररसनिर्झरीभूतमाधुरीभाग्यभागिभिर्गीर्भिः सुरसरस्वतीसमाराधनेन

धन्यातिधन्यतां नीते, प्रयागस्थकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठे, अद्यावधि प्राचार्यपदमलङ्कुर्वाणानाम्, समुपलब्ध-

प्राच्यपाश्चात्योभयविद्वद्विशारदिम्नाम्, भारतीयसंस्कृति-संस्कृतप्रचारप्रसारोत्सुकप्रसृमरमहिम्नाम्, श्रीमताम्

अस्मात् स्थानान्तरगमनावसरे भावत्काभिशंसनप्रसूनाञ्जलिप्रदानव्यतिकरेण समवेताः सद्भाग्यशालितां नीताः।

ज्ञानविज्ञानशोभितशेमुषीकाः,

समुपलब्धविश्वविख्यातीनाम्, नैकश्रीशोभाजुषाम्, परमविदुषाम्, विद्वद्वरेण्यश्रीपट्टाभिराम-

दुराप मीमांसक मीमांसाशास्त्रप्रतिष्ठाः शिष्याः

शास्त्रिणाम्, आत्मवैदुष्यापच्छायाकृतानेकभाषासक्दुर्दुरूटप्रतिष्ठानिष्ठाः, भारतीयप्रधानमन्त्रिणाम्, श्रीलालबहादुरशास्त्रिणाम्,

श्रीमन्तः, अवशिष्टस्मृतीनां प्रेष्ठस्थेष्ठसंस्कृतोच्छ्रितीनाम्, भारतीयप्रासादे हल्यामिव देहल्याम्,

ससम्मानाहूतिपुरस्कृत्य, नैकनेतृनीतिचर्चितायां नगरीभचर्चिकायाम्, भारतीयप्रासादेहल्याभिव देहल्याम्,

ससम्मानाहूति पुरस्कृत्य, नैकनेतृनीति चर्चितायां ... मूर्धन्यं च तदवधि भूतप्रायामरगिरः

पदपल्लवतल्लजमादधानाः, तत्रादिम केन्द्रीय संस्कृतविद्यापीठमतिष्ठिपन्। यश्च तदवधि भूतप्रायामरगिरः

अप्रत्याशितां समभ्युन्नतिं, भवदनधानीयुतेषु पीठे श्रूयते भवतोऽद्य भारतीयहासैकस्तत्स्तरीयमन्यदपि

केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठपञ्चकमस्थापयत्। अखिलभारतीयसंस्कृतसम्मेलनस्य कर्णधाराणां भवतां

संस्कृताभ्युन्नायकेषु प्रमुखं, विशिष्टं शीर्षण्यञ्च स्थानम्। राष्ट्रियसंस्कृतविकासयोजनासंघटित-

केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठपञ्चकमस्थापयत्।

संस्कृताभ्युन्नायकेषु प्रमुखं, विशिष्टं शीर्षण्यञ्च स्थानम्।

वैदिकसमितिसदस्यानां श्रीमताम्-

'संस्कृतं वर्धतां नित्यं संस्कृतश्रीः समेधताम्'

'संस्कृतं वर्धतां नित्यं संस्कृतश्रीः समेधताम्' संस्कृतविद्वत्समादृतो भवद्हृदि इति भावनया गीर्वाणगौरवमेतत् जीवनलक्ष्यमिति संस्कृतविद्वत्समादृतावेव भवद्हृदि इति भावनया गीर्वाणगीर्गरिमोत्ता यतनेव जीवनलक्ष्यमिति संस्कृतविद्वत्समादृतावेव भवद्हृदि

इति भावनया गीर्वाणगीर्गरिमोन्नायनमेव जीवनलक्ष्यमिति संस्कृतादरभाजनसमाजिता: श्रीमन्तः परमानन्दसन्दोहो द्रुमः।

दिल्ली-तिरुपतिविद्यापीठयोः प्राचार्यचरणाः, संस्कृतादरभाजनसमाजिताः श्रीमन्तः अनुसन्धानकक्षम्, केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठे अनुसन्धित्सूनां सौकर्याय अनुसन्धानकक्षम्, एव इत्यात्मकार्यकाले प्रयागस्थकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठे अनुसन्धित्सूनां सौकर्याय भवतामेव संरक्षकतायां गंगानाथझाशताब्दीं उदजीघटन्। गंगानाथझाशताब्द्यां भवतामेव संरक्षकतायां, संस्कृतपीठीयपुस्तकालयस्य अन्यानपि तौ अमहत्त्वशिक्षाकक्षान् उदजीघटन्। गंगानाथझाशताब्द्यां पाकरणस्य, संस्कृतपीठीयपुस्तकालयस्य अन्यानपि तौ अमहत्त्यशिक्षाकक्षान् उदजीघटन्। चिरकालादागतेहत्यकर्मचारिवेतनाघातिममतापाकरणस्य, संस्कृतपीठीयपुस्तकालयस्य समभुद्रयत। चिरकालादागतेहत्य कर्मचारिवेतनाघातिममतापाकरणस्य श्रीमन्तः एवं। एवमनभवन्तो तुलाभवन्तः केन्द्रसम्मान् केन्द्रीयसंस्कृतपुस्तकालयस्योपदापनस्य च श्रेयस्विनः श्रीमन्तः एवं। एवमत्र भवन्तो तुलाभवन्तः केन्द्रसम्मान् भावम् अनुभावयन्तः, अनुशासननीतिरीतिनिरताः, स्तीयेन सौजन्येन, औदार्येण, गाम्भीर्येण, सदाचारेण, प्रेम्णा, कारुण्येन, सौहार्देन च तेषां वदान्यानां तामितानां निजाश्रितानां प्रशंसाभिः समयं गमयन्ति स्म।

किं बहुना —

आन्वीक्षिकीनयनलय, मीमांसानुश्रुता तथा।
विशिष्ट विद्वद्देशीयमण्डनत्वं त्वयि वयम्॥१॥

प्राचार्यस्य पदं स्वयमुपभदिह श्रीमण्डनो मण्डनः।
गंगानाथमहानुभावपदवी केन्द्रीयपीठे भवान्॥
वैशारद्यमितोद्य गद्यमिति तत्त्वत्सम्मतिमतः फलम्।
यत्तत्साम्मतसाम्मनस्यमिति तो वायुः प्रसंस्थानगः॥२॥

श्री:

१.१.५८

स्वर्गीय श्रद्धेय आदरणीय बा की स्मृति में.

मत्वा विश्वं विनाशि स्वतनुमपि तथा का कथा वैभवानाम्.
हित्वाऽऽसक्तिं रसादीननुभवविषयं यो हि कुर्वन्नलिप्तः।
स्वात्मानन्दानुभूतिं निजनयबलमेवावगच्छन्नलं यः,
तं वा गुप्तावपीहानवहितसुकृती देहयुक्तोऽपि मुक्तः। १

रागद्वेषादियुग्मप्रविरहितमना यो मनाङ्नर्गतिदर्शी,
हर्षी स्वीयाश्रितानां सुखविभवमुदा सर्वसन्मार्गदर्शी।
वर्षी सापत्नमूर्धन्यशिरसि सततं स्वाशिषां शत्रुकर्षी,
मिश्रो रामप्रसादो गिरिगुरुगिरवाँ ग्रामगेहो विदेहः॥

कणान् कर्षति वर्षति प्रियवचः कोलालकल्पं चयः।
बुद्धिं बोधयते यतेः पथि हृषीकाणीह नेनीयते।
ओङ्कारीयति शङ्करेण वपुषा सत्यं निसेसित्यृतम्,
लब्ध्वा स्वागतिका वयं सुकृतिनः तं कृष्णबोधाश्रमम् ॥ २॥

विश्वस्मिन् विगुणान् अकार्यनिपुणान् चेक्रीयते सद्गुणान्।
धर्माणामुपदिष्टिवृष्टिकरणे योऽहर्निशं निःश्रमम्।
अद्य स्वागतिका वयं सुकृतिनः प्राप्यात्मसन्मन्दिरे,
तं श्री शङ्कर बाबुअग्रजम् सुभुजं श्रीविष्णुबोधाश्रमम्, ३

अपभ्रंश साहित्य का सौन्दर्य

डॉ० शम्भूनाथ पाण्डेय

वाराणसी

In the present article, light has been thrown on the originality, freshness and beauty of imagination and ideas in the *Apabhraṃśa* literature.

बीसवीं शती के पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध में जर्मनी के विद्वान् श्री पिशेल, डॉ० हरमन याकोबी, श्री चिमन लाल डाह्या भाई दलाल, श्री पांडुरंग गुणे, मुनि-जिनविजय जी, श्री नाथूराम प्रेमी, प्रो० हीरालाल जैन, श्री आदिनाथ उपाध्ये, परशु-राम लक्ष्मण वैद्य, पं० राहुल सांकृत्यायन, हरिवल्लभ भयाणी, पं० हरप्रसाद शास्त्री तथा डॉ० शाहिदुल्ला आदि पंडितों की तपस्या, अनुसंधान, संपादन-प्रकाशन से अप-भ्रंश साहित्य का जो भांडार प्रकाश में आया वह अमूल्य है। आचार्य भामह, दंडी, रुद्रट, राजशेखर, भोज आदि पंडितों और अलंकारशास्त्रियों के उल्लेखों से अपभ्रंश भाषा के विशाल साहित्य का आभास तो होता था पर इनकी प्राप्ति से प्रकाश का एक नया क्षितिज उद्भासित हुआ। जो ग्रंथ प्राप्त हुए हैं उनकी संख्या अर्द्ध सहस्र तक पहुँच गई है। इसमें प्रबन्धकाव्य—महाकाव्य, खंडकाव्य, मुक्तक काव्य सभी प्रकार के काव्य ग्रंथ हैं। इसमें महापुराण, पुराण, चरित, कथा, रास, स्तुति, स्तोत्र, फाग, चाँचर, चउपई, कुलक संधि आदि अनेक काव्य रूपों में रचनाएँ निर्मित मिलती हैं। इनमें मानव जीवन की विविध भावनाओं और विचारों की जो अभिव्यक्ति मिलती है, वह अद्भुत है। इसमें एक ओर जहाँ स्वयंभू, पुष्पदंत, धनपाल, रामसिंह, जोइन्दु, देवसेन, कनकामर, जिनप्रभ, जिनपद्म, शालिभद्र, जैसे जैनी साधकों के चिंतन की चिंतामणि है तो दूसरी ओर सरहपा, काण्हपा आदि चौरासी सिद्धों की सहज साधना की सिद्धि भी। एक ओर जहाँ यहाँ धार्मिक भावनाओं और आदर्शों से ओत-प्रोत शलाका पुरुषों का उदात्त जीवन चरित प्राप्त होता है तो दूसरी ओर 'संदेश रासक', 'मुंजरास', हेमचंद्र के दोहों 'प्राकृत पैंगलम्' आदि काव्य ग्रन्थों में प्रेमपूरित लौकिक

रस की मर्मस्पर्शी भावधारा प्रवाहित मिलती है। अज्ञात कविवृन्दों के छंदों में जो प्रेम-श्रद्धा-भक्ति के बीजबिन्दु मिलते हैं उनके प्रवाह और प्रभाव से हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग-भक्तिकाल निर्मित हुआ। सन्तों के काव्यों की पृष्ठभूमि तैयार हुई। प्रेम और शृङ्गार के कवियों की भावभूमि बनी। इस प्रकार इस साहित्य का सौंदर्य मात्र अपने तक सीमित न रह कर आगे के साहित्य पर अपना प्रभाव और प्रकाश बिखेरने में समर्थ हुआ।

अपभ्रंश साहित्य का सौन्दर्य स्वतःस्फूर्त है। इसकी इस शक्ति का स्पष्ट प्रमाण महाकवि कालिदास विरचित 'विक्रमोर्वशीय' नाटक का वह दोहा है जिसमें राजा पुरुरवा राजसंस्कृति के सभी कायदा-कानून, नाट्यशास्त्रियों द्वारा निर्देशित संस्कृत में ही बोलने की बाध्यता को तोड़कर प्रिया विरह की अपनी सहज प्रेमिल भावनाओं को अपभ्रंश भाषा के दोहा छंद में ही अनायास मुखरित करता है—

'मइँ जाणिग्रँ मिग्रलोयणी णिसिग्ररु कोइ हरेइ।
जाव ण णवतडि सामलो धाराहरु बरिसेइ॥'

बादलों की घनघोर घटा छायी हुई है। बिजली चमक रही है। उसे लगता है कि इतनी चमक उसकी प्रिया उर्वशी के अलावा और किसकी हो सकती है? हो-न-हो काला बादल जैसा कोई राक्षस उसकी प्रिया को हरे लिए जा रहा है। पर काले-काले बादल जब बिजली की तड़तड़ाहट के साथ धरासार वर्षा करने लगे तब कहीं उसका भ्रम दूर हुआ कि यह मेरी प्रिया नहीं, बिजली है, काला राक्षस नहीं बादल है। इस दूहा विद्या (अपभ्रंश) में निकली इस स्वाभाविक वाणी को विक्षिप्त राजा का प्रलाप कहकर संतोष भले ही कर लिया जाय पर वास्तविक बात यह है कि कालिदास जैसे पीयूषवर्षी कवि लोकभाषा के इस मार्मिक छंद में रचना करने का लोभ नहीं संवरण कर सके होंगे और मौका तथा बहाना ढूँढ़कर ऐसे छंदों को लिख ही दिया।

पर यह आकस्मिक घटना नहीं थी। यदि ऐसा होता तो अपभ्रंश के सौन्दर्य का सोता सूख गया होता, पर इसके ठीक विपरीत इसके सौन्दर्य का आकर्षण दिन-प्रतिदिन और अधिक बढ़ता ही गया। संस्कृत साहित्य में माघ, भारवि और श्रीहर्ष की वाग्विदग्धता, शब्दगुम्फन, आलंकारिकता, अनुप्रासों की छटा, यमकों की घटा, विकट पदबंध, बुद्धिवैभव जनित उक्तियाँ तथा गद्य के क्षेत्र में सुबाहु, दण्डी और बाण के परिष्कृत वाग्विलास की तुलना में अपभ्रंश के सहज-सुकुमार, मर्मस्पर्शी, ओज-शौर्य सम्पन्न, वीरता-तप-त्याग से संकलित अव्याज मनोहर इन कविताओं का अपना अलग सौन्दर्य और आकर्षण है, इसे अब स्पष्टतः स्वीकार कर लिया गया है पर संक्षेप में इसे देख लेना भी आवश्यक है।

अपभ्रंश साहित्य में प्रेम, शृङ्गार आदि कोमल भावनाओं की सरस उद्भावनाओं का अद्भुत सौन्दर्य प्राप्त होता है। जैन काव्य, जैनेतर सिद्ध-नाथपंथी काव्य-

धाराएँ भी उससे अछूती नहीं हैं। यह समझना उचित नहीं है कि अपभ्रंश के जैनी कवि सर्वथा विरक्त होते हैं और उन्हें निवृत्ति, विरक्ति और निर्वेदात्मक शान्त रस का चित्रण ही काम्य होता है। वे ऐसा करते हैं पर यह उनके अन्त की परिणति है प्रारम्भ और मध्य की नहीं। जैन कवि यह भलीभाँति जानता है कि संपूर्ण जीवन को विरक्तिमय बना देना प्रकृति के विपरीत है। जिस धर्म ने ऐसा किया वह नष्टप्राय हुआ। पर शृङ्गार में ही हमेशा गोते लगाते रहना भी श्रेयस्कर नहीं है इसे भी जैन कवि भलीभाँति जानता है। अतः जैन कवि प्रेय और श्रेय का अद्भुत सम्मिश्रण अपने अपभ्रंश काव्यग्रन्थों में करता है। वह शम या विरक्ति को सोद्देश्य मानते हुए भी सांसारिक समृद्धि,रूप-वैभव, शृंगार-सजाव, विलास, कामासक्ति तथा प्रेम विभोरता का ऐसा वास्तविक चित्र उपस्थित करता है कि जीवन का भोगपक्ष साक्षात् मूर्तिमान होकर सामने आ खड़ा होता है और पाठक को आत्मविभोर कर देता है। महाकवि 'स्वयंभू' ने अपने ''पउम चरिउ' (पद्मचरित-रामायण) में सीता के सौन्दर्य का ऐसा मनोरम वर्णन किया है जिसमें शृङ्गार भावना भी है और राम और सीता के स्वाभाविक प्रेम की झाँकी भी। राम जब सीता के सौन्दर्य की प्रशंसा करते हैं तो सीता अपने नयन कटाक्ष से उसका वर्जन करती हैं—

हरि पहरंतु पसंसिउ जावेंहि। जाणइ-णयण कडक्खिय तावेंहिं।

उनकी मंथरगति कलहंस की सुन्दर चाल की तरह मस्तानी है, उनकी कटि क्षीण है तो नितंब सविस्तर। लोचन सुललित हैं तथा पीठ पर वेणी ऐसी हिल रही है मानो चंदनलता पर नागिन डोल रही हो—

''थिर कलहंस-गमण गइ-मंथर। किस मज्झारें णियंवे सुवित्थर।
सुललिय-लोयण ललिय पसण्णहँ। णं वरइत्त मिलिय वर-कण्णहँ।
डोलइ पुट्ठिहि वेणि महाइणि। चंदण-लयहिं ललइ ण णाइणि।

इसी प्रकार महाकवि 'पुष्पदंत' ने अपने तिसट्ठि महापुरिस गुणालंकार (महापुराण) में कृष्ण और गोपियों के प्रेम-शृङ्गार भावना से ओत-प्रोत जड़ता, मूढ़ता, प्रगलभता और भोलेपन का बड़ा ही सुन्दर चित्र खींचा है। गोपियाँ कृष्ण द्वारा तोड़ी हुई मथानी का मोल प्रेमालिंगन से चुकाने की माँग करती हैं। कृष्ण की छाया से उनकी पीली चोली काली पड़ जाती है तो भोली-भाली गोपिकाएँ उसकी कालिमा दूर करने के लिए उसे जल से प्रक्षालित करती हैं—

''एयहि मोल्लु देउ आलिंगणु, णं तो मा मेल्लहु में प्रंगणु,
काहिवि गोविहि पंडुरु चेलउं। हरि-तणु तेएँ जायउं कालउं,
मूढ जलेण काइं पक्खालइ, णिय-जडत्तु सहियहिं दक्खालइ।

हेमचंद के दोहे, संदेसरासक, मुंजरासो, 'प्राकृतपैंगलम्' के दोहे-छन्द, प्रेम-

श्रृंगार की भावनाओं के संचित भंडार ही हैं। इनमें तो स्वयंभू, पुष्पदंत, त्रिभुवन की शास्त्रीयता, पांडित्य, अलंकार, पिंगल की विशेष रुझान भी नहीं है। इनमें ग्राम्य जीवन की सरलता-निश्छलता, निराडंबरता और सहज आकर्षणजन्य सौन्दर्य है। कतिपय उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

हेमचंद्र के दोहों में शौर्य और प्रेम की अद्भुत धूपछाहीं छवि मिलती है। यहाँ के नायक का जन्म दो तरह से नागा (व्यर्थ) चला जाता है। पहला यदि उसने तीखे घोड़े पर चढ़कर भट के सिर पर खड्ग भग्न नहीं किया और दूसरे गोरी (प्रियतमा) को गले नहीं लगाया —

"एहु जम्मु नग्गहं गियउ भड-सिरि खग्गु न भग्गु।
तिक्खाँ तुरिय न माणिया गोरी गलि न लग्गु।"

यहाँ के नायक-नायिकाओं में लुक-छिप कर प्रेम करने की आदत कम है। ये भरे भौन में नैनन से चोरी-चोरी बातें नहीं करते। यह घर-आँगन का प्रेम नहीं, जीवन के कर्म क्षेत्र में हँसते-हँसते प्राण न्योछावर कर देने वाला प्रेम है। प्रिय को युद्धक्षेत्र में जाना ही जाना है। प्रियतमा का उससे फिर मिलना हो या न हो, क्या ठिकाना। पर क्या हुआ—"प्रिया के लिए तो अगलित स्नेह में निवटा (पका) हुआ प्रिय यदि लाखों योजन चला जाय और सौ वर्ष में भी यदि मिले तो भी हे सखि, सौख्य (प्रेम) का स्थान वही रहता है।

"अगलिअ-नेह निवट्टाहं जोअण लक्खु वि जाउ।
वरिस-सएण वि जो मिलइ सहि सोक्खहं सो ठाउ।

फिर यह विरह-व्याकुल प्रिया इतनी दूर और इतने समय के बाद लौटे हुए प्रिय से मात्र मिलकर ही संतोष कर लेगी ? नहीं। उसे तो एक ऐसा अकृत (अपूर्व) कौतुक करना पड़ेगा। वह तो प्रिय के सर्वांग में ऐसे पैठ जायेगी जैसे पानी मिट्टी के नये कसोरे में प्रवेश कर जाता है—अंग-प्रत्यंग में भीन जाता है।

जइ केवइँ पावीसु पिउ अकिआ कुड्डु करीसु।
पाणिउ नवइ सरावि जिवं सव्वगे पइसीसु॥

निश्चित ही ऐसा प्रेम प्रगाढ़ होगा। प्रिय में कोई दोष नहीं देख-सुन पायेगा। प्रिया सखी से कहती है कि यदि प्रिय कहीं सदोष दिखाई पड़ा हो तो मुझसे निभृत (एकांत) में ऐसे कहो कि उसका पक्षपाती मेरा मन न जान सके। पर ऐसा एकांत कहाँ मिलेगा ?

भण सहि निहुअउँ तेवँ मइँ जइ पिउ दिट्ठु सदोसु।
जेवं ण जाणइ मज्झु मणु पक्खावडिअं तासु॥

यह कोई नई बात नहीं है कि प्रेम को देखकर दुर्जनों के मन में गाँठ पड़ जाती है। उन्हें दोष दिखाई देने लगता है। वे गरजने लगते हैं। विरह के दिनों में तो इनकी और बन आती है पर "अरे खल मेघ अब मत गरज, देखता नहीं है कि लवण पानी में विलीन हो रहा है, वियोगदग्ध झोंपड़ा भींग रहा है और इतने दिन की विरह की मारी प्रिया आज प्रिय के प्रेम रस में सराबोर हो रही है'—

लोण विलिज्जइ पाणिएण अरि खल मेह म गज्जु।
बालिउ गलइ सु झुम्पडा गोरी तिम्मइ अज्जु॥

वियोग की क्षीणता की संयोग क्षणमात्र में पूर्ति कर देता है, इसकी मार्मिक अभिव्यक्ति द्रष्टव्य है—विरहिणी का अब काक के शकुन पर विश्वास नहीं रहा। मुड़ेर पर उसकी आवाज सुनते-सुनते उसके कान पक गये पर प्रिय नहीं आया लेकिन काग है कि बोलता ही जा रहा है। विक्षोभ से कौए को उड़ाती नायिका ने प्रिय को सहसा देख लिया। आधी चूड़ियाँ धरती पर गिर गयी थीं पर प्रिय के दर्शन से खुशी की लहर में दुबली कलाई फूलकर इतनी मोटी हो गई कि आधी चूड़ियाँ तड़-तड़ टूटकर बिखर पड़ीं—

वायसु उड्डावंतिअए पिउ दिट्ठउ सहसत्ति।
अद्धा वलया महिहि गय अद्धा फुट्टु तडत्ति॥

अब्दुल रहमान के 'संदेश रासक' तथा 'प्रबन्ध 'चिंतामणि' 'पुरातन-प्रबन्ध-सग्रह' में मुंज-मृणालवती सम्बन्धी दोहों में भी प्रेम-विरह की बड़ी मार्मिक अभिव्यंजना हुई है। संदेश रासक की विरहिणी कहती है कि—'मेरा प्रिय मेरे अन्त-स्तल में सुनार की तरह उत्कंठा जाग्रत करता रहता है, क्योंकि पहले तो वह विरह की आग में जलाता है फिर आशा के जल से सींचता है'—

सुन्नारह जिम मह हियउ पिअ उक्किंख करेइ।
विरह हुयासि दहेवि करि आसा जलि सिंचेइ॥

ऐसी ही सहज अभिव्यक्ति मृणालवती के सौन्दर्य की प्रशंसा में मुंज द्वारा कहे गये इस दोहे में है—"गत यौवन की याद में मृणालवती तुम इतनी दुःखी क्यों हो रही हो? क्या तुम यह नहीं जानती कि मिश्री चूर-चूर भी हो जाये तो भी चूरे उतने ही मीठे बने रहते हैं" :

मुंज भणइ मुणालवइ गउ जुब्बणु मति झूरि।
जो सक्कर सय खण्ड किअ तो वि स मिट्ठी चूरि॥

पर हेमचन्द्राचार्य संगृहीत दोहों का सौन्दर्य मात्र इतने तक ही सीमित नहीं

है। उसमें शौर्य, वीरता, वीरांगनाओं का अपने वीर पतियों की शूरता पर सहज गर्व सम्बन्धी नवीन प्राणस्पंदी उक्तियों का सौन्दर्य अपने ढंग का निराला है। युद्ध क्षेत्र में पति का लड़ते-लड़ते मर जाना इनके लिए गौरव की बात है पर वही प्रिय यदि पीठ दिखाकर भाग आता तो वह सखियों के बीच कितनी लजाती—

भल्ला हुआ जो मारिआ, बहिणि म्हारा कंतु।
लज्जेज्जंतु वयंसियहु, जइ भग्गा घर एंतु॥

पर ऐसी धीर पत्नी का पति वीर ही हो सकता है। वह रणछोड़ भगोड़ा नहीं हो सकता। उसे थोड़े होने की भी चिन्ता नहीं होती। वह अपनी प्रिया से कहता है कि 'हम थोड़े हैं और शत्रु बहुत। ऐसा तो कायर लोग कहते हैं। मुग्धे ! जरा आकाश की ओर तो निहारो ! वहाँ एक ही चन्द्रमा प्रकाश बिखेरने में समर्थ है, पर बहुत सारे तारे नहीं'—

अह्मे थोवा रिउ बहुअ, कायर एव भणंति।
मुद्धि निहालहि गयण-यलु, कइ जण जोण्ह करंति॥

अपभ्रंश में शौर्य, शृङ्गार, धर्म, नीति सम्बन्धी ऐसे दोहों का अद्‌भुत लोक दिखाई पड़ता है। यहाँ भय और आशंका नाम की कोई चीज दिखाई नहीं पड़ती। भविष्य की चिन्ता नहीं सताती। यहाँ गागर में सागर का खारा पानी नहीं, अमृत रस भरा है। अपभ्रंश के काव्यग्रन्थों में प्रायः इसी प्रकार की नितनूतनता, सहज सौन्दर्य, भरपूर ताजगी, निष्कलुष प्रेम, दिनकर का ओज और ज्योत्सना की स्निग्धता सर्वत्र मिलेगी।

इस साहित्य का यह सौन्दर्यात्मक पक्ष जीवन को निराशा से उबारकर आशा की ओर प्रेरित कर देता है। इन कवियों ने जीवन के सुख-दुःख में भी 'समरसता' स्थापित करने की चेष्टा की और उस 'परम महासुख' में इस प्रकार विलीन हो जाने का उपदेश दिया, जैसे नमक पानी में विलीन हो जाता है—

जिमि लोण विलिज्जइ पाणिएँहि, तिमि धरणी लइ चित्त।
समरस जाई तक्खणें जइ पुणु ते सम णित्त॥

इसी प्रकार देवसेन, रामसिंह, जोइन्दु जैसे जैन मुनियों में अपभ्रंश की जो अध्यात्म और रहस्यवादी धारा प्रवाहित हुई, उसका भी अपना अलग सौन्दर्य है। उनकी रचनाओं में उदारता, चारित्रिक शुद्धता, लक्ष्य की महानता, समरस भाव की साधना, गुरु की महत्ता, संकीर्ण ज्ञान एवं ग्रन्थों का विरोध, आत्मज्ञान की श्रेष्ठता, सांसारिक विषयों के त्याग की पूत भावनाएँ बड़े ही सहज सरल ढंग से अभिव्यक्त

हुई हैं । जीवन को सुन्दरतम बनाने में इनकी महती भूमिका है । ये कवि बड़ी सहृदयता और उदारता के साथ सभी देवताओं और धर्मों को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, देवों का देह में निवास मानते हैं और कोई भेद-भाव नहीं मानते । आज भी ऐसी मान्यताओं की कितनी सार्थकता है, सहज विचारणीय है—

सो सिउ संकरु विण्हु सो, सो रुद्द वि सो बुद्ध ।
सो जिणु ईसरु बंभु सो, सो अणंतु सो सिद्ध ।
एवंहि लक्खण लक्खियउ, जो पर णिक्कलु देउ ।
देहहं मज्झहिं सो वसइ, तासु ण विज्जइ भेउ ।

जोइन्दु के 'योगसार' से

इस प्रकार हम देखते हैं कि अपभ्रंश साहित्य का सौन्दर्य ऐसा है जिसमें मानव जीवन को आन्दोलित करने की अद्भुत क्षमता है । इसमें मूल्यवत्ता, मानवता, काव्य-वैभव, विचारों की उदात्तता और चिन्तन की चिन्तामणि निहित है । निःसंदेह अपभ्रंश का काव्य-सौन्दर्य अप्रतिम है ।

भारतीय कला में बुद्ध-जन्म

डॉ० ए० एल० श्रीवास्तव

इलाहाबाद

Buddha's nativity was an epoch making event which attracted Indian artists to carve it in stone. The author, in this paper, describes in detail various scenes of the Buddha's nativity which are sometimes identified by scholars with the *śālabhañjikā* motifs.

बुद्ध-जन्म भारतीय जीवन की एक महत्त्वपूर्ण घटना है। जन-जन में व्याप्त जन्म, जरा, ज्वर और जीर्णता के कष्ट से छुटकारा दिलाने का मार्ग प्रशस्त करके गौतम बुद्ध ने एक नए युग का प्रवर्तन किया था। उनके चार आर्य सत्यों ने तृष्णा को जीतने की जो मध्यमार्गी दिशा दिखाई, उस पर चलकर निर्वाण (आवागमन के चक्र के दुःखों से छुटकारा) पाना सहज हो गया था। ऐसे महायोगी और दीनबन्धु का जन्म वस्तुतः एक असाधारण और महत्त्वपूर्ण घटना थी। जीवन के बहुआयामी सतरंगे पक्षों को उजागर करने वाले भारतीय कलाकारों की दृष्टि से बुद्ध-जन्म की घटना भी छिपी न रह सकी। उन्होंने इसे भी भाव-विभोर होकर भाँति-भाँति से उत्कीर्ण किया है।

बुद्ध-जन्म को आँकने वाले कलाकारों के समक्ष बौद्ध साहित्य का बृहद् भण्डार उपलब्ध था जिसमें गौतम बुद्ध के सर्वांग जीवन के मर्मस्पर्शी चित्र आलेखित थे। गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन से कहे गए 'यदा यदा हि धर्मस्य....' और गोस्वामी तुलसीदास द्वारा दोहराए गए वचन 'जब जब होइ धरम की हानी....' बुद्ध-जन्म के विषय में भी सार्थक समझे गए थे। देवता भी चाहते थे कि बुद्ध-धरती पर अवतरित हों और मानवता को जीवन के दुःखों से छुटकारा दिलाकर कल्याए का मार्ग प्रशस्त करें। और ऐसा ही हुआ।

साहित्यिक साक्ष्य

कपिलवस्तु शाक्य गणराज्य की राजधानी था। वहाँ के राजा शुद्धोधन के दो रानियाँ थीं—महामाया और प्रजापती। दोनों बहनें थीं और पड़ोस के नगर


देवदह के राजा की पुत्रियाँ थीं। एक दिन महामाया ने स्वप्न में आकाश से अपनी ओर आते हुए एक श्वेत षड्दन्ती हाथी के आकार का एक झिलमिलाता नक्षत्र देखा जो निकट आकर रानी की दाईं कुक्षि में प्रवेश कर गया। स्वप्न की व्याख्या में राजदरबार के ज्योतिषी-पण्डितों ने कहा कि रानी एक पुत्र को जन्म देंगी जो यदि राज्य करेगा तो चक्रवर्ती सम्राट् होगा और यदि जन-कल्याण करेगा तो महात्मा होगा। और रानी गर्भवती हो गईं। गर्भ के दिन पूरे होने पर, स्थानीय परम्परानुसार रानी ने अपने नैहर देवदह जाने की इच्छा प्रकट की जिसे राजा ने अविलम्ब स्वीकार किया और राजकीय गरिमा के साथ प्रजापती तथा सेविकाओं के संसर्ग में महामाया की यात्रा का प्रबन्ध करवा दिया। दोनों नगरों के बीच में लुम्बिनि नाम का एक शाल-वन था। महामाया वहाँ विश्राम के लिए रुकीं। वसंत की सुहावनी ऋतु थी। सभी शालवृक्ष सुरभित पुष्पों से लदे हुए थे। उनकी शाखाओं पर रंग-बिरंगे पक्षी चहचहा रहे थे। लुम्बिनिवन की वासंती शोभा देखकर महामाया ने शालभंजिका क्रीड़ा करनी चाही (शालभंजिका पूर्वी भारत में स्त्रियों की एक लोकप्रिय उद्यान-क्रीड़ा थी जिसमें संभवतः वे पुष्पित शालवृक्षों की कोमल टहनियों को तोड़कर एक-दूसरे पर प्रहार करके खेलती थीं)। ज्यों ही उन्होंने एक शालवृक्ष की कुसुमित शाखा को पकड़ना चाहा वह स्वयं झुककर उनके हाथ में आ गई और उसी समय उन्हें प्रसव-वेदना की अनुभूति हुई। एक हाथ से शालवृक्ष की डाल पकड़े और दूसरे से बहन प्रजापती के कंधे का सहारा लिए खड़े ही खड़े महामाया ने बोधिसत्त्व को जन्म दिया जिसे रेशमी पट पर प्राप्त करने के लिए इन्द्र, ब्रह्मा आदि चारों लोकपाल तत्काल उपस्थित हो गए। बोधिसत्त्व जन्म लेते ही धरती पर खड़े हो गए और उन्होंने सात डग भरे। तत्पश्चात् आकाश से प्रकट हुये दो नागों ने उन्हें क्रमशः उष्ण और शीतल जल से स्नान करवाया और वहाँ उपस्थित होकर देवताओं और अप्सराओं ने नाच-गाकर हर्ष प्रकट किया।[1]

दैवी चमत्कार

बुद्ध-जन्म की यह कहानी बड़ी रोचक है क्योंकि इसमें रहस्यमय दैवी चमत्कार समाविष्ट है। डाल का अपने-आप झुक जाना, खड़े-खड़े बालक को जन्म देना, जन्म लेते ही बालक का खड़ा होना और सात डग भरना, आकाश से प्रकटे नागों द्वारा बालक को स्नान करवाना आदि सभी घटनाएँ दैवी चमत्कार से ओत-प्रोत हैं। अपने इन दैवी चमत्कारिक स्वरूपों के कारण ही बुद्ध-जन्म उनके जीवन की चार प्रमुख घटनाओं में से एक समझी जाने लगी थी। अन्य तीन घटनाएँ थीं महाभिनिष्क्रमण

---

१. निदानकथा जातक; मज्झिमनिकाय, २३/२, पालि पब्लिकेशन बोर्ड, बिहार सरकार, १९५८, पृ॰ १८७ एवं आगे।




१. इक्ष्वाकु कला, नागार्जुनकोण्ड



२. कौशाम्बी, इलाहाबाद-संग्रहालय



३. मथुरा-कला, मथुरा-संग्रहालय



४. कौशाम्बी, इलाहाबाद-संग्रहालय



५. अमरावती, बृटिश संग्रहालय, लन्दन

(गृह-त्याग), सम्बोधि (बुद्धत्व की प्राप्ति) एवं महापरिनिर्वाण (मृत्यु)। बुद्ध के जीवन की इन चारों घटनाओं को भारतीय कलाकारों ने अपनी छेनी से तराश कर अमर बना दिया है।

बुद्ध-जन्म के लुभावने दृश्य भारतीय कला की निधि हैं जो देश के ही नहीं वरन् विदेशों के भी अनेक संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन दृश्य-फलकों में केन्द्रीय विषय-वस्तु तो "एक वृक्ष के नीचे उसी की एक डाल पकड़कर खड़ी एक नारी-मूर्ति" है जो शालभंजिका प्रतीक की प्रतिकृति जान पड़ती है। किन्तु यह शालभंजिका इसलिए नहीं कही जा सकती है क्योंकि इन दृश्य-फलकों में और भी मानव-आकृतियों का समायोजन है जो स्पष्टतः बुद्ध-जन्म का संकेत देता है। बुद्ध-जन्म के दृश्यों में मायादेवी को राजकीय गरिमा से मण्डित दिखाया गया है। एक भी दृश्य में उन्हें वृक्ष का आलिंगन करते हुए नहीं अंकित किया गया है। इसके विपरीत शालभंजिका मूर्तियों को एक अल्हड़ युवती के रूप में उत्कीर्ण किया गया है जो अपने सलोने रूप और मोहक मुद्राओं से एक कामिनी और रमणी की छवि झलकाती है।

हीनयान कला में बुद्ध-जन्म

नागार्जुनकोण्ड से एक प्रस्तर-खण्ड पर केवल रेखांकन पाया गया है जिसमें माया के समक्ष एक पात्र लिए उनकी सेविका उनके मुख की ओर निहार रही है।[२] कौशाम्बी से प्राप्त एक अन्य फलक में माया के एक ओर हाथ जोड़े एक सेविका तथा दूसरी ओर एक स्तंभ है जिसके ऊपर शीर्ष के पशु की आकृति बहुत स्पष्ट नहीं है।[३] ये दोनों फलक निश्चय ही शालभंजिका प्रतीक के नहीं, अपितु बुद्ध-जन्म के अंकन प्रस्तुत करते हैं।

मथुरा कला के एक फलक में महामाया के एक ओर प्रजापती और दूसरी ओर इन्द्र को उत्कीर्ण किया गया है जो रेशमी वस्त्र पर बोधिसत्त्व को लेने के लिए समुद्यत हैं।[४] बुद्ध-जन्म की घटना को और विस्तार से उजागर करने वाले दृश्य-फलक कौशाम्बी, अमरावती, नागार्जुनकोण्ड से तथा गांधार कला में प्राप्त हुए हैं। कौशाम्बी से प्राप्त एक शुंगयुगीन फलक दो टुकड़ों में मिला है। अधिक नष्ट हो जाने पर भी बुद्ध-जन्म का दृश्य अत्यन्त स्पष्ट है। दृश्य में मायादेवी अपने बाएँ हाथ से वृक्ष की डाल पकड़े हैं तथा उनका दायाँ हाथ कट्यवलम्बित मुद्रा में है। अवशिष्ट

---

२. द्र० पी० आर० रामचन्द्र राव, दि आर्ट ऑव नागार्जुनकोण्ड, मद्रास १९५६, फलक ५६।

३. द्र० प्रमोदचन्द्र, दि स्टोन स्कल्पचर इन दि इलाहाबाद म्यूजियम, फलक २९, चित्र ७४।

४. द्र० उदयनारायण राय, शालभंजिका, इलाहाबाद १९७९, फलक ७।

फलक में एक ओर इन्द्र आदि देवताओं की तीन आकृतियाँ हैं जो करबद्ध हैं और दूसरी ओर वाद्य यंत्रों को लिए दो अप्सराएँ हैं। माया और लोकपालों के बीच में माला से अलंकृत एक छत्र और एक चामर आकाश में स्थित दिखाए गए हैं जो एक ओर माया के राजत्व के तथा दूसरी ओर बुद्ध की उपस्थिति के प्रतीक हैं।[५] बुद्ध को हीनयान विचारधारा के अनुसार मानव रूप में अंकित करना वर्जित था।

अमरावती-स्तूप के अण्ड पर लगाया गया एक उत्कीर्ण शिला-फलक इस समय लंदन के बृटिश म्यूजियम में संगृहीत है। इस शिला-फलक पर चार दृश्य हैं—१. माया का स्वप्न-दर्शन, २. राजदरबार में स्वप्न की व्याख्या, ३. बुद्ध-जन्म और ४. नवजात शिशु का शाक्यवंश के यक्ष को दान। वस्तुतः ये चारों दृश्य एक ही कथानक से संबद्ध हैं। बुद्ध-जन्म के दृश्य में आकर्षक त्रिभंगी मुद्रा में खड़ी महामाया ने बाएँ हाथ से वृक्ष की डाल पकड़ी है और दायाँ कटि पर स्थित है। वे अलंकृत केशपाश और चूडामणि, कर्णकुण्डल, वैकक्ष्यक हार, अंगद, कंकण, मेखला तथा नूपुर आदि विभिन्न आभूषणों से विभूषित हैं। उनके बाएँ पार्श्व में एक दासी है और दाएँ पार्श्व में एक रेशमी पट पकड़कर चारों लोकपाल खड़े हैं। पट पर सात पदचिह्न बने हैं जो बोधिसत्त्व के द्वारा जन्म लेते ही सात डग भरने का प्रतीकात्मक दृश्य समुपस्थित करते हैं। बीच में एक रिक्त आसन है जो बुद्ध की उपस्थिति का द्योतक है।[६]


लगभग ऐसे ही कुछ दृश्य-फलक नागार्जुनकोण्ड की इक्ष्वाकु-कला में भी उपलब्ध हुए हैं। नागार्जुनकोण्ड की कला वस्तुतः अमरावती शैली का ही विकास-चरण है। एक दृश्य-फलक में कटिहस्ता माया के अतिरिक्त सप्तपदचिह्नांकित दुकूल पट लिए हुए चार दिक्पाल, उनका स्वागत करती हुई प्रजापती, एक चामरग्राहणी तथा एक अन्य दासी उत्कीर्ण है। उसी दृश्य में दूसरे वृक्ष के नीचे अंतरिक्ष में स्थित एक छत्र तथा उसके अगल-बगल दो चामर हैं। इस दृश्य से यह स्पष्ट हो जाता है कि अंतरिक्ष में स्थित छत्र और चामर निश्चय ही बोधिसत्त्व की उपस्थिति के प्रतीक हैं, क्योंकि रानी के राजत्व को दर्शाने के लिए एक चामरग्राहणी अलग से है ही। फलक के मध्य में उलटे त्रिरत्न की आकृति वाले आसन पर एक पद्मांकित मंगल-कलश रक्खा है।[७] नागार्जुनकोण्ड के ही एक अन्य फलक में छः दासियाँ और आकाश में उड़ते-गाते, मोद मनाते विद्याधरों की चार आकृतियाँ भी उत्कीर्ण हैं। इस फलक

---

५. द्र० वही, फलक ३ ए।

६. द्र० डगलस बैरेट, स्कल्पचर्स फ्रॉम अमरावती इन दि ब्रिटिश म्यूजियम, लन्दन १९५४, फलक ७, सं० ४४।

७. द्र० उदयनारायण राय, उपर्युक्त, फलक २।



६. इक्ष्वाकु कला, नागार्जुनकोण्ड



७. गांधार कला, मथुरा-संग्रहालय



८. गांधार कला, इलाहाबाद-संग्रहालय



९. गांधार कला, बर्लिन-संग्रहालय



१०. गांधार कला, कराची-संग्रहालय

में मंगल-कलश के निकट ही एक ऊँचा रिक्त आसन भी उकेर दिया गया है।[८] यह रिक्त आसन का प्रतीक भी बुद्ध अथवा बोधिसत्व की उपस्थिति का द्योतक है।

महायान कला में बुद्ध-जन्म

बुद्ध-जन्म गांधार-कला का भी एक अत्यंत प्रिय विषय रहा है। प्रारम्भ से लेकर अंत तक की गांधार-कला इस बात के साक्ष्य उपस्थित करती है। प्राथमिक उत्कीर्ण फलकों में प्रायः बोधिसत्त्व को मायादेवी की दाईं कुक्षि से बाहर आते हुए संकेतित किया गया है। किन्तु कालान्तर में उन्हें भूमि पर समपाद मुद्रा में खड़े हुए दिखलाया गया है। बोधिसत्त्व का यह अधूरा एवं पूरा मानवी रूपांकन वस्तुतः महायान बौद्ध विचाराधारा का प्रतिफल था जो ब्राह्मण धर्म के भक्ति-आन्दोलन से प्रभावित होकर हीनयान की संकुचित विचारधारा को त्यागकर विकासवादी हो रहा था। विष्णु और शिव के ही समान अपने इष्टदेव की प्रतिमा गढ़ने के लिए बौद्ध अनुयायी भी समुत्सुक थे। परिणामस्वरूप बुद्ध तथा बोधिसत्त्व की सैकड़ों-हजारों सुन्दर प्रतिमाओं का निर्माण संभव हो सका।

गांधार शैली में बुद्ध-जन्म का एक-एक दृश्य-फलक मथुरा, इलाहाबाद, पटना, पेशावर तथा बर्लिन के संग्रहालयों में है। मथुरा से प्राप्त गांधार-फलक में भारी-भरकम वस्त्राभूषण एवं केशभूषा से अलंकृत और त्रिभंग मुद्रा में खड़ी मायादेवी दाएँ हाथ से वृक्ष की डाल पकड़े हैं तथा बायाँ हाथ प्रजापती के कंधे पर रखकर सहारा ले रही हैं। उनकी दाईं कुक्षि से बालक सिद्धार्थ का जन्म लेते एवं शक्र द्वारा उन्हें कौशेय पट पर प्राप्त करते दिखाया गया है। फलक में दाईं ओर एक सेविका खड़ी है जिसके दाएँ हाथ में कमण्डलु और बाएँ हाथ में व्यजन जैसा उपकरण है।[९]

इलाहाबाद-संग्रहालय वाले फलक में सात मानव आकृतियाँ हैं। मध्य में प्रजापती के कंधे का सहारा लेकर तथा दाएँ हाथ से शालवृक्ष की टहनी पकड़कर मायादेवी आकर्षक त्रिभंग मुद्रा में खड़ी हैं। प्रजापती को भी अपने दोनों हाथों से मायादेवी को सहारा देते हुए प्रदर्शित किया गया है। गांधार शैली की विशिष्ट वेश-भूषा धारण किए मायादेवी की मुखमुद्रा शान्त है। उनकी दाईं कुक्षि से बाहर आते बालक को शक्र अपने अंक में उठाने के लिए समुद्यत हैं। उनके पीछे श्रद्धा से हाथ जोड़े ब्रह्मा खड़े हैं। सबसे बाईं ओर एक अन्य लोकपाल अपने दाएँ हाथ से वस्त्र उछालकर नवजात शिशु का स्वागत कर रहा है, साथ ही साथ अपने बाएँ हाथ की तर्जनी को मुँह पर रखकर वह बुद्ध-जन्म की चमत्कारिक घटना पर विस्मय भी प्रकट

---

८. द्र० वही, फलक ३।

९. द्र० वही, फलक ७।



९. गांधार कला, र्बलिन-संग्रहालय



१०. गांधार कला, कराची-संग्रहालय

में मंगल-कलश के निकट ही एक ऊँचा रिक्त आसन भी उकेर दिया गया है।[८] यह रिक्त आसन का प्रतीक भी बुद्ध अथवा बोधिसत्व की उपस्थिति का द्योतक है।

महायान कला में बुद्ध-जन्म

बुद्ध-जन्म गांधार-कला का भी एक अत्यंत प्रिय विषय रहा है। प्रारम्भ से लेकर अंत तक की गांधार-कला इस बात के साक्ष्य उपस्थित करती है। प्राथमिक उत्कीर्ण फलकों में प्रायः बोधिसत्त्व को मायादेवी की दाईं कुक्षि से बाहर आते हुए संकेतित किया गया है। किन्तु कालान्तर में उन्हें भूमि पर समपाद मुद्रा में खड़े हुए दिखलाया गया है। बोधिसत्त्व का यह अधूरा एवं पूरा मानवी रूपांकन वस्तुतः महायान बौद्ध विचाराधारा का प्रतिफल था जो ब्राह्मण धर्म के भक्ति-आन्दोलन से प्रभावित होकर हीनयान की संकुचित विचारधारा को त्यागकर विकासवादी हो रहा था। विष्णु और शिव के ही समान अपने इष्टदेव की प्रतिमा गढ़ने के लिए बौद्ध अनुयायी भी समुत्सुक थे। परिणामस्वरूप बुद्ध तथा बोधिसत्त्व की सैकड़ों-हजारों सुन्दर प्रतिमाओं का निर्माण संभव हो सका।

गांधार शैली में बुद्ध-जन्म का एक-एक दृश्य-फलक मथुरा, इलाहाबाद, पटना, पेशावर तथा बर्लिन के संग्रहालयों में है। मथुरा से प्राप्त गांधार-फलक में भारी-भरकम वस्त्राभूषण एवं केशभूषा से अलंकृत और त्रिभंग मुद्रा में खड़ी मायादेवी दाएँ हाथ से वृक्ष की डाल पकड़े हैं तथा बायाँ हाथ प्रजापती के कंधे पर रखकर सहारा ले रही हैं। उनकी दाईं कुक्षि से बालक सिद्धार्थ का जन्म लेते एवं शक्र द्वारा उन्हें कौशेय पट पर प्राप्त करते दिखाया गया है। फलक में दाईं ओर एक सेविका खड़ी है जिसके दाएँ हाथ में कमण्डलु और बाएँ हाथ में व्यजन जैसा उपकरण है।[९]

इलाहाबाद-संग्रहालय वाले फलक में सात मानव आकृतियाँ हैं। मध्य में प्रजापती के कंधे का सहारा लेकर तथा दाएँ हाथ से शालवृक्ष की टहनी पकड़कर मायादेवी आकर्षक त्रिभंग मुद्रा में खड़ी हैं। प्रजापती को भी अपने दोनों हाथों से मायादेवी को सहारा देते हुए प्रदर्शित किया गया है। गांधार शैली की विशिष्ट वेश-भूषा धारण किए मायादेवी की मुखमुद्रा शान्त है। उनकी दाईं कुक्षि से बाहर आते बालक को शक्र अपने अंक में उठाने के लिए समुद्यत हैं। उनके पीछे श्रद्धा से हाथ जोड़े ब्रह्मा खड़े हैं। सबसे बाईं ओर एक अन्य लोकपाल अपने दाएँ हाथ से वस्त्र उछालकर नवजात शिशु का स्वागत कर रहा है, साथ ही साथ अपने बाएँ हाथ की तर्जनी को मुँह पर रखकर वह बुद्ध-जन्म की चमत्कारिक घटना पर विस्मय भी प्रकट

---

८. द्र० वही, फलक ३।

९. द्र० वही, फलक ७।

कर रहा है। प्रजापती के पीछे दो सेविकाएँ हैं जो क्रमशः व्यजन और कमण्डलु लिए हैं। इस फलक में बाईं ओर ऊपर आकाश में उत्कीर्ण दो दुन्दुभियाँ और दाईं ओर नागदन्त पर लटकती मालाएँ बुद्ध-जन्म के अवसर पर देवताओं द्वारा मोद मनाने और अप्सराओं द्वारा उनका अभिषेक-शृंगार करने का भाव प्रकट करती हैं।[१०]

पटना-संग्रहालय में प्रदर्शित बुद्ध-जन्म वाले दृश्य-फलक में सबसे दाईं ओर एक मण्डप में बुद्ध की प्रतिमा भी उकेर दी गई है। फलक में त्रिभंग मुद्रा में मायादेवी, सहारा देती प्रजापती, बाईं ओर चारों लोकपाल जिनमें सबसे आगे पट पर बोधिसत्त्व को लेते हुए इन्द्र, दाईं ओर तीन सेविकाएँ जिनमें सबसे आगे वाली के हाथों में कमण्डलु और व्यजन है, दाएँ ऊपर आकाश में तीन अप्सराएँ और बाएँ ऊपर नाचते-गाते तीन देवता उत्कीर्ण किए गए हैं।[११]

पेशावर वाले दृश्य-फलक में मायादेवी, प्रजापती, दो सेविकाएँ और दो लोकपाल उकेरे गए हैं। सम्पूर्ण दृश्यांकन ऊपर वर्णित किए गए फलकों जैसा ही है।[१२]

बुद्ध-जन्म का जो दृश्य-फलक बर्लिन-संग्रहालय में है उसमें लोकपालों, देवताओं और सेविकाओं को मिलाकर कुल दस मानव आकृतियाँ उत्कीर्ण हैं। शाल-वृक्ष की टहनी पकड़े त्रिभंग मुद्रा में मायादेवी और उन्हें सहारा देती प्रजापती बीच में उत्कीर्ण हैं। बाईं ओर माया के निकट खड़े शक्र माया की दाईं कुक्षि से जन्म लेते बोधिसत्त्व को कौशेयपट पर ले रहे हैं। शक्र की पहचान उनके विशिष्ट किरीट से स्पष्ट है। उनके पीछे विस्मय की मुद्रा में संभवतः ब्रह्मा हैं। ब्रह्मा के पीछे हाथ जोड़े एक अन्य लोकपाल अंकित है। प्रजापती के दाईं ओर कमण्डलु और व्यजन लिए एक तथा आगे बढ़ने के लिए समुद्यत दूसरी सेविका के अंकन हैं। आकाश में बाईं ओर दो तथा दाईं ओर एक देवता उत्कीर्ण हैं जो मायादेवी और नवजात शिशु की ओर अत्यन्त श्रद्धा से निहार रहे हैं।[१३]

कराची और लाहौर के संग्रहालयों में भी बुद्ध-जन्म का एक-एक फलक है। इन फलकों में थोड़ी भिन्नता है। इनमें बोधिसत्त्व को माया की कुक्षि से निकलता

---

१०. द्र० प्रमोदचन्द्र, उपर्युक्त, फलक ४७, चित्र ११०।


११. द्र० परमेश्वरी लाल गुप्त, पटना म्यूज़ियम कैटालॉग ऑव एण्टीक्विटीज़, पटना १९६५, फलक ८।

१२. द्र० हेराल्ड इङ्गहोल्ट, गांधार आर्ट इन पाकिस्तान, न्यूयार्क १९५७, कैटालॉग एवं चित्र सं० १३।

१३. द्र० मैडेलीन हल्लेड, दि गांधार स्टाइल, लन्दन १९६८, फलक ८५।



११. रुम्मिनिदेई, नेपाल



१२. देवपट्टन, नेपाल

हुआ न दिखाकर उन्हें भूमि पर खड़ा दिखाया गया है। वस्तुतः ये फलक न केवल बुद्ध-जन्म हो जाने के बाद का दृश्य समुपस्थित करते हैं वरन् महायान विचारधारा में विकास का लक्षण भी प्रकट करते हैं जिसमें बुद्ध को सम्पूर्ण रूप से मानव आकृति में उत्कीर्ण करना स्वीकार कर लिया गया था। समपाद मुद्रा में बोधिसत्त्व को अंकित करके कलाकार ने उनका वह चमत्कारिक स्वरूप प्रकट किया है जिसमें उन्होंने जन्म लेते ही खड़े होने तथा सात डग भरने का दैवी और मानवेतर कार्य सम्पादित किया था।

कराची-संग्रहालय वाला बुद्ध-जन्म का दृश्यांकन भाव-सृष्टि एवं कला-सौष्ठव की दृष्टि से अत्यन्त मनोहर है। चन्द्र-कुण्डल, एकावली तथा चौड़े झांझर पहने, बाएँ हाथ को प्रजापती के कंधे पर रखकर और दाएँ से शालवृक्ष की टहनी पकड़े मायादेवी की त्रिभंग मुद्रा अत्यन्त आकर्षक है। बाईं ओर बालक बोधिसत्त्व भूमि पर खड़े हैं और शक्र सत्वर गति से आगे बढ़कर उन्हें उठाने जा रहे हैं। इस फलक में भी अपने ऊँचे किरीट से वे स्वयमेव पहचाने जा सकते हैं। उनके पीछे विस्मय की मुद्रा में और उत्तरीय फहराते संभवतः ब्रह्मा हैं। बाएँ ऊपर आकाश में दुन्दुभि बजाकर मोद मनाते देवता तथा दाएँ ऊपर एक वीणा बजाती और दूसरी नाचती हुई अप्सराएँ हैं। प्रजापती के पीछे दो सेविकाएँ हैं जिनमें आगे वाली ने कमण्डलु और व्यजन धारण कर रक्खा है।[१४] लाहौर-संग्रहालय वाले फलक में भी मायादेवी, प्रजापती, दो सेविकाएँ तथा तीन देवता उत्कीर्ण हैं और मायादेवी तथा शक्र के बीच बोधिसत्त्व को भूमि पर खड़ा दिखाया गया है।[१५]

जिस लुम्बिनिवन में सिद्धार्थ जन्मे थे वहाँ पर एक गाँव है रुम्मिनिदेई। 'इसी गाँव के निकट रूपमदेहि का मंदिर है जिसकी मुख्य प्रतिमा वस्तुतः बुद्ध-जन्म का ही एक दृश्य-फलक है। इसमें शालवृक्ष की एक शाखा को पकड़कर खड़ी माया की आकृति को स्थानीय लोग 'रूपमदेहि' मानकर उसकी पूजा करते हैं' यह बात श्री पी० सी० मुकर्जी के सन् १८९९ ई० में तथा डॉ० राधाकुमुद मुकर्जी के सन् १९२७ ई० में स्वयं रुम्मिनिदेई जाने पर प्रकट हुई। रूपमदेहि का यह मंदिर अशोक की उस लाट के निकट है जिस पर लिखा है कि यहाँ शाक्यमुनि बुद्ध का जन्म हुआ था—'हिद बुधे जाते शाक्यमुनीते'। रूपमदेहि के इस दृश्य-फलक में माया के अतिरिक्त प्रजापती, इन्द्र आदि दो देवता तथा खड़ी मुद्रा में नन्हा बोधिसत्त्व उत्कीर्ण है।[१६] महायान विचारधारा के प्रभाव से उत्खचित मानव रूप में बोधिसत्त्व की आकृति एवं कला शैली के आधार पर इसका निर्माण कुषाणकाल में हुआ होगा।

---

१४. द्र० हेराल्ड इङ्गहोल्ट, उपर्युक्त, कैटालॉग एवं चित्र सं० १४।
१५. द्र० वही, कैटालॉग एवं चित्र सं० १५।
१६. द्र० राधाकुमुद मुकर्जी, अशोक, दिल्ली १९६२, फलक १३।

कुषाणयुगीन मथुरा-शिल्प में भी बुद्ध-जन्म का एक इसी प्रकार का अंकन पाया गया है। लाल पत्थर के लगभग तीन फिट लम्बे और ९ इंच चौड़े इस फलक पर बुद्ध के जीवन की चार प्रमुख घटनाओं—बुद्ध-जन्म, सम्बोधि, प्रथम धर्म-चक्र प्रवर्तन तथा महापरिनिर्वाण—को उत्कीर्ण किया गया है। बुद्ध-जन्म के दृश्य में बाएँ हाथ से प्रजापती के कंधे का सहारा लिए तथा ऊपर उठे दाएँ हाथ से शालवृक्ष की डाल पकड़े हुए मायादेवी त्रिभंगी मुद्रा में वृक्ष के नीचे खड़ी हैं। उनके सामने इन्द्र खड़े हैं जिनके हाथों में नवजात शिशु यानी बोधिसत्त्व समपाद मुद्रा में उत्कीर्ण किए गए हैं।[१७] मायादेवी तथा प्रजापती के खड़े होने की मुद्रा बिल्कुल गांधार कला वाले फलकों जैसी ही है।

गुप्तयुगीन कला में बुद्ध-जन्म

सारनाथ से प्राप्त तथा वहीं के पुरातत्व-संग्रहालय में प्रदर्शित सवा सात फीट ऊँचे एक गुप्तयुगीन फलक पर भी नीचे से क्रमशः बुद्ध-जन्म, सम्बोधि, प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन और महापरिनिर्वाण के दृश्य उत्कीर्ण हैं। बुद्ध-जन्म वाले दृश्य में मायादेवी को अपने दोनों ऊपर उठे हुए हाथों से शालवृक्ष की टहनियाँ पकड़े हुए त्रिभंग मुद्रा में खड़ी दिखाया गया है। उनके बाएँ एक सेविका खड़ी है जो अपने लटकते बाएँ हाथ में कमण्डलु तथा ऊपर उठे दाएँ हाथ में चामर पकड़े है। चामर-दण्ड को उसने अपने कंधे पर रख लिया है। मायादेवी की दाईं ओर आगे-पीछे दो पुरुष बैठे हैं। आगे वाला पुरुष मायादेवी की दाईं कुक्षि से जन्म लेने वाले शिशु को अपने दोनों हाथों से उठा रहा है। यह पुरुष-आकृति निश्चयतः इन्द्र की है। भक्तिभाव से पीछे बैठी हुई दूसरी आकृति ब्रह्मा अथवा किसी देवता की हो सकती है। फलक में बैठी हुई पुरुष-आकृतियों के ऊपर एक विकसित कमल पर बोधिसत्त्व खड़े हैं तथा फनधारी दो उड़ते हुए पुरुष कलश उड़ेलकर उनको जलाभिषेक करा रहे हैं। इस प्रकार छोटे से दृश्य में कलाकार ने बुद्ध-जन्म, जन्म लेते ही उनके द्वारा भरे गए सात डग और आकाश से प्रकटे दो नागों द्वारा बुद्ध का जलाभिषेक एक साथ उत्कीर्ण कर दिया है।[१८] वस्तुतः सारनाथ का यह बुद्ध-फलक छोटा होते हुए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण बन पड़ा है।

बुद्ध-जन्म की यह कला-परम्परा गुप्तोत्तर काल में भी अक्षुण्ण बनी रही थी। इसका एक अत्यन्त सुन्दर उदाहरण नेपाल के देवपट्टन नामक स्थान से प्राप्त हुआ है। ९वीं शती ई० के ८४ × ३३ से० मी० के आयताकार एक फलक में मायादेवी एक वृक्ष के नीचे उसकी एक डाल को अपने दोनों हाथों से लपेटकर त्रिभंगी मुद्रा में

---

१७. द्र० राज्य-संग्रहालय, लखनऊ की प्लास्टर प्रतिकृति।

१८ द्र० बेन्जामिन रोलैण्ड, इण्डियन आर्ट ऐण्ड आर्कीटेक्चर, लन्दन १९५३, फलक ८४।

खड़ी हैं। उन्होंने अपने केशपाश को मोती की लड़ी से सजाया है। उनके हाथों में कंगन, कानों में लम्बे कुण्डल, भुजाओं में भुजबन्द, गले में ग्रैवेयक और कण्ठहार, कटि पर तिलड़ी मेखला तथा पैरों में कटक सुशोभित हैं। कटि के नीचे का भाग साड़ी से आवृत है। मायादेवी के पार्श्व में एक विकसित पद्म पुष्प पर एक अण्डाकार फलक के मध्य बोधिसत्त्व सिद्धार्थ समपाद मुद्रा में खड़े हैं। ऊपर दो उड़ती हुई मानव आकृतियाँ (नाग ?) कलश उड़ेलकर उनका जलाभिषेक कर रही हैं।[१९]

इस प्रकार भारतीय कला में बुद्ध-जन्म को साकार करने वाली परम्परा एक सहस्र वर्षों से भी अधिक समय तक निरन्तर लोकप्रिय बनी रही।

१९. द्र० वाल्डश्मिट नेपाल, लन्दन/कलकत्ता १९६९, फलक १३।

सूतसंहिता में मंत्रोपासना

डॉ० रमाकान्त झा

जौनपुर

The word *mantra* means that which expels the fear of the world by concentration (*manana*) on the truth. *Manana* and *trāṇa* are the two attributes of mantra. Through mantra, one gets relief from the pains of the world and attains *Parama Śiva*. The *Praṇava, Sāvitrī, ātma* and *ṣaḍakṣara* are the main potential *mantras*. *Sūtasaṃhitā* points out the nature, method of worship and the merits of these mantras and gives prominence to Śiva above all the deities.

सामान्यरूप से 'मंत्र' शब्द किसी देवता को सम्बोधित कर वैदिक सूत्र या प्रार्थनापरक वैदिकमंत्र अर्थ में प्रयुक्त होता है । प्रार्थनापरक 'यजुस्' जो किसी देवता को उद्दिष्ट कर बोला गया हो, यथा—'ॐ नमः शिवाय' आदि भी मंत्र कहलाता है ।[१] कोशग्रन्थों में मंत्र को वेद का भाग-विशेष कहा गया है ।[२] मनुस्मृति (२।१६) भी इसी अर्थ में मंत्र का प्रयोग करती है ।

सूतसंहिता 'मंत्र' शब्द के अर्थकथन में प्रतीकात्मक रूप से आध्यात्मिक दृष्टि अपनाती है और मनन तथा त्राणरूप होने के कारण उसे मंत्र शब्द से अभिहित करती है ।[३] तत्त्वमनन से संसारभय को दूर करने वाला ही 'मंत्र' है—'मननात्तत्त्वं पदस्य त्रायते महतो भयात्' ।[४]

मनन और त्राण ये मंत्र के दो धर्म हैं । परनाद अथवा परस्फुरण का नाम

---

१. वामन सदाशिव आप्टे—संस्कृत हिन्दी कोश, पृ० ७७४ ।

२. (क) वेदभेदे गुह्यवादे मंत्रः । अमरकोश ३।३।१६७ ।

(ख) वेदभेदः स च मंत्रस्वरूपभागः। शब्दकल्पद्रुम, तृ० भा०, पृ० ६१५ ।

(ग) मंत्रो वेदविशेषे स्यात् । मेदिनीकोश १२८।७४ ।

३. मननत्राणरूपत्वान्मंत्र इत्यभिशब्दितः । सूतसंहिता ४।४।९ ।

४. सू० सं ४।४।९ तात्पर्यदीपिका टीका ।

ही मनन है। मनन परशक्ति के महान् वैभव की अनुभूति है—उसके पारमैश्वर्य का उपभोग है। अपूर्णता अथवा संकोचमय भेदात्मक संसार के प्रशमन को रक्षा अथवा त्राण कहते हैं। इस प्रकार शक्ति के वैभव या विकास-दशा में मननयुक्त तथा संकोच या सांसारिक अवस्था में त्राणमय, विश्वरूप विकल्प को कवलित कर लेने वाला अनुभव ही 'मंत्र' है।[५] वस्तुतः संसार से मुक्ति दिलाने और परम शिव से मिलाने के कारण ही 'मंत्र' मनन और त्राणरूप है।[६] इसी सन्दर्भ में सूतसंहिता कुछ ऐसे मंत्रों का विवेचन प्रस्तुत करती है, जिनका सम्बन्ध संसारभयमुक्तिपूर्वक परमतत्त्व के साक्षात्कार से है। ऐसे मंत्रों में 'प्रणव', 'सावित्री' (गायत्री), 'आत्ममंत्र' और 'षडक्षर मंत्र' प्रमुख हैं। इन मंत्रों के वाच्यवाचक स्वरूपों का सूतसंहिता ने साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया है और इन मंत्रों की उपासनाविधि एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों का संकेत दिया है।

प्रणव मंत्र

अमरकोश में 'ॐकार' और 'प्रणव'—इन दोनों शब्दों को समानार्थक एवं परस्पर में एक दूसरे का पर्यायवाची माना गया है।[७] पतञ्जलि ने 'प्रणव' अर्थात् ओङ्कार को ईश्वर का वाचक और उसके वाच्यार्थ ईश्वर के चिन्तन को परम श्रेयस्कर कहा है, क्योंकि 'प्रणव' के जप से विघ्नों का अभाव और आत्मस्वरूप का ज्ञान प्राप्त होता है।[८] सूतसंहिता भी एकाक्षर ओङ्काररूप 'प्रणव' को ब्रह्म का वाचक मानती है और 'पर' तथा 'अपर' रूप से उसको दो भागों में बाँटती है।[९] सूतसंहिता का यह विभाजन निश्चितरूप से टीका के प्रकाश में 'प्रणव' के उपनिषत् प्रतिपादित परापर भेद से प्रभावित है।[१०]

सत्यज्ञानानन्दैकरसस्वरूप मायातीत शिवरूप परब्रह्म ही 'परप्रणव' है, क्योंकि वह कारणान्तर की बिना अपेक्षा किए ही नवीन अर्थात् विकाररहित

---

५. मननमयी निजविभवे निजसंकोचमये त्राणमयी।
कवलितविश्वविकल्पा अनुभूतिः कापि मंत्रशब्दार्थः॥ महार्थमञ्जरी, डा० अवस्थी—"मंत्र और मातृकाओं का रहस्य", पृ० १८९ में उद्धृत।

६. मोचयन्ति च संसाराद्योजयन्ति च परे शिवे।
मननत्राणधर्मित्वात्तेन मंत्रा इति स्मृताः॥ नेत्रतंत्र ११ अधिकार।

७. ओङ्कारप्रणवौ समौ। अमरकोश १.४।

८. तस्यवाचकः प्रणवः। तज्जपस्तदर्थभावनम्। ततः प्रत्यक् चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च। योगसूत्र १.२७-२९।

९. परापरविभागेन प्रणवस्तु द्विधा मतः। सू० सं०, ४.५.१ ब।

१०. "एतद् वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोंकारः" इतिश्रुतौ यदुक्तं द्वैविध्यं तदभिप्रेत्याह—परापरविभागेनेति। सू० स० ४.५.१ तात्पर्यदीपिका टीका।

कूटस्थ नित्य परमानन्द प्रकाशक होने के कारण ही 'प्रणव' शब्द का वाच्यार्थ होता है।[११]

सूतसंहिता के अनुसार 'अपर प्रणव' साक्षात् शब्दरूप है। यतः 'अपर' शब्दरूप 'प्रणव' परब्रह्मरूप 'प्रणव' की प्राप्ति का साधन है, अतः वह भी 'प्रणव' शब्दाभिधेय है।[१२] यह प्रणव समस्त वेदों का सार है। ब्रह्मा ने ऋग्वेदादि से साररूप में अकार, उकार तथा मकार को निकालकर उन्हीं तीनों अक्षरों के मेल से 'ओङ्कार' (प्रणव) तत्त्व को अभिव्यक्त किया है। उसी 'ओङ्कार' में शिवतत्त्व प्रतिबिम्बित होता है।[१३] ज्ञात, अज्ञात, संदिग्ध तथा आकाशादि अर्थ विषय में प्रश्न किए जाने पर उत्तर में 'ओम्' इस शब्द का बाहुल्येन प्रयोग होता है, अतः यह सर्वावभासक है। सर्वावभासक 'प्रणव' की जपपूर्वक उपासना से सर्वमंत्रजप की फलप्राप्ति होती है, अतः इस मंत्र के विधिपूर्वक जप करने का निर्देश है।[१४] ऋषि, छन्द, देवादि ज्ञान पुरस्सर मंत्र ही जपयोग्य होता है, अतः प्रणव तथा उसके अकारादि अक्षरत्रय के ऋषि आदि का निर्देश है। प्रणव मंत्र के ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता शम्भु, शक्ति बिन्दुयुक्त अकार तथा मकार एवं इस मंत्र का विनियोग मोक्ष अर्थ में होता है।[१५] 'प्रणव' जप के समय अकार, उकार तथा मकार के क्रमशः ऋषि, छन्द, देवता आदि का निम्न तालिका के अनुसार स्मरण अपेक्षित है।

---

११. परः परतरं ब्रह्मप्रज्ञानन्दादिलक्षणम्।
प्रकर्षेण नवं यस्मात्परंब्रह्मस्वभावतः॥ सू० सं० ४।५।१२।

१२. अपरः प्रणवः साक्षाच्छब्दरूपः सुनिर्मलः।
प्रकर्षेण नवत्वस्य हेतुत्वात्प्रणवः स्मृतः॥
परमप्रणवप्राप्तिहेतुत्वात्प्रणवोऽथवा। सू० सं० ४।५।१३।

१३. तथा तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रयो वर्णा द्विजोत्तमाः।
अजायन्त क्रमेणैव कोटि-सूर्यसमप्रभाः।
अकारश्च तथोकारो मकारश्चेति सुव्रताः।
तानेकधा समभरदज ओमित्यति प्रभुः।
तस्मिन्नेव शिवः साम्बः सर्ववस्त्ववभासकः।
प्रतिबिम्बितवांस्तेन प्रणवस्तस्य वाचकः॥ सू० सं० ४।५।१३-१५।

१४. सू० सं० ४।५।१७-२३।

१५. ऋषिर्ब्रह्माऽस्य मंत्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते।
परमात्माभिधः शम्भुर्देवता परिकीर्तिता॥
अकारो बिन्दुसंयुक्तः शक्तिरस्य द्विजोत्तमाः।
उकारश्च मकारश्च द्वयं बीजं प्रकीर्तितम्।
मोक्षार्थे विनियोगोऽस्य प्रोक्तो वेदान्तवेदिभिः॥ सू० सं० ४।५।२४-२६

	अ	उ	म
ऋषि—	अग्नि	वायु	सूर्य
छन्द—	गायत्री	त्रिष्टुप्	बृहती
देवता—	ब्रह्मा	विष्णु	रुद्र
वर्ण—	रक्त	शुक्ल	कृष्ण
अवस्था—	जाग्रत	स्वप्न	सुषुप्ति
स्थान—	भूमि	अन्तरिक्ष	स्वर्ग
स्वर—	उदात्त	अनुदात्त	स्वरित
वेद—	ऋक्	यजुस्	साम
अग्नि—	गार्हपत्य	दक्षिण	आहवनीय
काल—	प्रातः	मध्याह्न	सायम्
गुण—	सत्त्व	रजस्	तमस्
क्रिया—	सृष्टि	स्थिति	संहार
विनियोग—	उत्पत्ति में	स्थिति में	नाश में[१६]

आगे प्रणव मंत्र के न्यास का भी निर्देश है । अँगूठा से लेकर कनिष्ठा की सभी संधियों में अकारादि अक्षरों में प्रत्येक का न्यास करना चाहिए । वर्णन्यास के अनन्तर उन्हीं अँगुलियों में अकारादि समुदायात्मक प्रणव का न्यास करना चाहिए । पुनः अकारादि वर्णत्रय का विभाग करके नाभि, हृदय और मूर्धा में प्रत्येक का न्यास और फिर उन्हीं स्थानों में समस्त समुदित प्रणव का न्यास, तदुत्तर हृदयादि स्थान में 'भूः', 'अग्निः', 'आत्मनः' इन अंगमंत्रों का न्यास करना चाहिए । न्यासपूर्वक दश लाख प्रणव मंत्र के जप से मंत्रसिद्धि, षट्कर्मसिद्धि, अष्ट-विभूतिसिद्धि, सर्वपापमुक्ति और स्वतः सिद्धमुक्ति की प्राप्ति होती है ।[१७]

सावित्री मंत्र

सूतसंहिता 'सावित्री मंत्र', जिसे गायत्री मंत्र के नाम से जाना जाता है, का प्रामाणिक विवेचन प्रस्तुत करती है । यह ऋग्वेद का एक प्रसिद्ध मंत्र है । इसका 'सावित्री' नाम 'सविता'—सूर्य को सम्बोधित करने के कारण पड़ा है । इसका 'गायत्री' नामकरण भी विशेष महत्त्व रखता है । 'गायत्री' वह वाक्शक्ति या नादशक्ति है, जो 'गायति' अर्थात् गान करती है । इस गान का रहस्यार्थ है, सम्पादन । साथ ही जो 'त्रायते' त्राण या रक्षा करती है अथवा जिसके गान या

---

१६. सू० सं० ४।५।२७-३३ ।

१७. सू० सं० ४।५।३४-४१ ।

विहित उच्चारण से त्राण हो अथवा जिसके सम्पादन से रक्षा हो, वही 'गायत्री' है। यज्ञोपवीत संस्कार के समय ब्रह्मचारी को इसी मंत्र का उपदेश दिया जाता है। इस मंत्र की उपासना से शरीर, मन और प्राणशक्ति में वृद्धि होती है और बुद्धि स्फीत हो जाती है। उपासक को ज्ञान का अविच्छिन्न प्रकाश प्राप्त होता है, अतः 'गायत्री' को वेदमाता कहा गया है। सावित्री मंत्र की जपविधि में व्याहृतियों का विशेष महत्त्व है, अतः सूतसंहिता सात व्याहृतियों का निर्देश देती है। सूतसंहिता के अनुसार भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यम् इन सात व्याहृतियों के ऋषि, छन्द और देवता निम्नलिखित हैं—

सप्तव्याहृति	ऋषि	छन्द	देवता
भूः	अत्रि	गायत्री	अग्नि
भुवः	भृगु	उष्णिक्	वायु
स्वः	कुक्षि	अनुष्टुप्	अर्क
महः	वसिष्ठ	बृहती	बृहस्पति
जनः	गौतम	पंक्ति	वरुण
तपः	कश्यप	त्रिष्टुप्	इन्द्र
सत्यम्	अंगिरस्	जगती	विश्वेदेव

इन व्याहृतियों का सर्वत्र (यज्ञकर्म तथा प्राणायामादि क्रियाओं में) विनियोग होता है।[१८]

सावित्री-मंत्र के ऋषि विश्वामित्र, छन्द गायत्र, देवता सूर्य और अधिदेवता शिव हैं। सावित्री त्रिपदा और चतुष्पदा भी होती है। जपकार्य में त्रिपदा तथा पूजाकार्य में चतुष्पदा सावित्री जानी जाती है।[१९] चौबीस अक्षरों वाली यह सावित्री आठ अक्षरों से त्रिपदा और छः अक्षरों से चतुष्पदा मानी गयी है। त्रिपदा में एक पद में आठ अक्षर और चतुष्पदा में एक पद में छः अक्षर होते हैं। 'ओमापो ज्योतिः' यह सावित्री का शिर है। इस शिरोभूत मंत्र के ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप् एवं देवता परमात्मा हैं। इस मंत्र का विनियोग इष्टफल प्राप्ति में होता है।[२०] सावित्री

---

१८. सू० सं० ४।६।१-५।

१९. विश्वामित्रो मुनिश्छन्दो गायत्रं देवता रविः।
सावित्र्या वेदविच्छ्रेष्ठाः शिव एवाधिदेवता॥
त्रिपदा सा ऽस्तु सावित्री षड्भिर्वर्णैश्च चतुष्पदा।
जपे सा त्रिपदा ज्ञेया पूजायां वा चतुष्पदा। सू० सं० ४।६।६-७।

२०. ओमापोज्योतिरित्येतद् गायत्र्याः शिर उत्तमम्।
ऋषिर्ब्रह्माऽस्य मंत्रस्यच्छन्दोऽनुष्टुप्प्रकीर्तितः।
देवता परमात्मैव प्रोक्तो वेदार्थवेदिभिः।
यथेष्टसाधने चास्य विनियोग उदाहृतः। सू० सं० ४।६।८-९।

त्रिपदा, षट्कुक्षि तथा पंचशीर्षका है । सावित्री के स्थूल तथा सूक्ष्म शरीरावयवों का क्रम अधोलिखित है—

त्रिपाद—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद ।
षट्कुक्षि—पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ऊर्ध्व तथा अधः ।
पञ्चशीर्ष—व्याकरण, शिक्षा, कल्प, निरुक्त तथा ज्योतिष् ।
नाभि—अष्टादश पुराण ।
स्थूल शरीर—सम्पूर्ण विश्व ।
उदर—आकाश ।
स्तनद्वय—गायत्रादि छन्द ।
हृदय—धर्मशास्त्र ।
भुजद्वय—न्यायशास्त्र ।
मुख—अग्नि ।
कर्णद्वय—सेश्वर तथा निरीश्वर सांख्य ।
लक्षण—मीमांसा ।
चेष्टा—अथर्ववेद ।
मूर्धा—ब्रह्मा ।
शिखा—रुद्र ।
आत्मा—विष्णु ।
सूक्ष्म शरीर—'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा प्रभृति वेदान्तवाक्य ।
अन्तर्यामी—साक्षात् परम शिव ।[२१]

सावित्री के उपर्युक्त शरीरावयवों में प्रायः सम्पूर्ण विश्व समाविष्ट हो गया है । इस व्यापक दृष्टि का एकमात्र लक्ष्य इस मंत्र की महत्ता प्रकट करना है। गायत्री मंत्र के ऋगादि त्रिपादों का तथा व्याकरणादि पंचशीर्षों का संकेत अन्यत्र भी मिलता है। 'तात्पर्यदीपिका' के लेखक माधवमंत्री ने 'सावित्री हृदय' के श्लोक को प्रमाणस्वरूप उद्धृत किया है ।[२२] इस मंत्र के न्यास का भी संकेत है। चौबीस अक्षरों वाले सावित्रीमंत्र का पादांगुष्ठ से लेकर मूर्धा तक के २४ स्थानों में अक्षर-क्रम से न्यास का विधान है । इस चौबीस अक्षरात्मक मंत्र की जपविधि में ध्यातव्य

---

२१. सूतसंहिता ४।६।१०-१७ अ ।

२२. उक्तं हि सावित्रीहृदये—"ऋग्वेदोऽस्याः प्रथमः पादो भवति यजुर्वेदो द्वितीयः सामवेदस् तृतीयः" इति सू० सं० ४।६।११ ता० टीका ।

उक्तं हि सावित्रीहृदये—व्याकरणमस्याः प्रथमं शिरो भवति शिक्षा द्वितीयं....ज्योतिषामयनं पञ्चमम् । सू० सं० ४।६।१५ ता० टीका ।

चम्पकादि २४ वर्णों (रंगों) का भी निर्देश है । जप्य मंत्रों में 'सावित्री' सर्वश्रेष्ठ मंत्र है ।[२३]

मंत्रार्थ

सूतसंहिता 'तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्' इस गायत्री मंत्र का अर्थनिर्देश भी करती है । इस मंत्र का अर्थ है—

जो अन्तर्यामी रूप से विद्यमान देवता है, वह हम लोगों की बुद्धि को प्रेरित करे । उस स्वप्रकाश सर्वसाक्षी प्रेरक देवता के सभी प्राणियों के द्वारा सेवनीय पाप-नाशक तेज का हम ध्यान करते हैं । वह सत्यज्ञानादि लक्षण, स्वमायाकृत शिवादि संज्ञा प्राप्त, सूर्यमण्डल में उसके प्रेरकरूप में स्थित, इन्द्रियातीत परब्रह्म है । हम वही ब्रह्म हैं, इस प्रकार का अनुभव करते हैं ।[२४]

सूतसंहिता के टीकाकार के अनुसार मंत्रार्थ निर्देश का उपयोग यह है कि जपविधि में जप्यमंत्रार्थ भूत देवता का ज्ञान आवश्यक है ।[२५] अर्थज्ञान के बिना मंत्रजप अभीष्ट फलदायक नहीं होता है । सावित्री मंत्र के उपर्युक्त अर्थ से सूतसंहिता का व्यापक आध्यात्मिक दृष्टिकोण परिलक्षित होता है, जिसमें परमात्मा को उच्च स्थान प्राप्त है ।

सूतसंहिता सावित्री मंत्र के अर्थग्रहण में परम्परा को महत्त्व देती है और यह स्पष्ट कहती है कि इस अर्थ को गुरु से प्राप्त करके और उन्हें दक्षिणा देकर २४ लाख

---

२३. सू० सं० ४।६।१७ अ-२८ ।

२४. यो नोऽस्माकं धियश्चित्तान्यन्तर्यामि स्वरूपतः ।
प्रचोदयात्प्रेरयेच्च तस्य देवस्य सुव्रताः ।।
दीप्तस्य सर्वजन्तूनां प्रत्यक्षस्य स्वभावतः ।
सवितुः स्वात्मभूतं तु वरेण्यं सर्वजन्तुभिः ।।
भजनीयं द्विजा भर्गस्तेजश्चैतन्यलक्षणम् ।
तच्छब्दवाच्यं सर्वज्ञं जगत्सर्गादिकारणम् ।।
स्वमायाशक्तिसंभिन्नं शिवरुद्रादिसंज्ञितम् ।
नीलग्रीवं विरूपाक्षं साम्बमूर्त्युपलक्षितम् ।।
आदित्यदेवतायास्तु प्रेरकं परमेश्वरम् ।
आदित्येनापरिज्ञातं वयं धीमह्युपास्महे ।। सूतसंहिता ४।६।३१-३६ अ ।

२५. यतो जपविधौ जप्यमंत्रार्थभूतदेवता प्रतिपत्यर्थमवश्यं मंत्रार्थो ज्ञात यो-ऽतस्तत् प्रतिपत्तये सावित्रीमंत्रं संगृह्य व्याचष्टे । सू० सं० तात्पर्य टीका ।

मंत्र का जप प्रसन्न मन से करना चाहिए।[२६] प्रातः नित्यकर्म से निवृत्त होकर प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक एक हजार गायत्रीमंत्र का जप करना चाहिए । इस मंत्र के जप एवं इससे हवन करने से पापमुक्ति तथा सर्वविध अभीष्टसिद्धि होती है।[२७] सावित्री-मंत्र की उपासना से शिवस्वरूप का ज्ञान होता है, अतः इस मंत्र का मानव जीवन में विशेष महत्त्व है।

सूतसंहिता प्रतिपादित 'गायत्री' का यह व्यापक स्वरूप "गायत्री वा इदं सर्वम्" (छा० उप० ३।१२।१) इस उपनिषद् वाक्य का विवेचन प्रतीत होता है, जिसके स्थूल-सूक्ष्म शरीरावयवों में सम्पूर्ण चराचर जगत् अनुस्यूत है।

आत्ममंत्र

सूतसंहिता में हंम' को 'आत्ममंत्र' की संज्ञा दी गयी है। यह मंत्र ब्रह्मस्वरूप-ज्ञानविषयक विद्योत्पत्ति का कारण है। इस मंत्र के ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्र, देवता आत्मा, शक्ति 'स' और बीज 'हम्' है।[२८] यहाँ पर 'श' का अन्तः 'ष', उसका अन्त 'स' और उसका अन्त 'ह है। यही मिलकर 'हंस' बनता है।[२९]

शक्ति और बीज रूप से विभक्त इस मंत्र का अर्थ परमशिवरूप 'हंस' है। शिवशक्त्यात्मक होने से यह परममंत्र माना जाता है।[३०]

आचार्यों के अनुसार 'हंकार' पुरुष और 'सकार' प्रकृति है। हंस' पुरुष-प्रकृत्यात्मक और जगत् हंसात्मक है।[३१] बीजशक्तिरूपात्मक हंसाख्य आत्ममंत्र का

---

२६. एवमर्थं गुरोर्लब्ध्वा दत्त्वा तस्मै च दक्षिणाम् ।
चतुर्विंशतिकं लक्षं जपेदव्यग्रतः सुधीः ।। सू० सं० ४।६।३७ ।

२७. बहुनोक्तेन किं विप्रा जपेनास्याश्च होमतः ।
अभीष्टं सर्वमाप्नोति नात्र संदेहकारणम् ।। सू० सं० ४।६।५९ ।

२८. ऋषिर्ब्रह्माऽस्य गायत्रं छन्द आत्मैव देवता ।
शान्तान्तं शक्तिरस्योक्ता तदन्तं बीजमुच्यते ।। सू० सं० ४।७।१ ।

२९. शकारस्यान्तः षकारस्तस्यान्तः सकारः स इति शक्तिरित्यर्थः । तदन्तमिति तच्छब्देन सकारः परामृश्यते । तस्यान्तो हकार । हमित्यस्य मंत्रस्य बीजमित्यर्थः ।
सू० सं० ४।७।१ ता० टीका ।

३०. विद्याशक्तिर्भवेद्बीजं शिव एव न चान्यथा ।
तेनाऽयं परमो मंत्रः शिवशक्त्यात्मकः स्मृतः ।। सू० सं० ४।७।२ ।

३१. तदुक्तमाचार्यैः—
हंकारः पुरुषःप्रोक्तः स इति प्रकृतिर्मता ।
पुंम्प्रकृत्यात्मको हंसस्तदात्मकमिदं जगत् ।।
सू० सं० ७।८।२ ता० टीका ।

ज्ञानपूर्वक जप के समय संसारभयमोचक अर्धनारीश्वर महादेव का ध्यान करना चाहिए। सर्वविधपापमुक्ति के लिए इस मंत्र का १२ हजार जप अपेक्षित है। उपर्युक्त जप विधि में असमर्थ मन्दप्रज्ञ के लिए 'सकार' से प्राणसंचार और 'हकार' से अपानसंचार का विधान है। प्राण और अपानरूप से हंसात्मक तत्त्व प्राणियों के शरीर में ही स्थित है।[३२]

सूतसंहिता उत्तम अधिकारी के लिए 'हंस' का विशेष अर्थ प्रस्तुत करती है। 'हंस' इस आत्ममंत्र का पूर्वभाग 'अहम्' जाग्रदवस्था के साक्षी जीवात्मा का वाचक है और उत्तर भाग 'स' सर्वशक्ति सम्पन्न जगदुत्पत्ति कारण परमेश्वर तत्त्व का वाचक है।[३३] अतएव सम्पूर्ण जगत् प्रपंच के कारणरूप से प्रसिद्ध परमेश्वर ही 'स' शब्द का वाच्यार्थ है।

सम्मिलित 'हंस' पद का अर्थ है—औपाधिक भेदविशिष्ट जीवात्मा का उपाधिरहित शिवात्मक परमात्मतत्त्व से तादात्म्यबोध।[३४] टीका के प्रकाश में यहाँ 'अहम्' मलिनसत्त्व प्रधान अल्पज्ञ जीव का तथा 'स', विशुद्ध सत्त्व प्रधान सर्वज्ञ परमात्मा का वाचक है। इन दोनों उपाधियों के त्याग से विशुद्ध चेतनरूप आत्मा ही अवशिष्ट रहता है। उसी का तादात्म्यभाव लक्षणया सिद्ध होता है, अतः 'हंस' का लक्ष्यार्थ 'चैतन्यात्मा' सिद्ध होता है।[३५]

जीव और ब्रह्म की एकता का प्रतिपादक श्रुतिवाक्य है—"अहं ब्रह्मास्मि', 'तत्त्वमसि', 'अयमात्मा ब्रह्म'। उत्तम अधिकारी के लिए 'हंस' का उपर्युक्त आध्यात्मिक अर्थ निश्चित ही उपनिषत्प्रतिपादित जीवब्रह्मैक्य तत्त्व से अनुप्राणित है।

आत्ममंत्र के अर्थभूत जीवब्रह्म-तादात्म्य को 'तत्त्वमसि' आदि श्रुतिवाक्य से प्रतिपादित करके गुरूपदिष्ट मार्ग से 'अहम्' को 'ब्रह्म' के रूप में और 'ब्रह्म' को 'अहम्' के रूप में जानना चाहिए।[३६]

---

३२. अथवा प्राणसंचारः सकारः परिकीर्तितः।
हकारोऽपानसंचारो देहे देहभृतां सदा॥ सू० सं० ४।७।५।

३३. अथवा जीवमंत्रोऽयं जीवात्मप्रतिपादक।
अहंशब्दस्य रूढत्वाल्लोके जीवात्मवस्तुनि॥
शक्तिमंत्रः सकाराख्यः परमेश्वरवाचकः। सू० सं० ४।७।९।

३४. हंसयोः शवलं हित्वा पदयोः सद्वितीययोः। पूर्णोऽहमेव जानीयाद् बोधमात्र स्वभावतः। सू० स० ४।७।१२

३५. एवञ्च किञ्चिज्ज्ञत्वसर्वज्ञत्वप्रत्यक्त्वपरोक्षत्वादिविरुद्धांशमुभयत्रपरित्यज्याविरुद्धयोः सच्चिदानन्दादिलक्षणयोर्जीवेश्वरस्वरूपयोः परस्परतादात्म्यं भागत्यागलक्षणया हंसमंत्रः प्रतिपादयति। सू० सं० ४।७।१३ ता टी०।

३६. एवं वाक्यानुसारिण्या युक्त्याऽऽचार्यपुरःसरम्।
अहं स सोऽहमेवेति विजानीयाद् विचक्षणः॥ सू० सं० ४।७।२४।

आत्ममत्रोपासना की फलश्रुति के रूप में सूतसंहिता का कथन है कि जो साधक आत्ममंत्र की उपासना से जीव और ब्रह्म में पारमार्थिक दृष्टि से एकत्व का अनुभव करता है, वह मुख्यतः ब्रह्मतत्त्व का ज्ञाता है। उसी का संसार भाव नष्ट होता है,[३७] किन्तु जो 'अहम्' और 'सः' को भिन्न-भिन्न समझने वाला अज्ञानी है, वह संसारचक्र में घूमता रहता है।

यह हंसविद्या शीघ्र ही सिद्धि प्रदान करती है, क्योंकि ब्रह्मा, विष्णु और शिवादि देवता इसका आदर करते हैं।[३८] सर्वदेव समादृत हंसमंत्र के उपदेष्टा गुरु की सेवा श्रद्धापूर्वक करने से साधक आत्मस्वरूप को जान लेता है और तब उसे वर्णाश्रमादि धर्मपालन एवं वेदशास्त्रादि के पठन-पाठन की आवश्यकता नहीं रह जाती है।[३९] यह आत्मविद्या वस्तुतः प्राणी को सांसारिक बन्धन से मुक्त कर परमार्थं मोक्ष को प्राप्त कराती है। इसीलिए यह 'पराविद्या' के नाम से अभिहित की जाती है।

षडक्षर मंत्र

सूतसंहिता आत्ममंत्र के समान ही 'षडक्षर मंत्र' को भी मुक्ति का साधन मानती है। साथ ही ब्रह्मत्वादि पद प्राप्ति को इस मंत्रोपासना का विशेष फल कहती है।[४०] मंत्र का स्वरूप है—'ॐ नमः शिवाय'।

इस मंत्र के ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्र, देवता शिव, शक्ति माहेश्वरी और बीज मायाविशिष्ट शिव हैं।[४१] यहाँ मंत्र के देवता और बीज शिव ही निर्दिष्ट हैं,

---

३७. य एवमात्ममंत्रेण जीवात्मपरमात्मनो.।
पारमार्थिकमेकत्वं सुदृढं परिपश्यति।
स एव ब्रह्मविन्मुख्यो नेतरोऽज्ञानमोहितः।
एवं भूतं परिज्ञानं यस्य जातं सदा भुवि।
तदैव तस्य संसारविनाशो नास्ति संशयः॥ सू० सं० ४।७।२५-२६।

३८. शिवेन विष्णुना चैव ब्रह्मणा सर्वदैवतैः। आदृता हंसविद्येयमचिरादेव सिद्धिदा॥ सू० सं० ४।:।३१

३९. हंसविद्यामिमां लब्ध्वा गुरोः शुश्रूषयानाः।
आत्मानमात्मना साक्षाद् ब्रह्म बुद्ध्वा सुनिश्चलः॥
देहजात्यादिसम्बन्धान्वर्णाश्रमसमन्वितान्।
वेदान्शास्त्राणि चान्यानि पादपांशुमिव त्यजेत्॥ सू० सं० ४।७।३९-४१ अ।

४०. येन संसारविच्छित्तिर्ब्रह्मेन्द्रादिविभूतयः। सू० सं० ४।८।१ ब।

४१. ऋषिर्ब्रह्माऽस्य मंत्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते।
देवताऽस्य शिवःसाक्षात्सत्यज्ञानसुखाद्वयः॥
शक्तिर्माहेश्वरी सा च भुवनेशाक्षरं भवेत्।
बीजं मायाविशिष्टस्तु शिवः पूर्वोक्तलक्षणः॥ सू० सं० ४।८।२-३।

अन्तर इतना ही है कि देवता के रूप में सत्य ज्ञानस्वरूप अद्वितीय शिव हैं और बीज के रूप में मायाविशिष्ट शिव ।

'ॐ नमः शिवाय' इस मंत्र में प्रथम प्रणव, (ॐकार) द्वितीय नकार, तृतीय मकार, चतुर्थ शिकार, पंचम वकार तथा षष्ठ यकार है। यह षडक्षरमंत्र उपनिषत्प्रतिपादित आत्मतत्त्व का प्रतिपादक भी है।[४२]

जाबालोपनिषद् में शतरुद्रिय जप से अमृतत्त्व प्राप्ति का संकेत है।[४३] शतरुद्रिय नामों के जप को अमरता का साधन कहा गया है और उन नामों में 'नमः शिवाय च शिवतराय च' यह आम्नात है।[४४]

मंत्रार्थ

सूतसंहिता षडक्षर मंत्र के प्रत्येक पद का अर्थ बताती है और उसका सम्बन्ध आध्यात्मिक तथ्यों से जोड़ती है। मंत्र का 'शिवाय' पद शिवतत्त्व का वाचक है। 'नमः' नमस्कार अर्थ का वाचक है। नमस्कार का अर्थ प्रह्वता है और प्रह्वता का अर्थ—सत्य स्वरूप शिव से मायिक भेदापन्न जीव का तादात्म्य सम्बन्ध है।[४५]

यहाँ 'नमः' पद के नकार का अर्थ है—जीव की सत्य शिवस्वरूपता। यह नकार दृश्य प्रपञ्च का निषेधक है, अतः नकार का अर्थ दृश्यप्रपञ्च निषेध है।[४६] जब सम्पूर्ण प्रपञ्च का निषेध हो जाता है, तब एकमात्र सत्य शिव ही स्वरूपतः

---

४२. प्रणवं प्रथमं विद्याद् द्वितीयन्तु नकारकम् ।
मकारं तत्परं विधाच्छिकारं तु ततः परम् ॥
वकारं पञ्चमं विद्याद्यकारं षष्ठमेव च ।
इत्थं षडक्षरं विद्याज्जाबालोपनिषद्गतम् ॥ सू० सं० ४।८।६-७ ।

४३. अथ हैनं ब्रह्मचारिण ऊचुः किं जप्येनामृतत्त्वं ब्रूहीति । स होवाच याज्ञवल्क्यः शतरुद्रियेणेत्येतानि ह वा अमृतनामधेयान्येतैर्ह वा अमृतो भवति ॥ जाबालोपनिषद् ३ ।

४४. शतरुद्रियनाम्नां जपस्यामृतत्त्वमाम्नातम् । तेषु च नामसु 'नमः शिवाय च शिवतराय च' इत्याम्नायते । सू० सं० ४।८।७ ता० टीका ।

४५. असंपृक्त्या शिवस्यायं शिवशब्दस्तु वाचकः ।
नमःशब्दो नमस्कारवाचकपरिकीर्तितः ॥
प्रह्वतालक्षणः प्रोक्तो नमस्कारः पुरातनैः ।
प्रह्वता नाम जीवस्य शिवात्सत्यादिलक्षणात् ॥
भेदेन भासमानस्य मायया न स्वरूपतः ।
सम्बन्ध एव तेनैव सोऽपि तादात्म्यलक्षणः ॥ सू० सं० ४।८।९-११

४६. मकारो मम शब्दार्थो लुप्तस्त्वेको मकारकः । सू० सं० ४।८।१४ अ एकस्य मकारस्य च्छान्दसो लोपः । अगेममेति शब्दस्योऽर्थः स एव मकारस्याप्यर्थः । सू० सं० ४।८।१४ ता० टीका ।

अवशिष्ट रहता है और उससे परमार्थ दृष्ट्या जीव भिन्न नहीं है, अतः जीव सत्य शिव स्वरूप ही सिद्ध होता है। 'नमः' के 'मकार' का अर्थ 'मम' शब्दार्थ है। वहाँ एक मकार का छान्दस लोप है, अतः 'मकार' का वही अर्थ है जो 'मम' का होता है।[४७]

'नमस्' शब्द का नमस्कार अर्थ व्यावहारिक ही है, वास्तविक अर्थ तो शिवाभिन्नत्व ही है। इसीलिए व्यावहारिक दृष्टि से नमस्कारार्थक 'नमः' इस अव्यय के योग में 'नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च' इस सूत्र से 'शिव' शब्द में चतुर्थी विभक्ति का विधान है।

'ॐ' का अर्थ जीवब्रह्मैकता ही है। यह सर्वार्थवाचक है। प्रणव प्रतिपादित सभी अर्थ शिव ही हैं, अतः 'प्रणव' पूर्णशिव का वाचक है।[४८] टीका के प्रकाश में 'ॐ नमः' का संहिता प्रतिपादित अर्थ है—

यतः प्रणव प्रतिपादित सम्पूर्ण अर्थ शिवरूप है, अतः मेरे लिए कुछ भी हेय या उपादेय नहीं है।[४९]

सम्पूर्णदृश्य प्रपञ्च शिवरूप है। किसी वस्तु की शिव से भिन्न पृथक् सत्ता नहीं है, यही इस षडक्षर मंत्र का वास्तविक अर्थ है और इसका प्रतिपादन वेद, पुराण और उनके अनुयायी शैवादि सम्प्रदाय भी करते हैं।[५०] पदार्थ संख्या के सम्बन्ध में न्यायादि दर्शनों में जो मतभेद है, वह व्यावहारिक दृष्टि से ही। जिस प्रकार सभी लहरें समुद्र में एकाकार हैं उसी प्रकार सम्पूर्ण भेदावच्छिन्न प्रपञ्च मूलाधार शिव में तदाकार है।[५१] सृष्टि प्रक्रिया के मतान्तर का भी यही रहस्य है।

---

४७. व्यावहारिकदृष्ट्याऽयं नमस्कारः प्रकीर्त्यते।
तस्माच्चतुर्थीशब्दस्तु प्रोच्यते नहि वस्तुतः॥ सू० सं० ४।८।१४ ब, १५अ

४८. ओङ्कारशब्दः सर्वार्थवाचकः परिकीर्तितः।
प्रयोगादेव सर्वत्र सर्वार्थः शिव एव हि॥
तस्माच्छिवस्य पूर्णस्य प्रणवो वाचकः स्मृतः॥ सू० सं० ४।२।१५-ब-१६

४९. प्रणवप्रतिपादितो यः सर्वोऽर्थोऽसौ शिव एव हि यस्मादेवं तस्मान्मम हेयमुपादेयं वा किमपि नास्तीत्यर्थः। सू० सं० ४।८।६ ता० टीका।

५०. अथ किं बहुनोक्तेन शिवादन्यं न विद्यते।
शिवस्वरूपमेवाहुरिदं सर्वं विचक्षणाः॥
सर्वस्वरूपमज्ञानाद् दृश्यते न तु वस्तुतः।
एष एव हि मंत्रार्थः सत्यं सत्यं न चान्यथा॥
वेदाः सर्वे पुराणानि ....।
अस्मिन्नर्थे स्वसम्बन्धेऽपर्यवस्यन्ति नान्यथा॥ सू० सं० ४।८।२०-२४।

५१. बाध्यबाधकतां यान्ति व्यवहारे परस्परम्।
समुद्र इव कल्लोला इति वेदार्थसंग्रहः॥ सू० सं० ४।८।२५।

मंत्रार्थ निरूपण के अनन्तर मंत्र के पुरश्चरण और साधना का भी निर्देश है। नृत्यमान शिव की ध्यानपूर्वक मंत्रसाधना अथवा प्राकृत भाव को छोड़कर 'शिवोऽहम्' इस भाव से विधिपूर्वक नित्य बारह हजार षडक्षर मंत्र के जप से संसार-सागर से पार होने की स्थिति को फल श्रुति के रूप में कहा गया है।[५२]

षडक्षर मंत्रोपासना की महत्ता के सन्दर्भ में सूतसंहिता का प्रतिपादन है कि अन्य साधनाओं की अपेक्षा षडक्षर मंत्रसाधना से ही सभी प्रकार की सिद्धियाँ मिलती हैं, अतः भक्तिपूर्वक इसी मंत्र की उपासना श्रेयस्कर है।[५३]

मंत्रोपासना विवेचन में सूतसंहिता ने मंत्रों के देवता के रूप में प्रायः शिव को ही विशेष महत्त्व दिया है अन्य देवों की अपेक्षा शिव की श्रेष्ठता का प्रतिपादन सूतसंहिता की शैव भावना का द्योतक है। उपासना विधि में सूतसंहिता की उदार आध्यात्मिक दृष्टि साधकों की आत्मशुद्धि में विशेष उपादेय है और निष्ठापूर्वक संहिता निर्दिष्ट विधि से मंत्रसाधना द्वारा परम कल्याण संभव है। मंत्रोपासना में श्रद्धा का विशेष महत्त्व है अतः मंत्रों के उपास्यदेवों में अटूट श्रद्धा मंत्रसिद्धि में अपना विशिष्ट स्थान रखती है।[५४]

---

५२. अथवा साम्बमीशान श्री सदाशिवमेव च।
नृत्यमानं तथा देवं ध्यात्वा मंत्रं तु साधयेत्॥
अथवा प्राकृतं भावं स्वीयत्सृज्य सर्वदा।
शिवोऽहमिति संचित्य साधयेदिदमुत्तमम्॥
नित्यं द्वादशसाहस्रं जपेद् भक्त्या समाहितः।
सम्यग्ज्ञानप्लवं लब्ध्वा संसाराब्धिं तरिष्यति॥
—सू० सं० ४।८।३५-३७ अ

५३. तस्मात्सर्वं परित्यज्य षडक्षरपरो भवेत्।
षडक्षरेण सर्वाणि सिध्यन्त्येव न संशयः॥ सू० सं० ४।८।४९

५४. मंत्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भैषजे गुरौ।
यादृशी भावना यत्र सिद्धिर्भवति तादृशी॥
सू० सं० १।१३।२ ता० टीका।

भारतीय नास्तिक-परम्परा और श्रमण-विचारधारा

डा० दामोदर शास्त्री,

दिल्ली

In Indian philosophy, the Cārvāka, Jainism and Buddhism are taken as atheists and the other six schools as theists on criteria of *Śruti-prāmāṇya*. The Cārvāka elements of atheism are preserved in Jainism and Buddhism and in fact, the latter two owe much to the Vedic tradition as well. Virtually, the *śramaṇa* tradition is the confluence of Cārvāka and theist schools.

भारतीय दर्शन के क्षेत्र में चार्वाक, जैन व बौद्ध—इन तीनों दर्शनों को प्राय: नास्तिक दर्शनों के रूप में स्वीकार किया जाता है। छ: आस्तिक दर्शनों में इनकी गणना नहीं होती। चार्वाक का साहित्य ऐसा उपलब्ध नहीं, जिससे उसकी परम्परा का पता चल सके, किन्तु जैन व बौद्ध—इन दोनों की अपनी एक परम्परा है—श्रमण परम्परा, जो वैदिक परम्परा से मूलभूत पार्थक्य रखती है। आस्तिकता-नास्तिकता का आधार मूलत: वेद प्रामाण्य-अप्रामाण्य[१] था। किन्तु आगे चलकर हरिभद्र सूरि के समय (ई० ८वीं शती) तक आस्तिकता का मापदण्ड आध्यात्मिकता, आत्मा का पुनर्जन्म, एवं पुण्य-पाप, स्वर्ग-नरक आदि अतीन्द्रिय पदार्थों को मानना हो गया था।[२] जैन मत में, तथा निरात्मतावादी बौद्ध दर्शन में भी, आत्मा के पुनर्जन्म व परलोक आदि की मान्यता स्वीकृत है ही।[३]

---

१. नास्तिको वेदनिन्दकः (मनु० २-११)।

२. न मन्यन्ते पुण्यपापादिकं परोक्षं वस्तुजातमिति चार्वाकाः (षड्दर्शन-समु०, पृ० ४५१, अनुच्छेद—५५५)।

३. सुत्तनिपात, ३५।४१, ३२।११; सुत्तनिपात, कोकालिय सुत्त ३६।५४; सुत्तनिपात—३२।१२; संयुत्तनिकाय—३।४।४४; २।२।१४; धम्मपद, लोकवग्गं, ३।१०; मलवग्ग—८; सुत्तनिपात—३५।४१, ३६।८-२०; अंगुत्तरनिकाय—२।२४८, मज्झिमनिकाय—३।३।१० (देवदूतसुत्त); दीघनिकाय—२।१२।

इस तरह चार्वाक को छोड़कर, सभी दर्शन आस्तिकता की कोटि में आ गए। यही कारण है कि आचार्य हरिभद्र सूरि ने बौद्ध व जैन दर्शन को आस्तिक मतों में, तथा चार्वाक मात्र को नास्तिक मत के रूप में (षड्दर्शनसमुच्चय ग्रन्थ में) प्रतिपादित किया है।

प्रस्तुत निबन्ध का उद्देश्य यह प्रतिपादित करना है कि चार्वाक सम्मत तथाकथित नास्तिकता के सिद्धान्त जैन व बौद्ध —इन दोनों दर्शनों में मूलतः सुरक्षित हैं, यद्यपि ब्राह्मण व वैदिक परम्परा, उपनिषद् परम्परा तथा उपर्युक्त दर्शनों से जैन व बौद्ध दोनों ही प्रभावित हुए हैं, और वैदिक ब्राह्मण परम्परा व श्रमण परम्परा, दोनों ने एक दूसरे को प्रभावित किया है। इस तथ्य को दोनों परम्परा के साहित्यिक, धार्मिक व दार्शनिक विकास को देखने पर स्पष्ट अनुभव किया जा सकता है।

(१) लोकायतिकता (चारु-वाक्यता)

चार्वाक को लोकायत या लोकायतिक कहा जाता है। लोक में, लोगों में, या अपने सर्वजनप्रिय कामादि-सेवन का प्रतिपादक होने के कारण, सरलतया ग्राह्य, प्रचारित या अनुष्ठित होने से, इसकी संज्ञा 'लोकायत'[४] हुई। वैदिक परम्परा में पुरोहितवाद के कारण कर्मकाण्ड की प्रक्रिया जटिल, दुर्बोध होती हुई समाज[५] के सीमित वर्ग में केन्द्रित होती जा रही थी। अदृश्य, सूक्ष्म पदार्थों की कल्पना सामान्य निचले स्तर के लोगों के गले कम उतरती थी। इसके विपरीत, चार्वाक के सिद्धान्त, अधिक लोकप्रिय थे।

जैन व बौद्ध विचारधारा में भी यह विशेषता दृष्टिगोचर होती है। जैन तीर्थंकरों व बुद्ध के उपदेश सामान्यजन की (प्राकृत-पालि) भाषा में हुए।[६] बाद में, संस्कृत

---

४. लोकाः निर्विचाराः सामान्यलोकाः तद्वद् आचरन्ति स्मेति लोकायताः लोकायतिकाः इत्यपि (षड्दर्शनसमु०, लोकायतमत, अनुच्छेद—५५५, पृ० ४५१)। चारुः लोक-संमतो वाकः वाक्यम् यस्य सः (वाचस्पत्यकोश)।

५. मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा, मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति, यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥
(पाणिनिशिक्षा—५२ तथा महाभाष्य, पस्पशाह्निक)।

६. प्राकृतेति सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः (रुद्रटकृत काव्यालंकार—२।१२ पर नमिसाधु कृत वृत्ति)।

सक्कय-कव्वसत्थं जेण न याणंति मंदबुद्धीया।
सव्वाण वि सुहबोहं तैणेमं पाययं रइयं।
(महेश्वरसूरि का पंचमी-माहात्म्य, उद्धृत—पाइअसद्दमहण्णवो, पृ० ६०)।

का प्रचार होने पर, समयानुरूप, संस्कृत में भी उनके ग्रन्थ रचे गए। जैसे चार्वाक ईश्वर, पुरुषार्थ, मुक्ति, पुरुष (आत्मा)—इन मान्यताओं का पूर्णतः अपलाप नहीं करता, बल्कि उसके वैदिक परम्परा—सम्मत स्वरूप को नया बाना पहना देता है, वैसे ही जैन व बौद्ध भी ईश्वर, जीव, बन्धन, मुक्ति, पुरुषार्थ, पुण्य-पाप आदि विषयों में अपनी-अपनी मान्यताओं का स्पष्ट प्रतिपादन करते हैं। भ० बुद्ध ने अपने उपदेशादि में स्पष्ट किया है कि रोगी से यह पूछने की अपेक्षा कि 'उसे रोग कब हुआ तथा वैद्य का नाम, रूप, रंग क्या है', यह अधिक अपेक्षित है कि उसे दवा दी जाए। वैसे ही संसारी जीव को कर्तव्य-मार्ग का ज्ञान अधिक जरूरी है, न कि जीवादि सूक्ष्म पदार्थविषयक आध्यात्मिक बातों में उलझने की जरूरत है।[७] भ० बुद्ध का उक्त प्रतिपादन स्पष्टतः लोक-भावना के अनुरूप है और सामान्य जन को लक्ष्य कर धर्मोपदेश करने की प्रवृत्ति का ज्वलन्त उदाहरण है। जैन शास्त्रों में भी, आत्म-साधक के लिए लोकाचार का (संयम-मार्ग का उपघात न करते हुए) उल्लंघन न करने की प्रेरणा दी गई है।[८] बौद्ध शास्त्रों के उपदेश सामान्य जन के मन को छूने वाले तथा प्रभावशाली हैं। सामान्य जन स्वार्थी व सुखाभिलाषी है।[९] उसे अनन्तसुख व अनन्तानन्दमय मोक्ष की ओर प्रेरित करना सरल है। यही कारण है कि महायानी बौद्ध समुदाय में निर्वाण को आनन्दमय माना गया। जैनों ने भी वीतराग के सुख को अनुपम व अनन्त माना है।[१०]

---

७. मज्झिमनिकाय (अनुरुद्ध सुत्त, १२७)।

८. लोकापवाद भीरुत्वं....सदाचारः प्रकीर्तितः (योगसार प्रा० १२६)। द्रष्टव्य—योगसार प्रा० १३०; उपासकाध्ययन, ३४।८०। तस्माल्लोकविरुद्धं धर्म-विरुद्धं च संत्याज्यम् (प्रशमरति प्र० १३१)। धर्मादपि ततो लोको बलवानिव दृश्यते (चतुःशतक—७।१९)।

९. परोपकृतिमुत्सृज्य स्वोपकारपरो भव (इष्टोपदेश—३२)। द्र० इष्टोप० ३१; भगवती आरा० १०३, ७९४, ८००)। बृहत्कल्पभाष्य, ४५८४। ज्ञाना० १७।१९।

(तुलना—आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति। बृहदा० उप० २।४।५)। (यशस्तिलक, भा० २, पृ० ४१०)।

बौद्धों ने स्वीकार किया है कि पराये के बहुत हित के लिए भी अपने हित की हानि न करना उचित है—अत्तदत्थं परत्थेन बहुनापि न हापये। धम्मपद, अत्तवग्ग, १६६।

१०. पद्मपुराण—१०५।१८७, १०५।१८८—१८९; स कोऽपि परमानन्दो वीतरागस्य जायते (ज्ञानार्णव—१११८; ११५७); मज्झिमनिकाय—२।३।५; (तुलना—जैन, योगबिन्दु २।२०४; ५।५०५)।

वस्तुतः 'लोकायत' एक विचारधारा है जो सर्व-साधारण के मन में सुख-भोग की इच्छा के रूप में सूक्ष्मतया निहित है। यही विचारधारा एक स्वतन्त्र दार्शनिक विचारधारा के रूप में विकसित हो गई, किन्तु सामान्य जन के अनुरूप स्वयं को ढालती हुई यथासमय परिवर्तित, परिवर्धित, संशोधित होती रही। भारतीय दर्शनों में परमानन्दमय मोक्ष की कल्पना, भारतीय विचारधारा में देवलोक, स्वर्गसुख आदि की कल्पना, तथा वैदिक या अवैदिक—प्रत्येक दर्शन में समयानुरूप परिवर्तनशीलता या युगानुरूप होने की क्षमता—ये सब बातें लोकायत—विचारधारा का प्रभाव हैं।

किन्तु लोकायत विचारधारा भी दूसरी विचारधाराओं से प्रभावित हुए बिना न रह सकी। प्रारम्भ में इस विचारधारा का स्वरूप शुद्ध भौतिकसुखवादी रहा होगा, पर कालान्तर में उसने भूतचतुष्टय को आत्मा, राजा को परमेश्वर, मरण को मोक्ष, तथा काम को परमपुरुषार्थ प्रतिपादित करते हुए, सामान्य जन में बढ़ती हुई दार्शनिक रुचि को सन्तुष्ट किया।

संक्षेप में, चावार्क ऐसी विचारधारा है, जो वैदिक परम्परा के विरोध में, वैदिक विधारधारा के दोषों को जन-जन के समक्ष प्रकट करती हुई, सामान्य जन की सुखाभिलाषिता का दार्शनिक (भौतिकवादी) समाधान व युगानुरूप परिवर्धित रूप प्रस्तुत करती है, जिसमें परलोक, पुनर्जन्म, मोक्ष आदि की स्वीकृति एक युगानुरूप परिवर्धन है। आत्मा, लोकनित्यता आदि विषयों पर बुद्ध ने मौन रहना ही उचित समझा, और (दश अव्याकृत[११]—अकथनीय निर्धारित कर) मात्र आत्मकल्याण का समाजोपयोगी उपदेश प्रस्तुत किया। जैन दृष्टि का जहाँ तक सम्बन्ध है, वह, 'श्रुति अप्रमाण है', 'सुख आत्माधीन है न कि बाह्य शक्ति के अधीन', इन मतों का समर्थन करती हुई एक तरफ नास्तिक चार्वाकधारा की ओर झुकी हुई प्रतीत होती है, किन्तु दूसरी ओर 'अनेकान्त दृष्टि' के माध्यम से भौतिकता व आध्यात्मिकता एवं नास्तिकता व आस्तिकता का सुन्दर समन्वय प्रस्तुत करती हुई, आस्तिक दर्शनों की अनेक विशेषताओं को अपने अन्दर समेटे हुए है। बौद्ध विचारधारा पर भी अनेक वैदिक व आस्तिक दर्शनों का प्रभाव पड़ा और युगानुरूप महायान सम्प्रदाय का प्रादुर्भाव हुआ। इस प्रकार प्रत्येक भारतीय विचारधारा एक प्रवहमान सोता रहा है, जिसमें युगानुरूप स्वयं को ढालने की असीम योग्यता दृष्टिगोचर होती है।

भाषा के माध्यम को ही लें, बौद्ध व जैन—दोनों विचारधाराओं में प्राकृत, पालि तथा संस्कृत भाषा को मान्यता समयानुरूप प्राप्त होती रही। बुद्ध के उपदेश

---

११. मज्झिमनिकाय—२।२।३ (अनुवाद, पृ० २५१)। (दश अव्याकृत—लोक की नित्यता, अनित्यता, सान्तता, अनन्तता, जीव व शरीर की एकता, अन्यता, मरने के बाद तथागत की संसारागति या संसारविनिर्मुक्ति)।

सामान्य-जनोपकार हेतु प्रारम्भ में पालि भाषा में प्राप्त होते हैं। किन्तु भाषा के सवाल पर बुद्ध का दृष्टिकोण उदार रहा है, जिसका प्रमाण विनयपिटक के चुल्लवग्ग (५।३३।११) का वह वचन है जिसमें भगवान् बुद्ध ने अपनी-अपनी भाषाओं में उपदेश को बनाए रखने की आज्ञा दी है।[१२] परवर्ती बौद्ध दार्शनिकों ने समयानुरूप संस्कृत को अपनाया, इसी प्रकार देशानुरूप तिब्बत, चीनी आदि भाषाओं मे भी कृतियाँ रची गयीं।

महाकवि अश्वघोष ने मोक्षोपदेश रूपी कटु औषध को ललित काव्यरूपी मधुर मधु के साथ सहज आस्वाद्य कराने के उद्देश्य से शृङ्गारादि रसान्वित सौन्दरनन्द काव्य लिखा।[१३] जैनों ने भी पुराणों, नाटकों कथाग्रन्थों के माध्यम से इस दिशा में प्रयत्न किया। ब्राह्मणों के भौतिक यज्ञ के स्थान पर ज्ञान-यज्ञ[१४] या अध्यात्म-यज्ञ का प्रतिष्ठापन, तथा वर्ण, जाति, लिंग, वय आदि का भेद-भाव न रख कर सर्वसाधारण को धर्माराधन करने का अधिकार[१५] प्रदान आदि बातें जैनी व बौद्धों की लोकायतिकता का अंग हैं। जैनाचार्य तो लोक को तीर्थमार्गवत् मानते हैं।[१६]

(२) प्रत्यक्षमेवैकं प्रमाणम्

चार्वाक विचारधारा प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानती है।[१७] कुछ अंश तक

---

१२. बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृते कृतः॥
(अज्ञात-कर्तृक, उद्धृत—वसुनन्दि श्रावकाचार, भूमिका, पृ० २८)।

१३. यन्मोक्षात्कृतमन्यदत्र हि मया तत्काव्यधर्मात् कृतम्।
पातुं तिक्तमिवौषधं मधुयुतं हृद्यं कथं स्यादिति।
(सौन्दरनन्द, १८।६४)।

१४. द्रष्टव्य: सुत्तनिपात—महावग्ग सुन्दरिक भारद्वाज सुत्त ३०।९-२४। ब्राह्मण धम्मिय सुत्त०—१९।२९, तथा पुण्ण-माणव-पुच्छासुत्त ५८।४ एवं बुद्धचरित (११।६४) आदि। उत्तरपुराण ६७।२००-१२; पद्मपुराण (११।२४२-४४); विमलसूरिकृत पउमचरिउ (१० उ०) तथा उत्तरपुराण (६७।२०२-३) आदि।

१५. चरत भिक्खवे चारिकां बहुजनहिताय बहुजनसुखाय (विनय० १।२१)। संयुक्त निकाय ४।१।४; आदिपुराण १४।१६० तथा यशस्तिलक, आ० ८; मज्झिमनिकाय, अस्सलायनसुत्त, २।५।६ तथा एसुकारिसुत्त २।५।६; जैन हरिवंश पु० ५८।३।

१६. यशस्तिलक—१।९०।

१७. मानं त्वक्षजमेव हि (षड्दर्शनसमु० ८३)। प्रत्यक्षलोको मनुष्यलोकः (षड्दर्शन समु० पृ० ४५३)। एतावानेव लोकोऽयं यावानिन्द्रियगोचरः (षड्दर्शनसमु० ८१)।

उनमें अनुमान-प्रमाण भी मान्य रहा है।[१८] लोकव्यवहार में जितनी अनुमान की प्रमाणता सहज स्वीकृत है, उतनी चार्वाकों ने भी मान्य की है—ऐसा विद्वानों का मत है।

जैन विचारधारा में स्वर्ग, नरक, आत्मा आदि अदृश्य पदार्थों की सत्ता इसी आधार पर मान्य है कि वे तीर्थंकर या केवली 'जिन' द्वारा 'प्रत्यक्ष' किए गए हैं।[१९] इसलिए, देखा जाय तो मूलतः प्रत्यक्ष प्रमाण की प्रधानता जैनों द्वारा मान्य की गई है (भले ही परोक्ष प्रमाण की सत्ता उनमें मान्य हो)। महात्मा बुद्ध को भी उनकी परम्परा में कुछ अंश तक 'सर्वज्ञ' माना ही गया है।[२०] बुद्ध द्वारा स्वर्ग, नरक आदि का उपदेश ही उन पदार्थों की सत्ता को प्रमाणित करता है।

जैनों ने हमारे अन्दर विद्यमान ज्ञान (आत्मस्वभाव, आत्मशक्ति) को ही 'प्रमाण' की संज्ञा देकर,[२१] दूसरे व्यक्ति की प्रमाणता को नकारा है, जो 'प्रत्यक्ष' की प्रधानता को ही इंगित करता है। बौद्धों ने भी ज्ञान को ही प्रमाण माना है।[२२]

(अ) शब्द-प्रमाणता की अस्वीकृति

चार्वाकों का प्रत्यक्षैकप्रमाणवाद एक तरह से शब्द-प्रमाणता (या श्रुति-प्रमाणता) का ही तिरस्कार था। बौद्धों ने तो स्पष्टतः शब्द की प्रमाणता का खण्डन किया है,[२३] यद्यपि जैनों ने 'आगम' प्रमाण माना है, परन्तु 'आगम' को 'परोक्ष'

---

१८. गुणरत्नसूरि, षड्दर्शनसमु०, अनुच्छेद—५६६, का० ८३। लोकप्रसिद्धं त्वनुमानं तु चार्वाकैरपीष्यते एव। यत्तु कैश्चिल्लौकिकं मार्गमतिक्रम्य.-नुमानमुच्यते, तन्निषिध्यते (द्र० तत्त्वसंग्रह पंजिका, पृ० १४८२, उद्धृत—विद्वन्मोदतरंगिणी चिरंजीवभट्टाचार्यकृता, पृ० ७०)।

१९. भगवती आरा० २।४२; प्रवचनसार १।३७-४१, बुद्ध ने भी ब्रह्मादि देवों व स्वर्गादि का प्रत्यक्ष वर्णन किया है। दीघनिकाय, केवट्ठसुत्त—३।१।११, विसुद्धिमग्ग—प्र० परिच्छेद—शीलनिर्देश, पृ० ४९।

२०. बुद्धाश्च बोधिसत्वाश्च, सर्वत्राव्याहतेक्षणाः। सर्वमेवाग्रतस्तेषां तेषामस्ति पुरः स्थितः (बोधिचर्यावतार, ५।३१)। वही;, ४।१७ २।५७। बुद्ध ने अपनी सर्वज्ञता का खण्डन किया है। मज्झिमनिकाय—सू० ७१, २।३।१, २।४।१० (अनुवाद, पृ० ३६९)।

२१. स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम् (परीक्षामुख—१।१ सू०)। स्वयम्भूस्तोत्र—६३, न्यायावतार—का० १, तत्त्वार्थसूत्र—१।९-१०।

२२. प्रमाणवार्तिक— १।३; १।७ ४।१०६;।

२३. प्रमाणवार्तिक—१।५३-५४; ४।१०६; ज्ञानसार समु० ३१।

कोटि में ही रखा है,[२४] तथा उसका प्रामाण्य आप्त व्यक्ति (वीतराग) के अर्थ-संवेदन में निहित है—ऐसा उनका मत है। इस प्रकार 'अर्थज्ञान' ही 'आगम' प्रमाण ठहराता है, आप्तवचन तो औपचारिक दृष्टि से ही प्रमाण है।[२५]

(आ) प्रत्यक्ष की प्रधानता

चार्वाक प्रत्यक्ष की प्रधानता के पक्षधर हैं, न कि प्रत्यक्ष-मात्र प्रमाण के निरूपक, क्योंकि किसी सीमा तक वे अनुमान को भी प्रमाण मानते हैं। बौद्धों ने 'अनुमान' प्रमाण का जो निरूपण किया है, वह प्रत्यक्ष प्रमाण का प्राधान्य ही प्रतिपादित करता है। बौद्ध मत में प्रत्यक्ष प्रमाण निर्विकल्पक ज्ञान है, और अनुमान प्रमाण सविकल्पक ज्ञान है। अनुमान की उत्पत्ति निर्विकल्पक प्रत्यक्ष (क्षणिक परमाणु रूप) 'स्वलक्षण' से होती है। यद्यपि अनुमान में ग्राह्य वस्तु 'सामान्य-लक्षण' (अग्नि सामान्य) रूप है, किन्तु अनुमान में प्रामाण्य प्राप्य स्वलक्षण की अपेक्षा है। अनुमान-प्रमाण (विकल्प) का आलम्बनीय विषय तो 'सामान्य' पदार्थ (विकल्प बुद्धि में प्रतिबिम्बित स्वाकार) है, किन्तु प्राप्य विषय तो बाह्य 'स्वलक्षण' ही होता है। इस प्राप्य बाह्य 'स्वलक्षण' का आलम्बनीभूत स्वाकार के साथ 'मैंने जिसका अनुमान किया था, उसे ही प्राप्त कर रहा हूँ' ऐसा एकत्वाध्यवसाय कर, प्रवृत्ति होती है, इसी कारण अर्थप्रापकता अनुमान में संगत होती है। अतः अनुमान में भी प्राप्य विषय की अपेक्षा स्वविषयोपदर्शन रूप प्रापकता, और तन्मूलक प्रामाण्य का निश्चय होता है।[२६] जैनों ने भी प्रत्यक्ष को विशद कह कर, तथा परोक्ष को अविशद कह कर,[२७] प्रत्यक्ष को ही प्रधानता दी है। परोक्ष प्रमाण को भी वे 'प्रत्यक्षनिमित्तक' मानते हैं।[२८]

(इ) आत्मा आदि अदृश्य पदार्थों का उच्छेद

प्रायः चार्वाक उन्हीं पदार्थों की सत्ता स्वीकारता है जो प्रत्यक्षगम्य है। इसलिए वह पुण्य-पाप, आत्मा, परलोकादि की सत्ता नहीं स्वीकारता। फिर भी, सामान्य

---

२४. परीक्षामुख सू० ३।१-२।

२५. आप्तवचनादिनिबन्धनमर्थज्ञानमागमः (परीक्षामुख—३।९५)। द्र० तत्त्वार्थवार्तिक—१।२०।१। आप्तवचनाज्जातमर्थज्ञानमागमः, उपचाराद् आप्तवचनं च (षड्दर्शनसमु० का० ५५, ३२० अनुच्छेद)।

२६. प्रमाणवार्तिक—२।५७-५८; अनुमानस्य तु लिङ्गदर्शनेन विकल्प्यस्वाकारो ग्राह्यो न बाह्योऽर्थः, प्राप्यस्तु बाह्यः स्वकाराभेदेन अध्यवसित इति। तद्विषयस्यापि प्रदर्शितार्थप्रापकत्वं प्रामाण्यम् (षड्दर्शनसमु० का० ८।६६)।

२७. विशदं प्रत्यक्षम् (परीक्षामुख—२।३); वही, ३।१।

२८. परीक्षामुख—३।२।

जन की मानसिक अनुभूति को भी चार्वाक विचारधारा में मान्यता मिली । यही कारण है कि 'काम' की सत्ता उन्होंने प्रतिपादित की है, और समस्त सांसारिक प्रवृत्ति को 'कामहेतुक' माना है । बौद्धों ने पंच-स्कन्धातिरिक्त (किसी पृथक्) 'आत्मतत्त्व को स्वीकार नहीं किया है ।[२९] जैनों ने आत्मतत्त्व को स्वीकार किया, पर उसे अनादि कर्मबद्ध रूप में, और व्यवहार दृष्टि से उसे जड़ भी प्रतिपादित किया ।[३०] बौद्धों ने पुण्य-पाप, लोक-परलोक आदि की सत्ता स्वीकार की, तो जैनों ने पारमार्थिक दृष्टि से उनका अभाव बताया ।[३१] बौद्धों ने आत्मा व शरीर की एकता या भिन्नता के सम्बन्ध में 'अव्याकृतता' प्रतिपादित[३२] की, तो जैनों ने भी आत्मा को सर्व-पक्षातिक्रान्त बताया ।[३३] जैनों के अनेकान्तवाद के अनुसार चार्वाक व बौद्ध—दोनों दर्शन पृथक् पृथक् 'नय' (दृष्टियाँ) हैं ।

ऐसा प्रतीत होता है कि चार्वाक, बौद्ध व जैन—ये तीन क्रमिक ज्ञान-कोटियाँ हैं । प्रथम कोटि का चार्वाक दर्शन आत्मा, पुण्य-पाप तथा परलोकादि को नहीं स्वीकारता, दूसरी कोटि का बौद्ध दर्शन पुण्य-पापादि को स्वीकारता है, पर आत्मा की पृथक् सत्ता को नहीं, तीसरी कोटि का जैन दर्शन आत्मा, पुण्य पाप, परलोक सभी स्वीकार करता है । कालान्तर में विज्ञानवाद ने विज्ञानमात्र की ही सत्ता स्वीकार कर[३४] चार्वाक के प्रतिद्वन्द्वी के रूप में स्वयं को खड़ा किया है ।

(ई) जीवन की अस्थायिता

चार्वाक जीवन को स्थायी नहीं मानता, तभी तो वह कहता है—

> यावज्जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत् ।[३५]
> भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ।।

---

२९. मिलिन्दपाण्ह, अ० २ ।

३०. (क) स्याद्वादमंजरी, का० १४ ।
(ख) नायमेकान्तः अमूर्तिरेवात्मा । कर्मबन्धपर्यायापेक्षया तदावेशात् स्यात् मूर्तः (सर्वार्थसिद्धि, २।७।२६९) ।

३१. न पुण्यं पापं न यस्यास्ति बन्धः (सिद्धसेनद्वात्रिंशिका—२१।१७) ।
द्र० अयोगव्यव० १७; समयसार—२।१२-१८ ।१५०-५८, ३।७३ ।
(तुलना—षड्दर्शनसमु० ८०) ।

३२. मज्झिमनिकाय—२।२।३, पृ० अनुवाद—२५१,

३३. समयसारकलश—९; समयसार—३।७५; ३।७४ । ३।७६ ।

३४. (अ) योगाचारमते तु सन्ति मतयस्तासां विवर्तोऽखिलः ।
(आ) इदं सर्वं विज्ञप्तिमात्रकम् (वसुबन्धुकृत त्रिंशिका, का० १७) ।

३५. (क) षड्दर्शनसमु०, अनु० ५५९, पृ० ४५२, तथा सर्वदर्शनसंग्रह, पृ० २ ।

बौद्धों ने 'क्षणिकवाद'[३६] का प्रतिपादन कर 'अस्थायिता' का ही समर्थन किया है। जैन विचारधारा भी पर्याय दृष्टि' से पदार्थों को क्षणिकता, विनाशशीलता,[३७] स्वीकार करती है। जैन मोक्ष-मार्ग में भी 'अनित्य-भावना' को उपयोगी माना गया है।[३८]

(उ) ईश्वर की ऐहिक प्राणिरूपता

चार्वाक मत में ईश्वर या परमेश्वर लौकिक राजा या शासक ही है।[३९] उसी की अनुज्ञा स्वीकार्य है। यदि किसी की उपासना करना ही हो तो राजा की ही करे, न कि अदृश्य परमात्मा की। बौद्ध मत में भी ईश्वर की सत्ता मानसिक (सत्ता) ही है।[४०]

जैनों व बौद्धों ने ईश्वर, चलते-फिरते, किन्तु गुणविशेषयुक्त 'अर्हद्' बुद्ध आदि को ही समुपास्य कोटि में माना है।[४१] बाद में, महायान में, देवत्व व अलौकिक परमेश्वरत्व प्रतिपादन भी हुआ है, तो वह भी 'बुद्ध' में ही (वह बुद्ध जो जीवित प्राणी के रूप में सर्वजनकल्याण का मार्ग निरूपित करता है।[४२]

(ख) पिब खाद च चारुलोचने (षड्दर्शनसमु॰, कारिका—८२, पृ॰ ४५५)

३६. संयुत्तनिकाय—१६; संस्काराः क्षणिकाः (न्यायमंजरी, पृ॰ ३६)। वैभाषिकमतमदः—चतुः क्षणिकं वस्तु (षड्दर्शनसमु॰, अनुच्छेद १२)। दीघनिकाय—महानिदान सुत्त २।१५; अंगुत्तरनिकाय ३।१।३४; संयुत्तनिकाय १२।७। (तुलना—अर्थोऽस्ति क्षणिकस्त्वसावनुमितो बुद्ध्येति सौत्रान्तिकः।)

३७. स्याद्वादमंजरी, का॰ १९।

३८. त॰ सू॰ ९।२, ९।७; प्रशमरति प्र॰ १५, १५१; पद्मनन्दि पंच॰ ३।९।

३९. लोकसिद्धो भवेद्राजा परेशो नापरः स्मृतः (सर्वदर्शनसंग्रह, पृ॰ ७)। 'ईश्वरोऽहम्' की मान्यता भी चार्वाक की है (गीता १६।१४)।

४०. चतुःशतक, पृ॰ ६५।

४१. सकलेतरभेदेन परमात्मा द्विधा भवेत्।
सकलो दिव्यदेहस्थो निष्कलो देहवर्जितः॥
(वीरवर्धमान चरित, १६।८४)।

पूजामर्हन्ति सर्वेभ्यस्तेऽत्रार्हन्तः प्रकीर्तिताः (सिद्धान्तसारसंग्रह, १२।६)। द्र॰ वीरवर्धमान चरित, १६।८७-८८; षड्दर्शनसमु॰ का॰ ४; (आदिपु॰ ३९।१०६)।

४२. द्र॰ महायानसूत्रसंग्रह १८।२, १८।४।

मोक्ष-मार्ग में आत्मा (स्व) के तथा 'जिन' अर्हत् के अलावा अन्य किसी की शरणता--बौद्धों व जैनों—दोनों ने नहीं स्वीकार की।[४३]

जैनों ने भी आत्मा की ही, साधना से, साध्य, परमात्मता स्वीकार की है।[४४] वे भी आत्मा (स्व) को अपना त्राता मानते हैं।[४५] लौकिक कल्याणकारी व्यक्तियों में ही नरदेव आदि की जैनादिसम्मत कल्पनायें ईश्वर या देव को ऐहिक प्राणी ही सिद्ध करती हैं।[४६]

(ऊ) श्रद्धा की अपेक्षा तर्क की प्रधानता

चार्वाक विचारधारा में अन्धश्रद्धा को स्थान नहीं है। हर वस्तु सहज तर्क से सिद्ध होने पर ही ग्राह्य होती है।

बौद्ध शास्त्र में भी तर्कसंगत तथा परीक्षित पदार्थ की ही सत्ता मानने के

---

४३. बुद्धं शरणं गच्छामि (बौद्ध)। अरिहंते सरणं पवज्जामि (जैन)। देवातिदेवं नरदेवपूज्यं धर्मे स्वयम्भुं वशिनं श्रयध्वम् (ललितविस्तर, निदानपरिवर्तन—प्र० परिच्छेद, पृ० २)। विमानवत्थु ५।१४।२७, पृ० ६१, (त्रिषष्टि० २।३।८९३); सुत्तनिपात (महावग्ग, सेलसुत्त, ३३।२३); धम्मपद (बुद्धवग्ग—१९०)

यो च बुद्धं च धम्मं च संघं च सरणं गतो।
चत्तारि अरियसच्चानि सम्मप्पञ्ञाय पस्सति॥

द्र० मोक्ष प्रा० १०४; आचाराङ्ग ३।३।६२, ६४। आत्मरति ही उपादेय है—(भाव पा० ८५); इष्टोपदेश—३४। अत्ता हु अत्तनो नाथो....अत्ता हि अत्तनो गति (धम्मपद, अत्तवग्ग, १६०)। अत्तदीपा विहरत अनन्नसरणा।

(बुद्ध के परिनिर्वाण के समय के शब्द, दीघनिकाय—महापरिनिब्बाण सुत्त, २।१००; संयुत्तनिकाय ३।४२, ५।१६३; धम्मपद, २७६। समाधि शतक ७५; चतुःशतक १२।२०।२९५।

४४. समाधिशतक—९८; ज्ञानार्णव—१५३९।

४५. अप्पा दंतो सुही होई (उत्त० १।१५)। उत्त० २३।७३; द्र० उत्त० २०।३७; उत्त० २०।३६।

४६. आदिपु० ३९।१०५-१०७; स्थानाङ्ग—५।१।१४, हरिवंश पु० (जैन) ३१।१५६, भाव पा० १२३, भगवती सूत्र (शतक १२, उद्देश ९), कार्तिकेयानुप्रेक्षा—३०२। तुलना – भागवत पु० ३।३०।२९।

लिए प्रेरणा दी गयी है।[४७] श्रद्धा का सर्वथा निषेध बौद्धों में नहीं है।[४८] समष्टि रूप से विचार करने पर बुद्ध धर्म में भक्ति व ज्ञान का समानरूप से आदर है। बुद्ध की सभी शिक्षायें शील, समाधि और प्रज्ञा के रूप में विभक्त हैं। जैन विचारधारा में भी श्रद्धा[४९] व तर्क[५०] दोनों को आदर प्राप्त हुआ है। वस्तुत शुष्क तर्क की निन्दा इन धर्मों में है।[५१] चार्वाक भी पूर्णतः श्रद्धा का तिरस्कार करता हो—ऐसी बात नहीं, अन्यथा लोकसिद्ध राजा रूपी ईश्वर की मान्यता भी कैसे टिक पाती? चार्वाक कभी ऐसी चर्चा करता नहीं दिखता, जिससे समाज में छोटों-बड़ों के बीच विद्यमान श्रद्धा, स्नेह, परस्पर-सौहार्द की लड़ी टूटने का खतरा हो।

(ए) ऐहिक जीवन की प्रधानता

चार्वाक इसी जीवन में सुख-प्राप्ति के लिए जोर देते हैं। बौद्धों और जैनों ने भी 'जीवन्मुक्ति' को स्वीकार किया है, जो इसी जीवन में शान्तिपूर्ण स्थिति प्राप्त

---

४७. ज्ञानसारसमुच्चय—३१।

४८. सद्धाय तरती ओघं (सुत्तनिपात, आलवक सुत्त, १०१४)। वही, १०१२; सुत्तनिपात २८।८; चतुःशतक ८।६।

४९. सूत्रकृतांग १।२।३।११। दंसणमूलो धम्मो (दर्शन प्रा० २)। और भी—सूत्रप्रा० १६; भगवती आरा० ७५२; भाव प्रा० ९२; १४३; १५३।

५०. अयोगव्यव० २९। द्र० अयोग० २२; योगबिन्दु—हरिभद्रकृत, ५।५२५; योगबिन्दु, १।२२; सिद्धसेन द्वात्रिंशिका, १।४; त० सू० १।१; सन्मति० ३।४३-४५;

(तुलना—'बुद्ध ने कहा—मैंने धर्म का उपदेश दिया है, जो पार जाने के लिए बेड़े (कुल्ल) की भाँति है, वह पार करने के लिए ही है, पकड़ रखने के लिए नहीं' (मज्झिमनिकाय;१।३।२—अलगद्दूपम सुत्त, अनुवाद, पृ० ८८)।

'मेरे जिस भाषण का अर्थ तुम समझे, उसे वैसे धारण करना। और जिस .. का अर्थ नहीं समझे, उसे मुझसे पूछना या अन्य जानकार भिक्षु से' (वही, पृ० ८७)। 'जब खुद ही जानो कि ये बात धर्म) निर्दोष है, ग्राह्य है, सुखकारी है, तभी उसे स्वीकार करो' (अंगुत्तर-निकाय ३।७।८)।

द्रष्टव्य—सिद्धसेन—द्वात्रिं० ६।२; ६।५।

५१. निशीथ भाष्य—२६।३। तुलना—मनु० ४।१३९; नियमसार—१५६; सूत्रकृतांग १।११।१२; नारदपरिव्राजकोप० ५।२१; नियमसार १५५; मनु० १२।१०६; कठोप० १।२।९।

करने के प्रतीक हैं। महायान-परम्परा में[५२] सांसारिक प्राणियों के दुःख-निवारण-हेतु 'प्रत्येक बुद्ध' का क्रमिक जीवन जो प्रतिपादित है, वह यह प्रकट करता है कि बुद्धत्व-प्राप्ति ऐहिक प्राणियों की सुखपूर्ण स्थिति से जुड़ी हुई होकर ही सार्थक है।

बौद्धों ने तात्त्विक निरूपण के प्रसंग में संवृति (व्यवहार) रूप दृष्टि को, तथा जैनों ने 'व्यवहार नय' को स्वीकार कर[५३] एक प्रकार से सामान्य जन-जीवन की मान्यताओं को आदृत किया है।

(ऐ) पुरोहित-याजक की निन्दा—कर्मकाण्ड की निन्दा

चार्वाकों ने हिंसक यज्ञ की, तथा उसके अनुष्ठाता याजकों, पुरोहितों की खुलकर निन्दा की है।[५४] जैनों व बौद्धों ने भी उनके स्वर में स्वर मिलाकर हिंसक यज्ञ के मूल ग्रन्थ वेदों की, याज्ञिक ब्राह्मणों की[५५] तथा ऐसे हिंसक यज्ञों की निन्दा की है[५६]। बाह्य आडम्बरपूर्ण कर्मकाण्डों की तीनों ही निन्दा करते हैं।

(३) काम एवैकः पुरुषार्थः

चार्वाक विचारधारा में 'काम' (स्वसुखोपभोग) को ही पुरुषार्थ माना गया है।[५७] देखा जाए तो सभी भारतीय दर्शनों में शाश्वत सुख-प्राप्ति या दुःख-विमुक्ति

---

५२. हीनयान-परम्परा में पृथग्जन, गोत्रभू, स्रोतापन्न, सकृदागामी, अनागामी, अर्हत्—ये छः आध्यात्मिक साधना के सोपान हैं। महायान-परम्परा में पृथग्जन, श्रावक (अर्हत्), प्रत्येकबुद्ध—ये उत्तरोत्तर श्रेष्ठ पद हैं।

५३. ववहारेण विणा परमत्थुवदेसणमसक्कं (समयसार १।८)।
सुद्धो सुद्धादेसो णादव्वो परमभावदरिसीहिं।
ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ठिदा भावे (समयसार—१।१२)।

५४. अग्निहोत्रादिकं कर्म बालक्रीडेव लक्ष्यते (षड्दर्शनसमु० अनुच्छेद)—५५९, पृ० ४५१)। और भी

अग्निहोत्रं त्रयो वेदाः त्रिदण्डं भस्मगुण्ठनम्।
बुद्धिपौरुषहीनानां जीविकेति बृहस्पतिः॥

(सर्वदर्शन संग्रह, पृ० ५)।

५५. (अ) वेया अहीया न भवंति ताणं (उत्त० १४।१२)। तुलना—गीता ११।४८; सूत्रकृतांग १।७।१८ (३९८); आदिपुराण ४१।४८-४९; आदिपुराण—३९।१३४; १३५।

(आ) सुत्तनिपात (ब्राह्मणधम्मिकसुत्त, १९।२९)

५६. सूत्रकृतांग १।७।१८-१९, सुत्तनिपात १९।२९।

५७. धर्मः कामात्परो न हि (षड्दर्शनसमु० ८६); गुणरत्नसूरि, षड्दर्शनसमु० अनुच्छेद—५५५। काम एवैकः पुरुषार्थः (बृहस्पतिसूत्र)। द्र० सर्वदर्शन संग्रह, पृ० ६।

लक्ष्य माना गया है, जिसके पीछे 'काम' ही छिपा है (भले ही सांसारिक काम-वासनाओं का ग्रहण 'काम' पद से उनमें स्वीकार्य नहीं है)। काम तत्त्व की कृपा से ही सांसारिक व्यवस्था अनवरत चल रही है—ऐसा भी चार्वाकों का मत है।[५८]

बौद्ध परम्परा में आदृत सुखोपभोग के समर्थक षड्दर्शनसमुच्चय के दो श्लोक हैं :—

मृद्वी शय्या प्रातरुत्थाय पेया, भक्तं मध्ये पानकं चापराह्णे।
द्राक्षाखण्डं शर्करा चार्धरात्रे मोक्षश्चान्ते शाक्यपुत्रेण दृष्टः॥

मणुन्नं भोयणं भुच्चा, मणुन्नं सयणासणं।
मणुन्नम्मि अगारम्मि मणुन्नं झायए मुणी॥[५९]

बौद्धाचार्य आर्यदेव ने चित्तविशुद्धि प्रकरण में स्पष्ट स्वीकार किया है कि 'काम' मोक्ष का साधक है, बशर्ते किसी दुर्विज्ञ व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त न हो।[६०] हाँ सांसारिक कामभोगों में अनास्था या अनादर अवश्य प्रतिपादित हुआ है। मोक्ष की प्रेरणा देते हुए जैनाचार्य भी, अक्षय, अनन्त सुख की स्थिति मुक्ति में है—इसका प्रतिपादन करते है, ताकि साधक सांसारिक कामभोगों को अनित्य, एवं परिणाम में दुःखकारी समझ कर त्याग दें और मोक्ष-साधना में उद्यत हो।[६१] महायानी (बौद्ध)

---

५८. अपरस्परसंभूतं किमन्यत्कामहेतुकम् गीता (१६।८)। जगतः कारणं न किञ्चिदिष्टं धर्माधर्मादिकारणान्तरं विद्यते, जगतः काम एव प्राणिनां कारणमिति लोकायतदृष्टिरियम् (शांकरभाष्य, वही)।

(तुलना—अकामस्य क्रिया काचिद् दृश्यते नेह कर्हिचित् (मनु० २।४); महाभारत, (शान्तिपर्व—२१८।४२)।

५९. षड्दर्शनसमु० का० ४, अनुच्छेद ४४, पृ० ३७।

६०. चित्तविशुद्धिप्रकरण ४२ (आर्यदेवकृत)।

तुलना—धर्माविरुद्धः कामोऽस्मि (गीता—७।११); उत्तर पुराण ५७।६; ७४।२८।

६१. उत्तरा० सू० १३।३१; भगवती आरा० १२६४। मुक्ति में सिद्धिरमणी के साथ आलिंगन का आनन्द बताया गया है।

द्र० उत्तर पु० ५०।६८, आदिपु० ३५।२४१; नियमसार कलश २२४, २२६; ज्ञानार्णव ४।२२; भगवती आरा० १२७०; प्रवचनसार १।६३-६६, कार्तिकेयानुप्रेक्षा ३००; प्रश्न व्याकरण चतुर्थ अध्ययन, उत्त० ३२।१०१; बृ० द्र० संग्रह २४ पर ब्रह्मदेव कृत वृत्ति; समयसार—४।१५०, पंचा० १५१।

परम्परा में निर्वाण को सुखरूप स्वीकार किया है। ये सारी बातें लौकिक काम-भावना के उदात्तीकरण को प्रकट करती हैं।

'काम' से संसार की व्यवस्था संचालित होने की चार्वाकीय मान्यता को जैन व बौद्ध-दोनों ने स्वीकार किया है।[६२] तृष्णा (काम) ही संसार की जड़ है, इसे तोड़ने से ही मुक्ति प्राप्त हो सकती है[६३]—ऐसा प्रतिपादन यत्र-तत्र उपदेश रूप में, इनके शास्त्रों में उपलब्ध होता है। वेद व उपनिषद् में भी 'काम' को सृष्टि का प्रथम तत्त्व बताया गया है[६४] और साथ ही उसे सृष्टि का प्रवर्तक भी।[६५]

जैनों ने मुक्ति के साधनों में भी 'अध्यात्मरति' को विशेष स्थान दिया है।[६६] यह भी एक प्रकार से 'काम' का सांसारिक विषयों की ओर से 'स्व' की तरफ प्रत्यावर्तन ही है। देखा जाय, तो मोक्ष के सारे उपदेश व्यर्थ हो जायें, यदि साधक उस परम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 'कामना' न रखे।

(४) संसार का स्वभावतः संसरण

चार्वाक इस संसार का नियन्ता ईश्वरादिक को नहीं मानते। स्वभावतः ही

---

६२. उत्त० ३२।७-८; मज्झिमनिकाय १।२।३; मोक्ष पा० १०-१५; सुत्त-निपात १७।३; बीजं भवस्य विज्ञानं विषयास्तस्य गोचराः (चतुःशतक—१४।२५); उत्त० सू० ३२।१९।

६३. सुत्तनिपात—६७।३; तं ब्रूमि महापुरिसोति सो इध सिब्बनिमच्चगाति (सुत्तनिपात—५७।३)। द्र० सुत्तनिपात—५६।२; उत्त० सू० ३२।१०८; उत्त० सू० ३२।२, ३२।१९, २८।३६, ७।२५, सुत्तनिपात—६८।५, ३८।६-७, मज्झिमनि० (१।१।९ सम्मादिट्ठिसुत्त)।

६४. कामस्तदग्रे समवर्तताधि (ऋ० १०।२९।४)

६५. सोऽकामयत (बृहदा० उप० १।३।१७); एकाकी न रमते, स द्वितीय-मैच्छत् (बृहदा० उप० १।४।३)।

६६. अप्पा अ पम्मि रओ सम्माइट्ठी होइ फुडु जीवो (भाव० पा० ३१)। द्रष्टव्य—मोक्ष पा० १०४; समाधि श० ४९; समयसार—१२० पर तात्पर्यवृत्ति टीका। प्रशमरति—नित्यतृषितः (प्रशमरति प्र० ३०७)। द्र० समयसार, गा० २०६; मोक्ष पा० गाथा १६, १२, १३, ६९, ८३; भाव पा० गाथा—५६, ८५, ५७, ८७; नियमसार कलश ३८; नियमसार ५०; बृ० द्रव्यसंग्रह ५६; सूत्र पा० १६; प्रवचनसार (३।२१)।

संसार की गतिशीलता बनी रहती है।[६७] विशेषकर, वे स्त्री-पुरुषादिक में विद्यमान 'काम' को परस्पर व्यवहारादि में प्रभावशाली स्वीकार करते हैं।[६८] देखा जाए, तो संसार की उपयोगिता या आवश्यकता उन्हीं लोगों के लिए है जो 'कामना' से बद्ध हैं, निष्काम के लिए संसार की सत्ता समाप्त-प्राय हो जाती है।[६९] जैन व बौद्ध विचारधारा भी तृष्णा, राग, द्वेषादि से संसार की स्थिति का प्रवर्तन मानती है। तृष्णादि ही हमारे कर्म हैं,[७०] जो शुभ-अशुभ रूपता प्राप्त कर शुभाशुभ फल देते हैं। जैसे चार्वाक के मत में भूत चतुष्टय के संघात से प्राणी का निर्माण है, वैसे ही बौद्ध के मत में रूप-विज्ञान में,[७१] तथा जैन मत में जीव-अजीव में[७२] सारे तत्व समाविष्ट हैं, संसार समाविष्ट है। जैन व बौद्ध—दोनों विचारधारा इस संसार को अकर्तृक, अनादि मानती हैं।[७३] सभी द्रव्य स्वभावतः विविध अवस्थाओं को प्राप्त करते रहते हैं, परस्पर उपकारक बनते हुए सृष्टि का नियमन करते रहते हैं—ऐसी जैनों की मान्यता है।[७४] अनेकान्तवादी जैन विचारधारा काल, स्वभाव, नियति, अदृष्ट, आत्मा

---

६७. अपरे लोकायतिकाः स्वभावं जगतः कारणमाहुः।
स्वभावादेव जगद् विचित्रमुत्पद्यते, स्वभावतो विलयं याति।
(भट्टोत्पल, बृहत्संहिता—१।७ की टीका)।

द्र० सर्वदर्शनसंग्रह, पृ० १३; न्याय सू० ४।१।२२; बुद्धचरित ९।५८। ६२; षड्दर्शनसमु० पृ० १९-२०।

६८. गीता १६।८, तथा शांकरभाष्य, वहीं।

६९. ज्ञाते तत्त्वे कः संसारः (शंकराचार्य-कृत मोहमुद्गर-स्तोत्र, १०)।

७०. उत्त० सू० ३२।७; सुत्तनिपात (अजितमाणवपुच्छासुत्त, ५६।२)।
कम्मा विपाका वत्तंति, विपाको कम्मसंभवो।
कम्मा पुनब्भवो होति एवं लोको पवत्तती (विभङ्ग, पृ० ४२६)।

द्रष्टव्य—धम्मपद, जरावग्ग, ११।९ (१५४); मज्झिमनिकायः ३।:।५; चूलकम्मविभंगसुत्त १३५; चतुःशतक १४।२५; सुत्तनिपात—५६।२; सुत्तनिपात ३५।६१; आदि पु० ४।३७; तत्त्वार्थसार ६।३३; भगवती सू० १।६; पंचा० ७३ पर अमृतचन्द्र टीका।

७१. मज्झिमनिकाय १।३।८।

७२. पोग्गलजीवप्पगस्स लोगस्स (प्रवचनसार २।३७); उत्त० सू० ३६। २; भगवती सू० २५।२।१४; पंचास्तिकाय ७६; पंचास्तिकाय; ५।

७३. ज्ञानार्णव ३६।२; त० सू० ५।४, ५।२९; माध्य० का० ११।१।

७४. सव्वदव्वा उप्पज्जंते सहावेण (समयसार—१०।६५)। द्रष्टव्य—भगवती सू० १।६; त० सू० ५।१७-२२; पंचास्तिकाय ६१-६२, पंचा० ६५-६६; कार्तिकेयानु० २०८; रयणसार ३।१२-१३ (८०-८१)। गोम्मटसार कर्मकाण्ड, गाथा—२ तथा उस पर जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका।

इन सब में किसी एक को कार्य में एकान्ततः कारण मानने का निषेध करती है। स्वभाव, कर्म आदि सभी की आपेक्षिक कारणता उसे स्वीकार्य है।[७५]

(५) आत्मा की भौतिकता

चार्वाक भूतचतुष्टय के अतिरिक्त किसी आत्मा की पृथक् सत्ता नहीं मानते। बौद्धों ने मूलतः पंच स्कन्धों से पृथक् आत्मा की सत्ता नहीं स्वीकार की है[७६] (यद्यपि माध्यमिक मत (मा० का० १८.१) में आत्मा की पचस्कन्धरूपता का खण्डन है)।

जैनों के मत में भी व्यवहार रूप में, मूर्त रूप से चलने फिरने वाला प्राणी पुद्गल (पुद्गल-प्रधान) ही है।[७७] जैनों ने आत्मा की पृथक् सत्ता स्वीकारते हुए भी दृष्टिविशेष से उसे भौतिक,[७८] जड़, देहप्रमाण[७९] तथा बौद्धों की तरह 'शून्य'[८०] तक कह दिया है।

आत्मा की देह-प्रमाणता की सिद्धि-हेतु जैन शास्त्र में एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, जो कामभोगी चार्वाक की विचारधारा के निकट है।[८१] मुक्त आत्मा

---

७५. सन्मति० ३।५३।

७६. रूप-वेदना-विज्ञान-संज्ञा-संस्काराः सर्वशरीरिणामेते पञ्च स्कन्धा विद्यन्ते, न पुनरात्मा (सौत्रान्तिक मत, षड्दर्शनसमु०, का० ११, अनु० ९३)।

(तुलना—भूतानि चत्वारो आधारो भूमिः (चैतन्यस्य)—षड्दर्शनसमु० में चार्वाकमत।)

७७. समयसार कलश—४४।

७८. संसार्यात्मनः प्रतिप्रदेशमनन्तानन्तकर्मपरमाणुभिः सह ...कथंचिद् पौद्गलिकत्वाभ्यनुज्ञानाद् (स्याद्वादमंजरी, का० १४)।

द्रष्टव्य—सर्वार्थसिद्धि, २।७; पंचा० २७; समयसार २।१९।

७९. तत्रात्मद्रव्यं स्वदेहप्रमितिमात्रमेव, न व्यापकम्, नापि वटकणिकामात्रम् (प्रमेयरत्नमाला सू० ४।८); पंचास्तिकाय २७ (व्यवहार नय से आत्मा देह-प्रमाण है)।

८०. संकल्पविकल्परहितः शून्यः (समयसार—४१३ पर तात्पर्यवृत्ति)। द्र० पंचास्तिकाय—३७; सिद्धसेन द्वात्रिंशिका, ३।२१; माध्यमिकसूत्र २२।१५। माध्यमिका का० ११।१-२।

(तुलना—प्रपञ्चोपशमं शान्तं....मन्यन्ते स आत्मा विज्ञेयः (माण्डूक्योप० ७)।

८१. सुखमाल्हादनाकारं विज्ञानं मेयबोधनम्।
शक्तिः क्रियानुमेया स्याद् यूनः कान्तासमागमे ॥
(प्रमेयरत्नमाला, सू० ४।७, श्लो० ४१)।

का आकार अपने पूर्वमुक्त शरीर से कुछ छोटा बताया गया है—इस प्रकार जैनों ने (आत्मा की मुक्ति-स्थिति में भी) (अदृश्य आकारवत्ता) सुरक्षित रखी है।[८२]

(६) मोक्षानन्तर संसार का नाश

चार्वाकों ने 'मरणमेवापवर्गः' माना। दूसरे शब्दों में अपवर्ग के बाद पुनः संसार में निवर्तन उन्हें स्वीकार नहीं था। बौद्धों व जैनों के निर्वाण में भी पुनः संसार में आगमन की सम्भावना नहीं है।[८३] बौद्ध मत में स्नेह (तैल) से रहित दीपक की तरह आत्मा निर्वात हो जाता है, शान्त हो जाता है।[८४]

सौत्रान्तिक मत में निर्वाण की स्थिति में सदा के लिए 'विज्ञान' का निरोध हो जाता है।[८५]

जिस प्रकार चार्वाक शरीरपात मात्र को अपवर्ग मानता है, उसी स्वर में बौद्धमत प्रतिपादित हुआ है कि भार-निक्षेप ही मोक्ष है।[८६]

जैन मत में—चार्वाक व बौद्ध दोनों मत नयविशेष हैं। बौद्ध-ऋजुसूत्रनयावलम्बी है, तो चार्वाक व्यवहार-नयावलम्बी। अपने मत में दुराग्रह के कारण ही ये त्याज्य हैं, किन्तु दृष्टि-विशेष के रूप में, अन्य दृष्टियों का विरोध न करते हुए, ये ग्राह्य हैं। इस प्रकार तीनों धर्म व दर्शन परस्पर समन्वित हों तो एक हार की तरह

---

८२. द्रव्यसंग्रह १४; आदिपुराण ४७।३४२ किञ्चिदूनता का कारण शरीरांगोपांगजनित नासिकादि छिद्रों का पूर्ण हो जाना है)।

८३. पदे तु यस्मिन् न जरा, न भीर्न रुग् न जन्म नैवोपरमो न चाधयः।
तमेव मन्ये पुरुषार्थमुत्तमं न विद्यते यत्र पुनः पुनः क्रिया॥
(बुद्धचरित, ११।५९)।

दग्धे बीजे यथाऽत्यन्तं प्रादुर्भवति नांकुरः।
कर्मबीजे तथा दग्धे नारोहति भवांकरः॥

(तत्त्वार्थ सूत्र, भाष्य, १०।७-८) द्र० भाव पा० १२६; तत्त्वार्थसार० ८।७; दशाश्रुतस्कन्ध ५।१२२; प्रवचनसार २।१०१।

८४. दीपो यथा निर्वृतिमभ्युपेतो, नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्।....
तथा कृती निर्वृतिमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्॥
(सौन्दरनन्द, १६।२८-२९)।

(तुलना—त्रिषष्टिशलाका पु० च० २।३।३४२)।

८५. बौद्धधर्म दर्शन—आ० नरेन्द्रदेव, पृ० ३०५।

८६. भारनिक्षेपो मोक्षः (तत्त्वसंग्रहपञ्जिका, आप्तवाद-परीक्षा, ३४९)।

सुशोभित होने की योग्यता रखते हैं।[८७] सम्यग्दृष्टि जैन साधक मिथ्या आगमों (मान्यताओं) को भी, यथोचित निरपेक्ष रूप प्रदान करता हुआ, विधि-निषेध रूप सप्तभंगी के बल पर, उपादेय बना लेता है।[८८] वस्तु के अंशमात्र को ग्रहण कर उसे ही सत्य मानना और अन्य दृष्टियों को असत्य मानना जैन को कभी स्वीकार नहीं। इस दृष्टि से चार्वाक व बौद्ध - दोनों मत 'जैन अनेकान्तवाद' की परिधि में ग्राह्य हो जाते हैं। नास्तिक दर्शन के प्रति भी जैनों का मध्यस्थता[८९] का भाव इसी परस्पर-समन्वय-भावना का संकेतक है।

इस प्रकार, श्रमण-परम्परा एक तरफ प्रमुख नास्तिक दर्शन 'चार्वाक दर्शन' की परम्परा से अपना सम्बन्ध बनाए हुए है, तो दूसरी तरफ आस्तिक परम्परा के दर्शन से भी आदान-प्रदान करती हुई सतत प्रवहमान रही है। वस्तुतः आस्तिक व नास्तिक परम्परा की संगम-स्थली श्रमण-परम्परा है, जहाँ सर्वसाधारण जनता निमज्जन कर चित्त-शुद्धि कर सकती है।

---

८७. तर्कभाषा (जैन), २ परिच्छेद (नयाभासनिरूपण)—(अपारमार्थिक-द्रव्यपर्याय-विभागाभिप्रायो व्यवहाराभासः, यथा चार्वाक-दर्शनम्। द्रष्टव्य—सन्मति ३-४७; आप्तमीमांसा का० १०८; तु० कार्तिकेयानु०, २६६; स्याद्वादमंजरी का० २८ बौद्ध अनाग्रही दृष्टि सुत्तनिपात, ४।८३।१-३ में प्रतिपादित है।

८८. मूलाचार— ६७-६८, (द्र० जै० सि०, कोष, भा० २, पृ० २६५)।

८९. ज्ञानार्णव—१२७३।

बौद्धों ने भी उदारता का भाव प्रकट किया है—(चतुःशतक—१२।२५, ३००)।

द्रष्टव्य—सुत्तनिपात ३।२९।२,३; २।२५।१३; ४।४१।१; ४।४७।१२; ४।४९।२; ४।५०।१—१७, ४।५०। १७; ५।५१।१८; धम्मपद (सुखवग्ग—१९७)।

ब्रह्मोपलब्धि के परिप्रेक्ष्य में राग एवं इच्छा का स्वरूप*

अर्चना चतुर्वेदी

इलाहाबाद

The *desire* for knowledge of brahma is different from *rāga* which is the desire for material bliss. *Brahma* is *ānanda* but this *ānanda* element is not a barrier but instrumental (*sādhaka*) in attaining *mokṣa*. The goal of a *mumukṣu* is not *ānanda* but realisation. *Rāga* results in attachment and *desire,* which in turn cause the cycle of birth and death, whereas the *desire* for truth-realisation, being *sāttvika* in nature, results in the attachment for knowledge which makes one attain *mokṣa*.

भारतीय दर्शन के अन्तर्गत अद्वैत-वेदान्त में सम्पूर्ण सृष्टि का मूल कारण, एकमात्र तात्त्विक पदार्थ 'ब्रह्म' स्वीकार किया गया है, जो आनन्दरूप है। उपनिषदों में 'आनन्दं ब्रह्म',[1] 'एषोऽस्य परमानन्दः'[2] इत्यादि श्रुतियाँ उपलब्ध होती हैं जो ब्रह्म के 'आनन्दरूप'की पुष्टि करती हैं। आनन्दरूप उस परब्रह्म की उपलब्धि के प्रति सभी की अभिलाषा या इच्छा सहज ही उत्पन्न होती है और यही इच्छा मोक्ष अथवा ब्रह्मसाक्षात्कार का कारण बनती है। स्मरणीय है कि वेदान्त-दर्शन की मान्यता के अनुसार सच्चिदानन्दघनस्वरूप उस परमात्मा अथवा परब्रह्म का साक्षात्कार ही मोक्ष का स्वरूप है, इस प्रकार 'परमात्मा को प्राप्त होना अव्ययत्व को प्राप्त होना, तथा परमानन्द को प्राप्त होना, आदि ये सभी मोक्ष के पर्यायवाची शब्द हैं।

किन्तु यहाँ जिज्ञासा होती है कि क्या ब्रह्मसाक्षात्कार-विषयक वह इच्छा आनन्दरूप ब्रह्म के प्रति राग होने से होती है अथवा अन्यथा होती है? क्योंकि लोक

---

*. अखिल भारतीय प्राच्चविद्या सम्मेलन के ३१वें अधिवेशन में, धर्मदर्शन विभाग के अन्तर्गत, दिनांक ३१. १०. ८२ को प्रस्तुत।

१. बृहदा० उप० ३।९।२८

२. बृहदा० उप० ४।३।३२

में सुख के प्रति व्यक्ति का सहज ही राग देखा जाता है और 'आनन्द' शब्द सुख का वाचक है, अतः आनन्दात्मक ब्रह्मज्ञान के प्रति होने वाली मुमुक्षओं की प्रवृत्ति भी राग युक्त ही होगी। राग के कारण होने वाली प्रवृत्ति संसार का मूल कारण है, अतः ऐसी प्रवृत्ति से मोक्ष होना सम्भव नहीं। 'योग-दर्शन' में भी 'राग' को एक प्रकार का क्लेश[३] माना गया है जो सुख का अनुवर्ती होता है। योगसूत्र २।२७ में कहा गया है 'सुखानुशयी रागः', अतः क्लेशमूलक प्रवृत्ति मोक्ष का साधन नहीं बन सकती। इसके अतिरिक्त, आनन्द के प्रति राग होने के कारण प्रवृत्त होने वाला मनुष्य शान्त भी नहीं हो सकता, क्योंकि जब तक राग की निवृत्ति न हो जाय तब तक शमादि की प्राप्ति नहीं हो सकती और शास्त्रों में शमदमादि से युक्त पुरुष का ही आत्मदर्शन में अधिकार कहा गया है।[४] अतएव समस्त दुःखों से रहित ब्रह्मतत्त्व में प्रवृत्त होने वाला वही पुरुष मुक्त हो सकता है, जिसको सांसारिक दुःखों से उद्विग्न होने पर भी सुख के प्रति कोई राग न हो। इस प्रकार, ब्रह्म का आनन्दरूप होना ग्राह्य नहीं। और यदि मान भी लें तब भी, ब्रह्मज्ञानमूलक प्रवृत्ति से मोक्ष सम्भव नहीं, अतः तद्विषयक समस्त प्रयत्न निरर्थक हैं, ऐसा मानना होगा।

प्रस्तुत शङ्का विचारणीय है। वस्तुतः क्या यही स्थिति है? तब तो वेदान्त सम्बन्धी समस्त शास्त्र तथा श्रुतिवाक्य इत्यादि सभी आधार निरर्थक हो जायेंगे। परन्तु यदि सूक्ष्म दृष्टि से विचार किया जाय, और शास्त्रों में प्रतिपादित 'आनन्दं ब्रह्म' का आलोड़न किया जाय—तो सहज ही शास्त्रों की सार्थकता सिद्ध हो जाती है, क्योंकि उपर्युक्त वस्तुस्थिति यथार्थ नहीं है।

उपर्युक्त शङ्का पर विचार करते समय हमारे लिए यह जान लेना अत्यन्त अनिवार्य है कि इच्छा एवं राग का स्वरूप क्या है? वे दोनों परस्पर भिन्न हैं अथवा अभिन्न? वस्तुतः इन प्रश्नों के उत्तर में ही इस शङ्का का समाधान भी निहित है, क्योंकि किसी भी वस्तु के स्वरूप का निश्चय होते ही तद्‌विषयक समस्त भ्रान्तियाँ स्वतः ही निर्मूल हो जाती हैं।

इस सन्दर्भ में हमें सर्वप्रथम इच्छा तथा राग के मूल कारण को जान लेना चाहिए इस प्रकार कारणभेद से स्वतः ही वस्तुभेद सिद्ध हो जायगा। स्मरणीय है कि प्रकृति से उत्पन्न सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण, ये तीनों ही अविनाशी आत्मा को शरीर में बाँधते हैं, और इन्हीं तीनों गुणों में से जब जिस गुण की अधिकता होती हैं—प्राणी की मानसिक एवं शारीरिक प्रवृत्ति भी तद्रूप ही हो जाती है। क्योंकि सत्त्व, रजस् एवं तमस् के बंधन अपने अपने गुणों के अनुसार अलग-अलग प्रकार के

---

३. 'अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः।' यो० सू० २।३

४. 'शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वात्मन्येवात्मानं पश्यति' बृहदा० उप० ४/४।२३

होते हैं। जब प्राणी में रजोगुण की प्रधानता होती है तो वह सांसारिक सुखोपभोग, इन्द्रिय-सुख तथा विभिन्न सांसारिक कामों को करके, उनसे सुख प्राप्त करने की लालसा में रहता है, क्योंकि रजोगुण कामना तथा तृष्णा से उत्पन्न है, अतः वह जीवात्मा को कामसे और उसके फलों से बाँधता है। किन्तु जब सत्त्वगुण की अधिकता होती है तो वह स्वयं विकार रहित एवं निर्मल होने के कारण प्राणी को सुख एवं ज्ञान की आसक्ति से बाँधता है।[५] उस ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है, जब कि राग के बन्धन से बँधा प्राणी अनादि काल तक 'पुनरपि जननं पुनरपि मरणम्' अर्थात् जन्म-मरण के चक्र में फँसा रहता है। अतः वह, सत्त्वगुण मूलक आसक्ति, सुख के प्रति होने पर भी राग नहीं कही जा सकती।

इस प्रकार, आधार-भेद से इतना तो निश्चित हो ही जाता है कि इच्छा और राग दोनों परस्पर नितान्त भिन्न हैं। अब इनके स्वरूप पर विचार करें तो सर्वप्रथम हमारा ध्यान, महान् दार्शनिक, एवं अद्वैत वेदान्त के प्रकाण्ड विद्वान् आचार्य मण्डनमिश्र कृत 'ब्रह्मसिद्धि' ग्रन्थ की ओर आकृष्ट होता है जिसमें उन्होंने स्पष्ट शब्दों में इच्छा तथा राग का भेद स्वीकार किया है। ग्रन्थकार के अनुसार यद्यपि राग भी एक प्रकार की इच्छा ही है तथापि प्रत्येक इच्छा राग नहीं कही जा सकती। इस प्रसंग में उन्होंने दो प्रकार की इच्छाओं की ओर संकेत किया है[६] अर्थात्

१. अयथार्थ विषयों के प्रति, अर्थात् सांसारिक विषयों के प्रति होने वाली इच्छा (राग) तथा

२. यथार्थ विषय अर्थात् ब्रह्मज्ञान (तत्त्वज्ञान) के लिए होने वाली इच्छा।

मण्डन मिश्र जी के अनुसार आनन्दरूप ब्रह्म के प्रति होने वाली मुमुक्षुओं की प्रवृत्ति को रागात्मक मानना पूर्णतः अनुचित है, क्योंकि वह प्रवृत्ति 'आनन्द' के प्रति राग होने से नहीं होती अपितु तत्त्वदर्शन की इच्छा के कारण होती है और इच्छा मात्र को ही राग नहीं कह सकते। अपितु अविद्या के द्वारा प्राप्त अयथार्थ विषय के प्रति आग्रह अर्थात् अभिनिवेश को ही राग कहते हैं। इस प्रकार, संशय, विपर्ययादि मल रहित चित्त में, आनन्दात्मक ब्रह्म के प्रति जो तत्त्वदर्शन की अभिलाषा होती है उसकी, राग के पक्ष में व्यवस्था नहीं की जा सकती अर्थात् उस प्रकार की इच्छा को राग नहीं कह सकते। और इसी कारण तत्त्वदर्शन की इच्छा से होने वाली प्रवृत्ति को भी रागात्मक नहीं कहा जा सकता। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार संसार की असारता को समझ लेने पर, उससे उत्पन्न होने वाला संसार के प्रति उद्वेग, द्वेष की

---

५. द्रष्टव्य—श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय १४ वाँ।

६. ब्रह्मसिद्धि, ब्रह्मकाण्ड पृ० ३, 'न च रागनिबन्धना तत्र प्रवृत्तिः। हीच्छामात्रं रागः। अविद्याक्षिप्तमभूतगुणाभिनिवेशं रागमाचक्षते'।

कोटि में नहीं आता, अन्यथा जहाँ समस्त दुःखों का अतिक्रमण हो जाता है, ऐसे ब्रह्मतत्त्व में, मुमुक्ष की द्वेष-मूलक प्रवृत्ति होने से मुक्ति सम्भव नहीं होगी अपितु संसार-बंधन चलता रहेगा, उसी प्रकार राग और इच्छा के परस्पर भेद के विषय में भी समझना चाहिए।

आचार्य शङ्खपाणि के अनुसार असत्य में सत्य का तथा अनात्मा में आत्मा का अध्यारोप करना ही अविद्या है और इसी अविद्या के द्वारा लोक में प्राप्त रूप-रसादि अयथार्थ गुणों के प्रति होने वाले अभिनिवेश को राग कहा जाता है, किन्तु तपस्वी की 'तप' के प्रति होने वाली इच्छा को राग नहीं कहा जा सकता।[७] इसी मत का समर्थन आनन्दपूर्ण मुनि ने भी किया है—उनके शब्दों में—'परमानन्देच्छा तु न रागः, किंतु श्रद्धा, सर्वथा वैपरीत्यात्।'[८]

इस सन्दर्भ में, 'राग' के स्वरूप विषयक कुछ अन्य आचार्यों के मत भी उल्लेखनीय हैं, जिनके अनुसार भी राग का स्वरूप लगभग उपर्युक्त प्रकार जैसा ही है। भगवद्गीता के व्याख्याकार मधुसूदन सरस्वती के अनुसार विषयों के प्रति रंजनात्मक चित्तवृत्तिविशेष का नाम राग है।[९] आनन्दगिरि के अनुसार यह अनुभूत विषयों के प्रति रंजनात्मक तृष्णा का एक प्रकार विशेष है।[१०] सांख्य में इसे महामोह कहते हुए इसके दस प्रकार माने हैं।[११]

इस प्रसंग में यहाँ, यदि भारतीय दर्शन की सारभूत एवं साक्षात् भगवान् की दिव्यवाणी स्वरूप श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख न किया गया तो बात अधूरी रह जायेगी। इस ग्रन्थ में राग और इच्छा के द्वैविध्य का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन एवं उनके कारणभूत त्रिविध गुणों का बृहद् विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ के चौदहवें अध्याय के छठवें एवं सातवें श्लोक में क्रमशः इच्छा एवं राग के स्वरूप का वर्णन है। इसके अनुसार राग मनोगत रजोगुण का कार्यविशेष है, अतः उसका स्थूल रूप है। इस राग के कारण ही आसक्ति और तृष्णा उत्पन्न होती है। इसके विपरीत, दूसरे प्रकार की इच्छा अर्थात् तत्त्वदर्शन की अभिलाषा सत्त्वगुणवृद्धिमूलिका होती है। इस प्रकार की इच्छा मोक्ष की प्राप्ति के लिए होती है। और यह चित्त में तब उत्पन्न होती है

---

७. द्रष्टव्य—ब्रह्मसिद्धि, ब्रह्मकाण्ड शङ्खपाणि टीका पृ० ।। (न हि तपस्वी....)

८. द्रष्टव्य—ब्रह्मसिद्धि व्याख्या, 'भावशुद्धि' पृ० २५।

९. 'रागो विषयेषु रंजनात्मकश्चित्तवृत्तिविशेषोऽत्यन्ताभिनिवेशरूपः'। गीता, मधुसूदनी टीका २.५८।

१०. 'अनुभूताभिनिवेशे विषयेषु रंजनात्मकस्तृष्णा भेदविशेषः'। गीता २।५६ आनन्दगिरिभाष्य विवेचन।

११. 'शब्दादिषु पंचसु दिव्यादिव्यतया दशविधेषु रागः आसक्तिः महामोहः। स च दशविधविषयत्वाद् दशविधः'—सांख्यतत्त्वकौमुदी, पृ० १८३।

जब चित्त श्रवण-मनन-निदिध्यासनादि के द्वारा संशय-विपर्यय आदि चित्त के मलों से रहित हो कर शुद्ध एवं निर्मल हो जाता है। वस्तुतः जब सत्त्वगुण बढ़ता है तब मनुष्य के मन की चञ्चलता अपने आप ही नष्ट हो जाती है और वह संसार से विरक्त और उपरत हो कर सच्चिदानन्दघन परमात्मा के ध्यान में मग्न हो जाता है। इस प्रकार अन्तःकरण और इन्द्रियों में प्रकाश की वृद्धि होती है एवं दुःख, विक्षेप, दुर्गुण और दुराचारों का नाश हो कर शान्ति की प्राप्ति होती है।

इस सन्दर्भ में स्मरणीय है कि महर्षि पतञ्जलि के सूत्र 'सुखानुशयी रागः'[१२] की व्याख्या करते समय भाष्यकार महर्षि व्यास ने राग का स्वरूप बताते हुए कहा है कि सुख के अनुभविता को सुखानुभव की स्मृतिपूर्वक सुख या सुख के साधनभूत पदार्थ के प्रति जो चाह या लालच होता है वह राग है।[१३] इस प्रकार उन्होंने राग के लिए 'सुखानुभव की स्मृति' को प्रमुख कारण माना है। किन्तु तत्त्वदर्शन के लिए होने वाली इच्छा में इस प्रकार के कारण की अपेक्षा नहीं होती; वह तो जिज्ञासा-प्रधान होती है। अर्थात् इस प्रकार की इच्छा में किसी अज्ञात को जानने की और अप्राप्त को प्राप्त करने की अभिलाषा होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो 'राग' अनुभूत पदार्थ विषयक होता है जब कि (तत्त्वदर्शन की) इच्छा अननुभूत पदार्थ विषयक होती है, अर्थात् जिज्ञासु के लिए तो 'ब्रह्म' लगभग अज्ञात सा ही होता है, क्यों कि उसका पूर्व में कभी साक्षात्कार तो हुआ नहीं रहता जो उसे पुनः प्राप्त करने का लोभ या लालच मुमुक्षु के चित्त में हो! अस्तु, निष्कर्षतः यही सिद्ध होता है कि 'राग' और तत्त्वदर्शन की इच्छा में पर्याप्त अन्तर है अतः ब्रह्म को आनन्दस्वरूप मानने पर भी कोई दोष नहीं आता, साथ ही ब्रह्मसाक्षात्कार की इच्छा को रागात्मक भी नहीं कहा जा सकता।

इस प्रसंग में स्मरणीय है, कि वस्तुतः ब्रह्म के आनन्द और सांसारिक 'सुख' अथवा लौकिक 'सुख' में पर्याप्त अन्तर है, किसी भी प्रकार से दोनों एक नहीं, और न ही लौकिक 'सुख' का वाचक 'आनन्द' शब्द है। 'आनन्द' की समालोचना करते समय सांसारिक सुख का उल्लेख केवल लौकिक दृष्टान्त के द्वारा समझाने की दृष्टि से किया जाता है—अतः एतद्विषयक कोई भ्रान्ति नहीं होनी चाहिए। सांसारिक सुख से अत्यधिक उत्कृष्ट ब्रह्म का आनन्द है, वह निरतिशय है किन्तु लौकिक आनन्द या सुख सातिशय होता है। वह परमानन्द, सुख की पराकाष्ठा है, और इस प्रकार वह लौकिक आनन्द से कई गुना अधिक है। यह निराधार कथन नहीं, अपितु शास्त्रों में इस प्रकार का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। तैत्तिरीयोपनिषद् में कहा गया है कि लौकिक पुरुष के आनन्द से लेकर इन्द्र, बृहस्पति, एवं प्रजापति पर्यन्त सभी के

---

१२. योगसूत्र साधनपाद सूत्र–७
१३. योगसूत्रभाष्य-साधनपाद सूत्र-७

आनन्द से बढ़ कर ब्रह्म का आनन्द है।[१४] इस प्रकार लौकिक आनन्द एवं ब्रह्म के आनन्द में पर्याप्त अन्तर सिद्ध हो जाने पर लौकिक इच्छा (राग) एवं तत्त्वदर्शन की इच्छा में भी भेद मानना ही होगा, क्योंकि दोनों के विषय भिन्न हैं।

इस क्रम में, जो पूर्व में यह कहा गया कि ब्रह्म को आनन्दरूप मानने पर तो 'शान्तो दान्तः' इत्यादि श्रुति से भी विरोध होगा तो ऐसा कहना नितान्त हास्यास्पद है। ज्ञातव्य है कि उपर्युक्त श्रुति के द्वारा केवल सांसारिक सुख के प्रति होने वाले राग का ही निषेध कहा गया है—ब्रह्मज्ञान के प्रति होने वाली इच्छा अथवा राग (आसक्ति) का नहीं। वस्तुतः जो व्यक्ति उपनिषदादि प्रमाणान्तर से परम उत्कृष्ट सुख को जान चुका होता है तथा उसको प्राप्त करने का इच्छुक होता है—ऐसे मुमुक्षु को ही मोक्ष के उपाय स्वरूप इन्द्रिय-जय आदि का उपदेश 'शान्तोदान्तः' श्रुति के द्वारा किया गया है। स्मरणीय है कि ब्रह्मविद्या में अधिकार प्राप्त करने के लिए साधनचतुष्टयसम्पन्नता अत्यन्त अनिवार्य योग्यता कही गई है[१५] और यह साधन चतुष्टयसम्पन्नता अन्तःकरण की निर्मलता से प्राप्त होती है अतः शुद्धचित्त वाला व्यक्ति ही मोक्ष का अधिकारी कहा गया है। किन्तु यदि उक्त श्रुति से समस्त प्रकार की इच्छाओं का निषेध मानेंगे, तब तो ब्रह्मरूप परम सुख के प्रति होने वाली इच्छा का भी निषेध हो जायगा—और तब, उस स्थिति में मोक्ष की प्राप्ति ही सम्भव नहीं होगी तथा तद्विषयक समस्त उपदेश व्यर्थ हो जायेंगे। अतएव यही स्वीकार करना चाहिए कि ब्रह्मज्ञान विषयक इच्छा राग नहीं है और यदि है भी तो लौकिक राग से उसकी भिन्नता होने के कारण, शमदमादि विषयक श्रुति से उसका कोई विरोध नहीं है।

इस प्रकार उपर्युक्त विचार-विमर्श के आधार पर हम निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि मोक्ष के सन्दर्भ में ब्रह्म की आनन्दात्मकता किसी भी प्रकार से बाधक नहीं है, अपितु वह स्वयं ही मोक्ष का स्वरूप है। मोक्ष रूप में सिद्ध होने के कारण तद्विषयक इच्छा को रागात्मक भी नहीं कहा जा सकता, अन्यथा अव्यवस्था हो जायगी। इस प्रकार तत्त्वदर्शन की जिज्ञासा युक्त 'इच्छा' राग से सर्वथा भिन्न है एवं उसका पर्यवसान मोक्ष में ही है—यह निर्विवाद सत्य है। लोक में प्रयोग किया जाने वाला 'इच्छा' शब्द सम्भवतः राग का पर्याय कहा जा सकता है, क्योंकि लोक में हम देखते हैं कि इच्छा सुखपूर्वक होती है, अर्थात् जिस वस्तु से एक बार सुख का अनुभव हो चुका रहता है उसी के प्रति पुनः इच्छा होती है। परन्तु तत्त्वदर्शन की इच्छा इस कोटि में नहीं आती।

---

१४. तैत्तिरीयोपनिषद् —२।८।१-४.

१५. द्रष्टव्य वेदान्तसार, खण्ड ५, सूत्र ५.

एकाङ्की : नवमूल्याङ्कन

अभयमित्र

इलाहाबाद

The author in this paper has dealt with the basic elements of *Ekānkī* nāṭaka, the characteristics of modern *Ekānkī*, objections against Saṃskrit *Ekānkī* (rather Nāṭyasāhitya), essentials of successful *Ekānkī* and the *avyāptidoṣa* in its West-oriented definition.

एकांकी नाटकों के उद्‌भव एवं विकास के सम्बन्ध में हमें दो मत देखने को मिलते हैं। प्रथम यह कि एकांकी इस विधा का उद्‌भव और विकास पाश्चात्य, विशेषकर अंग्रेजी साहित्य से प्रारम्भ हुआ और संस्कृत के पास कोई एकांकी परम्परा नहीं है। दूसरा मत यह है कि संस्कृत के पास परम्परा अवश्य है और भारतेन्दु, राधाचरण गोस्वामी, प्रेमघन, बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र, काशीनाथ खत्री, किशोरीलाल प्रभृति पर उसका प्रभाव भी है किन्तु आधुनिक एकांकी संस्कृत तथा भारतेन्दु प्रभृति की परम्परा का कदापि ऋणी नहीं है।

प्रथम मत के सन्दर्भ में यह कहना ही पर्याप्त है कि किसी वस्तु के ज्ञान का न होना उस वस्तु के अभाव का द्योतक कदापि नहीं हो सकता। दूसरा मत इस दृष्टि से विवेच्य है कि वह आधुनिक एकांकी को प्राचीन एकांकी विधा से पृथक् मानता है। जिसके सन्दर्भ में यह कहना अपर्याप्त होगा कि रूप-रंग परिवर्तित हो जाने से प्रकृति अर्थात् मूल भी परिवर्तित नहीं हो जाता। अर्थात् एकांकी का मूल तत्त्व है कथा की संक्षिप्तता, उसको एक अंक में समाप्ति की सम्भावना, अतः संस्कृत के एकांकी भी एकांकी तो हैं ही। अब यह देखना आवश्यक हो जाता है कि वे तत्त्व कौन से हैं जिनके कारण अनेक संस्कृत एवं उससे प्रभावित भारतेन्दुयुगीन नाटकों को आधुनिक एकांकी का मूल मानने के सिद्धान्त को अस्वीकार किया जाता है, यहाँ तक कि उन्हें उसका सगोत्रीय भी नहीं माना जाता।

यहीं से इस विषय के दो पक्ष हो जाते हैं। प्रथम पक्ष के आधार पर संस्कृत के एकांकी रूपकों पर अनेक आरोप हैं। ये आरोप हैं 'उनमें निर्देशनों का अभाव

अथवा उसका संक्षिप्त होना, नान्दी पाठ, मंगलाचरण, प्रस्तावना, नट-नटी, सूत्रधार एवं स्वगत कथनों का अनावश्यक प्रयोग, नायक-नायिका, कथावस्तु एवं रसों का बन्धन, सामाजिक जीवन से उनका परे होना तथा उनका अयथार्थवादी एवं अमनोवैज्ञानिक होना।' दूसरा पक्ष है आधुनिक एकांकियों में इन दोषों का अभाव तथा रंगनिर्देश का स्पष्ट एवं विस्तृत होना, क्रियाक्षिप्रता, गतिशीलता, संकलनत्रय का निर्वाह संवादों की चुस्ती उद्देश्य का स्पष्ट होना तथा सांकेतिकता की व्यापकता।

एक मौलिक प्रश्न यह उठता है कि एकांकी का लक्षण क्या है? आधुनिक एकांकी के सम्बन्ध में जो गुण ऊपर दिए गए हैं वे किसी एकांकी के ही लक्षण क्यों हैं? क्या ये किसी सम्पूर्ण नाटक के गुण नहीं हो सकते और क्या इनके अभाव में एक-डेढ़ घण्टे में समाप्त होने वाले किसी ऐसे एकांकी को एकांकी नहीं माना जा सकता जिसमें ये गुण न हों। संस्कृत साहित्य में अब भी कुछ एकांकी ऐसे हैं जिनकी मंचावतारणा आज भी उतनी ही सशक्त हो सकती है जितनी किसी आधुनिक एकांकी की। अस्तु, इस विवाद को उठाने के पूर्व यह आवश्यक है कि हम देखें कि आधुनिक एकांकी के प्रखर समर्थक किस ढंग से सोचते हैं। इस विषय पर देखें तो एक तथ्य यह स्पष्ट हो जाता है कि ये (आलोचक) एकांकी के प्रयोग पक्ष पर जितना बल देते हैं उसके शास्त्रीय स्वरूप से उतने ही अपरिचित हैं। एक आलोचक एवं नाटककार का मत है कि सफल एकांकी में रंग-संकेत स्पष्ट, कार्यगति क्षिप्र, अभिनय सुन्दर, सम्वाद चुस्त एवं चुटीले, चरित्र-चित्रण यथार्थ तथा मनोवैज्ञानिक, और अवसर के अनुरूप प्रकाश एवं छाया का प्रयोग होना चाहिए।' पर क्या किसी सम्पूर्ण नाटक (अनेकांकी) के लिए इनकी आवश्यकता नहीं है? वस्तुतः किसी भी नाटक की सफलता के लिए इनकी अनिवार्यता है और इनमें से अनेक बातों का सम्बन्ध इनकी मंचावतारणा से है, प्रयोग से है और नाटककार को उससे कुछ भी लेना-देना नहीं है। उदाहरण के लिए प्रकाश एवं छाया का प्रयोग। भला नाटककार इसके लिए क्या कर सकता है और यदि कालान्तर में इसके स्थान पर नया प्रयोग आरम्भ हो जाय तो क्या इस आधार पर आधुनिक नाटकों को उनके विकास क्रम की एक कड़ी, नहीं माना जाएगा। अभिनय की सुन्दरता के सन्दर्भ में भी यही प्रश्न उठता है। कुछ लोग यहाँ तक कहते देखे जाते हैं कि 'रंगमंच के अनुरूप कथावस्तु का चयन किया जाए।' भला नाटककार यह बन्धन क्यों स्वीकार करे। सफल नाटककार तो वह होगा जिसके नाटक किंचित् परिवर्तन-परिवर्धन के साथ किसी भी स्टेज पर किसी भी परिस्थिति और काल में प्रस्तुत किए जा सकें।

इस दृष्टि से, संस्कृत नाटकों के उन तत्वों पर भी विचार करना अनुचित न होगा जिन्हें अनावश्यक माना गया है। इनमें सर्वप्रथम नान्दी पाठ और प्रस्तावना को लें! आलोचना की दृष्टि से किसी भी प्राचीन साहित्य, कृति अथवा साहित्यकार का

मूल्यांकन करते समय हमें तात्कालिक परम्पराओं को नहीं भूलना चाहिए अन्यथा अतीत झूठा हो जाता है। अतः नान्दीपाठ को संस्कृत की उस परम्परा के परिप्रेक्ष्य में ही देखना होगा जहाँ 'श्रीगणेश' यह मंगलवाचक पद स्वयं किसी कार्य के आरम्भ का पर्याय रहा हो और जहाँ नाट्यशास्त्र को पंचमवेद तथा नाट्यक्रिया को यज्ञ का पर्याय माना जाता रहा हो। यह परम्परा भारतीय लोकमानस के ही अनुकूल नहीं रही है अपितु ऐसे ही पूजा-उपचार के आयोजन डायोनिशस के देश में भी होते रहे हैं।[1] रंगमंच की इस महती विशेषता को लेकर ही भरतमुनि ने पूर्वरंग का विधान किया है जो अत्यन्त विस्तृत है। वस्तुतः नान्दी उसी का भाग है। यह परम्परा क्षीण होते-होते मात्र एक दो श्लोकों में सीमित हो गयी फिर भी इसके संक्षिप्त तथा विस्तृत दोनों ही रूपों के संकेत नाट्यशास्त्र में मिलते हैं।[2] क्या यह परिष्कार में स्वतः क्रांतिकारी नहीं था। भास की परम्परा तो 'नान्द्यन्ते' से ही आरम्भ होती देखी जाती है अर्थात् उस परम्परा ने आज से सैकड़ों (सम्भवतः २०००) वर्ष पूर्व ही नान्दी को नाटक के भाग के रूप में अस्वीकृत कर दिया था। फिर भी 'नान्द्यन्ते' से जो ध्वनित होता है उसे पवित्र परम्परा के रूप में ही देखना उचित होगा। आज भी किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आरम्भ में ऐसा होता हुआ देखा जाता है। अत नान्दी जिसे—'रङ्गविघ्नोपशान्ति'[3] के प्रयोजन से आयोजित किया जाता था, आज भी विद्यमान है। नान्दी का जो स्वरूप था, नाटककारों ने उसे भी नाटकीयता के साथ आयोजित किया और हम पाते हैं मंगल भावना के साथ ही उसके माध्यम से नाट्यवस्तु को भी संकेतित किया जाता रहा है। यह संकेत प्रायः अनेकार्थक नान्दी पदों द्वारा होते रहे हैं।[4] किन्तु उनका विस्तार कभी भी अपेक्षित नहीं था। अतः नान्दी के तुरन्त बाद 'अलमतिप्रसङ्गेन' अथवा 'अलमतिविस्तरेण जैसे कथनों की नाटकीयता भी दृष्टि-सापेक्ष है। एकांकी रूपकों के प्रसंग में यह उक्ति और भी सार्थक रही है। नान्दी नाटक का ही भाग है अथवा नहीं यह विवाद बहुत पुराना है और सम्भवतः उतना ही पुराना जितना

---

१. देखें, शेल्डानचेनी का रंगमंच (अनु० श्रीकृष्णदास), पृ० ४८।

२. संस्कृत नाटक, कीथ (अनुवाद० डा० उदयभानु सिंह) पृ० ३६५।

३. (क) आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥ सा० द० ६।२४।

(ख) देवतादिनमस्कारमङ्गलारम्भपाठकः।
या क्रिया नन्द्यते नाट्यारम्भे नान्दीति सा स्मृता ॥

भावप्रकाशन, अधि ७।

४ नागानन्द में बुद्ध की स्तुति, प्रबन्धचन्द्रोदय तथा मोहराजपराजय में क्रमशः ब्रह्म एवं तीर्थंकरों की स्तुति की गयी है तथा मुद्राराक्षस में चाणक्य की कूटनीति के संकेत ग्रहण किए गए हैं।

पुराना नाट्यशास्त्र है। भास के नाटकों के अतिरिक्त अन्यत्र भी ऐसे प्रमाण मिल जाते हैं जहाँ नान्दी को नाट्यबाह्य रूप में रखा गया है यहाँ तक कि सम्प्रदाय ऐसा भी रहा है जो मानता है कि नान्दी की रचना नाटककार नहीं अपितु सूत्रधार द्वारा होती थी।[५] अतः यह स्पष्ट है कि नान्दी को नाटक से सम्बद्ध करने के सम्बन्ध में वैकल्पिक स्थिति है और इस आधार पर नान्दी की आलोचना अधिक सार्थक नहीं है।

प्रस्तावना के सम्बन्ध में यह कहना अनुचित न होगा कि उसकी आलोचना केवल आलोचना के दुरुद्देश्य से प्रेरित है। हम आज भी किसी न किसी रूप में प्रस्तावना को नाटक की अनिवार्य योजना के रूप में प्रस्तुत किया जाता हुआ पाते हैं। जैसा कि प्रस्तावना के सम्बन्ध में प्राचीन आचार्यों ने माना है, वह नाट्यवस्तु के पूर्व संकेत के रूप में प्रस्तुत की जाती थी। दशरूपककार का कहना है —

पूर्वरङ्गं विधायादौ सूत्रधारे विनिर्गते।
प्रविश्य तद्वदपरः काव्यमास्थापयेन्नटः॥
दिव्यमर्त्ये स तद्रूपो मिश्रमन्यतस्तयोः।
सूचयेद् वस्तु बीजं वा मुखं पात्रमथापि वा॥—द० रू० ३।२-३।

इसकी वृत्ति में आगे कहा गया है "तं (पूर्वरङ्गं) विधाय विनिर्गते प्रथमं सूत्रधारे तद्वदेव वैष्णवस्थानकादिना प्रविश्यान्यो नटः काव्यार्थं स्थापयेत्। स च काव्यार्थस्थापनात् सूचनात् स्थापक।" इससे स्पष्ट हो जाता है कि पूर्वरङ्ग स्थापना से पूर्व तो होता ही है, नान्दी का उल्लेख यहाँ न होने से वह (नान्दी) पूर्वरङ्ग का भाग है तथा वह नाटक का भाग नहीं है यह भी स्पष्ट हो जाता है। क्योंकि उसके पश्चात् ही नाट्यवस्तु का संकेत एवं उसकी स्थापना करने से उसके स्थापक नट को जो सूत्रधार का समरूप होता है, स्थापक कहा गया है। साहित्यदर्पणकार ने भी इसी तथ्य का समर्थन किया है।[६] प्रस्तावना अथवा स्थापक के सम्बन्ध में भरतमुनि ने विस्तार से बताया है।[७] वे 'सूत्रधारगुणाकृति' नट के प्रवेश से इसका आरम्भ मानते हैं जो पूर्वरङ्ग के प्रयोग के पश्चात् आयोजित हुआ करता है।

'प्रसाद्य रङ्गं, विधिवत् कवेर्नामानुकीर्तयेत्।
प्रस्तावनां ततः कुर्यात् काव्यप्रख्यापनाश्रयम्॥'

---

५. द्रष्टव्य: 'यत्र तु कविकृता नान्दी न दृश्यते..........।' नाट्यदर्पण, चतुर्थ विवेक

६. सा० द० ६।२६-२७

७. भरत० ५।१६३-१७०

'रंङ्गं प्रसाद्य' से यहाँ तात्पर्य यह है कि रङ्गदर्शक विद्वज्जनों को प्रसन्न करके वह नट नाट्य-वस्तुरूपी काव्य कथा की स्थापना करता है तथा इसी सन्दर्भ में वह नाटककार के नाम का भी उल्लेख करता है। भरत के इस कथन के सन्दर्भ में नट एवं सूत्रधार सम्बन्धी गुणस्थान महत्त्वपूर्ण हो उठते हैं जिसके आधार पर नट निश्चित रूप से किसी कवि अथवा नाटककार से कम प्रतिभाशाली प्रतीत नहीं होता है,[८] जिसे भरत स्पष्ट रूप से 'एवं गुणस्तथाचार्य. सूत्रधारः विधीयते' के रूप में एक आचार्य ही मानते हैं। जिसका सहायक-पारिपार्श्विक उससे किंचिद् ही न्यून प्रतीत होता है।[९] और स्थापना-प्रस्तावना अथवा आमुख का मुख्य पात्र वही होता है।

भरत के उल्लेखों से उपलब्ध नाटकों की तुलना करने पर यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि कुछ नाटककारों के अतिरिक्त लगभग सभी ने भरत के विधान को यथारूप में स्वीकार नहीं किया है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि उन्होंने भरत के विधान का उल्लंघन अथवा परित्याग किया हो; अधिकांश ने उसका संक्षेपण किया है और बहुतों ने उसमें से बहुत कुछ छोड़ने का प्रयास किया है। भास के नाटकों की प्रस्तावना कितनी संक्षिप्त है इसे स्पष्ट करने के लिए यह कहना ही पर्याप्त होगा कि स्वप्न०, प्रतिज्ञा०, पंचरात्र, एवं बालचरित जैसे नाटकों की स्थापनाएँ अत्यन्त संक्षिप्त हैं। अविमारक तथा अभिषेक में भी वे विस्तृत हैं ऐसा कहने का कोई कारण वहाँ नहीं है। उनके एकाङ्की रूपकों में भी इसका स्वरूप लगभग सामान्य है। 'दूतवाक्य', दूतघटोत्कच, तथा कर्णभार की अपेक्षा मध्यमव्यायोग तथा उरुभङ्ग की स्थापनाएँ किंचिद् अधिक हैं। किन्तु यह अधिकता कहीं भी दो-ढाई मिनट से अधिक समय की होगी ऐसा नहीं लगता और सर्वाधिक विस्तृत स्थापना (चारुदत्त) भी अधिक से अधिक पाँच क्षणों में समाप्त हो जाने वाली है। यदि संस्कृत नाटकों की इन स्थापनाओं, प्रस्तावनाओं की आलोचना का मुख्य कारण 'समय' ही हो तो वह निरर्थक है क्योंकि भरत के विधान के निर्वाह के व्यामोह में कुछ परवर्ती नाटकों में इसको विस्तार दिया गया है किन्तु एकांकी रूपकों के सन्दर्भ में यह आलोचना उचित नहीं प्रतीत होती। इस आलोचना का दूसरा पक्ष यह हो सकता है कि ये प्रस्तावनाएँ नाटकों की कथावस्तु से सम्बन्द्ध न होकर भी संस्कृत नाटकों के अङ्ग के रूप में मानी जाती रही हैं। इस सम्बद्ध में भरत का कथन कि उस 'सूत्रधार-गुणाकृति' पारिपार्श्विक के लिए 'कवेर्नामानुकीर्तयेत्' का विधान कहीं न कहीं मुझे ऐसा आभास कराता है कि कभी प्रस्तावना भी नाटककार स्वयं नहीं रचता था अपितु सूत्रधार अपनी योग्यतानुसार उसे गढ़कर प्रस्तुत किया करते थे। अस्तु,

---

८. भरत० २४।९१-९५
९. भरत० २४।९६-९९

इसे नाटककार की ही रचना मानें, नाटक का ही भाग मानें अथवा सूत्रधार की रचना और नाटक से पृथक्, कोई अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि प्रस्तावना का उद्देश्य दर्शकों को, कवि और उससे भी अधिक नाट्यवस्तु से परिचित कराना होता था।

यह प्रवृत्ति आज भी है और अनन्तकाल तक रहेगी। उसका स्वरूप परिवर्तित हो सकता है किन्तु इसकी समाप्ति नहीं हो सकती। यह उचित भी नहीं है। जब कालिदास 'मन्दः कवियशःप्रार्थी' हो सकते हैं तो कौन नाटककार अपनी कृति की मंचावतारणा के पूर्व अपना उल्लेख न चाहेगा? कौन दर्शक उसका परिचय जानने को उत्सुक न होगा? कौन रङ्ग-निर्देशक उसकी मंचावतारणा की प्रस्तावना न करेगा? रोमियो जूलियट में क्या प्रोलाग नहीं है और क्या उसकी उपयोगिता को पाश्चात्य जगत ने भी स्वीकार नहीं किया है? भले ही यह 'प्रस्तावना' कवि-परिचय, पात्र-परिचय, कथा-परिचय और अन्य रङ्गकर्मियों के परिचय के रूप में आज प्रेस की सुविधा के कारण लिखित रूप में वितरित कर दी जाती हो। अतः प्रस्तावना जितनी तब आवश्यक और महत्त्वपूर्ण होती थी आज भी उतनी ही है, उसके स्वरूप में अन्तर भले ही दीख पड़ता हो। आज की अपेक्षा अपनी नाटकीयता के परिप्रेक्ष्य में प्राचीन नाटकों की प्रस्तावना, नाट्य सन्दर्भ में अधिक सार्थक थी ऐसा न मानना किसी हीन भावना का द्योतक है। ऐसा न मानने का कोई कारण नहीं है।

सूत्रधार, नट-नटी एवं स्वगत कथनों के अनावश्यक प्रयोगों के सम्बन्ध में यह कहना अनुचित न होगा कि आज भी इनका प्रयोग होता है। प्राचीन नाटकों में सूत्रधार वही भूमिका निभाता था जो नाट्यनिर्देशक निभाते हैं। फिल्मों के डाइरेक्टर जो कार्य आज करते हैं वह कार्य सूत्रधार करता था और उनके सहायक ही नट-नटी होते थे। ऐसा क्या आज नहीं है? अन्तर यही है कि आज निर्देशक मंच पर नहीं आता है। कल्पना कीजिए वह अपनी प्रस्तुति को नाटकीय ढंग से उद्घाटित करे। क्या यह नाट्ययज्ञ की परिकल्पना की दृष्टि से अधिक आकर्षक न प्रतीत होगा। वस्तुतः इस आलोचना के पीछे नाटकीय दृष्टिकोण उतना नहीं है जितना कि सूत्रधार, नट और नटी का बाँस पर चढ़कर रस्सी पर खेल दिखाने वाले नटों के रूप में अवमूल्यन है। क्योंकि, जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, सूत्रधार ही नहीं उसके सहायक नट-पारिपार्श्विक का जो स्वरूप नाट्यशास्त्र में निर्धारित किया गया है वैसे रंगनिर्देशक आज रंगमंच पर अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। ऐसे रङ्गशिल्पी का सत्य अर्थ में शिल्पी, कलाकार और कुशल अभिनेता होना आवश्यक है।

नाटककार ऐसे सूत्रधारों को अपने नाटक देकर धन्य हो उठते थे। प्रकारान्तर से नाटकारों की कृतियाँ सूत्रधारों द्वारा इस ढंग से प्रस्तुत की जाया करती थीं कि नाटककार अमर हो जाया करता था। भास के नाटकों को पढ़ने के पश्चात् और कालिदास की उनके सम्बन्ध में उक्ति को देखकर ऐसा अनुमान करना अन्यथा न होगा। संस्कृत नाटकों पर रंग निर्देशों की स्वल्पता का आरोप भी सूत्रधार के इस

स्वरूप को देखने के बाद स्वतः ध्वस्त हो जाता है। क्योंकि भोजपत्रों पर लिखने वाले युग में नाटक के संवादों से लम्बे रंग निर्देशों की अपेक्षा करना मेरे विचार से बुद्धिमत्ता न होगी अपितु उनका संकेत ही 'रंगसंकेत' की सार्थकता होगी। यह प्रवृत्ति शेक्सपियर के नाटकों में भी है किन्तु साधनों की सुलभता ने इसे धीरे-धीरे विकसित किया है। इडिपस को प्रस्तुत करते समय सोफोक्लीज स्वयं सूत्रधार की भूमिका निभाता है और स्वयं एक निर्देशक का कार्य करता है ऐसा अनुमान भी अनुचित न होगा।[१०] सूत्रधार की भूमिका को आज उपलब्ध संस्कृत नाटकों में हम जिस रूप में पाते हैं और भरतमुनि ने सूत्रधार का जो स्वरूप निर्धारित किया, उसके जो गुण बताये हैं, दोनों की तुलना करने पर दोनों में बड़ा अन्तर है। क्योंकि गर्भाङ्क[११] के अतिरिक्त सूत्रधार को हम केवल आमुख-प्रस्तावना अथवा स्थापना में ही देखते हैं, जहाँ उसकी उस महत्ता का आभास भी नहीं हो पाता, भरतमुनि जिसकी अपेक्षा करते हैं—

चतुरो नाट्यकुशलः शास्त्ररीतिप्रतिष्ठितः।
नानापाषण्डकार्यज्ञो नीतिशास्त्रार्थवित्तथा॥

वेश्योपचारनिपुणः काव्यशास्त्रविचक्षणः।
नानागतिप्रचारज्ञो रसभावविशारदः॥

नाट्यप्रयोगकुशलो नानाशिल्पसमन्वितः।
छन्दोविधानतत्त्वज्ञः सर्वशास्त्रविचक्षणः॥

ग्रहनक्षत्रतत्त्वज्ञो देशव्यवहारतत्त्ववित्।
पृथिवीद्वीपवर्षाणां पर्वतानां जनस्य च॥

प्रमाणाचारतज्ज्ञश्च राजवंशप्रसूतिवित्।
श्रोता शास्त्रार्थकार्याणां श्रुत्वा चैवावधारकः॥

अवधार्य प्रयोक्ता च शास्त्रः (शक्तः?) चैवोपदेशने।
एवं गुणस्तथाचार्यः सूत्रधारो विधीयते॥

—भरत० २४।९१।९६।

अर्थात् अभिनयकुशल (नाट्यकुशल), प्रयोगकुशल (नाट्यप्रयोगकुशल) तथा शिल्पकुशल (नानाशिल्पसमन्वितः) होने के अतिरिक्त सूत्रधार को उपदेश-कुशल भी होना चाहिए। उपदेश में निपुणता को भरत ने सबसे बाद में इसी कारण गिनाया

१०. देखें—शेल्डानचेनी का 'रंगमंच' (अनु० श्रीकृष्णदास)

११. अङ्कोदरप्रविष्टो यो रङ्गद्वारामुखादिमान्।
अङ्कोऽपरः स गर्भाङ्कः सबीजः फलवानिव॥ सा० द० ६।२०।

है क्योंकि वह सूत्रधार का एक महनीय गुण है जिसके पश्चात् भरतमुनि की दृष्टि में कोई गुण अवशिष्ट नहीं रह जाता ऐसा मैं मानता हूँ। यह उपदेश रंग निर्देश ही है। किसे कब किस प्रकार क्या करना है, किस स्थल-दृश्य के लिए क्या आवश्यक है : मंचसज्जा, पात्रों के अभिनय-निर्देश और नेपथ्यविधान सभी इसमें अन्तर्निहित हैं यह मानकर ही सूत्रधार के व्यवहार पक्ष और शास्त्रीय पक्ष के अन्तर को समझा जा सकता है।

आधुनिक रूपकों में दिए गए निर्देशों की निरर्थकता पर विचार करना मेरा उद्देश्य नहीं है किन्तु यह कहना आवश्यक है कि निर्देशों में समसामयिक परिस्थितियों के अनुकूल मंचसज्जा के जो निर्देश दिए जाते हैं वे कालान्तर में शिथिल हो उठते हैं। जैसा कि आज संस्कृत के रूपकों की मंचावतारणा के समय प्रायःदेखा जाता है। रंगनिर्देशों के संक्षिप्त होने पर जब ऐसा हो सकता है तो उसके विस्तृत होने पर क्या दशा हो सकती है इसका अनुमान लगाया जा सकता है। ऐसे अनेक आधुनिक एकांकियों और अन्य नाटकों को उदाहरण के लिए देखा जा सकता है जिसका प्रदर्शन सभी स्थलों (ग्रामीण-अंचलों) में असम्भव नहीं, तो कठिन अवश्य है क्योंकि निर्दिष्ट मंचसज्जा के नाना उपकरण सर्वत्र सुलभ नहीं हो सकते। अतः नाट्यवस्तु को कुशल-निर्देशक परिस्थिति और मंच के अनुकूल ढाल लेता है—ढाल सकता है तो लम्बे निर्देशों की आवश्यकता ही क्या है ? अतः निर्देशों की अपेक्षा निर्देशक की भूमिका और इस दृष्टि से सूत्रधार की भूमिका अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है इसमें सन्देह नहीं है। और संस्कृत नाटकों में उसकी योजना आवश्यक रंगनिर्देशों के उद्देश्य से ही आयोजित होती रही है ऐसा मानना निरर्थक नहीं है। आज के मंचशिल्प से प्राचीन युग के मंचशिल्प में बहुत बड़ा अन्तर कल्पना का था। वापी-तडाग, सूर्य-चंद्र, रथ आदि के अनेक प्रसंगों में सहृदय सामाजिक से मंच पर उनके उपस्थित न होने पर भी उनकी उपस्थिति की कल्पना की अपेक्षा की जाती थी। यह सब कुछ 'कवि समय' के रूप में स्वीकार किया जाता था और यह तात्कालिक नाट्य-न्याय (ड्रामेटिक जस्टिस) हुआ करता था। इसके परिप्रेक्ष्य में भी रंग-संकेतों की स्वल्पता की उपयोगिता और कारण दोनों ही स्पष्ट हो जाते हैं।

जहाँ तक स्वगत कथनों का प्रश्न है वह भी निरर्थक नहीं है। किसी रूपक विशेष में ऐसा उचित माना जा सकता है किन्तु सर्वत्र इसकी योजना को निरर्थक मानना उचित नहीं है। हाँ, उसका निर्वाह अथवा अभिनय कठिन अवश्य हो सकता है। किन्तु वस्तु और उसकी योजना के अनुरूप इनका आयोजन अन्तर्द्वन्द्व तथा मनोवैज्ञानिक तथ्यों को उद्‌घाटित करने की दृष्टि से नितान्त उपयोगी रहा है। तात्पर्य यह कि स्वगत-कथनों की उपयोगिता कम नहीं है, क्योंकि उनके माध्यम से जिस द्वन्द्व का प्रदर्शन संस्कृत नाटकों में हुआ है वह निश्चय ही दृष्टि-सापेक्ष है। ऐसे भी स्थल हो सकते हैं जो निरर्थक प्रतीत होते हों किन्तु उसी आधार पर इस अभिनय

प्रधान तत्त्व को, इस विधा को निरर्थक कहना बुद्धिसंगत नहीं है। एकांकी के सन्दर्भ में भी यह स्वतंत्रता रहनी ही चाहिये क्योंकि इससे अभिनेता को अपने कर्म-कौशल को और रचनाकार को अपनी कथा को प्रस्तुत करने में सहयोग मिलता है।[१२] ऐसा आज भी हो रहा है, यह मनोवैज्ञानिक भी है और उचित भी।

नायक-नायिका, कथावस्तु एवं रसों के बन्धनों के सन्दर्भ में यह ध्यान रखने की बात है कि ऐसे बन्धन तभी बन्धन होंगे जब उन्हें ब्रह्म-वाक्य समझ लिया जाएगा। आचार्यों ने कथावस्तु के अनुरूप जो नायक-नायिका का विभाजन किया अथवा तदनुकूल अंगी रसों की जो अवधारणा दी है वह अत्यन्त वैज्ञानिक है किन्तु उसे ही अपनाया जाए, उससे हटा न जाए अथवा कोई प्रतिभाशाली कवि कोई नया प्रयोग न करे ऐसा विधान मुझे तो कहीं भी नहीं मिला। यदि ऐसा होता तो 'कविरेव प्रजापतिः' कहने की आवश्यकता न होती। प्रतिभाशाली कवि ने कभी भी ऐसे बन्धनों को स्वीकार नहीं किया। भास, विशाखदत्त और शूद्रक को ही देखें, उन्होंने ऐसे बन्धन कब स्वीकार किए ?

क्या चाणक्य और राक्षस दोनों को धीरोद्धतादि नायकों की कोटि में रखा जा सकता है ? मुद्राराक्षस में वीररस क्या रस की पराकोटि तक पहुँचता है ? जहाँ तक नाटकों में नाटकीय तत्त्वों के रूप में इनके अस्तित्व का प्रश्न है वह तो ऐकान्तिक है, सार्वदेशिक है और सार्वकालिक है। पाश्चात्य नाटकों में भी उन्हें देखा जा सकता है और आधुनिक हिन्दी नाटकों में भी उनका अस्तित्व विद्यमान है। जूलियस-सीजर और मैकबेथ में क्या वीररस की प्रधानता नहीं है और उनमें करुण-रस का अस्तित्व क्या गौणरस के रूप में नहीं है। शास्त्रीय दृष्टि से ही देखें क्या विरेचन सिद्धान्त के मूल में आनन्द की भावना संस्कृत की रसवादी विचारधारा के निकट नहीं है ? अतः हमें मानना होगा कि आज भी नाटकों का एक उद्देश्य होता है जिसे चारुत्व, आनन्द, सौन्दर्य, अभिव्यंजना, रस कोई भी अभिधान दिया जा सकता है। हास्य की अभिव्यंजना के उद्देश्य से लिखे गए नाटकों के मुख्यपात्र का हँसोड़ होना और वीररस अथवा श्रृंगार रस की दृष्टि से लिखे गए नाटकों के मुख्यपात्र का वीर अथवा श्रृंगारी होना स्वाभाविक है। क्या एण्टोनी में किसी धीरोद्धत नायक के दर्शन नहीं होते ? मैकबेथ खल भले ही हो क्या एक धीरोद्धत और वीर नायक नहीं है ? क्या ब्रूटस (जिसे मैं खलनायक नहीं मानता) भी एक प्रतिनायक नहीं है जिसमें धीरोद्धत नायक के सभी गुण विद्यमान हैं ? इसी प्रकार रोमियो में अविमारक के गुण क्या प्राप्त नहीं होते ? उदयन और दुष्यन्त से उसकी तुलना इसलिए नहीं की

१२—द्रष्टव्य, भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य सिद्धान्त, डॉ॰ गणपतिचन्द्र, पृष्ठ ७१ गुप्त।

जा रही है कि उनकी वय में, प्रौढ़ता में अन्तर है। जहाँ तक नायिका का प्रश्न है जुलियट में ही क्या कहीं मुग्धा, तो कहीं प्रोषितपतिका नायिका के दर्शन नहीं हो जाते। वस्तुतः इसके पीछे औचित्य और संगति को, स्वाभाविकता और मनोवैज्ञानिकता को ही देखना उचित होगा।

शास्त्रीय दृष्टि से नाटक एक ऐसा रूपकभेद था जिसमें किसी भी रस की योजना की जा सकती थी। प्रकरण में किसी भी कथा (उत्पाद्य) को लिया जा सकता था। अतः बन्धनों के रूप में यह स्वतंत्रता चतुर्मुखी थी। कवि रचना करता था तो उसे स्वाधीनता थी वह एक अंक की ही नाट्यकृति करे। उसका भाण, प्रहसन, व्यायोग, अंक के रूप में जो कथा जैसी होती थी, वैसा ही नामकरण हो जाता था। वस्तुतः जिन्हें बन्धन कहा जाता है उनका आधार तो अनुगमविधि (इण्डेक्टिव) थी। जो किसी के लिए बन्धन नहीं हो सकती, वह तो कविकर्म की मीमांसा : समालोचना के लिए ही है। अतः रस, नायक-नायिका सम्बन्धी विविध विधानों की अनिवार्यता उतनी आलोच्य नहीं है जितनी कि उनकी शिथिलता, छूट और स्वतंत्रता, जिसे भरत से लेकर विश्वनाथ और उसके बाद नरसिंह कवि तक लक्षित किया जा सकता है, जहाँ रूपकों के नाना भेदों और उनके लिए व्यापक क्षेत्र की स्थिति इसका समर्थन करती है।

संस्कृत नाटकों पर सामाजिक जीवन से परे अयथार्थ और अमनोवैज्ञानिक होने का आरोप भी निराधार है। यह इसलिए भी उचित नहीं है क्योंकि यह आधुनिक सन्दर्भ में उठाया गया है। खोजने वालों ने तो छायावाद, प्रगतिवाद, प्रतीकवाद और न जाने कौन-कौन से वादों के तत्त्व संस्कृत काव्यों में खोज निकाले हैं। किन्तु ऐसी आलोचना के अवसरों पर यह ध्यान में रखना चाहिए कि जब नाटकों में रसवादी विचारधारा को ही प्रमुखता दी गयी है तो वही वहाँ प्रमुख होगी और छायावादी, रहस्यवादी तत्त्वों के बीज भले ही दृष्टिगत हों उनका वह स्वरूप जो प्रसाद, निराला, पन्त और महादेवी में मिलता है नहीं मिल सकता। किन्तु इसी आधार पर संस्कृत काव्यों, नाटकों को अपूर्ण कह देना बुद्धिमत्ता नहीं होगी। तथापि मृच्छकटिक जैसे प्रकरण में विद्यमान यथार्थ को कौन अस्वीकार कर सकता है। शास्त्रीय दृष्टि से प्रकरण के अतिरिक्त भाण, वीथी और प्रहसन जैसे एकांकी भेदों में नियोज्य कथावस्तु की सामाजिक तथा यथार्थ जीवन से निकटता में संदेह नहीं किया जा सकता, जहाँ जीवन की विरूपता, तथा सामाजिक और यहाँ तक कि ब्राह्मण-समाज और राजपरिवारों में विद्यमान भ्रष्टाचार को नाना प्रकार से उद्घाटित करना ही प्रमुख उद्देश्य था। तथापि आज के समाज के जिस पक्ष को लेकर लिखा जा रहा है, वह यदि उस वीभत्स रूप में विद्यमान न रहा हो—बेरोजगारी की समस्या न रही हो, सामाजिक मूल्यों का इतना अधिक अधःपतन न हो पाया रहा हो, सांस्कृतिक मूल्य इतनी विविधता के साथ भ्रष्ट न हुए रहे हों, तो

उनके चित्रों की अपेक्षा वहाँ कैसे की जा सकती है। इसके विपरीत सामाजिक जीवन में उस काल में जो सांस्कृतिक एवं दार्शनिक प्रभाव था उससे विमुख भी नहीं हुआ जा सकता था। अतः संस्कृत के नाटकों पर ही नहीं, साहित्य की सभी विधाओं पर तत्कालीन ऐसे सामाजिक जीवन का प्रतिबिम्ब स्पष्ट रहा है जो तात्कालिक संस्कृति एवं दार्शनिक विचारधारा से प्रभावित था।

इसी प्रकार संस्कृत नाटकों का मनोविज्ञान अपनी परिधि में नितान्त सार्थक है जिसको उसी परम्परा और परिस्थिति के अनुकूल मानकर देखना होगा। नाटकों की मनोवैज्ञानिकता को 'मनोविज्ञान' की व्याख्या अथवा उसकी बलात् योजना के रूप में देखना उचित न होगा। हम संस्कृत-नाटकों में जब आज की मनोवैज्ञानिक 'टर्मिनालोजी' को खोजेंगे तो वह कभी भी नहीं मिलेगी। उसको समझने के लिए मनोविज्ञान और दर्शन को मिलाकर देखना होगा। सांस्कृतिक मूल्यों, आदर्शों और परम्पराओं को ध्यान में रखना होगा। परमानन्द सहोदर रस तथा चतुर्वर्ग फलप्राप्ति के उद्देश्य को सामने रखना होगा और तब चरित्र-चित्रण, अभिनय, संवाद-योजना और नाट्यवृत्तियों की योजना का तर्कसंगत, मनोवैज्ञानिक रूप देखने को मिलेगा। क्योंकि उस समय 'मनोविज्ञान' साध्य नहीं होता था, वह साधन था और वह भी अनेक साधनों में एक था जिसके पीछे तर्कसंगति और औचित्य की भावना प्रधान होती थी। उदाहरण के लिए नाट्यभेदों के वर्गीकरण को ही लें। कथावस्तु, नायक और रस का जो विधान है वह क्या मनोवैज्ञानिक नहीं है? नायक के कार्य की पाँच अवस्थाएँ—आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम का आधार क्या मनोवैज्ञानिक नहीं है? संधियोजना और उनके अंगों में निहित भावाभिव्यक्ति क्या मनोवैज्ञानिक आधार पर नहीं की गयी है? क्या वीररस के लिए उत्साह, हास्य के लिए हास, रौद्र के लिए क्रोध, अद्भुत के लिए आश्चर्य, शान्त के लिए निर्वेद, करुणरस के लिए शोक और वीभत्सरस के लिए जुगुप्सा जैसे स्थायी भावों की स्थापना मनोवैज्ञानिक नहीं है? क्या विभाव-उद्दीपन और आलम्बन-विभाव, अनुभाव और नाना संचारीभावों का आधार मनोवैज्ञानिक नहीं है? इसी प्रकार नायक-नायिका के रूढ़िगत भेदोपभेदों का आधार मनोवैज्ञानिक ही है। इससे भी पृथक् नरसिंह कवि जैसे आचार्यों द्वारा तत्त्वतः रस के आधार पर शृंगारनायक, वीरनायक, शान्त एवं रौद्रादिनायक के विभाजन क्या मनोवैज्ञानिक महत्त्व के नहीं हैं? यह तो शास्त्रीय पक्ष है। प्रयोगपक्ष इससे कम मनोवैज्ञानिक नहीं है जिसके लिए पृथक् विवेचना हो सकती है और संस्कृत के सभी ख्यात नाटकों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन शोध का विषय हो सकता है। हाँ, वहाँ मनोविज्ञान साध्य नहीं रहा है। इसी कारण हमें 'मनोवैज्ञानिक नाटकों' के उदाहरण वहाँ नहीं मिलते।

संस्कृत नाटकों पर लगाए गए आरोप किसी विशिष्ट विधा अथवा नाट्यभेद पर नहीं हैं अपितु सम्पूर्ण नाट्य-साहित्य पर हैं। आरोपों में सत्यांश है, वह कटु भी

है, किन्तु वह दृष्टि-भेद से ही है। वस्तुतः 'पुराणमित्येव न साधु सर्वम्' को भला कौन नहीं स्वीकार करेगा ? किन्तु प्राचीन साहित्य के सन्दर्भ में आज जो अन्तर दीख पड़ता है उसे आधुनिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। उसे प्राचीन सन्दर्भ में ही, अतीत के रूप में, तात्कालिक परिस्थिति, परम्परा और आदर्शों के ही सन्दर्भ में, मूल्यांकित किया जाना चाहिए। आधुनिक सन्दर्भ में उसे देखते समय, उसके मूल को, उद्देश्य को भूलना नहीं चाहिए। वस्तुतः ऐसा करते समय समसामयिक परिस्थितियों, कला की परम्पराओं, साहित्यिक मान्यताओं और जीवन के मानदण्ड को ध्यान में रखा जाना चाहिए क्योंकि आलोचना की सार्थकता आलोच्य से अपने लिए कुछ ग्रहण करने में ही निहित है। अतः संस्कृत नाटकों में सूत्रधार की भूमिका, प्रस्तावना, रंगसंकेतों की स्वल्पता, को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखना होगा। 'जिन खोजा तिन पाइयाँ' को जिन्होंने समझा उन्होंने ऐसे नाट्य प्रयोग किए हैं और ये प्रयोग एकाधिक नाट्य-परम्पराओं, देशों और भाषाओं में अपनाए गए हैं। "जर्मनी के नाटककार ब्रेश्ट ने ऐसे महाकाव्योचित नाटक की कल्पना की, जो अपने रूपविधान में भारतीय-परम्परा के निकट है और उन्होंने हमारी मध्ययुगीन और लोक-परम्परा के समान अपने नाटकों में नाटकीय और आख्यानक तत्त्व मिलाकर नाट्यरूप को एक नया ही आयाम दे दिया। फ़्रांसीसी नाटककार अनुई और जेरादू आज नाटकों में ऐसे रचना व्यवहारों का प्रयोग कर रहे हैं जो पूर्वी-परम्परा से जुड़े हुए हैं। उनके नाटकों में प्रस्तावना होती है, सूत्रधार रहता है और रूपशिल्प का सारा विधान सरल होता है। रूस में टालस्टाय का 'मदर' तथा 'वार एण्ड पीस' का नाटकीय रूप प्रस्तुत किया जाता है जिसमें सूत्रधार और कथावाचक रहता है[१३]"। क्या इसका कारण प्राचीन से व्यामोह है ? नहीं, नाटक तो प्रयोग की वस्तु है और नाटकीयता के साथ जो कुछ प्रस्तुत किया जाता है, वह सब हृदय को मोहता है, अच्छा लगता है। नाटक यदि मनोवैज्ञानिक हो, नितान्त सामाजिक हो, यथार्थ के धरातल पर स्थिर हो, परन्तु दुरूह हो, क्लिष्ट हो और नितान्त पारिभाषिक शब्दावली से भरा हो तो वह कितना सफल होगा ? अतः अभिनेयता नाटक का मौलिक गुण है अतएव अभिनय के नाना पक्षों पर संस्कृत नाट्यशास्त्र ने बल दिया है जहाँ उठने, बैठने, सम्बोधन करने, वस्त्र-धारण करने और मुख पर उभरने वाली रेखाओं तक को अभिनय की कोटि में रखा गया है।

इस विवेचन द्वारा एक तथ्य सरलता से समझा जा सकता है कि उपर्युक्त आरोप संस्कृत-नाट्य-साहित्य पर लगाए गए हैं। एकांकी के सन्दर्भ में जहाँ नायक-नायिका और रस यहाँ तक कि 'वस्तु' पर भी उतना कठोर अंकुश नहीं था, जितना

---

१३. 'नाटक साहित्य का अध्ययन' की भूमिका में डा० सुरेश अवस्थी का कथन (मूल० ब्रैण्डर मैथ्यूज, अनु० डा० इन्दुजा अवस्थी)।

कि समझा जाता है, वहाँ ये आरोप और भी शिथिल प्रतीत होते हैं। इसे पृथक् किसी एकांकी की आलोचना के अवसर पर देखा जा सकता है। यहाँ इतना ही कहना पर्याप्त है कि एकांकियों (संस्कृत) पर ये आरोप और भी निरर्थक हैं।

एकांकी रूपकों, सफल एकांकियों के लिए जिन मापदण्डों का निर्धारण किया गया है, उन्हें देखते समय भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे सभी रूपक-भेदों पर उतने ही सटीक हैं जितने कि एकांकी के लिए, और ऐसा मान लेने पर तथाकथित नाट्यधर्म अतिव्याप्ति और अव्याप्ति दोनों ही दोषों से ग्रस्त प्रतीत होते हैं। इन नाट्यधर्मों में संस्कृत नाटकों के दोषों का अभाव, (१) रंग-संकेतों की स्पष्टता, (२) क्रिया-क्षिप्रता, (३) गतिशीलता, (४) संकलनत्रय का निर्वाह, (५) संवादों में चुस्ती-चुटीलापन, (६) उद्देश्य की स्पष्टता, (७) सांकेतिकता की व्यापकता, (८) चरित्र-चित्रण का यथार्थ और (९) मनोवैज्ञानिक होना तथा (१०) अवसर के अनुरूप प्रकाश एवं छाया के प्रयोग को गिना जाता है।

अवसर के अनुरूप प्रकाश एवं छाया के प्रयोग से नाटककार का कोई सम्बन्ध नहीं है और रंगसंकेतों की स्पष्टता भी मंच, दर्शक और परिस्थितियों के अनुकूल बदलती रहने के कारण अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं है। इतना ही नहीं उसकी व्यापकता भी अधिक सार्थक नहीं है। इसके अतिरिक्त यह जितनी एकांकी के लिए अपेक्षित है उतनी ही किसी अन्य नाट्यविधा के लिए भी। अतः इन्हें एकांकी के सन्दर्भ में ही देखना अनुचित ही नहीं अतिव्याप्त भी है। दूसरी ओर क्रियाक्षिप्रता, गतिशीलता, संवादों की चुस्ती, चरित्र-चित्रण की यथार्थता तथा मनोवैज्ञानिकता, उद्देश्य की स्पष्टता को लें तो ये सभी तत्त्व किसी भी नाटक की सफलता के लिए आवश्यक हैं। जहाँ तक संकलनत्रय की बात है वह भी तो सभी नाट्यविधाओं के लिए अनिवार्य है।

वस्तुतः किसी भी नाटक को एकांकी मानने की पहली शर्त है उसका एकांकी होना। यदि नाटक एकांकी है, किन्तु कथा लम्बी है, उसमें पात्रों की बहुलता है, लक्ष्य स्पष्ट नहीं है और सम्वादों में नाटकों की भाँति वैविध्य है (विभिन्न-नाट्यवृत्तियों के कारण अथवा समय की अधिकता के कारण शिथिलता आ गयी है) तो उसकी सफलता में संदेह हो सकता है। अतः एकांकी के मुख्य गुणों में कथा-घटना की संक्षिप्तता, पात्रों की न्यूनता, सम्वादों की तीक्ष्णता, व्यंग्य-प्रधानता, समय की सीमा तथा उद्देश्य की सुस्पष्टता ही महत्त्वपूर्ण है। इनमें भी कथा की संक्षिप्तता (एक दिन का वृत्त), समय की सीमा (एक-डेढ़ घण्टे में समाप्य), पात्रों की स्वल्पता तथा संवादों की व्यंग्यप्रधानता एवं वैविध्यहीनता ही मुख्य है। यही गुण हैं जो उसे किसी सम्पूर्ण नाटक से पृथक् करते हैं, क्योंकि सम्पूर्ण नाटक में कथा का विस्तार, समय की अधिकता, तदनुसार पात्रों की बहुलता तथा संवादों में वैविध्य स्वाभाविक

है। किन्तु एकांकी में समय की सीमा की प्रमुखता के कारण विविधता का अभाव होना चाहिए और किसी एक ही घटना अथवा पहलू को लिया ही नहीं, अपितु स्पर्श किया जाना चाहिए। नाटकों में पात्रों की बहुलता होती है पर कथा की संक्षिप्तता और समय की सीमा के कारण एकांकी में उनकी न्यूनता का होना अनिवार्य है। संस्कृत नाटकों के रस सिद्धान्त तथा पाश्चात्य नाटकों के विरेचन सिद्धान्त (जिसे प्रकारान्तर से कुछ आचार्यों ने आनन्द का पर्याय माना है) इन दोनों ही दृष्टियों से एकांकी में एकात्मकता अर्थात् विविधता का अभाव होना आवश्यक है। संस्कृत के एकांकी भेदों के लक्षणों को देखा जाय तो हमें यह गुण वहाँ सुस्पष्ट ही दिखाई देते हैं।

एकांकी में संस्कृत के आचार्यों ने जिस बात पर विशेष आग्रह दिखाया है वह है उसकी कथा की संक्षिप्तता, अतः एक या दो दिन के ही व्यापारों को एकांकी का विषय बनाने के लिए सदा उनका आग्रह रहा है। इस अथवा ऐसे ही गुणों को ध्यान में रखकर उन्होंने एकांकी (विशेष) के लिए 'अल्पस्त्रीजन' अथवा बहुभिर्नरैः (पुरुषपात्रों की प्रधानता) का विधान किया है। कथा के इस संक्षेप और समय की सीमा का निर्धारण करते हुए उन्होंने पंच-सन्धियों, पंचावस्थाओं और पंचअर्थ-प्रकृतियों की भी सीमाएँ निर्धारित की हैं। वस्तुतः एकांकी नाटकों में कथा का आरम्भ, चरम-स्थिति तथा उपसंहार की ही प्रधानता होनी चाहिए। पाश्चात्य नाटकों के कथानकों की पाँच अवस्थाओं—आरम्भिक अवस्था (एक्सपोजीशन), संघर्ष का विकास (राईजिंग एक्शन), चरमसीमा (क्राइसिसक्लाइमेक्स), संघर्ष का ह्रास (डिनाउमेण्ट), उपसंहार, (कन्क्लूजन-केटास्ट्राफ़ी) में प्रथम, तृतीय तथा पंचम स्थितियाँ ही एकांकी के लिए श्रेयस्कर हैं। इनकी योजना प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ अथवा प्रथम, द्वितीय और पंचम के रूप में भी देखी जाती है। संस्कृत के आचार्यों ने ऐसा ही माना है। क्योंकि हम पाते हैं कि वहाँ व्यायोग में मुख प्रतिमुख (१, २) और निर्वहण (५) वीथी, प्रहसन, भाण तथा अंक में मुख (१) और निर्वहण (५) के ही आयोजन का विधान किया गया है। भरत ने जहाँ "एकाहचरित एकाङ्कः के रूप में एकांकी को कथा, कलेवर और समय की दृष्टि से सीमित कर रखा है वहाँ रस के प्रति भी उनका विशेष आग्रह प्रतीत नहीं होता।

अतः शास्त्रीय दृष्टि से एकांकी के दो गुण हो सकते हैं। एक प्रधान, दूसरा गौण। उसके प्रधान-गुणों में उसका एकांकी होना, कथा की संक्षिप्तता तथा सीमित समय तथा थोड़े पात्रों की योजना को माना जाना चाहिए। गौण-गुणों में संवादों की व्यंग्य प्रधानता, सार्थकता एवं वैविध्यहीनता तथा तीक्ष्णता, कथा और व्यापार की क्षिप्रता तथा किसी सीमा तक उद्देश्य की स्पष्टता को रखा जा सकता है।

अतः किसी सफल एकांकी के लिए उपर्युक्त पाश्चात्य प्रभावित दस गुणों में समय की सीमा, कथा की संक्षिप्तता और पात्रों की स्वल्पता जैसे गुणों की गणना

न होने से यह अव्याप्ति दोष से ग्रस्त है। क्योंकि तत्-तत् गुणों के होने पर भी यदि कथा संक्षिप्त नहीं है और समय असीमित है तथा पात्रों की संख्या नाटकों की भाँति असीम है तो एकांकी की सफलता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है।

इस दृष्टि से किसी एकांकी को सूत्रबद्ध करते समय तथा अद्यतन दृष्टि को ध्यान में रखते हुए उसका यह लक्षण किया जा सकता है—

एकाङ्किनी कथा यत्र सुसंक्षिप्तकलेवरा।
घटना वा भवेद् यत्र दिवसैकैर्वविस्तृता॥
रसाग्रहो तथा नैव यथाऽन्यत्र दृश्यते।
स्वल्पपात्रप्रयोज्या च समयाबद्धा सुसंयता॥
अर्थगौरवसंयुक्तैः संवादैः समलङ्कृता।
भावोत्प्रेरकश्चैव व्यापारोऽतित्वरान्वितः॥
एकाङ्की विधा सा स्याद् रूपकस्य मनोरमा।
सोद्देश्या भवत्येव हीनोद्देश्या तु का कथा॥

प्राचीन शास्त्रीय ग्रन्थों का निर्माण-तन्त्र

डॉ० वामन केशव लेले

वाराणसी

In ancient India, books on the methodology of composing theoretico-scientific treatises also were written. These dealt with all the angles of the *śāstras,* namely, the subject, nature, aim, composition, language etc. These works must be read by modern scholars for understanding and critical study of our ancient śāstras.

(१) प्राचीन भारतीय निष्ठावान् ज्ञानोपासक थे। 'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' सत्य पर उनकी दृढ़ श्रद्धा थी। किं बहुना, 'ज्ञानान्मोक्षः' उनकी जीवन-निष्ठा थी। इसीलिये उन्होंने ज्ञानार्जन के सभी ज्ञाताज्ञात साधनों का अवलम्बन कर तर्क-व्याकरण-गणित-नाट्य-काव्य-प्रभृति अनेक शास्त्रों पर गंभीर ग्रंथों का प्रणयन किया, यह बात सर्वविदित है। किन्तु उन्होंने शास्त्रीय ग्रंथों के निर्माण का शास्त्र भी सिद्ध किया था, यह तथ्य पाणिनि, कौटिल्य, चरक, सुश्रुत, वाग्भट, नीलमेघ आदि के ग्रन्थों के परिशीलन से प्रतीत होता है। उक्त शास्त्र-निर्माण-शास्त्र के, जिसे हम आधुनिक परिभाषा में Methodology of composing theoretico-scientific treatises कह सकते हैं, प्राचीन विद्वानों द्वारा सात अंग माने गये थे, जो इस प्रकार थे : (अ) पंद्रह दोष, (आ) अठारह गुण, (इ) छत्तीस तंत्रयुक्तियाँ, (ई) पंद्रह व्याख्याएँ, (उ) सात कल्पनाएँ, (ऊ) बीस आश्रय एवं (ए) सत्रह ताच्छील्य। इन सप्तांगों का सोदाहरण तथा सविस्तर विवेचन प्राचीन मूल एवं टीका ग्रंथों में पाया जाता है, जिसे पढ़कर प्राचीन शास्त्ररचना पद्धति की सूक्ष्मता तथा व्यापकता का सहसा परिचय होता है। उस पद्धति से पाठकों को अवगत मात्र कराना प्रस्तुत लेख का उद्देश्य है।

(२) पंद्रह दोष : वाग्भट के अष्टांगहृदय नामक साररूप ग्रंथ पर नवम शताब्दि के अरुणदत्त नामक टीकाकार ने सर्वांगसुन्दरी नाम की टीका लिखी है, जिसमें उसने शास्त्र के दोषों का वर्णन इन शब्दों में किया है : "तथा तन्त्रदोषैः पञ्चदशभिरप्रसिद्धशब्दादिभिर्वर्जितम्। [तद्यथा-] १. अप्रसिद्धशब्दम्, २. दुःप्रणीतम्, ३. असङ्ग-

तार्थम्, ४. असुखारोहि, ५. विरुद्धम् ६. अतिविस्तृतम्, ७. अतिसंक्षिप्तम् ८. अप्रयोजनम् ९. भिन्नक्रमम्, १०. संदिग्धम्, ११. पुनरुक्तम्· १२. निःप्रमाणकम् १३. असमाप्तार्थम्, १४. अपा (न) र्थकम्, १५. व्याहतम्, [इति]।" अर्थात्, (किसी भी) शास्त्रीय ग्रन्थ में अप्रसिद्ध या लोकव्यवहार में अप्रचलित शब्दों का प्रयोग न हो, निरुद्देश्य सूत्र एवं भाष्य न हो, शास्त्र में चर्चित विषय विश्रृंखलित न हों, प्रयुक्त शब्द उच्चारणदृष्ट्या कठिन तथा श्रवणदृष्ट्या कटु न हों, प्रतिपादन दृष्टान्तों एवं नियमों के विपरीत न हो, विवेचन अपेक्षा से अधिक विस्तृत भी न हो और संक्षिप्त भी न हो, प्रतिपादन अपूर्ण अथवा संदिग्ध न हो, वह अनुशासनहीन भी न हो, तथा वह पुनरुक्त, निराधार, खंडित, अनर्थकारक एवं पूर्वापरविरोध से युक्त भी न हो। इस प्रकार अरुणदत्त ने मानों सूचित किया है कि, आदर्श शास्त्रीय ग्रंथ शब्ददोष, अर्थ दोष एवं रचनादोष इन त्रिदोषों से सर्वथा मुक्त होना चाहिए।

(३) अठारह गुण : चरक ने अपनी चरकसंहिता के विमानस्थान के आठवें अध्याय में इनका विशद विवेचन करते हुए लिखा है : **तत्र यन्मन्येत सुमहद्यशस्वि-धीरपुरुषसेवितं, अर्थबहुलं, आप्तजनपूजितं, त्रिविधशिष्यबुद्धिहितं, अपगतपुनरुक्तदोषं, आर्षं, सुप्रणीतसूत्रभाष्यसङ्ग्रहक्रमं, स्वाधारं, अनवपतितशब्दं, अकष्टशब्दं, पुष्कलाभिधानं, क्रमागतार्थं, अर्थतत्त्वविनिश्चयप्रधानं, सङ्गतार्थं, असङ्कुलप्रकरणं, आशुप्रबोधकं, लक्षणवत्, उदाहरणवत् च। तदभिप्रपद्येत शास्त्रम्। शास्त्रं ह्येवंविधममल इवादित्यस्तमो विधूय प्रकाशयति सर्वम्।'** अर्थात्, जिसे कुशल विद्वान् लोग अध्ययनयोग्य मानते हों, जो अनेक प्रमेयों से ओतप्रोत हो, जो तज्ज्ञों द्वारा प्रशंसित हो, जो तीव्र, मध्यम एवं मन्द बुद्धिवाले शिष्यों का पथ-प्रदर्शन करनेवाला हो, जो पुनरुक्ति दोष से मुक्त हो, जो मेधावान् व्यक्ति से प्रणीत अतएव विश्वसनीय हो, जो व्यवस्थित ढंग से रचित हो, जो विश्वसनीय प्रमाणों से मंडित हो, जो ग्राम्य या प्रामादिक शब्दों से रहित हो, जो कर्णकटु शब्दों से युक्त न हो, जिसमें शास्त्रीय चर्चाएँ हों, जो क्रमबद्ध विषयवर्णन से भरा हुआ हो, जो उदिष्ट सिद्धांत का निश्चय करनेवाला हो, जो युक्तिसंगत विचारों से भरपूर हो, जिसके विषयोपविषयों की रचना सुचारु हो, जो शीघ्र समझ में आनेवाला हो, जो शास्त्रीय पदार्थों से यथावत् लक्षणों से सम्पन्न हो, और जो शास्त्रीय विषयों को सुविशद करनेवाले उदाहरणों से युक्त हो, ऐसे ही शास्त्रीय ग्रंथ को अध्ययनार्थ अपनाना चाहिए। क्योंकि ऐसा ही शास्त्र निर्मल सूर्य के समान अज्ञान रूप अन्धकार को निरस्त कर ज्ञानरूप प्रकाश को सर्वत्र फैला सकता है। इस प्रकार चरक ने भी शास्त्रीय ग्रन्थ की रचना में शब्दनिष्ठ, अर्थनिष्ठ एवं रचनानिष्ठ गुणों को अभीष्ट माना है।

(४) छत्तीस तंत्रयुक्तियाँ : तंत्रयुक्ति शब्द का अर्थ है, शास्त्रीय ग्रन्थ की रचना के (और इसीलिए अध्ययन, अध्यापन एवं परीक्षण के) उपाय। इनका उपयोजन पाणिनि की अष्टाध्यायी में और विवरण कौटलीय अर्थशास्त्र, चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता,

अष्टांगसंग्रह, अष्टांगहृदय, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, नीलमेघकृत, तंत्रयुक्तिविचार एवं नीलमेघशिष्यप्रणीत तंत्रयुक्ति नामक ग्रन्थों में प्राप्त होता है। कौटल्य, सुश्रुत एवं विष्णुधर्मोत्तरपुराणसंकलक बत्तीस तंत्रयुक्तियाँ मानते हैं, तो चरक, वाग्भट, नीलमेघ तथा उनके शिष्य छत्तीस तंत्रयुक्तियाँ मानते हैं। यद्यपि तंत्रयुक्तियों के नाम, निर्देशक्रम, लक्षण एवं निरूपण के विषय में उक्त विचारकों में मतभिन्नता पायी जाती है, तथापि उनमें इस विचार के कि, तंत्रयुक्तियाँ शास्त्रीय विषयान्तर्गत अव्यक्त, अल्पोक्त, गूढ़ तथा व्याजोक्त अंशों पर प्रकाश डालकर उन्हें सुस्पष्ट कर देती हैं, बारे में उल्लेखनीय एकवाक्यता दिखायी देती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शास्त्रीय ग्रंथ के निर्माण में तंत्रयुक्तियों का प्रयोजन एवं महत्त्व सर्वमान्य था। प्रस्तुत लेख का अतिविस्तार न हो इसलिए तंत्रयुक्तियों के नामोल्लेख के साथ-साथ उनके स्वरूप का संक्षेप में परिचय करा देता हूँ: १. अतिक्रान्तावेक्षण (पूर्वचर्चित विषय की ओर ध्यानाकर्षण करना), २. अतिदेश (परस्परानुविद्ध विषयों के सम्बन्ध को विशद करना), ३. अधिकरण (समग्र ग्रन्थ, अध्याय अथवा वाक्य का प्रतिपाद्य विषय), ४. अनागतावेक्षण (प्रस्तुत विषय का आगामी विषय से सम्बन्ध दर्शाना), ५. अनुमत (अन्यों के मन्तव्य की स्वीकृति), ६. अपदेश (शास्त्रीय कार्य के कारण का शाब्दिक निर्देश), ७. अपवर्ग (शास्त्रीय नियम के अपवाद का कथन), ८. अर्थापत्ति (अनुक्त अर्थ को प्रयुक्त शब्दों द्वारा सूचित करना), ९. उद्देश (उपविषयों का संक्षिप्त निर्देश), १०. उद्धार (दूसरों के विचारों में दोष दिखाना), ११. उपदेश (आचरण के विषय में अधिकृत उपदेश करना), १२. ऊह्य (साक्षात् शब्दों द्वारा अप्रतिपादित विचारों का अनुमान लगाना), १३. एकान्त (एक ही अर्थ को व्यक्त करनेवाला वचन), १४. निदर्शन (विषय को विशद करने हेतु दृष्टान्त देना), १५. नियोग (ऐकान्तिक आदेश), १६. निर्णय (संदिग्ध मतों का निरसन कर निष्कर्ष निकालना), १७. निर्देश (उपविषयों का विस्तृत उल्लेख), १८. निर्वचन (पारिभाषिक संज्ञा की व्युत्पत्ति), १९. नैकान्त (मतान्तरों का संग्रह), २०. पदार्थ (शब्द का यथावत् अर्थ), २१. पूर्वपक्ष (आक्षेपरूप वचन), २२. प्रत्युत्सार (पूर्वाचार्यों के मतों का सयुक्तिक खंडन), २३. प्रदेश (संख्यादृष्ट्या अधिक विषयों में से कुछ का वर्णन), २४. प्रयोजन (ग्रन्थ के उद्देश्य का कथन), २५. प्रसंग (पूर्व विवेचित विषय का सहेतुक पुनर्विवेचन), २६. योग (दूरस्थ शब्दों को जोड़ना), २७. वाक्यशेष (अवशिष्ट शब्द की कल्पनापूर्वक योजना), २८. विकल्प (संभाव्य पर्यायों का निर्देश), २९. विधान (विषयांशों का अनुक्रम), ३०. विपर्यय (विपरीत अर्थ की कल्पना करना), ३१. व्याख्यान (शास्त्रीय विषय का ब्योरेवार स्पष्टीकरण), ३२. संशय (संदिग्धताजन्य अनिर्णय), ३३. समुच्चय (सजातीय विषयों का संग्रह), ३४. संभव (विशिष्ट संदर्भ में संभवनीयता), ३५. स्वसंज्ञा (पारिभाषिक संज्ञा) और ३६. हेत्वर्थ ('हि' शब्द से कारण की उक्ति)। संक्षेप में, तंत्रयुक्तियों के कार्य अनेक एवं महत्त्वपूर्ण होने से शास्त्रीय ग्रन्थ में उनका स्थान दीपस्तम्भ के समान है।

(५) पंद्रह व्याख्याएँ : पूर्वोल्लिखित अरुणदत्त ने इनका विवरण इस प्रकार किया है : "व्याख्या अपि तन्त्रस्य गुणः । ताभिरपि तन्त्रमलंक्रियते । ताश्च पञ्चदश प्रकाराः । तद्यथा,—पिण्डपदपदार्थाधिकरणप्रकरणार्थकृच्छ्रफलोच्चितकन्यासप्रयोजनानुलोमप्रतिलोमातिसूत्रसमस्तव्याख्याः ।' अर्थात्, व्याख्याएँ भी शास्त्र का श्लाघ्य गुण हैं, क्योंकि उनके कारण शास्त्र का मण्डन होता है। व्याख्याएँ पंद्रह प्रकार की हैं, जिनका स्वरूप क्रमशः यों है : (१) पिण्डव्याख्या—अध्यायादि का विषय संक्षेप में सूत्ररूप में कहना। (२) पदव्याख्या—पदों का विच्छेद कर उन्हें लिखना। (३) पदार्थव्याख्या—विच्छिन्न पदों में से हर एक के अर्थ को स्पष्ट करना। (४) अधिकरण व्याख्या—किसी विषय का विवेचन प्रारम्भ कर तत्संबद्ध सविस्तर विवेचन करना। (५) प्रकरण व्याख्या—सूत्रगत विवेचन की सहायता से अन्य समान विषय को सिद्ध करना। (६) अर्थव्याख्या—किसी वस्तु के प्राकृतिक गुण का वर्णन करना। (७) कृच्छ्रव्याख्या—सूत्र में संक्षेप में विवेचित विषय की यत्नपूर्वक विस्तृत उद्भावना करना। (८) फलव्याख्या—अन्य विचारकों के मन्तव्यों का, अपने मन्तव्य में, युक्तिवाद देकर, अन्तर्भाव करना। (९) उच्चितक व्याख्या—किसी शास्त्रीय बह्वर्थक शब्द के विशिष्ट अर्थ का, संदर्भानुरूप, निश्चय करना। (१०) न्यासव्याख्या—दो भिन्न स्थानीय विषयों को ध्यान में लेते हुए विषय निरूपण करना। (११) प्रयोजनव्याख्या—विषय के विवेचन के उद्देश्य का कथन करना। अरुणदत्त के टीकाग्रंथ में अनुलोमप्रभृति अन्तिम चार व्याख्या प्रकारों का विवरण, ग्रन्थ के खण्डित होने से, नहीं पाया जाता। फिर भी हम सारांश में इतना निश्चित रूप से कह सकते हैं कि, उपरि-वर्णित ग्यारह प्रकार की व्याख्या से ग्रन्थगत शब्दार्थज्ञान तो होता ही है, उसके अलावा विवेच्य विषय का अच्छा-खासा बोध भी होता है।

(६) सात कल्पनाएँ : अरुणदत्त ने ही व्याख्याओं के समान कल्पनाओं को भी तंत्र का गुण मानकर उनके सात प्रकार परिगणित किये हैं। उनका स्वरूप इस प्रकार है : (१) प्रधानस्य कल्पना—किसी वस्तु के प्रधान या प्रकृष्ट गुण की कल्पना, (२) प्रधानेन कल्पना—किसी वस्तु की प्रधानता के कारण समस्त जाति को उस वस्तु के नाम से संबोधित करना; (३) गुणकल्पना—किसी शब्द का विशिष्ट अर्थ में प्रयोग न कर सामान्य अर्थ में प्रयोग करना; (४) लेशकल्पना—किसी विषय के संक्षिप्त विवेचन की सहायता से अनिर्दिष्ट विषय का अनुमान करना; (५) विद्याकल्पना—किसी विषय के विवेचन के प्रवाह में आये हुए अन्य शास्त्रों के उल्लेख; (६) भक्ष्यकल्पना—शास्त्र की किसी खानेयोग्य अथवा उपयुक्त वस्तु के साथ तुलना; (७) आज्ञाकल्पना—किसी अनुष्ठान में हेतुभूत वस्तु का सम्यक् ज्ञान सम्भव न होने से केवल आप्तवचन को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना। यह सप्तविध कल्पना विचारों का गौणप्रधानभाव, ईषदुक्ति का शास्त्रकार के मनोगत से संबंध, अन्य शास्त्रों का यथावत् ज्ञान, परंपरागत कल्पनाएँ आदि विषयों का सम्यक परामर्श

करती है। इसी लिए 'कल्पना' का शास्त्र के निर्माणतंत्र में अनिवार्य स्थान है। अब आश्रयों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

(७) **बीस आश्रय :** अरुणदत्त ने 'विंशत्याश्रया भवन्ति।' शब्दों में आश्रयों का संख्योल्लेख करके उनका नामोल्लेख इस प्रकार किया है : १. आदिलोपः, २. मध्यलोपः, ३. अन्तलोपः, ४. उभयपदलोपः, ५. आदिमध्यान्तलोपः, ६. वर्णोपजननम्, ७. ऋषिक्लिष्टम्, ८. तन्त्रशीलम्, ९. तन्त्रसंज्ञा, १०. प्राकृतम्, ११. समानतन्त्र-प्रत्ययः, १२. परतन्त्रप्रत्ययः, १३. हेतुहेतुकधर्मः, १४. कार्यकारणधर्मः, १५. आद्यन्तविपर्ययः, १६. शब्दान्तरम्, १७. प्रत्ययः, १८. उपनयः, १९. सम्भवः, २०. विभवः, [इति।] अर्थात्, आश्रयों की संख्या बीस है। वे बीस आश्रय क्रमशः यों हैं : (१) सूत्र या वाक्य के आरंभ में 'लुप्त' शब्द को खोज निकाल कर अर्थ-निरूपण करना; (२) सूत्र या वाक्य के बीच के लुप्त शब्द की खोज करना; (३) सूत्र या वाक्य के अन्त के लुप्त शब्द की खोजबीन करना; (४) सूत्र या वाक्य के बीच तथा अन्त में अप्रयुक्त शब्द की उद्‌भावना करना; (५) सूत्र या वाक्य के आरम्भ, बीच तथा अन्त में अप्रयुक्त (=लुप्त) शब्द की खोज कर योजना करना; (६) सूत्रकार द्वारा ग्रंथनिर्माण के समय अनुक्त वर्ण की, व्याख्या करते समय, उपज करना; (७) ऋषि या ऋषिपुत्र की असावधानी अथवा अशक्ति के कारण प्रयुक्त भ्रष्ट शब्द का लोकव्यवहार में प्रचलित होना; (८) शिष्य पर अनुग्रह करने हेतु, कभी अतिविस्तृत विषय को संक्षिप्त करना और कभी अतिसंक्षिप्त विषय का विस्तार से निरूपण करना; (९) सन्दर्भ को ध्यान में रखकर पारिभाषिक संज्ञा के अर्थ का ग्रहण करना; (१०) प्रकरण के अनुसार शब्द के अर्थ को समझ लेना; (११) किसी शास्त्रीय विषय की सिद्धि के लिए अपने ही शास्त्र के अन्य ग्रंथ से समीचीन वचन का उद्धरण करना; (१२) किसी विषय की सिद्धि के लिए अन्य शास्त्र से समुचित प्रमाण को ग्रहण करना; (१३) मुख्य कारण और गौण कारण के बीच विवेक करना; (१४) कार्य की संज्ञा से कारण का निर्देश वा कारण की संज्ञा से कार्य का निर्देश; (१५) उद्दिष्ट विषयों के क्रम में, निरूपण के समय, आवश्यकतानुसार बदल करना; (१६) किसी पारिभाषिक शब्द के पर्यायवाचकों को अंकित करना; (१७) आनुषंगिक निमित्त को वास्तविक निमित्त के रूप में प्रस्तुत करना; (१८) किसी विषय का प्रस्ताव कर तत्संबद्ध अन्य विषय के विवेचन को सकारण आरंभ करना; (१९) समग्र शास्त्र के विषय का सूत्र में या प्रकरण में संक्षिप्त निरूपण करना; (२०) विभव आश्रय का वर्णन, अरुणदत्त के ग्रंथांश के खण्डित होने से, अप्राप्य है। उक्त बीस आश्रयों के साक्षात् प्रयोग प्राचीन शास्त्रीय ग्रंथों में पाये जाते हैं, अर्थात् प्रस्तुत बीस आश्रय प्राचीन शास्त्रनिर्माण की प्रक्रिया में अपना अटल स्थान रखते हैं। अब ताच्छील्य का परामर्श करेंगे।

(८) सत्रह ताच्छील्य : ताच्छील्य शब्द की व्युत्पत्ति है—'तत् शीलं स्वभावः यस्य सः तच्छीलः, तस्य भावः, ताच्छील्यं तत्स्वभावता ।' शास्त्रकार विवेच्य विषयोपविषयों के स्वरूप को ध्यान में रखकर शब्दों तथा वाक्यों की योजना करता है । इस योजना में ताच्छील्य महत्त्व रखता है । पूर्वोक्त अरुणदत्त ने ताच्छील्यों का परिगणन इन शब्दों में किया है : "सप्तदश ताच्छील्यादी [नी] त्युक्तम् । तद्यथा—१. ताच्छील्यम्, २. अवयवः, ३. विकारः, ४. सामीप्यम्, ५. भूयस्त्वम्, ६. प्रकारः, ७. गुणिगुणविभवः, ८. संसक्तता, ९. तद्धर्मता, १०. स्थानम्, ११. तादर्थ्यम्, १२. साहचर्यम्, १३. कर्म, १४. गुणनिमित्तता, १५. चेष्टानिमित्तता, १६. मूलसंज्ञा, १७. तात्स्थ्यम्, इति ।" अर्थात्, पूर्वाचार्यों ने सत्रह ताच्छील्यों का वर्णन किया है । वे हैं : (१) धर्मसादृश्य के कारण होनेवाला औपचारिक शब्दप्रयोग; (२) एकदेशीय वचन के उच्चारण से तद्विरुद्धार्थक वचन का बोध, बिना उच्चारण के ही, हो जाना; (३) विकृतिवाचक शब्द से प्रकृति का वा प्रकृतिवाचक शब्द से विकृति का ज्ञान होना; (४) सामीप्य ताच्छील्य का वर्णन अरुणदत्त के टीकाग्रंथ में नहीं प्राप्त होता है; (५) किसी वस्तु में आधिक्य से पाये जाने वाले गुणविशेष का वर्णन; (६) किसी एक वस्तु के उल्लेख से तत्प्रकारक अन्य वस्तुओं का ग्रहण होना; (७) गुणी का गुणवाचक शब्द से अथवा गुण का गुणीवाचक शब्द से निर्देश; (८) किसी वस्तुविशेष का अनेकों से संबंध होते हुए भी मुख्य संबंध का उल्लेख; (९) समानधर्म को ध्यान में रखकर तुलनात्मक विधान करना; (१०) स्थानी का नाम स्थान को अथवा स्थान का नाम स्थानी को देना; (११) किसी वस्तु का उपयोग जिस प्रयोजन में होता है, उस प्रयोजनवाचक शब्द से वस्तु को संबोधित करना; (१२) दो वस्तुओं के बीच रहनेवाले नित्य संबंध के कारण, एक के ज्ञान से दूसरे का भी ज्ञान हो जाना; (१३) कर्मनिवृत्ति के वर्णन में कर्म शब्द का औपचारिक प्रयोग करना; (१४) किसी वस्तु में स्थित किसी प्रशंसनीय गुण का ही नाम उस वस्तु को अर्पित करना; (१५) किसी क्रिया की ओर विशेष ध्यान देकर उस क्रिया के वाचक शब्द का औपचारिक प्रयोग करना; (१६) लोकव्यवहार में किसी एक अर्थ में प्रचलित शब्द का शास्त्र में विशिष्ट अर्थ में प्रयोग करना; (१७) किसी भाव के किसी प्रदेश में वस्तुतः न होने पर भी उसके उस प्रदेश के होने का वर्णन करना । इन ताच्छील्यों के भी प्रचुर प्रयोग शास्त्रीय ग्रंथों में दिखायी देते हैं ।

(९) ऊपर हमने प्राचीन शास्त्रीय ग्रंथों के निर्माणतंत्र का वर्णन किया । उसके पुनरवलोकन से हम यह कह सकते हैं कि, प्राचीन विचारकों ने शास्त्रीय ग्रंथ के कुल मिलाकर १२८ अंगों की परिकल्पना की थी । ये अंग शास्त्र के विषय, प्रयोजन, रचना, भाषा आदि समस्त पहलुओं का परामर्श करते हैं । शास्त्र का कोई भी विशेष इन अंगों से अछूता नहीं रह पाता । प्राचीन चिन्तकों ने शास्त्र कैसा होना चाहिए इस विषय का चिन्तन करने के साथ-साथ शास्त्र कैसा नहीं होना चाहिए

इस विषय का भी चिन्तन किया था, यह बात विशेष ध्येय है। उन्होंने न केवल शुष्क तात्त्विक चर्चा की, किन्तु चर्चागत तत्वों का साक्षात् उपयोजन करके भी दिखाया। अर्थात्, उन्होंने शास्त्ररचना के शास्त्र को परिपूर्ण बनाने का हार्दिक प्रयास किया। कौटल्य ने बत्तीस तंत्रयुक्तियों का विवेचन करके उनके प्रयोग अपने ग्रंथ में कहाँ पाये जाएँगे इसका स्पष्टीकरण स्वयं किया है। चक्रपाणिदत्त, डल्हण, इन्दु एवं अरुणदत्त टीकाकारों ने क्रमशः चरकसहिता, सुश्रुतसंहिता, अष्टांगसंग्रह एवं अष्टांगहृदय ग्रंथों का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। इस उपक्रम से प्राचीनों की तत्त्व-मीमांसा सुस्पष्ट एवं सजीव हुई है। अतः अन्त में हम स्वाभाविकतया इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि, प्राचीन मननशील शास्त्रकर्ताओं ने शास्त्रीय तात्त्विक ग्रंथ के लेखन की पद्धति का पूर्ण रूप से विकास किया था। इसलिए किसी भी प्राचीन शास्त्र के अध्ययन, अध्यापन अथवा समालोचन के इच्छुक अर्वाचीन जिज्ञासु व्यक्ति को चाहिए कि वह उक्त पद्धति का यथावत् ज्ञान अवश्य प्राप्त करे। अन्यथा प्राचीन शास्त्रों एवं शास्त्रकारों पर अन्याय होने का भय है।

पद्मपुराण और रघुवंश (द्वितीय सर्ग)
तुलनात्मक परिशीलन

डॉ० भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री'
वाराणसी

A comparative and critical examination of the specific portions, containing the story of Dilīpa in *Padmapurāṇa* and Kālidāsa's *Raghuvaṃśa,* makes it clear that the former is more simple, brief, realistic and natural in its descriptions than the latter. Kālidāsa has adopted the version of the *Padmapurāṇa,* with more eloquence, poetic beauty, linguistic modifications, and particulars. Thus chronologically, *Padmapurāṇa* belongs to a period prior to that of Kālidāsa.

विद्वानों में महाकवि कालिदास तथा पद्मपुराण के पौर्वापर्य का विचार सुस्थिर है। अनेक मनीषियों का यह मत है कि पद्मपुराणगत शकुन्तला-विषयक अंश महाकवि कालिदास विरचित अभिज्ञानशाकुन्तल से उद्धृत किए गए हैं। इस प्रकार की स्वीकृति का मुख्य कारण पद्मपुराण की सभी मातृकाओं में उक्त अंश की अनुपलब्धि बतायी जाती है। किन्तु पद्मपुराण के षष्ठोत्तर खण्ड में दिलीप-विषयक जो कथा उपलब्ध होती है, उसमें पाठभेद के लिए भी अवकाश नहीं दिखता। कुछ विद्वानों के मतानुसार पद्मपुराण में दिलीप कथा को कालान्तर में संनिविष्ट कर दिया गया है। वह केवल बंगदेश में प्रचलित पद्मपुराण की मातृकाओं में दृष्टिगोचर होती है। वस्तुतः पद्मपुराण और रघुवंश दोनों की भाषा का अनुशीलन करके निष्कर्ष निर्धारित किए जाने चाहिए। इसी दृष्टि से रघुवंश महाकाव्यगत द्वितीय सर्ग के तीन श्लोकों के साथ पद्मपुराणीय तीन श्लोकों का तुलनात्मक अनुशीलन प्रस्तुत किया जा रहा है।

(१)

अब यहाँ से दिलीप की नन्दिनी (गो) सेवा का उपक्रम बाँधा जा रहा है—

पद्मपुराण

अथोषसि नराधीशः पूजितां कुसुमादिभिः।
महिष्या नन्दिनीं धेनुं नीत्वाऽरण्यं जगाम सः ॥६।२०३।१॥

(रात्रि बिताने के पश्चात् राजा दिलीप ने पूजित तथा दुही गई ऋषि वशिष्ठ की धेनु को वन की ओर ले जाने के लिए खूंटे से (रस्सी) खोला।)

रघुवंश

अथ प्रजानामधिपः प्रभाते जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम् ।
वनाय पीतप्रतिबद्धवत्सां यशोधनो धेनुमृषेर्मुमोच ॥ २-१ ।

(अथ यशोधनः प्रजानां अधिपः प्रभाते जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम् पीतप्रतिबद्धवत्साम् ऋषेः धेनुं वनाय मुमोच ।)

(रात बिताने के पश्चात् वह राजा पटरानी के द्वारा पुष्पादि से पूजित नवप्रसूता नन्दिनी को लेकर जंगल की ओर गया ।)

तुलना—'अथ' शब्द दोनों में समान है । 'अथ' शब्द के पांच अर्थ होते हैं :—

(१) मंगल,
(२) अनन्तर,
(३) आरम्भ,
(४) प्रश्न तथा
(५) सम्पूर्णता ।

यहाँ 'अथ' शब्द (१) मंगल, (२) अनन्तर तथा (३) आरम्भ अर्थों में प्रयुक्त हुआ है । काव्य की वास्तविक कथा इसी श्लोक से प्रारम्भ होती है । प्रथम सर्ग तो पीठिका मात्र है । फलतः 'अथ' शब्द, (३) आरम्भ अर्थ में ज्ञेय है । प्रारम्भ करते समय (क) आशीर्वाद, (ख) नमस्कार तथा (ग) वस्तुनिर्देश के भेद से तीन प्रकार का मंगल प्रथम सर्गादि से कर लिया गया । अतः द्वितीय सर्गारम्भ में यह मंगल वस्तुनिर्देशात्मक है, बोधनीय है । मंगल तथा आरम्भ विषयसमावेशनीय नहीं होते । इन्हें केवल मनसा जान लेना होता है । इन दोनों अर्थों के साथ-साथ 'अथ' का अनन्तर, पश्चात् अर्थ विषयसमावेशनीय है । पूर्व विषय के परामर्श की अपेक्षा रखने के कारण 'संविष्टः कुशाशयने निशां निनाय' (१।९५) के 'रात बिताना' के परामर्श के साथ-साथ अर्थ पश्चात् का प्रयोग होगा—'रात बिताने के बाद' । अन्वय के अनुसार द्वितीय पद प्रजानामधिपः का विशेषण 'यशोधन': है । पद्मपुराण में यह पद उल्लिखित नहीं है । मल्लिनाथ ने 'यशोधन' पद रखने का कालिदासीय प्रयोजन बताया है—पुत्रवान् होने की कीर्ति धन समझने वाले । इस पद से उन्होंने निष्कर्ष निकाला है—पुत्रवत्ताकीर्तिलोभ से राजाओं के अयोग्य गोरक्षण में प्रवृत्त होना । वस्तुतः इस यशोधन पद में— ददामि देहमात्मीयमपकीर्तिमलीमसम् । एवं न धर्महानिः स्यात् ऋषेस्तव तु भोजनम् (पद्म० ६।२०३।३७) श्लोकार्थ भावना है । 'यशोधनः' पद सिंहाक्रान्त नन्दिनी के नष्ट होने पर (संभावना), यश चले जाने की चिन्ता को वस्तुनिर्देश के रूप में दिखला रहा है, क्योंकि वहाँ दिलीप गाः कोटिशः घटोध्नीः के अनुसार गोत्वेन, गोधन नहीं समझ रहे थे । किन्तु उस गोरक्षण को ही यशोरक्षण समझ रहे थे । जब वे गोरक्षण में असमर्थ हो गए, हाथ चिपक जाने पर कर्तव्यच्युत हो गए, तब उन्होंने

कहा—ददामि देहमात्मीयम्अपकीर्तिमलीमसम् (पद्म० ६।२०३।३७) यशोरहित अतएव मलिन, अपने शरीर को देता हूँ। देहार्पण के पश्चात् इस अपकीर्ति-मलीमस के निरस्तरूप यशोधन को कालिदास ने सर्वतः प्रथम रखा।

अन्वयानुसार तृतीय पद है–'प्रजानामधिपः'। पद्मपुराण में है–'नराधीशः'। नराधीशः में न उतना बल है और न भावना ही। नराधीशपद, हिटलरशाही को सूचित करता है। इसमें जनता के प्रति कर्तव्यों की लेशमात्र सूचना नहीं मिलती। जनता में नर ही नर नहीं होते बल्कि नारियाँ, बालक तथा पशु प्रभृति भी होते हैं। यह पद समत्व भावना को व्यक्त नहीं करता। कालिदास ने 'नराधीश' के स्थान पर प्रजानामधिपः पद का प्रयोग किया है। प्रजा के दो अर्थ होते हैं—(१) सन्तति तथा (२) जन। ये दोनों ही पद नर, नारी, शिशु, पशु, आदि भेदों के संकेत नहीं देते। (१) सन्तति-सन्तानमात्र, तथा (२) जन-जननशक्तिसम्पन्न। 'प्रजानाम्' यह बहुवचनान्त प्रयोग भी इसी भाव का संकेत दे रहा है। इसके अतिरिक्त प्रजा शब्द लोक में लब्धप्रचुरप्रचार है। 'यथा राजा तथा प्रजा', 'जैसी राजा तैसी परजा' शब्दों का प्रयोग ग्रामीण आदरपूर्वक करते हैं। 'प्रजा' शब्द के सन्ततिमात्र में ही अर्थ रखने के कारण ब्रह्मा तथा दक्ष को प्रजापति कहा जाता है। स्मरणीय है कि दक्ष की सन्ततियाँ सर्प, पक्षी आदि भी हैं। तभी वे प्रजापति हैं। कुम्भकार, कुम्हार को भी प्रजापति, परजापत कहा जाता है। वह बड़े पात्र कुसूल (कम्हारी) ले लेकर कसोरा और लघुतम दीपक तक मृत्पात्र गढ़ता है। किन्तु उन सबको तो वह उसी प्रयत्न से रचता है। सबको समान स्थान पर ही सजाता है। बड़ा होने से ऊँचे तथा छोटा होने से नीचे स्थान पर नहीं रखता। इसी भाव को दिखलाने के लिए सर्वसमत्व भावना के हेतु कालिदास ने 'नर' का सन्निवेश न कर 'प्रजानाम्' को स्थान दिया है। 'अधीश' की अपेक्षा 'अधिप' कर्त्तव्य-पालन का निर्देश देता है। अधि (समान) अधिकारपूर्वक पाति रक्षति। पालन करनेवाले माता-पिता को सभी पुत्र बराबर होते हैं। भेद-भाव रखना कलह को आमन्त्रित करना है। दिलीप अपनी प्रजाओं का (समान) अधिकारेण पालन करता था। नराधीश-मनुष्यों पर दबाव नहीं डालता था। (ईश-सामर्थ्य) कालिदास ने इसे स्वयं स्पष्ट कह दिया—

'स पिता पितरस्तासां केवलं जन्महेतवः' (१।२४ रघुवंश)।

पाँचवाँ पद है—'प्रभाते'। पद्मपुराण में है—'उषसि'। 'प्रभात' के संक्षेपतः ११ पर्याय हैं—(१) प्रत्यूष, (२) अहर्मुखः, (३) कल्य, (४) उषस्, (५) प्रत्युषस्, (६) व्युष्ट, (७) विभात, (८) गोसर्ग, (९) प्रभात, (१०) प्रगे तथा (११) प्रातः। उषःकाल चार बजे सूर्योदय से बहुत पहले माना गया है। यह उषस् निशान्त का वाचक है। निशान्त तीन बजने पर हो जाता है। निशान्त (उषाकाल) में प्रकाश नहीं होता। अतः मनु लिखते हैं—निशान्ते न परिश्रान्तो ब्रह्माधीत्य पुनः स्वपेत्—उषाकाल

में वेदाभ्यास करने पर फिर सोना नहीं चाहिए। वाक्य से प्रातःकालिक प्रकाशराहित्य की प्रतीति होती है। कालिदास उषसि का प्रयोग न करके प्रभात का प्रयोग करते हैं। प्रभात में सूर्योदय न होने पर भी प्रकाश फैल जाता है। प्रभात में अन्धकार तो बिल्कुल ही नहीं रहता। सभी पदार्थ दिखने लगते हैं। इस प्रसंग में राजवल्लभ का उदाहरण दर्शनीय है—

वैद्यः पुरोहितो मन्त्री दैवतोऽथ चतुर्थकः।
प्रभातकाले द्रष्टव्यो नित्यं स्वश्रियमिच्छता॥

ऐसी ही बेला को गोसर्ग कहते हैं। ऐसे समय पालतू पशुओं को जंगली पशुओं से भय नहीं रहता। निशांत में चार बजे जागने पर भी राजा तत्काल गाय लेकर जा भी तो नहीं सकता। उसे स्नानादि प्रातःकालिक क्रियानिर्वाह अपेक्षणीय होगा। भोजन भी करना होगा, क्योंकि वह दिनभर के लिए बाहर जा रहा है। कालिदास पद्मपुराण के मूल को न छोड़ने के साथ ही साथ भाषा का प्रयोग बड़ी सावधानी से करते हैं।

छठवाँ समस्तपद है—धेनु का विशेषण—जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम्। पद्मपुराण में है—महिष्या कुसुमादिभिः पूजिताम्। पुराण में कुसुम-पुष्पादि से सत्कृत कहकर छुट्टी पा ली। कुसुम के अतिरिक्त और क्या था? इस अपूर्ति को कालिदास ने सचित्र उपस्थापित किया। छुटे ही कुसुम नहीं थे, बाकायदा गुँथे हुए थे। अतः माल्य-माला तैयार की गई थी। केवल माला ही नहीं थी। उसके पूर्व गन्ध-धूप-अगर आदि भी सुगन्धित-पदार्थ अर्पित किए गए थे। यह सब भी राजा के द्वारा नहीं, रानी के द्वारा हुआ। पद्मपुराण में प्रत्यागमन के समय पूजनविधि की पूर्ण सामग्री दिखाई गई है—

चन्दनाक्षतनैवेद्यधूपादीनुपनीय च ।७॥
तां पूजयित्वा विधिवत् प्रणम्य च पुनः पुनः।
कृत्वा प्रदक्षिणं राज्ञी तस्थौ प्राञ्जलिरग्रतः ।८॥

चन्दन, अक्षत, नैवेद्य, धूप आदि लेकर नन्दिनी की विधिवत् पूजा तथा प्रदक्षिणा करके रानी हाथ जोड़कर आगे खड़ी हो गई। कालिदास ने धूप पद से गन्ध का ग्रहण किया। अक्षत पद आगे के लिए रख छोड़ा। मगधेशसुतायां मे वंशकर्त्तारमात्मजम् (पद्म० ६।२०३।४५) के तथा भविता वंशकर्त्ता ते सुतः शास्त्रास्त्रतत्त्ववित् (४८) के अनुसार भावी पुत्रजनन योग्यता का निर्देश कालिदास ने इसी प्रथम श्लोक में 'जाया' पद देकर कर दिया। पद्मपुराण में भावी निर्देशन करके 'महिष्या' ही कहा गया है। इस महिष्यापद को कालिदास ने समं महिष्या (२।२५) में गृहीत किया है। प्रतिग्राहित का मूल है—सा गृहीत्वा च तां पूजाम् (पद्म० ९)। ग्रहण करने का अर्थ लेना, स्वीकार करना

होता है। अमरसिंह के अनुसार प्रतिग्रह का अर्थ – सैन्यं पृष्ठे प्रतिग्रहः (२।२।७९) फौज का पिछला भाग है। उन्हीं के अनुसार प्रतिग्रह का अर्थ—'प्रतिग्राहः पतद्ग्रहः' (२।१।१३९) पीकदान होता है। अमरसिंह ने प्रतिग्रह का अर्थ 'स्वीकार' कहीं नहीं लिखा। उनके पश्चाद्वर्ती मेदिनीकार ने प्रतिग्रह का अर्थ स्वीकार लिखा है—प्रतिग्रहः स्वीकरेण सैन्यपृष्ठे पतद्ग्रहे। द्विजेभ्यो विधिवद्देये तद्ग्रहे च ग्रहान्तरे (शब्दवर्ग, दृचतुष्क ३१)। इसका यह तात्पर्य नहीं कि कालिदास अमरसिंह के पश्चाद्वर्ती हैं। मनुस्मृति में प्रतिग्रह के स्वीकार अर्थ में अनेकशः प्रयोग उपलब्ध होते हैं प्रतिगृह्येप्सितं दण्डम् (२।४८) इष्ट दण्ड लेकर। प्रतिगृह्य द्विजो विद्वान् (४।११०)। प्रतिगृह्य गृहीत्वा (कुल्लू)। प्रतिग्रहः प्रत्यवरः (१०।१०९)।

संक्षेपतः स्वीकृत शब्द के पर्यायवाची शब्द होंगे—(१) उरीकृत्य, (२) उररीकृत्य, (३) अंगीकृत, (४) आश्रुत तथा (५) प्रतिज्ञात। यद्यपि जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम् के स्थान पर 'जायाप्रतिज्ञापितगन्धमाल्याम्' लिखा जा सकता था। तथापि 'प्रतिज्ञापित' शब्द में वह भाव तथा चित्रोपस्थापनशक्ति नहीं है जो 'प्रतिग्राहित' शब्द में विद्यमान है। ग्रह—लेना, प्रति—लौटकर अपनी वस्तु को उठा लेने, स्वीकार करने का तात्पर्य प्रतिग्रह नहीं होता। 'प्रतिग्रह' में दो का हाथ अवश्य होता है। जिससे हमें लेकर स्वीकार करना है, सबसे पहले वह उस वस्तु को लेगा। यह हुआ ग्रह। फिर उससे लेने पर, जब प्रतिदान बुद्धया दे, प्रतिग्रह होता है। यह बात प्रतिज्ञात शब्द में नहीं है। जायाप्रतिग्राहित का अर्थ हुआ—सुदक्षिणा के द्वारा पहले उठाई गई और फिर नन्दिनी के गले में डाली गई, पहिनाई गई।

सातवाँ समस्तपद है—'धेनु' का दूसरा विशेषण—'पीतप्रतिबद्धवत्साम्' दूध पिलाकर बाँध दिए गए बछड़ेवाली। स्मरणीय है कि पद्मपुराण की कथा में एक स्थान को छोड़कर कहीं भी नन्दिनी के बछड़े की चर्चा नहीं आई है। प्रारम्भ में "नन्दिनीं धेनुम्" कहकर संकेत अवश्य कर दिया है। धेनु कहते हैं—नवसूतिका गाय को। एतदर्थ पद्मपुराण में नन्दिनी के साथ 'धेनु' विशेषण जोड़ा गया है। कालिदास ने इसे स्पष्टतः चित्रित किया है। सिंह के साथ संभाषण करते समय पद्मपुराण में दिलीप के द्वारा करुण स्वर से कहलवाया गया है—लघुतर्णकमातेयं धृता ते गिरिकन्दरे (६।२०३।३४)—तुम्हारे द्वारा गिरिकन्दर में चपेटी हुई यह गाय सद्यःजात बछड़े की माता है। कालिदास ने प्रथम श्लोक में ही पूर्णपरिचय एवं चित्रोपस्थापन के निमित्त दोहने के समय का दृश्य उपस्थित करते हुए लिखा—पीतप्रतिबद्धवत्साम्। इसके अतिरिक्त—वत्सोत्सुकापि (२।२२)। दिनावसानोत्सुकबालवत्साम् (२।४५) वत्सस्य होमार्थविधेश्च शेषम् (२।६६), सद्वत्सलो वत्सहुतावशेषम् (२।६९), धेनुं सवत्साम् (२।७१) पाँच बार बछड़े का उल्लेख करके प्रसंग को बहुत ही रोचक या स्नेहिल बना दिया है।

आठवाँ पद है, ऋषेः—ऋषि की । पद्मपुराण के प्रथम श्लोक में यह पद नहीं है । चतुर्थ श्लोक में अवश्य उल्लेख है । 'कामधेनुं गुरोरेवमसेवत' (५।२०३।४)–गुरोः कामधेनुं एवं असेवत—गुरु की कामधेनु की इस प्रकार की सेवा की । कालिदास ने भी प्रथम श्लोक के अतिरिक्त सर्वत्र वशिष्ठ को अधिकांश गुरुपद से उल्लिखित किया है—गुरोस्सदारस्य (२।३), गुरोर्भवान् (२।४०), गुरोरपीदं धनमाहिताग्नेः (२।४४), अथैकधेनोरपराधचण्डाद् गुरोः (२।४९) भक्त्या गुरौ (२।६३), गुरवे निवेद्य (२।६८)। दिलीप को ऋषि ने गोसेवा की आज्ञा देकर कहा था—इसकी सेवा से तुम्हें पुत्र प्राप्त होगा । यह बात दृढ़तापूर्वक कही गई थी । अतः सत्य होनी ही चाहिए थी । ऋषियों को 'सत्यवचसु'–सत्यवचनवाले (अ०को० २।७।४३) कहा गया है । एतदर्थ प्रथम श्लोक में कालिदास ने 'ऋषिपद' रखा । जहाँ-जहाँ दृढ़वचन को दिखलाना अभीष्ट रहा वहाँ-वहाँ ऋषि एवं महर्षि पद का उल्लेख किया है—'ऋषेरनुज्ञामधिगम्य मातः' (२।६६), 'धेनुरियं महर्षेः' (२।४५), 'कथं नु शक्योऽनुनयो महर्षेः' (२।५४), 'ऋषि-प्रभावान्मयि नान्तकोऽपि' (२।६२) । इसके अतिरिक्त गुरु शब्द अनेकार्थ-वाचक है—(१) भारी, २–बृहस्पति, (३) पिता-माता आदि (अ०को० ३।३।१६२) तथा (४) गर्भाधानादि कर्म कराने वाला (अ० को० २।७।७) । ऐसे पद को प्रारम्भ में ही रखना उचित नहीं समझा गया । इसके अनन्तर प्रसंग चल जाने पर ऋषि का ही गुरुपद से गृहीत होता जाना स्वाभाविक है । कालिदास ने तीन स्थानों पर वशिष्ठ के लिए मुनि भी कहा है—मुनेश्च धेनुः (२।१५), मुनिहोमधेनुः (२।२६), भवेदलुप्तश्च मुनेः क्रियार्थः (२।५५) । ऋषि के स्थान पर गुरोः तथा मुनेः में से अन्यतर का प्रयोग यद्यपि छन्दोभंग को उपस्थित कर देता है तथापि इस भय से अन्यतर का प्रयोग न किया हो सो बात नहीं है । इस उद्देश्य से चिन्तन करने पर श्लोक का स्वरूप भिन्न हुआ होता ।

नवाँ पद है—धेनुम्—धेनु–नवसूतिका को । पद्मपुराण में धेनु के साथ 'नन्दिनी' पद प्रयोग करके धेनु को नन्दिनी का विशेषण बनाया गया है । रघुवंश में धेनु ही उद्देश्य (विशेष्य) है । यद्यपि 'पीतप्रतिबद्धवत्साम्' पद से ही गाय का धेनुत्व गतार्थ हो गया, अतः 'धेनुम्' के स्थान पर कालिदास को 'नन्दिनीम्' लिखना चाहिए था, तथापि 'पीतप्रतिबद्धवत्साम्' से प्रसूता गौ का बोध नहीं होता है । हाल में ही प्रसूता गौ का बछड़े पर अत्यधिक अनुराग होता है । वह उसे छोड़कर जंगल चरने भी जाना नहीं चाहती और जंगल से लौटते समय दौड़ती हुई घर आती हैं । उसे बीच में रोकना दुःसाध्य है । बछड़े की भी यही दशा होती है । ऐसी दशा में रानी सुदक्षिणा द्वारा उसको रास्ते में रोके जाने पर भी शान्तिपूर्वक पूजा करा लेना धेनु की उनके प्रति अत्यर्थ प्रसन्नता की सूचना है । सिंह द्वारा आक्रमण किए जाने पर 'धेनु' कह देने से बछड़े और गाय का वह अनुरागाधिक्य बरबस आँखों के सामने खिंच जाता है । फलतः काव्य में प्राण आ जाते हैं । नन्दिनी पद जरा भी उपयुक्त नहीं होता ।

इसी कारण कालिदास ने सम्पूर्ण सर्ग में 'धेनु' पद का अधिकाधिक उल्लेख किया है। व्रताय तेनानुचरेण धेनोः (२।४), मुनेश्च धेनुः (२।१५), गृष्टिः (२।१८), वशिष्ठधेनोः (२।१९), विरराज धेनुः (२।२०), मुनिहोमधेनुः (२।२६), निगृहीतधेनुः (२।३३); धेनुरियं महर्षेः (२।४५), अथैकधेनोः (२।४९), धेन्वा तदध्यासितकातराक्ष्या (२।५२) तथा धेनुं सवत्साम् (२।७१)। इसी नवप्रसूतात्व को दिखलाने के लिए धेनु के स्थान पर गृष्टि (नवसूतिका-हलायुध) प्रयोग किया गया है। विमर्शनीय है कि सिंह के साथ कत्ती प्रसंग में सर्वत्र धेनु शब्द का व्यवहार किया गया है। शक्ति प्रदर्शन के लिए केवल अनूनां सुरभेः (२।५४) कहा गया है। जननी सादृश्य दिखलाने के लिए 'गामग्रतः प्रस्नविणीम्' (२।६१) में प्रस्नविणी पद रखा गया। प्रसन्न (आनन्दित) होने पर 'नन्दिनी' (२।६९) पद प्रयुक्त किया। इसके अतिरिक्त सौरभेयीम् (२।३), कामदुघाम् (२।६३), पयस्विनीम् (२।२), पयस्विनी (२।६५), दोग्ध्रीम् (२।२३), तथा गवि (२।२९) शब्द भी यथाभाव व्यवहृत हैं।

अन्वयानुसार उपोत्तम पद है—वनाय तथा अन्तिम पद–मुमोच है—वन जाने के लिए खोला (छोड़ा)। पद्मपुराण में है—नीत्वा अरण्यं जगाम—(वह दिलीप) धेनु को लेकर अरण्य गया। कालिदास के वनाय मुमोच बड़े महत्त्वपूर्ण हैं —अल्पशब्द बह्वर्थक। इन दोनों पदों के मध्य 'गन्तुम्' पद लुप्त है। इस 'गन्तुम्' के कर्म वन में क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः—पाणिनि सूत्र से चतुर्थ विभक्ति हुई है। अर्थ करते समय वनाय मुमोच को 'वनं गन्तुं मुमोच' 'वन जाने के लिए खोला' कर लेना होगा। यह वाक्शैली है। पद्मपुराण की बात कालिदास ने सजा कर प्रस्तुत की है, यही उनका कवित्व है। पद्मपुराण के पद नीत्वा अरण्यं जगाम चमत्कारिक नहीं है। नीत्वा-गृहीत्वा-हाथ में लेकर या पकड़कर, अरण्य को गए—अर्थ हुआ। यहाँ 'नीत्वा' पद सर्वथा वैरस्यजनक है। कहाँ गाय का स्वच्छन्द विचरण और कहाँ उसका नयन-ग्रहण।

(२)

पद्मपुराण

अथ प्रत्याश्रमं सायं न्यवर्तत महीपतेः।
अङ्गं पवित्रयन्ती सा खुरोद्धूतैः रजःकणैः॥ (६।२०३।५)

अन्वय—अथ सा सायं खुरोद्धूतैः रजःकणैः महीपतेः अङ्गं पवित्रयन्ती आश्रमं प्रति न्यवर्तत।

सारार्थ—राजा द्वारा खुजलाने आदि सेवा के अनन्तर खुरों (के विन्यास) से उड़े धूलिकणों के द्वारा दिलीप के अंग (शरीर) को पवित्र करती हुई वह धेनु सायंकाल आश्रम की ओर लौटी।

रघुवंश

तस्याः खुरन्यासपवित्रपांसुमपांसुलानां धुरि कीर्तनीया ।
मार्गं मनुष्येश्वरधर्मपत्नी श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरन्वगच्छत् ।। २.२

अन्वय—अपांसुलानाम् धुरि कीर्तनीया मनुष्येश्वरधर्मपत्नी खुरन्यासपवित्रपांसुम् तस्याः मार्गम् स्मृतिः श्रुतेः अर्थमिव अन्वगच्छत् ।

सारार्थ - पतिव्रताओं की सिरमौर दिलीप की धर्मपत्नी ने, खुर पड़ने से पवित्र धूलि वाले नन्दिनी के मार्ग का अनुगमन किया, ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार मन्वादि स्मृतियाँ वेदों का अनुगमन करती हैं ।

तुलना—पद्मपुराणोक्त श्लोक में प्रयुक्त 'अथ' शब्द कण्डूयन आदि गोसेवा का परामर्श करता है—गोसेवा के अनन्तर । दिन भर के गोसेवा कार्य को निर्विघ्न समाप्त करना भी मंगल तथा कार्य (दिन) की सम्पूर्णता का सूचक है । अतः 'अथ' शब्द पूर्वोक्त अर्थ के साथ-साथ मंगलार्थ की भी सूचना दे रहा है । कालिदास ने द्वितीय श्लोक में 'अथ' शब्द का प्रयोग नहीं किया । यहाँ वह उपयुक्त भी नहीं था । श्रीव्यास नन्दिनी के वन से परावर्तन—गोधूलि बेला—का वर्णन कर रहे हैं, किन्तु कालिदास तो अभी प्रभात में वशिष्ठ के आश्रम से वन के प्रति गमन के ही वर्णन में तत्पर हैं । फलतः इस 'अथ' शब्द का कोई प्रसंग भी नहीं है । उन्होंने द्वितीय सर्ग भर में चार स्थलों पर 'अथ' का प्रयोग किया है—'अथ प्रजानाम्' (२।१), 'अथान्धकारम्' (२।४६), 'अथैकधेनोः' (२।४९), तथा 'अथ नयनसमुत्थम्' (२।७५) ।

पद्मपुराण में 'खुरोद्धूतैः रजःकणैः' (६।२०३।५) द्वारा गोधूलि–बेला का मनोरम चित्र खींचा है । भारत में गोधूलि-बेला का अत्यन्त महत्त्व है । यह 'सूर्यास्तमन' बेला में ही होती है, सूर्योदय में नहीं । रघुवंश में इस परमपावन बेला का वर्णन छूट गया है । पद्मपुराण के पाँचवें श्लोक पर ध्यान जाते ही उन्होंने रघुवंश के द्वितीय श्लोक में ही 'खुरन्यासपवित्रपांसुम्' वाले मार्ग का वर्णन कर दिया है । अतः इस पौनरुक्त्य से बचने के लिए उन्होंने संचारपूतानि दिगन्तराणि कृत्वा दिनान्ते निलयाय गन्तुम् (२।१५) में सूर्य की किसलयवरुणारुण प्रभा के साथ मुनि वशिष्ठ की नन्दिनी का गमन-सादृश्य वर्णित किया । वस्तुतः यहाँ गोधूलि का वर्णन परम अपेक्षणीय था । पद्मपुराण के पंचम श्लोक के अनुसार वह कामधेनु सायंकाल खुरोद्धूत रजःकणों में महीपति दिलीप के अंगों को पवित्र करती हुई आश्रम को लौट आयी । यह नैसर्गिक प्रकृति-वर्णन यथार्थ चित्रण को सूचित करता है । रघुवंश में पवित्रयन्ती सा खुरोद्धतैः रजःकणैः इस पद्मपुराण की देखा-देखी समस्त पदों द्वारा मार्ग का विशेषण बनाकर आगे उपमा उपस्थापित की गई है, पर उसकी अयथार्थता अत्यन्त स्पष्ट है । उपमेय मार्ग की उपमा श्रुति के अर्थ के साथ दी गई है । फलतः

श्रुतेः अर्थम् का अन्वय एक पक्ष में खुरन्यासपवित्रपांसुम् के साथ भी होना चाहिए था। श्रुति के खुरन्यास से पवित्र पांसु वाले अर्थ का अनुगमन जिस प्रकार स्मृति करती है, उसी प्रकार नन्दिनी के खुरन्यास से पवित्र पांसु वाले मार्ग का अनुगमन सुदक्षिणा ने किया। इसके विपरीत 'श्रुतेः' अर्थ के अन्वय की संगति खुरन्यासपवित्र-पांसुम् के साथ बिल्कुल नहीं बैठती क्योंकि कालिदास पद्मपुराण के पवित्रयन्ती सा खुरोद्धूतैः रजःकणैः वाले मनोमुग्धकारी वर्णन से अभिभूत हो उठने के कारण उसका यथास्थान वर्णन नहीं कर सके।

इसमें सन्देह नहीं कि कालिदास साहित्यिकता में सिद्धहस्त हैं। उन्होंने 'रजःकणैः' जैसे कर्कश शब्दद्वय के स्थान पर कुटा-पिटा एक शब्द रखा—'पांसु'। 'पांसु' का विशेषण 'पवित्र' शब्द ज्यों का त्यों रख दिया। यह भाषा परिष्कार स्पष्टतः कालिदासकृत अनुकरण को द्योतित करता है। पद्मपुराण का वर्णन अत्यन्त संक्षिप्त है। इसके पाँच श्लोकों की विषय-वस्तु का रघुवंश में पन्द्रह श्लोकों द्वारा वर्णन किया गया है। यदि कहा जाय कि कालिदास का वर्णन ही पद्मपुराण द्वारा अनुकृत किया गया है तो उत्तर में निवेदन है— अग्निपुराण में जिस प्रकार अमरकोश का अक्षरशः अनुकरण किया गया है उसी प्रकार यहाँ भी रघुवंश का अक्षरशः अनुकरण क्यों नहीं कर लिया गया ? अमरसिंह द्वारा अग्निपुराण का अनुकरण नहीं किया गया है क्योंकि उक्त पुराण में 'स शाक्यसिंहः सर्वथा सिद्धः' आदि बुद्ध के नामों का ठीक उसी प्रकार उल्लेख हुआ है जिस प्रकार अमरकोश में। बुद्ध के पश्चात् व्यास की स्थिति का आभास यद्यपि पातंजलयोगदर्शन के व्यास-भाष्य द्वारा होता है, एतदर्थ अग्निपुराण का अनुकरण अमरसिंह द्वारा यथा कथंचित् स्वीकृत किया भी जा सकता है तथापि कालिदास का अनुकरण पद्मपुराण कृत अनुमोदनीय न होगा। क्योंकि कालिदास की रचना में कृत्रिमता तथा (वर्णन की) अस्तव्यस्तता दृष्टिगोचर होती है। द्वितीय, पुराणों में अन्य ग्रंथों के सम्पूर्ण उद्धरणों को सादर ग्रहण कर लिया गया है जिस प्रकार पाणिनि ने पूर्वाचार्यों के उद्धरणों का उल्लेख ससम्मान किया है। ऋषियों की कृतज्ञता ज्ञापन की यह श्लाघनीय परिपाटी है। दूसरे की वस्तु पर अपना रंग चढ़ाकर उसे अपना घोषित करना उनकी प्रकृति के विपरीत था। इसके अतिरिक्त यदि ऐसा किया जाता तो इतने विशालकाय पुराण न बन पाते। उन्हें तो जहाँ-तहाँ से जिस रूप में सामग्री उपलब्ध हुई उन्होंने उसे उसी रूप में सँजो दिया। पुनः कोई कारण नहीं कि रघुवंश की सामग्री को वे तोड़-मरोड़ कर रखने के द्वारा अपना समय नष्ट करते। यदि 'दुर्जनतोषन्यायेन' उन्हें ऐसा करना ही था तो वे क्यों न उस विषय को अलंकृत शैली में रखते। सच बात तो यह है कि पुराणों में (श्रीमद्भागवत को छोड़कर) अतिसमयापेक्षी भाषा परिष्करण के प्रति ध्यान ही नहीं दिया गया। श्रीमद्-भागवत को हाल का इसीलिए मानते हैं क्योंकि उसमें भाषा परिष्कार के प्रति अधिक ध्यान दिया गया है।

(३)

पद्मपुराण

स च राजा मृदुग्रासैर्दंशापनयनेन च ।
कण्डूयनैः कामधेनुं गुरोरेवमसेवत ।। ६।२०३।४)

अन्वय—राजा च सः मृदुग्रासैः दंशापनयनेन कण्डूयनैः च गुरोः कामधेनुं एवं असेवत ।

सारार्थ—और उस राजा दिलीप ने कोमल-कोमल घास खिलाकर (गाय पर बैठे हुए) डांसों (मच्छरों) को उड़ाकर और (उनके बैठने से मची हुई सुरसुराहट से) खुजलाहट द्वारा (दूर कर) गुरु वशिष्ठ की कामधेनु की इस प्रकार सेवा की ।

रघुवंश

आस्वादवद्भिः कवलैस्तृणानां कण्डूयनैर्दंशनिवारणैश्च ।
अव्याहतैः स्वैरगतैः स तस्याः सम्राट् समाराधनतत्परोऽभूत् ।। (२।५)

अन्वय—सम्राट् सः आस्वादवद्भिः तृणानां कवलैः कण्डूयनैः दंशनिवारणैः अव्याहतैः स्वैरगतैः च तस्याः समाराधनतत्परः अभूत् ।

सारार्थ—सम्राट् वह दिलीप सुस्वादु घास के कौर खिलाकर, खुजलाकर, मच्छरों को उड़ाकर और (उसे) स्वेच्छापूर्वक बेरोक-टोक चलने देकर नन्दिनी की सम्यक् आराधना में तत्पर हो गया ।

तुलना—पद्मपुराण में प्रथमपद है—राजा । यह एक ऐसा शब्द है जो ऋग्वेद (३।४३।५, ५।५४।७) इत्यादि और उसके अनन्तर के वाङ्मय में प्रायः उपलब्ध होता है । आरम्भिक भारत में सरकार का रूप सामान्यतः राजसत्तात्मक ही था । ऋग्वेदादि के अनेक स्थलों (द्र० १।४०।८, १।१०८।७, १०,४२।१०,१०।९७।६) पर यह शब्द राजगृह के विशिष्ट सदस्य अथवा उसके किसी भी विशिष्ट व्यक्ति का द्योतक प्रतीत होता है । स्वयं कालिदास ने भी रघुवंश में दिलीप को 'राजेन्दु' (१।१२), 'वसुधाधिपः' (१।३२), 'राजा राज्ञी च मागधी' (१।५७), 'राज्ञा' (१।७३), 'राजन्' (१।७८), 'महीक्षितः' (१।८५), 'राजन्' (१।८७), 'प्रजानामधिपः'(२।१), 'मनुष्येश्वर' (२।२), 'राजा' (२।३, २।६१) आदि का प्रयोग किया है । इस प्रकार कालिदास ने राजा तथा समाज की एकार्थकता के रूप में प्रयुक्त किया है । मनु के अनुसार 'राजा' शब्द केवल क्षत्रिय के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है । शर्मवद् ब्राह्मणस्य स्यात् राज्ञो रक्षासमन्वितम् (मनु० २।३२) । अमरकोश के अनुसार 'येनेष्टं राजसूयेन मण्डलस्येश्वरश्च यः' । शास्ति यश्चाज्ञया राज्ञः स सम्राट् (२।८।३) । रामाश्रमी टीका के अनुसार सार्वभौमविशेष को सम्राट् कहा गया है । कुछ लोगों के अनुसार—

(१) राजसूयकर्ता, (२) द्वादशराजमण्डलेश्वर तथा (३) सर्वभूपतियों का शासक, ये तीनों सम्राट् कहे जाते हैं। ऋग्वेद (३।५५।७), (३।५६।५, ४।२१।१, ६।२७।८, ८।१९।३२) तथा उसके अनन्तर राजा की अपेक्षा सम्राट् को शक्ति में बड़ा तथा श्रेष्ठ शासक माना गया है। शतपथ ब्राह्मण (५।१।१।१३, १२।८।३।४, १४।१।३।८) में वाजपेय और राजसूय सम्बन्धी सिद्धान्त के अनुसार सम्राट् को राजा की अपेक्षा उच्च और वाजपेय यज्ञ के द्वारा ही इस पद को अर्जित करने वाला कहा गया है। ऐसा होने पर भी वहाँ राजाओं के अधिराज के रूप में इस शब्द के प्रयोग का कोई चिह्न प्राप्त नहीं होता। किन्तु साथ ही साथ विदेह के जनक की भाँति महत्त्वपूर्ण राजाओं को ही सम्राट् के रूप में सम्बोधित किया गया है। शतपथ ब्राह्मण (११।३।१।१), बृहदारण्यकोप० (४।१।१) ऐतरेय ब्राह्मण में यह पूर्वी राजाओं की उपाधि के रूप में व्यवहृत हुआ है। उत्तर के राजाओं के लिए 'विराट्', दक्षिण के राजाओं के लिए 'स्वराट्' आदि शब्दों का प्रयोग मननीय है।

शतपथ ब्राह्मण (५।१।१।३) के अनुसार राजसूय राजाओं का और वाजपेय सम्राटों का यज्ञ है। यहाँ साम्राज्य का स्तर राज्य की अपेक्षा श्रेष्ठ माना गया है। १२।८।३।४ में सिंहासन (आसन्दी) पर बैठने को 'सम्राटों' की एक विशिष्टता बताया गया है। अन्यत्र काठक संहिता (१४।५), मैत्रायणी संहिता (१।११।५) में 'स्वाराज्य' (अनियन्त्रित उपनिवेश) को राज्य के विपरीत बताया गया है। ऐतरेय ब्राह्मण ८।१२, ४।५) में राजन्य संस्कार के प्रसंग में इस प्रकार के शब्दों की एक तालिका प्रस्तुत कर दी गई है। यथा—राज्य, साम्राज्य, भौज्य, स्वाराज्य, वैराज्य, पारमेष्ठ्य और माहाराज्य। अन्यत्र पंचविंश ब्राह्मण (१५।३।३५) में तथा छान्दोग्योप० (५।२।६) में सर्वोच्चशक्ति के लिए आधिपत्य शब्द प्राप्त होता है। किन्तु ऐसा मानने के लिए कोई आधार नहीं कि ये शब्द अनिवार्यतः अधिकार अथवा शक्ति के विविध रूपों को अभिव्यक्त करते हैं। अन्य राजाओं का अधिपति हुए बिना भी किसी राजा को महाराज अथवा सम्राज् कहा जा सकता है। कारण यदि वह एक महत्त्वपूर्ण राजा है तो उसके लिए इन शब्दों का प्रयोग हो सकता है अथवा यदि उसके पार्षदों द्वारा प्रशंसात्मक आशय है तो भी इस प्रकार का प्रयोग हो सकता है जैसा कि विदेह के जनक के लिए किया गया है (शतपथ० ११।३।१।२)।

इन सब तथ्यों को दृष्टि में रखकर विचार करने से प्रतीत होता है कि पद्मपुराण का राजा शब्द यथार्थता का सूचक है किसी बनावट या साहित्यिकता को सूचित नहीं करता। कालिदास द्वारा प्रयुक्त 'सम्राट्' शब्द विशेष उद्देश्य से किया गया है, फलतः वह कविता में निखार ला रहा है। यद्यपि अन्यत्र कालिदास द्वारा 'एकातपत्रं जगतः प्रभुत्वम्' द्वारा दिलीप को सम्राट् के रूप में चित्रित किया गया है, तथापि प्रकृत श्लोक के पूर्व उन्हें इस रूप में नहीं दिखाया गया है। प्रकृत श्लोक में अत्यन्त

निम्नकोटि का कार्य (जिसको करने के लिए ऐश्वर्य की कोई अपेक्षा नहीं है) डाँसों को भगाना, गाय को खुजलाना और घास तोड़-तोड़कर खिलाना राजाओं के द्वारा करणीय नहीं है। इसी निम्नत्व और सर्वोत्कृष्टत्व को दिखाने के लिए कवि ने राजा का प्रयोग न कर सम्राट् का प्रयोग किया है। २।५० में दिलीप के राज्य को महीतलस्पर्शनमात्रभिन्नमृद्धं हि राज्यं पदमैन्द्रमाहुः कहकर सर्वोत्कृष्टता दिखायी भी गई है। इस सबसे स्पष्ट विदित होता है कि पद्मपुराणगत श्लोकों का काव्यत्व रघुवंश की तुलना में परिष्कृत नहीं है।

द्वितीय पद है—पद्मपुराण का मृदुग्रासैः और रघुवंश का आस्वादवद्‌भिः तृणानां कवलैः। पद्मपुराण के 'मृदुग्रासैः' में सुस्पष्टता नहीं है—किसका ग्रास—अन्न का अथवा घास का। पर कालिदास के रघुवंश में सुस्पष्टता भी है और उससे भी आगे साहित्यिकता। विदिशा की ओर 'कौर' शब्द का ही प्रचार है, 'ग्रास' या 'गस्सा' का बिल्कुल नहीं। पूर्वी क्षेत्रों में 'गस्सा' भी चलता है। 'कवल' शब्द की व्युत्पत्ति सुस्पष्ट नहीं है। ग्रास की व्युत्पत्ति है—ग्रसु अदने से। 'कवल' शब्द की व्युत्पत्ति के प्रसंग में भानुजिदीक्षित अपनी व्याख्यासुधा नामक अमरकोश की टीका में लिखते हैं, केन वलते—कम्पते इति 'कवल'—वह जो जल से काँपता है, हिलता है। व्युत्पत्ति की यह अनुपयुक्तता इस शब्द के गम्भीर इतिहास की ओर इंगित करती है। 'कवल' का अभिप्राय है, मुट्ठीभर। इसके अतिरिक्त रघुवंश में एक महत्त्वपूर्ण विशेषण है—आस्वादवद्‌भिः। इसमें स्वाद नहीं 'आस्वाद' आसमन्तात् स्वाद है। कालिदास ने ही प्रायः इस शब्द का अधिक प्रयोग किया है—चूताङ्कुरास्वादकषायकण्ठः (कुमार० ३।३२), 'ज्ञातास्वादः' (मेघ० ४१) और रघुवंश का प्रकृत श्लोक।

यद्यपि 'कण्डूयनैः' पद, पद्मपुराण और रघुवंश में समान है तथापि दोनों ग्रंथों में क्रम की भिन्नता विचारणीय है। पद्मपुराण में दंशापनयन पहले तथा कण्डूयन उसके अनन्तर है। रघुवंश में इसके विपरीत ही कण्डूयन पहले और दंश-निवारण उसके अनन्तर दिया गया है।

अब प्रश्न यह होता है कि पहले खुजलाना होता है या पहले डाँस भगाना? यदि पहले खुजलाना हो तो दंश-निवारण अपने आप ही हो जाएगा, दंश-निवारण का हेतु खुजलाना हो जाएगा और तब दंश-निवारण पद की उपयोगिता ही नहीं रह जाती। अतः दंश-निवारणपूर्वक खुजलाना अधिक संगत मालूम पड़ता है। डाँसों के काटकर उड़ जाने के अनन्तर ही खुजली मालूम भी पड़ती है। इसके अतिरिक्त रघुवंश में 'दंशनिवारणैः' में बहुवचनान्त प्रयोग है और पद्मपुराण में 'दंशापनयनेन' एकवचनान्त। इन दोनों में बहुवचनान्त प्रयोग ही युक्तिसंगत जँचता है। बारम्बार डाँस उड़ाकर बारम्बार खुजलाना युक्तियुक्त है, न कि एक बार डाँस उड़ाकर बार-बार खुजलाना। डाँसों की अपसारणरूप क्रिया के एक ही बार किए जाने से डाँसों की

अल्पता का बोध होता है। यहाँ तक पद्मपुराण और रघुवंश में सम्पूर्ण पद प्रायः समानार्थक मिले। विशेषणों में कोई अन्तर नहीं था। इसके आगे रघुवंश में एक विशेषण सहित ऐसा पद आता है जो पद्मपुराण में नहीं है। वह है—'अव्याहतैः स्वैरगतैः'। यहाँ 'गत' शब्द भाव में क्त प्रत्यय होने के कारण संज्ञावाचक है। फलतः उसका अर्थ हुआ 'गमन'। अव्याहत-बेरोक-टोक, स्वैर-स्वच्छन्द, गत-गमन। राजा दिलीप नन्दिनी के मार्ग में होनेवाली समस्त बाधाओं को हटाता जाता था तथा नन्दिनी को अपने मनोऽनुकूल दिशा में नहीं हाँकता था, जिस प्रकार आज के चरवाहे हाँका करते हैं। कालिदास ने यह नवीन विशेषणपद रखकर दिलीप की नन्दिनी के प्रति पशुत्व-बुद्धिविहीनतापूर्वक उसमें देवत्व की प्रतिष्ठापना की है। नन्दिनी में की गई यह देवत्व की प्रतिष्ठा पूर्णरूपेण व्यक्त होती है सिंह-दिलीप संवाद के अवसर पर। वहाँ दिलीप नन्दिनी के स्थान पर अन्य करोड़ों गायें देकर गुरु को सन्तुष्ट करने में असामर्थ्य दिखाता है। प्रथम सर्ग में वशिष्ठ ने उससे ऐसा कहा भी था। यह सब होने पर भी नन्दिनी ने प्रसन्न होकर जो बात दिलीप से कही उससे व्यक्त होता है कि दिलीप की नन्दिनी के प्रति पूर्णरूपेण असामान्य गौ की बुद्धि नहीं थी।

द्वितीय सर्ग के प्रथम श्लोक में कालिदास ने धेनु का सम्बन्ध ऋषि से बताया था, पद्मपुराण में केवल नन्दिनी का प्रयोग है। उसका सम्बन्ध किसी से नहीं दिखाया गया है। किन्तु इस चतुर्थ श्लोक में 'गुरोः कामधेनुम्,' कहा गया है। कालिदास ने इस स्थान पर 'तस्याः समाराधनतत्परः' कहकर 'तत्' शब्द से प्रथम श्लोक के संबंध को द्योतित कर दिया है।

दोनों ग्रंथों के समानार्थक पदों पर विवेचना करने से कुछ बारीकी का पता लगता है : कालिदास—तस्याः समाराधनतत्परोऽभूत्, पद्मपुराण—गुरोः कामधेनुम् एवं असेवत। यहाँ कालिदास समास-बहुल शैली का आश्रय लेते हैं। पद्मपुराण अपनी सीधी-सीधी बात कहता है। पद्मपुराण का 'एवं' शब्द अत्यन्त स्वाभाविकता को व्यक्त कर रहा है। यह शब्द यहाँ बहुत ही आवश्यक है, पर कालिदास ने इसका प्रयोग नहीं किया। सेवा और समाराधन में अन्तर है। आराधना देवता की होती है, माता-पिता की नहीं, किन्तु सेवा, माता-पिता, गुरु, स्वामी आदि की होती है, समाराधना नहीं। आराधना करनेवाला अपने आराध्य की शक्तिशालिता पर सुविश्वस्त होकर अपने को पूर्णतया उसके ऊपर छोड़ देता है, इसके बाद उसके रक्षण की बात ही नहीं उठती है। किन्तु सेवा करनेवाला अपने सेव्य की प्रत्येक गति-विधि में सहयोग देता है, सहारा देता है। नन्दिनी की की गई सेवा ही दिलीप को फलित हुई, आराधना नहीं। लोक में भी 'सेवा करने से मेवा मिलता है' लोकोक्ति प्रचलित है। 'येषामाराधनाय' (उत्तररामचरित), 'आराधनाय लोकानाम्' (उत्तरराम० १।१२।४), 'आराधनायास्य सखीसमेताम्' (कुमार० १।५५, भागवत० ७।२२) तथा 'कृतमाराधनं' (महाभारत) के अनुसार, आराधना का सेवा अर्थ नहीं हो पाता।

आराधन और सेवा में भेद करने के लिए दोनों के बीच में एक लम्बी रेखा खिंची हुई है। आराधना करनेवाला अपने आराध्य को प्रत्यक्षरूपेण अपनी सेवाएँ नहीं दे पाता किन्तु सेवा बिना प्रत्यक्ष के होती ही नहीं। अतः यह पूर्णरूपेण कहा जा सकता है कि सेवा शारीरिक है और आराधना मानसिक। शारीरिक सेवा के अर्थ में कालिदास ने यह नवीन प्रयोग किया है। इस प्रसङ्ग में द्रष्टव्य है महाभारत का वनपर्व— आराधितो द्विजश्रेष्ठ तत्परेण समाधिना (१८८।७)।

'तत्पर' शब्द प्रायः समस्त पद में आता है। कालिदास ने इसका अनेकत्र प्रयोग किया है - (रघु० १।६६), मेघदूत (१०)। कालिदास के अतिरिक्त मनुस्मृति ३।२६२ और याज्ञवल्क्यस्मृति (१।८३) में भी इसका प्रयोग हुआ है। अमरकोश 'तत्परे प्रसितासक्ताविष्टार्थो०' में असमस्त 'तत्पर' शब्द के असमस्त होने का कारण है।'तत्पर' शब्द समस्त वाक्य में अपने पूर्ववर्ती पद के साथ सम्बद्ध होकर अर्थ देने लगता है। अतः उसे पर्यायवाचक शब्दों के साथ समस्त नहीं किया गया।

कालिदास के इस तस्याः समाराधनतत्परः में समासदोष भी है। तस्याः नन्दिनी के पद का अन्वय 'समाराधन' के साथ है न कि दिलीप के साथ। समाराधन-तत्परः दिलीप का विशेषण है। इस विशेषण के एकदेश 'समाराधन' में अन्वय असमर्थ है (द्रष्टव्य 'समर्थः पदविधिः' आदि)। 'देवदत्तस्य गुरुकुलं' में भी यद्यपि एक देशी अन्वय मानने की बात उठती है तथापि गुरुकुल शब्द तथा गुरु का कुल के साथ अन्वय होने से कोई दोष नहीं है। "शिवस्य भागवते" पद वस्तुतः असमर्थ समास का उदाहरण है। महाभाष्य आदि में इसका प्रयोग ढूंढ़कर अङ्क दीजिए अन्यथा इसे वैयाकरणों का बुद्धिकौशलमात्र माना जाएगा। पद-लालित्य के चक्कर में पड़कर कालिदास ने भाषादोष को मोल ले लिया। पद्मपुराण में मस्तिष्क पर बिना जोर दिए, बिना सोचे-विचारे स्वाभाविकरूप से लिखा गया है। "गुरोः कामधेनुम् एवं असेवत" पौराणिक ग्रंथ होने के कारण अद्यतन भूत की 'असेवत' क्रिया उपयुक्त ही है।

महाकवि कालिदास पर वैदिक प्रभाव

डॉ० मानसिंह

शिमला

Kālidāsa, with a deep faith in the *Veda,* had good knowledge of its *karmakāṇḍa,* religion and mythology. Some of the plots and characters of his works had their source in the *Veda.* The *Chāndasa* impact may be seen in some of his descriptions and usages of words.

कविकुलगुरु कालिदास की वेदों तथा वैदिक वाङ्मय के प्रति गहन आस्था थी। उन्होंने वेदों का उल्लेख 'वेद'[१], 'श्रुत'[२], 'श्रुति'[३], 'त्रयी'[४], 'छन्दस्'[५], 'ब्रह्म'[६] तथा 'आप्तवाक्'[७] शब्दों से किया है। यही नहीं, उन्होंने वेदपाठ तथा वेदाध्ययन का भी उल्लेख किया है।[८] वेदों का अध्ययन-अध्यापन करने वाले तथा श्रुतिप्रतिपादित यज्ञयागों का सम्पादन करने वाले श्रोत्रिय व्यक्तियों का भी उल्लेख उन्होंने किया है।[९] उनके द्वारा प्रयुक्त 'वेदान्त'[१०] तथा 'अध्यात्मविद्या'[११] शब्द उपनिषदों के परामर्शक हैं। साथ ही उन्होंने आगमों[१२] तथा शास्त्रों[१३] का भी उल्लेख किया है। मन्त्रों में महाकवि कालिदास ने ऋक्[१४] तथा साम[१५] का उल्लेख किया है, जिससे ऋग्वेद तथा सामवेद का भी परामर्श हो जाता है। अथर्ववेद का तो नामतः संकेत किया गया है।[१६] श्रौत यज्ञयागों के वर्णन तथा 'अध्वर्यु'[१७] शब्द के प्रयोग से यजुर्वेद का भी ग्रहण हो जाता है। यही नहीं, वेदाङ्गों का भी संकेत किया गया है।[१८] उन्होंने सामान्यतः वैदिक मन्त्रों का संकेत 'मन्त्र' शब्द से किया है।[१९] मन्त्रविशेषों में उन्होंने प्रसिद्ध ब्रह्म अथवा गायत्री[२०] का उल्लेख किया है, जो गायत्री छन्द में उपनिबद्ध होने से गायत्री नाम से अभिहित होता है। मूढ़मति ब्राह्मण के लिए भी कम से कम इस सवितृमन्त्र का उपदेश आवश्यक माना जाता था।[२१] अथर्ववेद[२२] में इसे 'वेदमाता' कहा गया है और इसे स्तुति करने वाले को लम्बी आयु, यश, सन्तान, पशु, धन, ब्रह्मवर्चस्व आदि प्रदान करने वाली माना गया है। तैत्तिरीयारण्यक[२३] में भूः, भुवः, स्वः इन व्याहृतियों को वाणी का सत्य (सार) तथा गायत्री में सविता के अर्थ को श्री अथवा महत्ता उत्पन्न करने वाला माना गया है।

बृहदारण्यकोपनिषद्[२४], **आपस्तम्ब-धर्मसूत्र**[२५], **विष्णु-धर्मसूत्र**[२६], **मनु-स्मृति**[२७], **शंख-स्मृति**[२८], **बृहत्पराशर**[२९] आदि ग्रन्थों में गायत्री की महिमा का गान किया गया है। पराशर इसे 'वेदमाता' मानते हैं।[३०] **बौधायन-धर्मसूत्र**[३१], **वशिष्ठ-धर्मसूत्र**[३२], **मनु-स्मृति**[३३] तथा **शंख-स्मृति**[३४] के अनुसार गायत्री का जप शुचिता प्रदान करने वाला है। कालिदास के समय गायत्री का महत्त्व इस प्रकार परम्परानुमोदित है। इस मन्त्र का उपदेश उपनयन के समय किया जाता था। शतपथ-ब्राह्मण से विदित होता है कि उपनयन के एक वर्ष, छह मास, चौबीस, बारह अथवा तीन दिन के पश्चात् आचार्य ब्रह्मचारी को गायत्री मन्त्र का उपदेश करता था; किन्तु ब्राह्मण ब्रह्मचारियों को इसका उपदेश तुरन्त कर दिया जाता था। **शांखायन-गृह्यसूत्र**[३५], **मानव-गृह्यसूत्र**[३६], **भारद्वाज-गृह्यसूत्र**[३७] तथा **पारस्कर-गृह्यसूत्र**[३८] में भी यही विधान है; किन्तु सामान्यतः इसका उपदेश उपनयन के दिन ही होता रहा है। कुछ गृह्यसूत्रों के अनुसार ब्राह्मणों के लिए यह सावित्री मन्त्र गायत्री छन्द (प्रत्येक अष्टाक्षर पाद वाले) में, और क्षत्रियों तथा वैश्यों के लिए त्रिष्टुप् (प्रत्येक एकादशाक्षर पाद वाले) अथवा जगती (प्रत्येक द्वादशाक्षर पाद वाले) छन्द में होना चाहिए। इस प्रसंग में भी कुछ अन्तर रखा गया है, जैसे **काठक-गृह्यसूत्र**[३९] के भाष्यकारों के अनुसार 'अदब्धेभिः सविता'[४०] तथा 'विश्वा रूपाणि'[४१] आदि मन्त्र क्रमशः क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए हैं। **शांखायन गृह्यसूत्र**[४२] के टीकाकार के अनुसार 'आ कृष्णेन रजसा'[४३] आदि त्रिष्टुप् मन्त्र क्षत्रिय के लिए और 'हिरण्यपाणिः सविता'[४४] अथवा 'हंसः शुचिषद्'[४५] आदि जगती छन्द में उपनिबद्ध मन्त्र वैश्य के लिए हैं। **वाराह-गृह्यसूत्र**[४६] के अनुसार 'आ देवो यातु सविता'[४६क] तथा 'युञ्जते मनः'[४७] आदि क्रमशः त्रिष्टुप् तथा जगती छन्द में उपनिबद्ध मन्त्र क्रमशः क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए हैं। **पारस्कर-गृह्यसूत्र**[४८] के अनुसार सभी वर्ग गायत्री अथवा सावित्री मन्त्र को क्रमशः गायत्री, त्रिष्टुप् अथवा जगती छन्द में पढ़ सकते हैं। महाकवि कालिदास ने प्रणव अथवा ओङ्कार का भी उल्लेख किया है।[४९] ओङ्कार प्राचीन काल ही से परम पवित्र तथा परमात्मा का प्रतीक माना जाता रहा है।[५०] **तैत्तिरीय-ब्राह्मण**[५१] में ओङ्कार की स्तुति प्राप्त होती है, जिसमें ऋग्वेद का 'ऋचो अक्षरे परमे'[५२] आदि मन्त्र उद्धृत करके 'अक्षर' का अर्थ ओङ्कार किया गया है। **तैत्तिरीयोपनिषद्** के अनुसार 'ओम्' ब्रह्म है, ओम् यह सब है।[५३] **आपस्तम्ब** के मत में ओङ्कार स्वर्ग का द्वार है, अतः वेदाध्ययन करने वाले व्यक्ति को प्रथम 'ओम्' का उच्चारण करना चाहिए।[५४] **कठोपनिषद्** में भी 'ओम्' को वेदत्रयी का अन्त (परिणाम), ब्रह्मज्ञान का उद्गम तथा ब्रह्म का प्रतीक माना गया है।[५५] इसी प्रकार मनु तथा उनके टीकाकार मेधातिथि ने भी प्रणव अथवा ओङ्कार के उच्चारण पर बल दिया है।[५६] **मार्कण्डेय-पुराण**[५७], **वायुपुराण**[५८], **वृद्धहारीत-स्मृति**[५९] प्रभृति ग्रन्थों में प्रणव के तीन अक्षरों को विष्णु, लक्ष्मी तथा जीव, वेदत्रयी, लोकत्रय आदि विभिन्न वस्तुओं से तदात्म माना गया

है। अतः कालिदास द्वारा वेदों के सर्वप्रमुख पद के रूप में प्रणव का उल्लेख सर्वथा उचित ही है। कालिदास ने अपने काव्यों में वैदिक स्वरों का भी संकेत किया है।[६०] ये वैदिक स्वर हैं उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित।[६१]

कविताकामिनीविलास कालिदास के कुमारसम्भव तथा विक्रमोर्वशीय की वस्तु का मूल स्रोत वैदिक है। उनके कुमारसम्भव में शिव-पार्वती के विवाह तथा तत्फलस्वरूप तारकासुर के हन्ता कुमार अर्थात् कार्त्तिकेय के जन्म का वर्णन है। अरुणगिरिनाथ तथा नारायण इस काव्य को अष्टम सर्ग तक ही पूर्ण मानते हैं। नारायण के अनुसार अष्टम सर्ग में सम्भोगवर्णन से कुमारोत्पत्ति का बिन्दूपक्षेप हो जाता है।[६२] मल्लिनाथ तथा दक्षिणावर्त ने अष्टम सर्ग तक ही टीका की है; नवम से सप्तदश सर्ग के अंश पर एक अर्वाचीन टीकाकार सीताराम (वि० १८७९, तदनुसार १८३३ ई०) की ही टीका प्राप्त होती है। अतः प्रायः विद्वान् अष्टम सर्ग तक के भाग ही को कालिदासकृत मानते हैं।[६३] कुमार के जन्म की कथा सर्वप्रथम शतपथ[६४] तथा शांखायन अथवा कौषीतकि[६५] ब्राह्मणों में आती है; तत्पश्चात् रामायण[६६] तथा महाभारत[६७]; और बाद में स्कन्दपुराण[६८], वायुपुराण[६९], ब्रह्मपुराण[७०], ब्रह्माण्डपुराण[७१], विष्णुधर्मोत्तरपुराण[७२], ब्रह्मवैवर्तपुराण[७३], वामनपुराण[७४], बृहद्धर्मोत्तरपुराण[७५], वाराहपुराण[७६], मत्स्यपुराण[७७] तथा शिवपुराण[७८] में।[७९] शिव-पार्वती का विवाह रामायण[८०], ब्रह्मपुराण[८१], बृहद्धर्मोत्तरपुराण[८२], स्कन्दपुराण[८३], शिवपुराण[८४] आदि ग्रन्थों में वर्णित है। इनमें कुमारसम्भव की कथा शिवपुराण से सर्वाधिक मेल खाती है। उनमें भावसाम्य के अतिरिक्त अभिव्यक्ति एवं भाषा का साम्य भी मिलता है, तथापि शिवपुराण के रचनाकाल का अनिश्चय होने के कारण उसे कालिदास का उपजीव्य कह सकना कठिन है। सम्भवतः स्वयं शिवपुराण कालिदास के इस महाकाव्य से प्रभावित है। उदाहरणार्थ कुमारसम्भव (५.३)[८५] में मेना अपनी पुत्री पार्वती को तप के लिए समुद्यत सुनकर उन्हें छाती से लगाकर महान् मुनिव्रत से निवारित करने का प्रयास करती हैं। कालिदास यहाँ मेना के मुख से 'उमा' शब्द का प्रयोग नहीं करा पाते। शिवपुराण के लेखक को यह महाकवि का प्रमाद प्रतीत हुआ; अतः उसने उनके मुख से 'उमा' पद का व्यवहार करा दिया। अतएव सम्भवतः शिवपुराण कालिदासरचित कुमारसम्भव से प्रभावित है। शतपथ-ब्राह्मण में दी गई कथा के अनुसार ऋतुरूप भूतों के पति (भूतपति) संवत्सर तथा उनकी पत्नी ओषसी (उषा की पुत्री) से एक कुमार का जन्म हुआ। उस कुमार ने रुदन किया। प्रजापति ने उससे कहा -"कुमार! तुम क्यों रुदन कर रहे हो, क्योंकि तुम्हारा जन्म श्रम तथा तपस्या के बाद हुआ है?" उसने कहा—"मेरा पाप अभी अपहत नहीं हुआ है, मुझे एक नाम दो।" प्रजापति ने उसे 'रुद्र' नाम दिया और वह अग्निरूप हुआ। बाद में भी सात बार असत् से ज्यायान् होने के कारण अन्य नाम के लिए आग्रह करने पर प्रजापति ने उसे शर्व, पशुपति,

उग्र, अशनि, भव, महान्देव (महादेव) तथा ईशान ये सात नाम और प्रदान किए और क्रमशः जल, ओषधियाँ, वायु, विद्युत्, पर्जन्य, चन्द्रमा तथा आदित्य ये सात उसके अन्य रूप हुए। 'ईशान' नाम प्राप्त करने के बाद कुमार ने प्रजापति से कहा—"मैं बस इतना ही हूँ; मुझे अब और नाम मत दो।" ये ही आठ अग्नि के रूप हैं, कुमार उसका नवम रूप है। मनुष्य अग्नि को कुमार के रूप में नहीं प्रत्युत उनके इन रूपों ही को देखते हैं, क्योंकि वह (कुमार) इन रूपों में प्रविष्ट हो गया। यही कथा शांखायन अथवा कौषीतकि ब्राह्मण में भी प्राप्त होती है। लगभग यही कथा ब्रह्माण्डपुराण[८६] में भी मिलती है। कालिदास के कुमारसम्भव की कथा यद्यपि शतपथ तथा शांखायन ब्राह्मणों में आई कुमारोत्पत्ति की कथा से भिन्न है तथापि उसके मूल संकेत उसमें खोजे जा सकते हैं। इन ब्राह्मणों के अनुसार कुमार अग्नि है। अग्नि के लिए 'कुमार' शब्द ऋग्वेद[८७] में भी आया है। कुमार से रुद्र का विकास परवर्ती कथा के अनुसार पुत्र से पिता का विकास होगा। यह बात काल रूप रुद्र के वैदिक रूप से मेल खाती है।[८८] ब्राह्मणों में संवत्सर को भूतपति माना गया है और कालिदास ने भी शिव के लिए 'भूतनाथ' तथा 'भूतेश्वर' अभिधानों का प्रयोग किया है।[८९]

महाकवि कालिदास के विक्रमोर्वशीय का प्रतिपाद्य पुरूरवा तथा उर्वशी की प्रणयकथा है। यह कथा प्राचीन रूप में ऋग्वेद, शतपथ-ब्राह्मण और शौनकीय वृहद्देवता तथा सर्वानुक्रमणी में प्राप्त होती है। ऋग्वेद (१०।९५) के अनुसार उर्वशी नाम्नी अप्सरा कुछ शर्तों पर चार वर्ष तक पुरूरवा की पत्नी के रूप में पृथिवी पर रहती है। आपन्नसत्त्वा होने पर वह अदृश्य हो जाती है। अन्वेषण करने पर वह उसे एक जलाशय में अन्य अप्सराओं सहित विचरण करती हुई मिलती है। पुरूरवा उसे लौट जाने को कहता है; किन्तु वह नहीं मानती और अन्त में कहती है कि तुम्हें स्वर्ग में मेरा साहचर्य उपलब्ध होगा, जबकि तुम्हारी प्रजा हविः प्रदान कर देवों का यजन करेगी।[९०] इस प्रकार ऋग्वेद में इस प्रणयकथा का अवसान दुःखमय होता है। शतपथ-ब्राह्मण में यह कथा कुछ विस्तरेण दी गई है। उर्वशी कुछ शर्तों पर पुरूरवा को पतिरूप में ग्रहण कर लेती है, पहली यह कि मेरे दोनों मेढ़े हर समय मेरे शयनागार में बँधे रहें और दूसरी यह कि तुम नग्नावस्था में कभी मेरे सामने न आओ। वह उसके साथ कुछ कालपर्यन्त रही। कुछ समय बाद गर्भवती हो गई। उधर उर्वशी के चले जाने से स्वर्ग सूना लगने लगा। अतः उसे वापस लाने के लिए गन्धर्वों ने एक युक्ति सोची। एक रात उन्होंने उसके मेढ़े चुरा लिए और उन्हें मारना शुरू कर दिया। उर्वशी उनकी चिल्लाहट सुनकर रक्षाहेतु पुकारने लगी। राजा नग्नावस्था ही में शीघ्र उनकी रक्षार्थ दौड़ पड़ा। राजा पर उर्वशी की नजर पड़ जाए इसलिए गन्धर्वों ने विद्युत् का प्रकाश कर दिया। उर्वशी राजा को नग्नावस्था में देख शर्त टूट जाने के कारण तत्काल उसे छोड़कर स्वर्ग चली गई। राजा उसे खोजता-खोजता

कुरुक्षेत्र आता है, जहाँ वह उसे अपनी सखियों सहित एक जलाशय में हंसिनी के रूप में विचरण करती हुई मिलती है। पुरूरवा उसे वापस चलने के लिए बहुत अनुनय-विनय करता है। अन्त में दयावश वह वर्ष के अन्त में एक रात-भर उसके साथ रहने की प्रतिज्ञा करती है। अन्त में गन्धर्वों को सन्तुष्ट कर पुरूरवा उनके कथनानुसार यज्ञीय अग्नि में यज्ञ करता है[९१] और गन्धर्वत्व प्राप्त करता है। इस प्रकार अपनी प्रिया से उसका स्थायी मिलन हुआ। इससे कुछ भिन्न रूप में यह कथा शौनकीय बृहद्देवता में उपलब्ध होती है। उसके अनुसार इन्द्र पुरूरवा तथा उर्वशी के अनुराग से जात ईर्ष्या से प्रेरित होकर अपने वज्र को उन्हें वियुक्त करने का आदेश देते हैं। वियुक्त हो पुरूरवा विलाप करता है। वह अपनी प्रिया को खोजता-खोजता एक जलाशय में उसे अपनी पाँच सखियों सहित विहार करते हुए पाता है और उससे वापस चलने के लिए अनुनय-विनय करता है; किन्तु वह उसे कहती है कि पृथिवी पर मेरी उपलब्धि असम्भव है, मैं तुम्हारे साथ स्वर्ग ही में रह सकती हूँ।[९२] ऋग्वेदसर्वानुक्रमणी के अनुसार उर्वशी मित्रावरुणा के शापवश पृथिवी पर पुरूरवा के साथ कुछ शर्तों पर रहने के लिए विवश होती है।[९३] इसके अतिरिक्त पुरूरवा तथा उर्वशी की प्रणय-कथा **रामायण**[९४], **हरिवंश**[९५], **मत्स्यपुराण**[९६], **पद्मपुराण**[९७], **ब्रह्मपुराण**[९८], **विष्णुपुराण**[९९], **भागवतपुराण**[१००], **देवीभागवत**[१०१] तथा **कथासरित्सागर**[१०२] में भी मिलती है।[१०३] सम्भवतः कालिदास रामायण से अधिक प्रभावित हैं[१०४], जिसके अनुसार उर्वशी मित्र के शापवश प्रतिष्ठान के राजर्षि पुरूरवा के साथ पृथिवी पर रहती है और आयुः नामक पुत्र को जन्म देती है; शापावधि की समाप्ति पर वह स्वर्ग लौट जाती है।[१०५] 'लक्ष्मी स्वयंवर' नाटक के समय भरतमुनि का उर्वशी को शाप, पुरूरवा द्वारा सूर्योपस्थान तथा उर्वशी एवं उसकी सखी चित्रलेखा की दैत्य केशी से रक्षा, पुरूरवा के प्रणय की परीक्षाहेतु उर्वशी का लतारूपधारण, मिलनहेतु संगमनीय मणि, उर्वशी द्वारा अपने पुत्र आयुः को आश्रम में रखा जाना, गरुड़ तथा आयुः द्वारा उसका वध आदि महाकवि कालिदास की अपनी उद्भावनाएँ हैं।

कालिदास ने अपने काव्यों में इन्द्र, अग्नि[१०६], वरुण[१०७], सूर्य[१०८], यम[१०९], त्वष्टा[११०], द्यावा-पृथिवी[१११], रुद्र[११२], मरुत्[११३], विष्णु तथा प्रजापति[११४] इन वैदिक देवों और शची[११५], सरस्वती[११६], अदिति[११७], पृथिवी[११८] तथा अग्निपत्नी स्वाहा[११९] इन वैदिक देवियों का उल्लेख किया है। पौराणिक देवों में ब्रह्मा[१२०], विष्णु, शिव और उनका त्रिमूर्ति रूप[१२१], कुबेर[१२२], स्कन्द[१२३], शेष[१२४], जयन्त[१२५], मदन[१२६] तथा लोकपाल[१२७] और देवियों में सप्तमातृकाएँ[१२८], अम्बिका[१२९], गंगा, यमुना[१३०] तथा लक्ष्मी[१३१] वर्णित हैं। महाकवि कालिदास ने इन्द्र के लिए आखण्डल[१३२], इन्द्र[१३३], गोत्रभिद्[१३४], दिवस्पति[१३५], देवेन्द्र[१३६], पाकशासन[१३७], पुरन्दर[१३८], पुरुहूत[१३९], बलभिद्[१४०],

बलनिषूदन[१४१], मघवत्[१४२], मरुत्वत्[१४३], महेन्द्र[१४४], मातलिसारथि[१४५], वज्रधर[१४६], वज्रिन्[१४७], वज्रपाणि[१४८], बिडौजा:[१४९], वासव[१५०], वृत्रहन्ता[१५१], वृत्रहन्[१५२], वृत्रशत्रु[१५३], वृषन्[१५४], शक्र[१५५], शचीसख[१५६], शतक्रतु[१५७], शतमख[१५८], सहस्रलोचन[१५९], सहस्राक्ष[१६०], सुरपति[१६१], सुरेन्द्र[१६२], सुरेश्वर[१६३] तथा हरि[१६४] इन अभिधानों का प्रयोग किया है, जिनमें दिवस्पति, देवेन्द्र, महेन्द्र, मातलिसारथि, बिडौजा:, शतमख, सहस्रलोचन, सहस्राक्ष, सुरपति, सुरेन्द्र, सुरेश्वर तथा हरि को छोड़ शेष वैदिक हैं। कालिदास ने इन्द्र के पर्वतपक्षच्छेदन[१६५], जो वस्तुतः मेघों का विदारण ही है[१६६], और अहल्याकामुकत्व[१६७] का भी उल्लेख किया है। उनके आयुध वज्र[१६८], पत्नी शची, पुत्र जयन्त तथा सारथि मातलि[१६९] का भी वर्णन आया है। इनमें इन्द्र के वज्र का वैदिक साहित्य में बहुत्र उल्लेख है। इन्द्रपत्नी का उल्लेख ऋग्वेद, शतपथ-ब्राह्मण आदि में आता है।[१७०] शची पौलोमी ऋग्वेद (१०।१५९) की ऋषिका भी हैं। इन्द्र स्वयं एक ऋषि के रूप में भी ऋग्वेद में आते हैं।[१७१] इन्द्रशत्रुओं में कालिदास ने नमुचि[१७२], वृत्र[१७३] तथा बल[१७४] का उल्लेख किया है। पौराणिक काल में इन्द्र अपनी वैदिक महिमा खो बैठे हैं। विष्णु के लिए कालिदास ने आद्य पुमान्[१७५], जगद्गुरु[१७६], त्रिविक्रम[१७७], नारायण[१७८], पद्मनाभ[१७९], परमात्मा[१८०], परमेष्ठिन्[१८१], पुण्डरीकाक्ष[१८२], पुरुष[१८३], पुरुषोत्तम[१८४], मधुमत्[१८५], महावराह[१८६], वामन[१८७], विष्णु[१८८], विष्वक्सेन[१८९], शार्ङ्गपाणि[१९०], शार्ङ्गिन्[१९१], हरि[१९२], हिरण्याक्षरिपु[१९३], अच्युत[१९४], पुराण[१९५], कवि[१९६], चक्रधर[१९७], भगवान्[१९८] आदि अभिधानों का प्रयोग किया है, जिनमें विष्णु, त्रिविक्रम तथा वामन ही शुद्ध वैदिक हैं। वेद में विष्णु अग्नि तथा इन्द्र की अपेक्षा गौण देव हैं; किन्तु पौराणिक काल तक आते-आते वे अतीव प्रमुख बन जाते हैं। कालिदास द्वारा यम के लिए वैवस्वत अभिधान का प्रयोग[१९९] वैदिक धारणा के अनुकूल है, क्योंकि यम विवस्वान् के पुत्र हैं और पैतृक नाम वैवस्वत से पुकारे गए हैं।[२००] जहाँ तक शिव का सम्बन्ध है, उनका विकास वैदिक रुद्र से हुआ है। महाकवि कालिदास शिव के लिए अयुग्मलोचन[२०१], अष्टमूर्ति[२०२], इन्दुमौलि[२०३], इन्दुशेखर[२०४], ईश्वर[२०५], कृत्तिवासा:[२०६], गिरिश[२०७], गिरीश[२०८], चन्द्रमौलि[२०९], चन्द्रशेखर[२१०], शशिमौलि[२११], त्रिनयन[२१२], त्रिनेत्र[२१३], त्र्यम्बक[२१४], नीलकण्ठ[२१५], नीललोहित[२१६], पशुपति[२१७], पिनाकिन्[२१८], पिनाकपाणि[२१९], पुंगवकेतु[२२०], पुरारि[२२१], पुरुष[२२२], भव[२२३], भूतनाथ[२२४], महाकाल[२२५], महेश्वर[२२६], विश्वमूर्ति[२२७], विश्वात्मन्[२२८], विरूपाक्ष[२२९], वृषध्वज[२३०], वृषराजकेतन[२३१], वृषाङ्क[२३२], रुद्र[२३३], शर्व[२३४], शङ्कर[२३५], शम्भु[२३६], शिव[२३७], शितिकण्ठ[२३८], शूलभृत्[२३९], शूलिन्[२४०], स्थाणु[२४१] स्मरशासन[२४२], हर[२४३], परमेश्वर[२४४], भूतेश्वर[२४५] आदि अभिधानों का प्रयोग

करते हैं। इनमें त्र्यम्बक का ऋग्वेद[२४६], वाजसनेयिसंहिता[२४७], तैत्तिरीयसंहिता[२४८], मैत्रायणीसंहिता[२४९] तथा अथर्ववेद[२५०] में; रुद्र का ऋग्वेद[२५१], सामवेद[२५२], वाजसनेयिसंहिता[२५३] तथा अथर्ववेद[२५४] में; और कृत्तिवासाः[२५५], गिरिश, नीलग्रीव, विश्वरूप, पशुपति, शितिकण्ठ, शम्भु, शङ्कर, शिव, नीललोहित तथा शर्व[२५६] का वाजसनेयिसंहिता में प्रयोग हुआ है। शिव के पिनाकित्व के संकेत ऋग्वेद[२५७] तथा वाजसनेयिसंहिता[२५८] में हैं। अथर्ववेद में शर्व, भव[२५९], भूतपति तथा पशुपति[२६०]; और शतपथ ब्राह्मण[२६१] तथा शांखायन-ब्राह्मण[२६२] में शर्व, पशुपति, महादेव तथा ईशान का प्रयोग है। अतः कालिदास द्वारा प्रयुक्त अनेक अभिधान वैदिक हैं। उन्होंने शिव की ब्रह्मरूप में स्तुति की है।[२६३] उनके द्वारा विक्रमोर्वशीय में शिव-वर्णन ऋग्वेदीय पुरुषसूक्त (१०।९०) के पुरुष-वर्णन का स्मरण कराता है।[२६४] इसी प्रकार का वर्णन उन्होंने विष्णु[२६५] तथा ब्रह्मा[२६६] का भी किया है। कालिदास कुमारसम्भव में इन तीनों की अभिन्नता सिद्ध करते हैं।[२६७] उन्होंने वरुण को असतों का नियामक माना है[२६८], जो वरुण के वैदिक स्वरूप से मेल खाता है।[२६९] उनका सूर्य का 'हरित्' नामक अश्वों से युक्त रथ वाला होने का वर्णन[२७०] भी वेदसम्मत है।[२७१] देवियों में लक्ष्मी सम्भवतः शतपथ-ब्राह्मण[२७२] की देवी श्री से विकसित हैं। अम्बिका वाजसनेयिसंहिता में रुद्र की स्वसा हैं[२७३], जबकि बाद में वे उनकी पत्नी का रूप ले लेती हैं। उमा का प्राचीनतम उल्लेख केनोपनिषद् में उमा हैमवती के रूप में हुआ है[२७४], जिससे उमा पार्वती का विकास हुआ होगा। इस प्रकार कालिदास के काव्यों में उल्लिखित देवताओं का स्वरूप ऐतिहासिक विकासक्रम में वेदों से दूर होते हुए भी किन्हीं अंशों में वैदिक मूल सँजोए है।

कालिदास ने अपने काव्यों में गन्धर्वों[२७५], यक्षों[२७६], किन्नरों (किंपुरुषों)[२७७], विद्याधरों[२७८], सिद्धों[२७९], पुण्यजनों[२८०] तथा पितरों[२८१] आदि अर्द्धदिव्य जातियों का भी उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त अप्सराओं का भी वर्णन है।[२८२] इनमें से कुछ का उल्लेख एवं वर्णन वैदिक साहित्य में भी हुआ है।[२८३]

कालिदास ने ऋषियों का भी उल्लेख किंवा वर्णन किया है। ऋषि ध्यान से सब कुछ जान लेते हैं; तपः प्रभाव से उन्हें सब कुछ प्रत्यक्ष रहता है; वे मन्त्रकृत् हैं।[२८४] महाकवि कालिदास ने उनकी प्रदक्षिणा करने का भी संकेत किया है।[२८५] उन्होंने सप्तर्षियों[२८६], अगस्त्य[२८७], अङ्गिरस्[२८८], अत्रि[२८९], ऋष्यशृङ्ग[२९०], कण्व[२९१], विश्वामित्र[२९२], कुशिक[२९३], च्यवन[२९४], दीर्घतपाः गौतम[२९५], नारायण[२९६], भृगु[२९७], त्रिशंकु[२९८], मारीच[२९९], मार्कण्डेय[३००], वसिष्ठ[३०१], कश्यप[३०२] तथा वालखिल्यों[३०३] का उल्लेख किया है। सप्तर्षियों

का उल्लेख वेद में आया है।[३०४] शतपथ-ब्राह्मण में भी उनका उल्लेख है[३०५] और उनके नाम दिए गए हैं—गोतम, भरद्वाज, विश्वामित्र, जमदग्नि, वसिष्ठ, कश्यप तथा अत्रि।[३०६] अगस्त्य का उल्लेख अथर्ववेद[३०७] की ऋषियों की सूची में आता है। 'अङ्गिरस्' शब्द ऋग्वेद में लगभग ६० बार आया है, जिनमें से दो-तिहाई बार इस शब्द का बहुवचन में प्रयोग हुआ है। वे स्वर्ग के सूनु[३०८] तथा देवपुत्र ऋषि[३०९] हैं। अत्रि भी प्राचीन ऋषियों में से हैं, जो पाञ्चजन्य ऋषि कहे गए हैं।[३१०] ऋग्वेद के समग्र पञ्चम मण्डल को अत्रिकुलोत्पन्न ऋषियों से सम्बद्ध किया जाता है। इसी प्रकार सप्तर्षियों में अन्य गोतम, भरद्वाज, विश्वामित्र, वसिष्ठ तथा कश्यप प्रमुख वैदिक ऋषि हैं। ऋग्वेद का चतुर्थ मण्डल प्रायः गोतमों से सम्बद्ध है, इसका १८वाँ सूक्त गोतमपुत्र वामदेव का है। भरद्वाज ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल के ऋषि हैं और विश्वामित्र तृतीय मण्डल के, वसिष्ठ सप्तम मण्डल के तथा कश्यप ऋग्वेद १।९९; ८।२९; ९।६४; ९।११४-६, ९१, ९२, ११३, ११४; तथा १०।१३७।२ के।[३११] वसिष्ठ का वर्णन स्वयं कालिदास ने 'मन्त्रकृत्'[३१२] के रूप में तथा 'अथर्ववेत्ता'[३१३] एवं 'अथर्वनिधि'[३१४] के रूप में किया है। अथर्ववेद १।२९; ३।१२, २०, २१, २२; ४।२२ तथा २०।१२, ११७ के ऋषि वसिष्ठ हैं।[३१५] कालिदास रघुवंश में उनके मन्त्रों को शत्रुओं का प्रशमन करने वाले बतलाते हैं[३१६]; और वसिष्ठ के अथर्ववेद ३।१२ में शत्रुविनाशार्थ तथा मित्र-रक्षार्थ मन्त्र हैं।[३१७] ऋष्यशृङ्ग का उल्लेख जैमिनीयोपनिषद्-ब्राह्मण (३।४।१) की वंशसूची में तथा वंश-ब्राह्मण में काश्यप के शिष्य एक आचार्य के रूप में हुआ है।[३१८] 'कण्व' शब्द ऋषिविशेष तथा कण्वकुल के अर्थ में ऋग्वेद में लगभग ६० बार आता है। ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के ऋषि कण्व अथवा तत्कुलोत्पन्न ऋषि हैं।[३१९] अभिज्ञानशाकुन्तल में अग्निदेव छन्दोमयी वाणी में कण्व को शकुन्तला तथा दुष्यन्त के गान्धर्व विवाह की सूचना देते हैं[३२०], जिससे उन पर अग्निदेव की विशेष कृपा लक्षित होती है। यह अवधेय है कि ऋग्वेद में अग्नि को कण्वों का मित्र तथा उनका प्रमुख बतलाया गया है।[३२१] कुशिक सायण के मत में ऋग्वेद १०।१२७ के ऋषि हैं। च्यवन भी एक प्राचीन ऋषि रहे हैं, जिनका उल्लेख ऋग्वेद[३२२], शतपथ-ब्राह्मण[३२३], जैमिनीय-ब्राह्मण[३२४], ऐतरेय-ब्राह्मण[३२५], ताण्ड्य-ब्राह्मण[३२६], आदि ग्रन्थों में हुआ है। पञ्चविंश-ब्राह्मण[३२७] के अनुसार च्यवन सोममन्त्रों के द्रष्टा थे। नारायण प्रसिद्ध पुरुषसूक्त (ऋग्वेद १०।९०) के ऋषि माने जाते हैं। भृगु जमदग्नि के साथ ऋग्वेद ९।६५ और मथित तथा च्यवन के साथ १०।१९ के द्रष्टा माने जाते हैं। ऐतरेय-ब्राह्मण[३२८] में भृगु एक वर्गविशेष के प्रतिनिधिभूत ऋषि के रूप में आते हैं। त्रिशंकु तैत्तिरीयोपनिषद् (१।१०।१) में एक ऋषि के रूप में आते हैं; किन्तु वसिष्ठ के अभिशाप और विश्वामित्र के प्रतिकार के फलस्वरूप उनके आकाश में नक्षत्ररूप में लटकने का संकेत[३२९] वहाँ नहीं

मिलता। वालखिल्य तैत्तिरीयारण्यक[३३०] के अनुसार ऋग्वेद के ११ खिलसूक्तों के ऋषि हैं।

महाकवि कालिदास के काव्यों में कुछ पात्र वैदिक पृष्ठभूमि के हैं। विक्रमोर्वशीय के पुरूरवा तथा उर्वशी, कुमारसम्भव के रुद्ररूप शिव तथा उमा और रघुवंश के वसिष्ठ तथा विश्वामित्र तो स्पष्टतः वैदिक भूमि से हैं ही, अभिज्ञानशाकुन्तल में गृहीत नायक-नायिका दुष्यन्त तथा शकुन्तला, उनके पुत्र भरत दौष्यन्ति तथा अप्सरा मेनका का उल्लेख वैदिक साहित्य में मिलता है। शतपथ-ब्राह्मण[३३१] तथा ऐतरेय-ब्राह्मण[३३२] में भरत का पैतृक नाम दौःषन्ति (अर्थात् दुःषन्त का वंशज अथवा पुत्र) मिलता है। कालिदास ने भी इसका प्रयोग किया है।[३३३] शतपथ ब्राह्मण में शकुन्तला का निर्देश आता है, जो एक अप्सरा की पुत्री थी और जिसने नाडपित् में भरत को गर्भ में धारण किया।[३३४] शतपथ-ब्राह्मण[३३५] तथा वाजसनेयिसंहिता[३३६] में मेनका नाम्नी अप्सरा का भी उल्लेख है। विक्रमोर्वशीय के पुरूरवा तथा उर्वशी के पुत्र आयुः का वर्णन भी शतपथ-ब्राह्मण[३३७] में आता है।

महाकवि कालिदास के कतिपय वर्णन भी वेदानुसारी हैं। उदाहरणार्थ रघुवंश के सप्तदश सर्ग में अतिथि के अभिषेक का वर्णन वैदिक परम्परा के अनुकूल है।[३३८] इसमें उन्होंने वेदविद् ब्राह्मणों द्वारा तथा पुरोहितों द्वारा अथर्ववेद के विजय के निश्चायक मन्त्रों से अभिमन्त्रण किए जाने का उल्लेख किया है।[३३९] अथर्ववेद ६।८७-८८ में राज्याभिषेक-वर्णन प्राप्त होता है। उन्होंने रघुवंश में महर्षि वसिष्ठ के मुख से कामधेनु[३४०] तथा तत्सुता नन्दिनी[३४१] का वर्णन और महाराज दिलीप एवं सुदक्षिणा द्वारा पुत्ररत्नप्राप्त्यर्थ नन्दिनी की सपर्या का वर्णन[३४२] किया है। ऋग्वेद में वसिष्ठ इन्द्र के अनुग्रह की कामना करते हैं जैसे लोग यज्ञ में हव्यहेतु दुग्ध के लिए किसी गाय का दोहन करते हैं।[३४३] गाय से दी गई यह उपमा सम्भवतः आर्षकाव्यों तथा पुराणों में प्राप्य वसिष्ठ की कामधेनु की संकेतिका है। अथर्ववेद[३४४] में वरुण अथर्वा (सम्भवतः वसिष्ठ)[३४५] को एक गाय प्रदान करते हैं। अतः कामधेनु तथा तत्सुता नन्दिनी का वर्णन मूलतः वैदिक पृष्ठभूमि से है। कालिदास ने सूर्य के अश्वों का 'हरित्' नाम से वर्णन किया है[३४६], जो वेदानुसारी है।[३४७] उन्होंने पुत्र को ज्योति और उसके जन्म से पितृ-ऋण से मुक्ति मानी है।[३४८] अथर्ववेद[३४९] में भी पुत्र की कामना की गई है, और पुत्री की नहीं। ऐतरेय-ब्राह्मण में तो पुत्री को दुःख का कारण माना गया है और पुत्र को ज्योति।[३५०] कालिदास द्वारा उल्लिखित बहुपत्नी प्रथा[३५१] के संकेत वैदिक साहित्य[३५२] में भी मिलते हैं। उस समय भी वह प्रायः राजाओं अथवा सम्पन्न परिवारों में प्रचलित थी।[३५३] कविकुलगुरु ने दाम्पत्यप्रणय के आदर्शभूत चक्र-

वाकमिथुन का अनेकत्र उल्लेख किया है।[३५४] दाम्पत्य प्रसंग में इस पक्षिमिथुन का वर्णन अथर्ववेद में भी आया है।[३५५] उनके द्वारा उल्लिखित बारह आदित्यों का संकेत[३५५क] शतपथ-ब्राह्मण[३५६] तथा तैत्तिरीय-ब्राह्मण[३५७] में उपलब्ध होता है।

कालिदास वैदिक श्रौत तथा गृह्य यज्ञयागों से सुपरिचित हैं। उन्होंने यजमान[३५८], यज्ञार्थ दीक्षा[३५९], अग्निचयन[३६०], ऋत्विक्[३६१] तथा उनमें होता[३६२] और अध्वर्यु[३६३], तीन यज्ञिय अग्नियों (गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि तथा आहवनीय)[३६४], अग्न्याधान[३६५], यजमान द्वारा अरणियों से हविर्भोक्ता अग्नि की उत्पत्ति[३६६], अग्न्यागार[३६७], वेदि[३६८], यूप[३६९], कुशा[३७०] और उनका वेदि पर संस्तरण[३७१], समिध्[३७२], विकङ्कतकाष्ठनिर्मित स्रुक्[३७३], आहुति[३७४], हवि[३७५], हव्य[३७६], चरु[३७७] आदि का उल्लेख किया है। अनेकत्र यज्ञयागों का संकेत है।[३७८] यही नहीं, सत्रयाग[३७९] तथा पुत्रीयेष्टि[३८०] भी उल्लिखित है। सोमयाग के अन्त में सम्पाद्य 'अवभृथ' नामक कर्म का भी वर्णन है।[३८१] कालिदास ने दक्षिणा का भी उल्लेख किया है।[३८२] बिना दक्षिणादान यज्ञ पूर्ण नहीं माना जाता।

कालिदास ने गृह्य, आवसथ्य, औपासन अथवा स्मार्त अग्नि में सम्पाद्य पाकयज्ञसंस्थाओं के अन्तर्गत आने वाले वैश्वदेवकर्म का वर्णन किया है जिसे पञ्चमहायज्ञ भी कहा जाता है। ये पाँच महायज्ञ हैं—देवयज्ञ, भूतयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्ययज्ञ तथा ब्रह्मयज्ञ। अध्यापन ब्रह्मयज्ञ है, तर्पण पितृयज्ञ होम देवयज्ञ, अतिथि-पूजन मनुष्ययज्ञ और जीवों को बलि (भोजन का ग्रास या पिण्ड) देना भूतयज्ञ ; कालिदास ने वेदाध्यापन[३८३] से ब्रह्मयज्ञ का, पिण्डदान[३८४] एवं श्राद्धकर्म[३८५] से पितृयज्ञ का, होम[३८६] से देवयज्ञ, अतिथिसत्कार[३८७] और अतिथि को अर्घ[३८८] तथा अर्घ्य[३८९] प्रदान से मनुष्ययज्ञ का संकेत किया है।[३९०]

ये पाँच दिन की क्रियायें बहुत ही आवश्यक होती हैं क्योंकि इनको सम्पन्न किये बिना कोई भी व्यक्ति यज्ञ नहीं कर सकता तथा सोमरस का पान नहीं कर सकता। तृतीय पंचिका के चतुर्थ अध्याय में "अग्निष्टोम" तथा उसका महत्त्व बताया गया है। तृतीय पंचिका के अन्तिम अध्याय तथा चतुर्थ पंचिका के प्रथम दो अध्यायों में "अग्निष्टोम" की विकृति "षोडशी", "उक्थ्य" तथा "अतिरात्र" का वर्णन किया गया है। चतुर्थ पंचिका के तृतीय अध्याय में "गवामयन" सत्र में होता के कर्तव्यों का वर्णन किया गया है। इसी पंचिका के अन्तिम दो अध्यायों तथा पंचम पंचिका के प्रथम चार अध्यायों में "द्वादशाह" में होता के कर्त्तव्यों का उल्लेख है। पंचम अध्याय में अग्निहोत्री के तप इत्यादि का वर्णन है। षष्ठ पंचिका में षडह सोमयाग में "ग्रावस्तुत" तथा "सुब्रह्मण्यः" के कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है। सप्तम पंचिका के प्रथम अध्याय में यज्ञपशु को ३६ भागों में विभक्त करके पुरोहित, यजमान, यजमानपत्नी तथा यज्ञ से सम्बद्ध पुरुषों में बाँटने का और द्वितीय अध्याय में अग्निहोत्री के प्रायश्चित्तों का वर्णन है। तृतीय अध्याय में "शुनःशेप" का विख्यात आख्यान है तथा चतुर्थ और पंचम अध्यायों में क्षत्रिय के यज्ञों का वर्णन है। अष्टम पंचिका में राजा के अभिषेक, पुनरभिषेक तथा महाभिषेक का वर्णन है तथा अन्त में राजा के पुरोहित का वर्णन किया गया है।

ऐतरेय आरण्यक में प्रमुख रूप से "गवामयन" सत्र में अन्तिम से पहले दिन अनुष्ठेय महाव्रत का वर्णन किया गया है। यह कर्म भी "सोमयाग" के अन्तर्गत है। ऐतरेय आरण्यक पाँच भागों में विभक्त है। प्रथम अध्याय में 'महाव्रत' के प्रातः, माध्यन्दिन तथा सायं सवनों का वर्णन है। द्वितीय अध्याय में प्राण तथा आत्मा का वर्णन है, तृतीय अध्याय में संहिता के भेद बताए गए हैं। चतुर्थ अध्याय में महानाम्नी ऋचाओं का संग्रह है। पंचम अध्याय में "महाव्रत" के माध्यन्दिन सवन के "निष्केवल्य" शस्त्र का वर्णन है। ऐ० ब्रा० में इस कर्म का केवल उल्लेखमात्र है।[1]

---

१. तददो महाव्रतीयेनाह्ना प्रजनयति–ऐ० ब्रा० १७. ८.

कीथ महोदय ने ऐतरेय आरण्यक की भूमिका में कहा है कि "इस बात पर निश्चयपूर्वक विचार करना सम्भव है कि ऐतरेय ब्राह्मण में 'महाव्रत' का पूर्ण समावेश क्यों नहीं किया गया है।[२] परन्तु इस विषय में एक सम्भावना हो सकती है, जैसा कि आगे के विवेचन से स्पष्ट होगा कि ऐतरेय ब्राह्मण तथा ऐतरेय आरण्यक के प्रथम तीन आरण्यक का रचयिता एक ही व्यक्ति को माना गया है। ऐ० आ० के प्रथम तीन अध्यायों को ऐ० ब्रा० का अंग कहा गया है, ये दोनों कृतियाँ एक ही लेखक की हैं, इस बात की पुष्टि इन दोनों की भाषा की तुलना से भी होती है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि ऐ० ब्रा० के रचयिता ने आरम्भ में "महाव्रत" का विस्तृत वर्णन न करके केवल उल्लेखमात्र ही किया तथा अपने अन्य ग्रंथ (ऐतरेय आरण्यक) में उसका विस्तृत वर्णन कर दिया जिससे कि ये दोनों कृतियाँ मिलकर पूर्णता प्राप्त कर सकें।

ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० की भाषा रचना तथा शब्द-प्रयोग में बहुत समानता है। ऐ० आ० के पाठ से सम्बद्ध अपने प्राक्कथन में कीथ महोदय प्रतिपादित करते हैं कि "ऐतरेय ब्राह्मण तथा आरण्यक की भाषा-रचना तथा उनके शब्द-प्रयोग में बहुत सादृश्य है। इससे ज्ञात होता है कि इन दोनों ग्रन्थों का परस्पर सादृश्य है।"[३]

शब्द-प्रयोग तथा भाषा

ऐ० आ० १. १. २ तथा ऐ० ब्रा० ३. ३. ७ के निम्नलिखित उद्धरण में केवल समान शब्दों का ही प्रयोग नहीं किया गया है अपितु वाक्य रचना भी ज्यों की त्यों वही है—

"ते द्वे छन्दसी भवतः प्रतिष्ठाया एव द्विप्रतिष्ठो वै पुरुषश्चतुष्पादा. पशवो यजमानमेव तद् द्विप्रतिष्ठं चतुष्पात्सु पशुषु प्रतिष्ठापयति।"

(दो छन्द (त्रिष्टुप् तथा विराट्) प्रतिष्ठा के लिए होते हैं। पुरुष भूमि पर दो पैरों से प्रतिष्ठित होता है तथा पशु चार पैरों के द्वारा। इस प्रकार दो पैरों वाला पुरुष चार पैरों वाले पशुओं में प्रतिष्ठित होता है।)

---

२. *It is not now possible to decide exactly why the Aitareya Brāhmaṇa does not deal with the Mahāvrata rite.* ऐ० आ०, ए० बी० कीथ, पृष्ठ १६।

३. *"As might be expected they (the Verbal Coincidences between the Aitareya Brāhmaṇa and the Āraṇyaka) are constant and show unmistakably the connection of the two works."*

ऐ० ब्रा० १. २. १ तथा ऐ० आ० १. १. ३ में त्रिष्टुप् को वीर्य "वीर्यं वै त्रिष्टुप्", ऐ० ब्रा० १. २१. १५ तथा ऐ० आ० १. १. ३ में पशुओं को जगती छन्द से सम्बद्ध "जागता वै पशवः' तथा ऐ० ब्रा० १. १५. १ तथा ऐ० आ० १. १. ३ में समान शब्दों में गायत्री छन्द को तेज और ब्रह्मवर्चसी कहा गया है "तेजो वै ब्रह्म-वर्चसं गायत्री।"

ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० दोनों में ही प्रजापति को अनिरुक्त कहा गया है— अनिरुक्ते प्राजापत्ये—(ऐ० ब्रा० ३. ३०) 'तदनिरुक्तं प्राजापत्यं शंसत्यनिरुक्तो वै प्रजापतिः (अनिरुक्त प्रजापति की प्रशंसा करनी चाहिए क्योंकि प्रजापति अनिरुक्त है, ऐ० आ० १. २. २)।

ऐ० ब्रा० ५. १६ तथा ऐ० आ० १. २. २. में कयाशुभीय सूक्त के लिए समान शब्दों का प्रयोग किया गया है—

"तदु कयाशुभीयम्। एतद्वै संज्ञानं संतनि सूक्तं यत्कयाशुभीयमेतेन ह वा इन्द्रोऽगस्त्यो मरुतस्ते समजानत तद्यत्कयाशुभीयं शंसति संज्ञात्या एव। तद्वायुष्य तद्योऽस्य प्रियः स्यात् कुर्यदिवास्य कयाशुभीयम्।"

(सम्यक् तथा विस्तृत ज्ञान के लिए कयाशुभीय सूक्त (ऋ० १. १६५) का पाठ करना चाहिए। इस सूक्त के द्वारा ही इन्द्र, अगस्त्य और मरुत् सम्यक् ज्ञानवान् हुए, इसलिए सम्यक् ज्ञान के लिए कयाशुभीय सूक्त का उच्चारण करना चाहिए। पुनश्च यह सूक्त आयु का भी हेतु है। इसलिए होता अपने प्रिय यजमान के लिए इस सूक्त का पाठ अवश्य करे।)

ऐ० ब्रा० ३. ६ तथा ऐ० आ० २. १. ५ दोनों में ऋषि "हिरण्यदन्वैदः" का उल्लेख है।

शब्दों के अतिस्वल्प अन्तर से ऐ० ब्रा० ३. ४३ तथा आ० २. ४. ३ में देवताओं को परोक्षप्रिय कहा गया है—

"इत्याचक्षते परोक्षम् परोक्षकामाः हि देवा":—ऐ० ब्रा०। "इत्याचक्षते परोक्षेण परोक्षप्रिया इव हि देवाः"—ऐ० आ० (देवता परोक्षप्रिय होते हैं, यह लोक प्रसिद्ध है)। हि शब्द यहाँ लोकप्रसिद्धि को द्योतित करता है।

ऐ० आ० २. ५. १ तथा ऐ० ब्रा० १. २१ के निम्नलिखित वाक्य में एक समान शब्दावली का प्रयोग किया गया है—

"विक्षुद्रमिव वा अन्तस्त्यमणीय इव च स्थवीय इव च।"

ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० के शब्दों की रूपरचना में भी बहुत समानता है—

ऐ० आ० के समान ऐ० ब्रा० में भी वैदिक रूप 'दूहे' (ब्रा० ६. ३. २. तथा आ० १. ३. २) तथा 'ईशे' (ब्रा० १. १६. ४; आ० २. १. २) का प्रयोग किया गया है।

लिट् लकार का बहुत अधिक प्रयोग ऐ० ब्रा० में नहीं है। कुछ रूप सम् विद्रे (ब्रा० १. १७. १५), संजभ्रुः (ब्रा० १. १८. १), बभूव, लेभे, प्रोवाच (आ० २. २. ४) इत्यादि प्राप्त होते हैं, किन्तु अभ्यास के दीर्घत्वसहित लिट् लकार के रूप 'दाधार' (ब्रा० ४. १२. ८; आ० १. ५. २) तथा 'बीभाय' (ब्रा० ५. २५. १७; आ० १. ३.४) ऐ० आ० के समान ऐ० ब्रा० में भी प्रयुक्त हैं।

लुङ् लकार का प्रयोग ऐ० आ० तथा ब्रा० दोनों में पर्याप्त रूप में है। उदाहरणार्थ —

ऐ० आ०—उदगात् १. ३. ४ समागात् २. १. ५ समगात् ३. १. १ अवोचाम ३. २. २. ३. अवोचत २. २ २; ऐ० ब्रा०—अयांसि २. ४०. ३; आज्ञासम् ६. ३४. ३; असक्थाः ६. ३३. ४.

विधिमूलक लुङ् का प्रयोग 'मा' के साथ किया गया है। इसके उदाहरण ऐ० आ० के समान ऐ० ब्रा० में भी कम हैं—

मा यात्यन्—ऐ० ब्रा० १. १३. १२.

मा अनुवोचः—ऐ० ब्रा० १. १३. १२.

मा० प्रहासीः—ऐ० आ० २. ७. १.

लेट् लकार का प्रयोग ऐ० ब्रा० तथा आ० में इच्छा, प्रश्न में किया गया है— तिष्ठासि (ऐ० ब्रा० २. २); प्रजानाथ ऐ० ब्रा० १. ७; असत् ऐ० ब्रा० २. ८७; प्रविशाम (ऐ० आ० २. १. ४); अवाम ऐ० आ० २. ४ २; आप्नवानि—ऐ० आ० १. ४. ३।

वैदिक नियम के अनुसार ही ऐ० ब्रा० तथा आ० में उपसर्ग आवश्यकरूप से अपने क्रियापदों से पूर्व जुड़े हुए नहीं दिखाई देते, अपितु वे व्यवहित भी होते हैं[४]—

अत्येनं मन्यते—ऐ० आ० २. ३. ३.

अनु यत्र युज्यते—ऐ० आ० २. ३. ८.

नि वै ध्यायति—ऐ० ब्रा० १. २.

प्र च जायते—ऐ० ब्रा० १. ३.

---

४. व्यवहिताश्च—पा० सू० १. ४. ८२.

तुमर्थक प्रत्ययों में ऐ० ब्रा० तथा आ० में तोसुन् का प्रयोग ईश्वर के साथ किया गया है[५]--

ईश्वरो चरितो:—ऐ० ब्रा० २. ३. ५.

ईश्वरो भवितो:—ऐ० ब्रा० २. ३. ६.

ईश्वरो मथितो:—ऐ० ब्रा० २. ४.

ईश्वरो अवष्टो:—ऐ० ब्रा० १२. ७.

तुमुन् के अर्थ को प्रकट करने के लिए 'त्यै' का प्रयोग ऐ० ब्रा० तथा आ० में अनेक बार किया गया है—

अभिजित्यै (ऐ० आ० १. १. २); प्रजात्यै (ऐ० आ० १. २. ४); क्लृप्त्यै (ऐ० ब्रा० १. २) प्रजात्यै (ऐ० ब्रा० १. १)।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि ऐ० ब्रा० तथा आ० की विषय-वस्तु और भाषा शैली में बहुत समानता है और इसी आधार पर ये एक ही व्यक्ति द्वारा रचित माने जाते हैं।

रचयिता—

ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० के प्रथम तीन आरण्यक "ऐतरेय महिदास" द्वारा रचित माने जाते हैं। ऐ० आ० २. १. ८ में "ऐतरेय महिदास" का नाम भी आया है—"एतद्ध स्म वै तद्विद्वानाह महिदास ऐतरेयः।" इस आरण्यक के अनुवाद की एक टिप्पणी में कीथ महोदय लिखते हैं कि "आरण्यक में 'महिदास' का नाम आने से यह निश्चित है कि उसने आरण्यक नहीं लिखा।"[६] किन्तु कीथ का अभिप्राय निर्णायक नहीं कहा जा सकता क्योंकि भारतीय आचार्यों की अपने ग्रंथों में अपना नाम अन्य पुरुष में देने की परम्परा विद्यमान रही है। इस विषय में सब विद्वान् सहमत हैं कि शतपथ ब्राह्मण का प्रवचन याज्ञवल्क्य ने किया, जब कि उसी शतपथ ब्राह्मण में अनेकों बार याज्ञवल्क्य का नाम आया है[७] —

---

५. ईश्वरे तोसुन्कसुनौ—पा० सू० ३. ४. १३.

६. *"This mention is enough to prove that Mahidāsa did not write the Āraṇyaka. But it is quite improbable that he was the redactor of Brāhmaṇa in its form of forty Chapters."*

A. A. P. 210.

७. (१) १. ३. ४. २१; २. ३. १. २१; २. ४. ३, २; १२.४.१. १०;
(२) ३. १. ३. १०.
(३) १२. ६. ३. २.

१. तदु होवाच याज्ञवल्क्यः
२. इति ह स्माह याज्ञवल्क्यः
३. स होवाच याज्ञवल्क्यः

इन उल्लेखों के आने से किसी विद्वान् को शतपथ ब्राह्मण के याज्ञवल्क्य प्रोक्त होने में सन्देह नहीं, तो ऐ० आ० में "महिदास" का नाम आ जाने से कीथ महोदय को सन्देह नहीं होना चाहिए था। यदि यह कहा जाये कि ग्रन्थकर्ता स्वयं अपने को विद्वान् अर्थात् जानते हुये कैसे कह सकता है तो इसमें कोई हानि नहीं। एक सत्यवक्ता ग्रन्थकार अपने विषय में कह सकता है कि अमुक समय पर जानते हुये ही वह अमुक बात बोला था।[८]

इसके अतिरिक्त "षड्गुरुशिष्य" ऐ० ब्रा० की वृत्ति के आरम्भ में "ऐतरेय महिदास" को "याज्ञवल्क्य" की "इतरा कात्यायनी" नाम्नी पत्नी से उत्पन्न कहता है तथा चालीस अध्यायों के ब्राह्मण तथा ऐ० आ० के प्रथम तीन अध्यायों का रचयिता "ऐतरेय महिदास" को मानता है।[९] अतः "षड्गुरुशिष्य" की दृष्टि में ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० के प्रथम तीन आरण्यकों का रचयिता "ऐतरेय महिदास" ही है।

इसके अतिरिक्त सायण भी ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० के प्रथम तीन आरण्यकों का रचयिता "ऐतरेय महिदास" को मानता है। इस सम्बन्ध में आचार्य "सायण" ने ऐ० ब्रा० की भूमिका में निम्नलिखित आख्यायिका दी है—

किसी राजर्षि के अनेक पत्नियाँ थीं, उनमें से एक का नाम इतरा था, उसके महिदास नामक पुत्र का जन्म हुआ, किन्तु राजा का स्नेह महिदास की अपेक्षा दूसरी रानियों के पुत्रों पर अधिक था। एक दिन यज्ञ सभा में राजा ने "महिदास" का

---

८. वैदिक वाङ्मय का इतिहास—द्वितीय भाग—भगवद्दत्त।

९. ब्राह्मणारण्यकद्रष्ट्रे मातृशोकौघहारिणे।
महिदासैतरेयाय नमो भूयो नमो नमः॥

"आसीद् विप्रो यज्ञवल्को द्विभार्यस्तस्य द्वितीयामितरेति चाहुः। स ज्येष्ठ्याकृष्टचित्तः प्रियां तामुक्त्वा द्वितीयामितरेति होचे।" पृष्ठ ४।

"अथाधिरूढस्य तदाविरासीदग्न्यादिकं द्विः स्तृणुतेन्तकं च। चत्वारिंशं ब्राह्मणं प्रायणीयाद्यह्नां चतुर्विंशतिकेन युक्तम्। एषामङ्गं दीक्षणीयादिभिश्च प्रासङ्गिकं राजधर्मादिभिश्च। समाप्य स ब्राह्मणं सर्वमन्ते कृत्वोंकारं विरतो ब्रह्मनिष्ठः। ब्रह्मादिभिश्चोदितो मा विरंसीर्ब्रह्मन्नसि त्वैतरेयो महात्मा। आरण्यकं त्रिविधं वै ददर्श महाव्रतं चोपनिषद्द्वयं च।"

ऐ० ब्रा०, "षड्गुरुशिष्य" की वृत्ति०, प्र० अ०, पृ० ७।

अपमान कर दूसरे बालक को जब गोद में लिया तब दुःखित "इतरा" ने अपनी कुल-देवता भूमि की उपासना की। इसके अनन्तर दिव्यरूपधारिणी कुलदेवता ने यज्ञसभा के मध्य "महिदास" को दिव्य सिंहासन पर बिठाया तथा उसे ब्राह्मणों के समान प्रतिभा का आशीर्वाद दिया। उस देवता के अनुग्रह से "महिदास" को "**अग्निर्वै देवानामवमः**" से आरम्भ होकर "**शृणुते शृणुते**" तक चालीस अध्यायों में ऐतरेय ब्राह्मण तथा उसके अन्तर्गत '**अथ महाव्रतम्**' से आरम्भ होकर '**आचार्यः आचार्यः**' तक ऐ० आ० के प्रथम तीन आरण्यक प्रकट हुए।[10] किन्तु "षड्गुरुशिष्य" और "सायण" के मतों के विपरीत "भगवद्दत्त" के अनुसार "महिदास" किसी राजर्षि से उत्पन्न पुत्र नहीं थे अपितु "ऐतरेय" शाखा से सम्बन्धित व्यक्ति थे। उनके अनुसार ऐ० ब्रा० का अस्तित्व किसी "ऐतरेय" शाखा की विद्यमानता का द्योतक है। **प्रपञ्चहृदय** १।३ तथा **निदानसूत्र** ५।२ ने क्रमशः '**ऐतरेयिणः**' तथा '**ऐतरेयिणाम्**' कह कर इस शाखा वालों का स्मरण किया है। मनु २।६ के भाष्य में "मेधातिथि" लिखता है—**एकविंशति बाह्वृच्या आश्वलायनऐतरेयादिभेदेन**' अर्थात् ऋग्वेद की इक्कीस शाखाओं में एक "ऐतरेय" शाखा भी है। अतः बहुत सम्भव है कि "षड्गुरुशिष्य" और "सायण" के अनुसार "महिदास", "इतरा" नाम्नी स्त्री से उत्पन्न न होकर "ऐतरेय" शाखा से सम्बन्धित व्यक्ति हों।[11]

इस प्रकार आभ्यन्तर तथा बाह्य प्रमाणों से तथा विषय-वस्तु और भाषा-शैली की दृष्टि से यह स्पष्ट है कि ऐ० ब्रा० तथा ऐ० आ० के प्रथम तीन आरण्यकों का रचयिता "ऐतरेय महिदास" है। इसी कारण इन दोनों ग्रंथों में बहुत अधिक समानता है।

---

१०. "कस्यचित् खलु महर्षेः बह्व्यः पत्न्यो विद्यन्ते स्म। तासां मध्ये कस्याश्चिदितरेति नामधेयम्। तस्या इतरायाः पुत्रो महिदासाख्यः कुमारः। तदीयस्य तु पितुर्भार्यान्तरपुत्रेष्वेव स्नेहातिशयो न तु महिदासे। ततः कस्याञ्चिद् यज्ञसभायां तं महिदासमवज्ञायान्यान्पुत्रान्स्वोत्सङ्गे स्थापयामास। तदानीं खिन्नवदनं महिदासमवगत्यैतराख्या तन्माता स्वकीयकुलदेवतां भूमिमनुसस्मार। सा च भूमिर्देवता दिव्यमूर्तिधरा सती यज्ञसभायां समागत्य महिदासाय दिव्यं सिंहासनं दत्वा तत्रैनमुपवेश्य सर्वेष्वपि कुमारेषु पाण्डित्याधिक्यमवगमय्यैतद्ब्राह्मणप्रतिभासनरूपं वरं ददौ। तदनुग्रहात्तस्य महिदासस्य मनसाऽग्निर्वै देवानामवम इत्यादिकं स्तृणुते स्तृणुत इत्यन्तं चत्वारिंशदध्यायोपेतं ब्राह्मणं प्रावुरभूत। तत ऊर्ध्वमथ महाव्रतमित्यादिकमाचार्या आचार्या इत्यन्तमारण्यकव्रतरूपं च ब्राह्मणमाविरभूदिति"।

११. **वैदिक वाङ्मय का इतिहास**, भगवद्दत्त—प्रथम भाग पृ० २३१-२३२।

जयन्त-भट्ट का कृतित्व और व्यक्तित्व

श्री शंकर दयाल द्विवेदी

इलाहाबाद

Jayanta Bhaṭṭa was a versatile scholar and a great exponent of *Nyāya darśana* of the middle of the ninth century A.D. of Kashmir. In this paper, the author discusses the reasons which led to the neglect of Jayanta Bhaṭṭa and his *Nyāya mañjari* (a commentary on selected sūtras of Gautama), his life, personality and works.

भारतीय दर्शन में न्याय-विद्या का महत्त्व उसकी तर्क-प्रधानता के कारण है। 'न्याय', 'आन्वीक्षिकी', 'हेतु शास्त्र', 'प्रमाणशास्त्र', 'वाकोवाक्य', आदि न्याय-दर्शन के वाचक शब्दों की व्युत्पत्ति इसकी तार्किकता की ओर इंगित करती है। इसलिये न्याय-दर्शन में अनुमान-प्रमाण प्रमुख प्रमाण के रूप में उभर कर सामने आया है। यद्यपि मुख्यतया तार्किक शैली का प्रयोग न्याय-दर्शन में ही मिलता है, परन्तु अपने सिद्धान्तों के प्रतिपादन में वैशेषिकों, बौद्धों, चार्वाकों, मीमांसकों एवं वैयाकरणों ने भी तर्क का आश्रय ग्रहण किया है। यही नहीं, इन दर्शनों का समूचा विकासपूर्ण इतिहास यह स्पष्ट करता है कि, एक ही अधिकृत विषय में दर्शनों में परस्पर-विरुद्ध बातें कही गयी हैं, और परवर्त्ती आचार्यों द्वारा स्वपक्षविरोधी तर्कों का खण्डन करते हुये अपना पक्ष पुनः सबलतापूर्वक स्थापित किया जाता रहा है। इस परम्परा के बीज सूत्रग्रंथों के भी पहले के हैं, परन्तु इसका पूर्ण विकास भाष्यकाल में हुआ, जब सूत्र ग्रन्थों पर टीका-प्रटीकायें लिखी गयीं।

न्याय-दर्शन में महर्षि अक्षपाद (गौतम) का 'न्याय-सूत्र' कालक्रम की दृष्टि से प्रथम और मौलिक-रचना है जिसमें पहली बार न्याय के सिद्धान्तों का शास्त्रीय प्रतिपादन हुआ। न्याय-सूत्रों पर वात्स्यायन (३०० ई० के लगभग)[1] ने भाष्य लिखा

---

१. सुरेन्द्र नाथ दास गुप्त, भारतीय दर्शन का इतिहास (हिन्दी अनुवाद) भाग १, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पृष्ठ ३१८।

जहाँ पहली बार हमें न्याय-दर्शन में अन्य दार्शनिक सिद्धान्तों के खण्डन-मण्डन की प्रवृत्ति के व्यापकरूप से दर्शन होते हैं। पाँचवीं सदी ईसवी के आस-पास महायान बौद्धों के विस्तार ने—विशेषतः वसुबन्धु और दिङ्नागाचार्य ने—'न्याय-सूत्र' तथा 'भाष्य' का बाहुल्येन प्रतिवाद किया। अतः उद्योतकर (६३५ ई०)[२] ने आक्षेपों के परिहार हेतु 'न्यायवार्त्तिक' लिखा। इसमें पूर्वपक्षी आक्षेपों के परिहार के साथ उन अंशों पर विशेष प्रकाश डाला गया जिन्हें भाष्यकार ने संदिग्ध ही छोड़ दिया था।

न्याय-दर्शन के विरोध की पुनरावृत्ति अधिक शक्ति के साथ होती है। दिङ्नाग सम्प्रदाय के दार्शनिक धर्मकीर्त्ति, कमलशील, शान्तरक्षित, धर्मोत्तर आदि ने न्याय-विरोधी अपने सिद्धांतों की सबल स्थापना की एवं अतिशक्त तर्कों द्वारा न्याय-सिद्धान्तों का एकैकशः खण्डन किया। दिङ्नाग सम्प्रदाय का प्रयास दिङ्नागों के पावों की तरह स्थायी हो रहा था। इनके तर्कों का उत्तर देना अति कठिन हो चुका था। न्याय की छवि धूमिल हो रही थी। लगभग २०० वर्षों तक इस विषय में न्याय-सम्प्रदाय मौन रहा और अपनी अशक्ति महसूस करता रहा। लेकिन नवम सदी के मध्य भाग में देश के दो विद्या-केन्द्रों मिथिला और कश्मीर में लगभग एक ही समय में दो उद्भट विद्वानों वाचस्पति मिश्र और जयन्त भट्ट का आविर्भाव हुआ। इन दोनों ने अपनी-अपनी अप्रतिम तार्किक शक्ति, प्रविवेकिनी बुद्धि, गहन अध्ययन एवं अन्यतम साधना द्वारा न्याय सिद्धान्तों की पुनः स्थापना करके न्याय-शिविर की चुप्पी तोड़ी।

जयन्त भट्ट की अप्रसिद्धि एवं उसके कारण

वाचस्पति मिश्र के ग्रन्थों का अध्ययनाध्यापन बहुत पहले से ही होता रहा है, परन्तु जयन्त न्याय-दर्शन का एक धुँधला व्यक्तित्व है। प्रो० जानकी वल्लभ भट्टाचार्य ने भारतीय न्याय दर्शन के इतिहास में जयन्त की स्थिति दिसम्बर की कोहरे भरी रात के चन्द्रमा जैसी बतायी है।[३] जयन्त के नामी ग्रंथ 'न्याय-मञ्जरी' का अध्ययन यद्यपि बहुत पहले से ही किया जाना चाहिये था, परन्तु वाचस्पति मिश्र की सर्वाङ्गीण प्रतिभा, उदयन, गंगेश तथा मीमांसकों की तर्क प्रसिद्धि से विद्वानों ने 'न्याय-मञ्जरी' की उपेक्षा कर दी। बाद में बङ्गाल में नव्य-न्याय के उद्भव एवं उत्कर्ष ने भी प्राच्य-न्याय की प्रतिष्ठा को पर्याप्त धक्का पहुंचाया। प्राच्यन्याय के विद्यार्थियों ने भी 'न्याय-मञ्जरी' की उपेक्षा की; सम्भवतः इसलिये कि इसमें सभी न्याय-सूत्रों की व्याख्या नहीं की गयी, वरन् केवल चुने हुए कुछ सूत्रों पर व्यवस्थित व्याख्या प्रस्तुत

---

२. वही, पृष्ठ ३१८।

३. जानकीवल्लभ भट्टाचार्य, न्याय-मञ्जरी (अंग्रेजी अनुवाद), मोतीलाल बनारसीदास, भूमिका, पृष्ठ २३।

की गयी है—यह बात अलग है कि, इस व्याख्या में जयन्त ने सारे 'न्याय-सूत्रों' का प्रतिपाद्य समेट लिया हो।[४] जयन्त भट्ट और उनकी 'न्याय-मञ्जरी' विद्वानों को आकृष्ट नहीं कर पाये, इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि जयन्त के 'न्याय-मञ्जरी' लिखने से पहले ही कश्मीर में अशान्ति छा गयी थी। अवन्ति वर्मा के शासनकाल से ही कश्मीर युद्ध-सम्बन्धी गतिविधियों का केन्द्र हो चुका था।[५] 'राजतरङ्गिणी' के अध्ययन से पता चलता है कि इस काल में कश्मीर की प्रसिद्धि का सूर्य अस्त हो चुका था।[६] इसलिये सम्भव है कि कश्मीर का देश के शेष भागों से शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंध समाप्त हो गया हो। राजनीतिक असुरक्षा और प्रशासनिक दुर्व्यवहार से कश्मीर के ही विद्वान् हतोत्साहित हो गये, तब बाहरी विद्वानों के कश्मीर आने अथवा कश्मीर के सम्बन्ध में जानकारी रखने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। नवम-दशम सदी में भारतीय-चिन्तन का प्रमुख केन्द्र मिथिला था, जो प्राभाकरों एवं नैयायिकों से परिपूर्ण था।[७] मध्यकाल के उत्तरार्ध में यह केन्द्र मिथिला और पूर्वी भारत था। पश्चिमी क्षेत्रों में इसी काल में जैन तार्किकों का उद्भव और उत्कर्ष था।[८] इन सब कारणों से कश्मीर का सम्बन्ध समूचे चिन्तन क्षेत्र से एक लम्बे समय तक टूटा रहा जिससे जयन्त भट्ट और 'न्याय-मञ्जरी' को समय से वह सम्मान न मिल पाया, जो उसे मिलना चाहिये था। लगभग उन्नीसवीं सदी के अंतिम काल में पं० गंगाधर शास्त्री ने 'न्याय-मञ्जरी' को प्रकाशित किया[९] और इसी काल से ही जयन्त भट्ट एक स्वीकृत नैयायिक के रूप में विश्रुत हुये और 'न्याय-मञ्जरी' का विस्तृत अध्ययन किया गया।

जयन्त भट्ट का जीवन-परिचय

अपनी किसी भी कृति में जयन्त ने कहीं भी अपने बारे में स्पष्टतः कुछ नहीं कहा। फिर भी उनके कृतित्व से कुछ ऐसे अंश ढूंढ़े जा सकते हैं जो जयन्त के व्यक्तिगत जीवन पर प्रकाश डालते हैं। इसके अतिरिक्त इनके जीवन और वंशावली के सम्बन्ध में इनके पुत्र अभिनन्द के ग्रंथ 'कादम्बरी-कथा-सार' से पर्याप्त और प्रामाणिक परिचय मिलता है। सम-सामयिक कश्मीरी परिवेश के बारे में 'राजतरङ्गिणी' से पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। इन सब साक्ष्यों के समन्वय से जयन्त के जीवन की जो कहानी गढ़ा जा सकती है, वह इस प्रकार होगी—

---

४. वही, प्रीफेस, पृ० ७

५. वही, भूमिका, पृ० २८।

६. राजतरङ्गिणी-पञ्चम तरङ्ग।

७. जा० व० भट्टाचार्य, वही, प्रीफेस, पृ० ७।

८. वही, पृ० ७।

९. न्या० म० (विजयनगरम् संस्कृत सिरीज़–१०) १८९५ ई०।

जयन्त के शक्तिनामा पूर्वपुरुष जो जात्या गौड़ थे और जिनका गोत्र भारद्वाज था, बङ्गाल से कश्मीर के लिए स्थानान्तरित हुए। यह स्थानान्तरण कश्मीर के 'दार्वाभिसार' नामक स्थान पर शक्ति के वैवाहिक सम्बन्धों के फलस्वरूप हुआ।[१०] डॉ० ब्यूलर ने दार्वाभिसार की स्थिति कश्मीर की सीमा पर बताई है।[११] डॉ० स्टीन का मत है कि वितस्ता और चन्द्रभागा नदियों के मध्य का भाग दार्वाभिसार था[१२], जिसका एक स्थानीय मुखिया होता था। यह क्षेत्र कश्मीर नरेशों द्वारा बार-बार विजित किया गया है। कल्हण ने 'राजतरङ्गिणी' में अनेकशः दार्वाभिसार का परिचय दिया है।[१३] जयन्त के समय में शङ्करवर्मा ने इसे पुनः जीता था। शक्ति का पुत्र मित्र था और मित्र का पुत्र शक्तिस्वामी कश्मीर के कर्कोटवंशीय शासक मुक्तापीड ललितादित्य का मन्त्री था।[१४] जयन्त शक्तिस्वामी के प्रपौत्र थे। जयन्त के पिता का नाम चन्द्र और पितामह का नाम कल्याण-स्वामी था। अभिनन्द का कहना है कि उनके पूर्वज वैदिक परम्परा में निष्णात थे।[१५] जयन्त भी इसका समर्थन करते हैं कि उनके पितामह ने एक ग्राम को प्राप्त करने की इच्छा से संग्रहणी यज्ञ किया और यज्ञ की समाप्तिकाल में ही गौरमूलक ग्राम प्राप्त किया।[१६] जयन्त ने गौरमूलक का उल्लेख अन्यत्र भी किया है।[१७] इससे प्रतीत होता है कि जयन्त गौरमूलक के स्वामी रहे हों या न रहे हों, परन्तु निवासी अवश्य थे।[१८] प्रो० स्टीन ने गौरमूलक का समीकरण 'राजतरङ्गिणी' ८।१८६१ में उल्लिखित घोरमूलक से

---

१०. शक्तिर्नामाभवद् गौडो भारद्वाजकुले द्विजः।
दार्वाभिसारमासाद्य कृतदारपरिग्रहः॥ कादम्बरीकथासार–१। पाँचवाँ श्लोक।

११. इण्डियन एन्टीक्विवयरी भाग २, पृ० १०२।

१२. स्टीन्स ट्रान्सलेशन, भाग १, पृ० ३२ में श्लोक १८० पर पाद-टिप्पणी।

१३. राजतरङ्गिणी १।१८०, ४।७१२, ५।१४१, २०९, ७।१२ २, ८।१५३१, २४४०।

१४. कादम्बरी कथासार—१।६-७।

१५. (क) वही, १।११।
(ख) वी० राघवन् आगमडम्बर (मिथिला इंस्टीट्यूट दरभंगा) भूमिका पृ० १

१६. तथा ह्यस्मत्पितामह एव ग्रामकामः। साङ्ग्रहणीं कृतवान्, स इष्टिसमाप्तिसमनन्तरमेव गौरमूलकं ग्राममवाप। न्या० म० पृ० २७४।

१७. न्या० म० पृ० २१५[१४], पृ० ५०[१२], पृ० ५३[१२,१७], पृ० ५४।

१८. सी० डी० विजल्वान्, थ्योरी आफ इण्डियन नॉलेज पृ० १६।

किया है और यह स्वीकार किया है कि यह नगर राजपुरी के क्षेत्र में स्थित है जो दार्वाभिसार की सीमाओं में आता है।[१९]

कल्याणस्वामी के पुत्र चन्द्र जयन्तभट्ट के पिता थे। प्रो० स्टीन ने इस सम्बन्ध मे दोहरी गलती की है, एक तो यह कि इन्होंने 'न्याय-मञ्जरी' का लेखक अभिनन्द को माना है और दूसरे जयन्त के पिता का नाम कान्त माना है।[२०] वस्तुतः अभिनन्द के उक्त श्लोक[२१] में कान्त और चन्द्र दोनों शब्द आये हैं जहाँ कान्त पद चन्द्र का विशेषण है। जयन्त के पिता का नाम चन्द्र ही था क्योंकि इन्होंने 'न्याय-मञ्जरी' के अन्त मे[२२] चन्द्र को अपना पिता स्वीकार किया है।[२३]

जयन्त का जन्म अवन्तिवर्मा (८५३ से ८८२-८३ ई०) के शासन-काल में हुआ और इसी काल में ही इनका अध्ययन कार्य हुआ। ये अलोक-सामान्य प्रतिभा के छात्र थे तथा सभी शास्त्रों में इनकी गति अप्रतिहत थी। अपने प्रारम्भिक जीवन में ही इन्होंने पाणिनीय-व्याकरण पर कोई "वृत्ति" लिखी थी[२४] जो संप्रति अनुपलब्ध है। शङ्करवर्मा ने शासन की बागडोर सँभालने के बाद विजय-यात्रा की और जीत की खुशी में आधुनिक पाटन नामक स्थान पर शङ्करपुर नामक नगर बसाया और वहाँ 'शङ्कर गौरीश' तथा 'सुगन्धेश' नाम के दो मन्दिर बनवाये। शासक शङ्करवर्मा ने

---

१९. स्टीन, कल्हणाज क्रॉनीकिल्स आफ़ द किंग्स आफ कश्मीर, भाग २, पृष्ठ १४४-४५ श्लोक १८६१ पर पाद-टिप्पणी।

२०. गोपीनाथ कविराज, ग्लीनिंग्स फ्राम दि हिस्ट्री एण्ड बिब्लियोग्रैफ़ी आफ़ न्याय-वैशेषिक लिटरेचर, पृष्ठ १६-१७

२१. अगाधहृदयात्तस्मात् परमेश्वरमण्डनम्।
अजायत सुतः कान्तश्चन्द्रो दुग्धोदधेरिव॥ कादम्बरी कथासार १।९

२२. वादेष्वाप्तजयो जयन्त इति यो विख्यातकीर्तिः क्षिता-
वन्वर्थोनववृत्तिकार इति यं शंसन्ति नाम्ना बुधाः।
सूनुर्व्याप्तदिगन्तरस्य यशसा चन्द्रस्य चन्द्रत्विषा
चक्रे चंद्रकलावचूलचरणध्यायी स धन्यां कृतिम्॥ न्या० म० का अन्तिम श्लोक।

२३. यह परम्परा पं० जी० एन० झा० बी० २४७६, पाल हाकर-बी० २४८४, एच० जी० नरहरि-बी० २४८७, बी० गुप्ता—बी० २४८८, तथा एस० मुखर्जी २४७७ द्वारा समर्थित है।

२४. अद्य चात्रभवतः शैशव एव व्याकरणविवरणकरणाद् वृत्तिकार इति प्रथिताऽपरनाम्नः भट्टजयन्तस्य शिष्यपरिषदाहमाज्ञप्तः........। आगमडम्बर पृ० २।

जयन्त की अप्रतिहत मति से मुग्ध होकर इन्हें उक्त दोनों मन्दिरों तथा तत्सम्बद्ध शिक्षालयों का प्रभारी नियुक्त कर दिया।[२५]

'न्याय-मञ्जरी' के एक श्लोक से ज्ञात होता है कि जयन्त को उनके शासक ने बन्दी बनाया था। जयन्त ने जेल-यातना को भुलाने के लिये 'न्याय-मञ्जरी' ग्रंथ जेल में ही लिखा।[२६] जयन्त को बन्दी बनाने वाला शासक शङ्करवर्मा होना चाहिये। शंकरवर्मा के अत्याचारों का वर्णन 'राजतरङ्गिणी' करती है।[२७] उसने विद्वानों को अपमानित किया, मन्दिरों एवं धर्मशालाओं की आय छीन ली तथा अपनी विस्तृत सैन्य व्यवस्था और अपने अपव्यय की सन्तुष्टि के लिये उसने अत्याचारपूर्ण कर-प्रणाली का सहारा लिया। उसने अपनी प्रजा को हर प्रकार की यन्त्रणा दी। इस अत्याचार के विरोध में जयन्त ने आवाज उठायी होगी और तब जयन्त के बन्दी बनाये जाने का कोई अनौचित्य नहीं रह जाता। 'न्याय-मञ्जरी' के टीकाकार चक्रधर ने एक जनश्रुति की ओर संकेत किया है कि जयन्त भट्ट शंकर वर्मा की आज्ञा से कई वर्ष खश देश में रहे।[२८] बहुत संभव है खश देश का यह प्रवास-काल ही जयन्त की जेल-यातना का काल हो।

ऐसा प्रतीत होता है कि परवर्ती-काल में जयन्त और शासक शंकरवर्मा के मध्य मधुर सम्बन्ध स्थापित हो गये थे।[२९] 'न्याय-मञ्जरी' में वेदों के प्रामाण्य के सन्दर्भ में जयन्त ने शङ्करवर्मा को 'नीलाम्बर व्रत-प्रथा' पर रोक लगाने के कारण 'धर्मतत्त्वज्ञ' कहा है।[३०] दूसरी ओर 'आगमडम्बर' के द्वितीय अङ्क में शङ्करवर्मा का उल्लेख वैदिक-धर्म के संस्थापक के रूप में है। यहाँ भी जयन्त ने यह स्वीकार

---

२५. वी० राघवन्, आगमडम्बर-भूमिका पृष्ठ ३१ तथा राजतरङ्गिणी ५।१५६-१५९।

२६. राज्ञा तु गह्वरेऽस्मिन्नशब्दके बन्धने विनिहितोऽहम्।
ग्रन्थरचनाविनोदादिह हि मया वासरा गमिताः॥ न्या० म० पृ० ३९४

२७. राजतरङ्गिणी ५।१६०-१७५।

२८. कश्मीरे क्वचित् खशदेशे चिरकालमारण्यमसौ श्रीशङ्करवर्मणो राज्ञ आज्ञया स्थितवान् इति वार्त्ता - - -। न्या० म० ग्रं० भं० पृ० १६७।

२९. वी० राघवन्, आगमडम्बर, भूमिका, पृ० २।

३०. अमितैकपटनिवीतानियतस्त्रीपुंसविहितबहुचेष्टम्।
नीलाम्बरव्रतमिदं किल कल्पितमासीद्विटैः कैश्चित्॥
तदपूर्वमिति विदित्वा निवारयामास धर्मतत्त्वज्ञः।
राजाशङ्करवर्मा न पुनर्जैनादिमतमेवम्॥ न्या० म० पृ० २७१।

किया है कि शङ्करवर्मा ने नीलाम्बर जैसी प्रथाओं पर रोक लगा दी थी।[३१] यही नहीं, तृतीय अङ्क में जयन्त को शङ्करवर्मा का मन्त्री स्वीकार किया है।[३२] अतः सम्भवतः अपने जीवन के परवर्ती काल में जयन्त राजा के धर्म सम्बन्धी मामलों के सलाहकार नियुक्त किये गये होंगे। 'आगमडम्बर' के कुछ अन्य सन्दर्भ भी जयन्त के साचिव्य का समर्थन करते हैं।[३३] 'आगमडम्बर' की रचना चूंकि अपेक्षाकृत परवर्ती काल में हुई अतः अब तक जयन्त और शङ्करवर्मा के सम्बन्ध अगर सुधरे हों तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। जयन्त अपने पुत्र से बहुत अधिक स्नेह करते रहे होंगे, क्योंकि 'आगमडम्बर' का प्रारम्भिक श्लोक ऐसा संकेत करता है।[३४] सम्भवतः अभिनन्द ने अपना ग्रंथ 'कादम्बरी कथासार' अपने जीवन के प्रारम्भिक समय में ही अपने पिता के साथ अध्ययन करते हुये लिखा क्योंकि यह तथ्य अभिनव गुप्त के 'पद्य-कथा लेखक' के उल्लेख द्वारा समर्थित है।[३५]

जयन्त ने 'न्याय मञ्जरी' की रचना शङ्करवर्मा (८८३-९०२ ई०) के शासनकाल में तथा 'आगमडम्बर' की रचना सुगन्धादेवी के शासनकाल (९०४-९०६ ई०) में की। सुगन्धादेवी के शासनकाल के बाद हुई क्रान्ति और सामाजिक उथल-पुथल की कोई जानकारी जयन्त की कृतियों से नहीं मिलती। अतः सुगन्धादेवी के शासन-काल के बाद जयन्त अधिक दिनों तक जीवित रहे हों, इस विषय में साक्ष्यों का अभाव है।

ये जयन्त भट्ट भारद्वाज के पुत्र और 'काव्यप्रकाश' के व्याख्याकार जयन्त से, जिनके नाम का निर्देश बाम्बे मुद्रित 'वामनाचार्य की टीका' में हुआ है, भिन्न हैं। 'संस्कार-कौस्तुभ' में उल्लिखित जयन्तस्वामी से जयन्त भट्ट का समीकरण साक्ष्यों के अभाव में सम्भव नहीं है।[३६]

जयन्त-भट्ट का कृतित्व

जयन्त का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रंथ 'न्याय-मञ्जरी' है। यह चुने हुये 'अक्षपाद-

---

३१. आगमडम्बर, द्वितीय अङ्क, पृ० ४०-४४।

३२. मन्त्री शास्त्रमहाटवीविहरणश्रान्तो जयन्तोऽप्यसौ।—आगमडम्बर ३।८ पृ० ५४।

३३. अङ्क दो पृष्ठ ४४, तथा अङ्क तीन में पृ० ४६ से ४८ के मध्य दो साधकों का कथोपकथन।

३४. तद्ब्रह्म वः क्रमविनश्यदनाद्यविद्यम्।
उद्योततो स्फुरदमन्दनवाभिनन्दम्॥ आगमडम्बर का पहला श्लोक।

३५. द्रष्टव्य—वी० राघवन्, भोजाज् शृङ्गारप्रकाश—१९६२, पृष्ठ ६१२ पर पाद-टिप्पणी।

३६. न्या० म० भूमिका, पृ० २।

सूत्रों की व्याख्या है। आचार्य गंगाधर शास्त्री ने 'न्याय-मञ्जरी' की भूमिका में इसे 'गौतम-सूत्र तात्पर्य विवृति' कहा है।[३७] बारह आह्निकों वाले इस ग्रंथ में न्याय-दर्शन द्वारा प्रतिपादित षोडश पदार्थों का निरूपण किया गया है। प्रथम छः आह्निकों में प्रमाण-पदार्थ का, तथा शेष छः आह्निकों में प्रमेय से लेकर निग्रह-स्थान पर्यन्त पन्द्रह पदार्थों का निरूपण हुआ है। इन पदार्थों के प्रतिपादन के सन्दर्भ में पूर्वपक्षी बौद्धों के विरुद्ध ही मुख्यतः जयन्त की लेखनी चली है, परन्तु प्रसंगागत कुमारिल भट्ट, प्रभाकर, भर्तृहरि एवं आनन्दवर्धन आदि के सिद्धान्तों का भी खण्डन-मण्डन किया गया है। ये 'न्याय-भाष्य-सम्प्रदाय' के अतिसमर्पित विद्वान् हैं और एतदर्थ उन्होंने 'न्याय-भाष्य' और 'वार्तिक' के विरोध में उठाये गये आक्षेपों-विशेषतः दिङ्नाग सम्प्रदाय के बौद्धों और मीमांसकों का उत्तर देने के लिये 'न्याय-मञ्जरी' ग्रंथ लिखा। 'न्याय-मञ्जरी' ग्रंथकर्त्ता के अपरिमित-पाण्डित्य का परिचय देती है। जयन्त ने 'न्याय-मञ्जरी' में न्याय जैसे शुष्क और नीरस विषय को अत्यन्त रोचक-शैली में प्रतिपादित किया है। जयन्त ने अपने से पहले प्रचलित समस्त न्याय-ग्रंथों का गहनता से अध्ययन किया था, इसका परिचय न्याय-मञ्जरी के प्रारम्भ के एक श्लोक से मिलता है।[३८] इसके अतिरिक्त उन्हें वैशेषिक, बौद्ध, जैन, मीमांसा, सांख्य, प्रारम्भिक वेदान्त तथा व्याकरण जैसे गम्भीर विषयों का पूर्ण ज्ञान था। उन्होंने चार्वाक दर्शन मीमांसा, वैदिक वाङ्मय एवं पुराणों का भी भली-भाँति अध्ययन किया था। उनके सार्वभौमिक ज्ञान और यथार्थ-चित्रण की विशेषता ने 'न्याय-मञ्जरी' को ज्ञान-कोश और विश्वास-पात्र बना दिया। 'न्याय-मञ्जरी' में हम सभी दर्शनों को एक साथ और एक अच्छी प्रस्तुति के रूप में पाते हैं। फिर भी कट्टर नैयायिक होने के कारण जयन्त ने 'न्याय-मञ्जरी' में न्याय-सिद्धान्तों का रक्षण किया है और प्रारम्भ तथा अन्त में अक्षपाद ऋषि के प्रति अत्यधिक आभार प्रदर्शित किया है।[३९] यद्यपि वह शैव थे, परन्तु उन्होंने शैवों के प्रत्यभिज्ञा-दर्शन

---

३७. वही, भूमिका, पृ० १।

३८. न्यायौषधिवनेभ्योऽयमाहृतः परमो रसः।
इदमान्वीक्षिकीक्षीरान्नवनीतमिवोद्धृतम्।। न्या० म० प्रारम्भिक ७वाँ श्लोक।

३९. (क) अक्षपादमताम्भोधिपरिमर्षरसोत्सुकाम्।
विगाहन्तामिमां सन्तः प्रसरन्तीं सरस्वतीम्। न्या० म० प्रारम्भिक ५वाँ श्लोक।

(ख) प्राप्तोदारवरस्ततः स जयति ज्ञानामृतप्रार्थना—
नाम्नाऽनेकमहर्षिमस्तकवलत्पादोऽक्षपादो मुनिः।। न्या० म० के अन्तिम श्लोक से पूर्व का श्लोक।

का अनुकरण नहीं किया, जबकि इसका विकास उनके अपने ही देश कश्मीर में हुआ। उन्होंने 'न्याय-मञ्जरी' में न केवल न्याय-दर्शन के प्राचीन विद्वानों के सम्मत विचारों को ही स्थान दिया, वरन् इसमें उन्होंने अपने मौलिक-विचार भी रखे। जैसे-'सामग्री-कारणवाद' जिसका अनुकरण 'न्याय-भाष्य' के एक व्याख्याकार विश्वरूप ने किया[४०], तथा 'वाक्य में पदों का संहत्यकारितावाद' जिसका अनुकरण भोज ने अपने 'शृङ्गार-प्रकाश' में किया है।[४१] चूंकि 'न्याय-मञ्जरी' में जयन्त ने किसी भी तार्किक क्षेत्र को अछूता नहीं रखा है, इसलिये 'न्याय-मञ्जरी' का सावधानी से किया गया अध्ययन महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी दे सकता है।[४२] फ्रावाल्नर महोदय का मत है कि 'न्याय-मञ्जरी', जो वाचस्पति के सम्बन्ध में अबोध है, में आये "आचार्याः व्याख्यातारः" आदि पदों का प्रयोग, जो निश्चितरूप से भाष्यकार और वार्तिककार के लिये नहीं है, वात्स्यायन और जयन्त के बीच की ऐतिहासिक-रिक्तता को पूर्ण करता है।[४३]

न्याय का इतना विश्रुत और महत्त्वपूर्ण ग्रंथ परवर्ती काल के विद्वानों एवं विद्यार्थियों को दीर्घ-काल तक अज्ञात था यह हम देख चुके हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि उन्नीसवीं सदी के अन्त में पं० गंगाधर शास्त्री को आर्थर वेनिस महोदय के सौजन्य से 'काशिक राजकीय-संस्कृत पाठशाला' से संवत् १७९४ में लिखित पाण्डुलिपि प्राप्त हुई जिसको उन्होने १३५४ शक में भोजपत्र लिखित तथा पूना स्थित 'राजकीय पुस्तकालय' से उपलब्ध पाण्डुलिपि से तुलना करते हुये संशोधित करके 'विजयनगरम् संस्कृत सिरीज़-१०' से सन् १८९५ में प्रकाशित किया। चक्रधर नाम के कश्मीरी विद्वान् ने 'न्याय-मञ्जरी' पर १०वीं से १२वीं सदी के मध्य कभी 'न्याय-मञ्जरी-ग्रन्थि-भङ्ग' नाम की टीका लिखी।[४४] सन् १९३६ ई० में पं० सूर्य नारायण शुक्ल ने चौखम्भा संस्कृत सिरीज़ से न्याय-मञ्जरी का पुनः प्रकाशन किया तथा १९७१ ई० में इसी का दूसरा संस्करण प्रकाशित हुआ। महामहोपाध्याय फणिभूषण तर्कवागीश ने न्याय-मञ्जरी' का बङ्गला में अनुवाद किया है जो १९३९ ई० में कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुआ है। इसी बङ्गला अनुवाद के प्रारम्भिक छः आह्निकों का अंग्रेजी अनुवाद प्रो० जानकी वल्लभ भट्टाचार्य ने किया

---

४०. ए० ठाकुर, विश्वरूप द नैयायिक, जर्नल आफ ओरिएन्टल रिसर्च मद्रास, वोल्यूम् २८, पृष्ठ २९-३०।

४१. वी राघवन्, भोजाज् शृङ्गारप्रकाश-१९६३, पृ० २१ तथा ७२८-२९।

४२. वी० राघवन् आगमडम्बर, भूमिका पृ० ४।

४३. वही पृष्ठ ४ पर अङ्कित पाद टिप्पणी ४।

४४. एल० डी० इंस्टीट्यूट अहमदाबाद से १९७२ में नागिन जे० शाह द्वारा प्रकाशित।

है, जो १९७८ में मोतीलाल बनारसीदास से प्रकाशित हुआ है। 'न्याय-मञ्जरी' के प्राथमिक चार आह्निकों पर विशेष 'टिप्पणी' सहित प्रकाशन विद्वान् के० एस० वरदाचार्य द्वारा १९७० में प्राच्य-विद्या-संशोधनालय, मैसूर से हुआ है। यहाँ यह तथ्य उल्लेखनीय है कि जयन्त भट्ट की यह 'न्याय-मञ्जरी' उस 'न्याय-मञ्जरी' से भिन्न है, जिसका उल्लेख वाचस्पति मिश्र की 'न्याय-कलिका' के प्रारम्भ में हुआ है[४५] और जिसके रचयिता त्रिलोचन बताये जाते हैं।

'न्याय-कलिका' नाम के एक अन्य लघुकाय ग्रंथ के साथ जयन्त भट्ट का नाम जोड़ा जाता है। बालव्युत्पत्ति के लिये जयन्त ने इस ग्रन्थ में षोडश पदार्थों की संक्षिप्त व्याख्या की है।[४६] पं० गंगानाथ झा यह स्वीकार करते हैं कि यह जयन्त की कृति है[४७] जब कि महामहोपाध्याय उमेश मिश्र का कहना है कि इसमें जयन्त ने प्रथम न्याय सूत्र पर एक संक्षिप्त किन्तु व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखी है।[४८] कुछ लोग कहते हैं कि 'न्याय-कलिका' जयन्त भट्ट कृत 'न्याय-मञ्जरी' के चुने हुये वाक्यों का संकलन है जो किसी परवर्ती शिष्य द्वारा किया गया।[४९] 'न्याय-मञ्जरी'-कार जयन्त भट्ट से 'न्याय-कलिका' कार जयन्त का समीकरण एक समस्या है। गुणरत्न ने 'षड्दर्शन-समुच्चय' की टीका में जयन्त को भासर्वज्ञकृत 'न्याय-सार' पर 'न्याय-कलिका' का लेखक माना है।[५०] गुणरत्न द्वारा उल्लिखित इस 'न्याय-कलिका' से उक्त 'न्याय-कलिका' का समीकरण सम्भव नहीं है। डा० ब्यूलर ने 'कश्मीर-रिपोर्ट' में जयन्त लेखक द्वारा लिखित 'न्याय-कलिका' नाम के ग्रन्थ का उल्लेख किया है।[५१] जब तक इस पुस्तक के प्रतिपाद्य का पता न चले, तब तक इस उपलब्ध 'न्याय-कलिका' से इसका समीकरण करना कठिन है। हमें यहाँ केवल यह देखना है कि जयन्त भट्ट और 'न्याय-कलिका' के लेखक जयन्त दोनों एक हैं या नहीं। इतना

---

४५. वी० राघवन्, आगमडम्बर, भूमिका-पृ० ५।

४६. षोडशपदार्थतत्त्वं बालव्युत्पत्तये कथितम्। और
अजातरसनिष्यन्दमनभिव्यक्तसौरभम्।
न्यायस्य कलिकामात्रं जयन्तः पर्यदीदृशत्॥
न्या० क० सरस्वती भवन सिरीज-१७, सन् १९२५।

४७ गंगानाथ झा, वी० २४७६।

४८. हिस्ट्री आफ इण्डियन फ़िलॉसफी भाग-२, पृ० १२५।

४९. वी० गुप्ता०, वी-२४८८।

५०. गोपीनाथ कविराज, ग्लीनिंग्स फ्राम दि हिस्ट्री ऐण्ड बिब्लियोग्रैफी आफ़ दि न्याय-वैशेषिक लिटरेचर, पृ० १८।

५१. वही।

तो स्पष्ट ही है कि 'न्याय-कलिका' न तो जयन्त भट्ट कृत 'न्याय-मञ्जरी' का सारांश है और न ही 'न्याय-मञ्जरी' के वाक्यों का संकलन है।

जयन्त भट्ट बौद्धों के बहुत बड़े आलोचक थे, परन्तु 'न्याय-कलिका' में अभ्युपगम सिद्धान्त के अवसर पर उन्होंने बौद्ध मान्यता का अनुसरण किया है।[५२] जयन्त भट्ट सभी पक्षों की प्रस्तुति को अद्वितीय प्रतिभा का परिचायक मानते हैं जब कि जयन्त ने 'न्याय-कलिका' में इसकी उपेक्षा की है। ये तर्क उक्त 'समीकरण' के विरोध में दिये जा सकते हैं, परन्तु यदि गंभीरता से विचार किया जाय तो दोनों ही ग्रंथ एक ही लेखक के प्रतीत होते हैं। 'न्याय-कलिका' जयन्त भट्ट की प्रारम्भिक रचना होनी चाहिये, जब कि वे अपने विचारों में अपरिपक्व रहे होंगे। इसी लिये इसमें उन्होंने केवल न्याय-पदार्थों का परिचय-मात्र दिया है। ऐसा स्वीकार कर लेने पर उक्त-विरोध भी प्रभावी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त भी कुछ ऐसे तथ्य हैं जो दोनों लेखकों में ऐक्य स्थापित करते हैं। 'न्याय-मञ्जरी' एवं 'न्याय-कलिका' की भाषा लगभग एक-सी है। दोनों के प्रारम्भ में शिव की स्तुति की गयी है।[५३] 'न्याय-कलिका' एवं 'न्याय-मञ्जरी' के तर्क की व्याख्या बिलकुल एक-सी है। यद्यपि इस पुस्तक में न तो जयन्त के व्यक्तिगत जीवन या इनके परिवार के सम्बन्ध में कोई सूचना है और न ही समकालीन समाज का कोई चित्रण है, फिर भी इसमें जयन्त भट्ट की धुँधली मुहर है। जयन्त ने अपने अध्ययन काल में ही यह ग्रंथ न्याय के नौसिखियों के लिये लिखा। इसका कलेवर एवं प्रतिपाद्य बहुत संक्षिप्त है, इसलिये अन्वर्थतः यह 'न्याय-कलिका' है।

डा० वी० राघवन् का मत है कि जयन्त ने 'न्याय-कलिका' और 'न्याय-मञ्जरी' के मध्य में गौतमीय न्याय पर सीमित श्लोकों वाले 'न्याय-पल्लव' नामक ग्रंथ की रचना की[५४]। इस ग्रंथ के कुछ उद्धरण वादिदेव के 'स्याद्वाद रत्नाकर' नामक जैनग्रंथ में देखे जा सकते हैं।[५५]

न्याय-मञ्जरी के अन्त में जयन्त ने स्वीकार किया है कि उन्हें "नव-

---

५२. अपरीक्षितोऽपि कश्चिदर्थो बुद्ध्यातिशयचिख्यापयिषया प्रौढवादिभिस्तथेत्यभ्युपगम्यमानोऽभ्युपगमसिद्धान्तः। —न्याय-कलिका, पृ० ९।

५३. नमः शाश्वतिकानन्दज्ञानैश्वर्यमयात्मने।
सङ्कल्पसफलब्रह्मस्तम्भारम्भाय शम्भवे॥ न्या० म० आदिश्लोक।

यही श्लोक न्याय-कलिका (सरस्वती भवन टेक्स्ट्स-१७, १९२५) में प्रारम्भ में आया है।

५४. वी० राघवन्, आगमडम्बर, भूमिका पृ० ५।

५५. वी० राघवन् 'वर्क्स एण्ड आथर्स साइटेड इन श्रीदेवाज् स्याद्वादरत्नाकर' —जर्नल आफ दि कलिङ्ग हिस्टॉरिकल रिसर्च सोसाइटी—१, पृ० २५८-५९।

वृत्तिकार" उपनाम से जाना जाता था।[५६] अभिनन्द ने भी स्वीकार किया है कि उनके पिता को "वृत्तिकार" उपनाम से जाना जाता था।[५७] डा० राघवन् ने स्वीकार किया है कि यहाँ आया 'वृत्ति' पद यह सूचित करता है कि जयन्त ने सबसे पहले पाणिनीय 'अष्टाध्यायी' पर कोई वृत्ति लिखी थी।[५८] 'आगमडम्बर' के प्रारम्भ से ज्ञात होता है कि जयन्त भट्ट ने शैशवकाल में व्याकरण में कोई विवरणात्मक ग्रंथ लिखा था।[५९] 'न्याय-मञ्जरी' में भी जयन्त की व्याकरण-विषयक प्रतिभा का परिचय मिलता है तथा 'आगमडम्बर' में भी जयन्त ने व्याकरण के सिद्धान्तों के गहन ज्ञान का परिचय दिया है।[६०]

जयन्त भट्ट की पाँचवीं कृति 'आगमडम्बर' नामक रूपक है। जयन्त ने इसकी रचना 'न्याय-मञ्जरी' के बाद की।[६१] यह जयन्त की एकमात्र साहित्यिक कृति है। चार अङ्कों वाले इस रूपक को 'नाट्य-शास्त्र' सम्मत किसी भी रूपक विधा (नाटक आदि) में रख सकते हैं। यह एक नितान्त दार्शनिक नाटक है जिसमें छः दर्शनों—बौद्ध, आर्हत, चार्वाक, मीमांसा, शैव सहित न्याय और आगम (मुख्यतः पाञ्चरात्र) के आचार्यों का दार्शनिक वाद-विवाद प्रस्तुत है। छः दर्शनों से सम्बद्ध होने के कारण इसे 'षण्मत-नाटक' भी कहते हैं।[६२] 'आगमडम्बर' 'न्याय-मञ्जरी' से परवर्ती है क्योंकि 'न्याय-मञ्जरी' के कुछ श्लोक इसमें ज्यों के त्यों उपलब्ध होते हैं।[६३] यह मुख्यतः विभिन्न सम्प्रदायों के धार्मिक और दार्शनिक मतों पर वाद-विवाद है। यद्यपि न्याय-मञ्जरी' ही हमें जयन्त के कवित्व एवं वक्तृत्व का परिचय देती है[६४]

---

५६. अन्वर्थो नववृत्तिकार इति यं शंसन्ति नाम्ना बुधाः। न्या० म० अन्तिम श्लोक।

५७. वृत्तिकार इति व्यक्तं द्वितीयं नाम बिभ्रतः। —कादम्बरी कथासार १।११

५८. वी० राघवन्, आगमडम्बर भूमिका पृ० ५ तथा "ह्वाई जयन्त भट्ट वाज़ नोन ऐज़ वृत्तिकार"—पी० के० गोडे कमेमोरेशन वॉल्यूम् ३, पृ० १७३-७४।

५९ अद्य चात्र भवतः शैशव एव व्याकरणविवरणकरणाद् वृत्तिकार इति प्रथिताऽपरनाम्नः। —आगमडम्बर पृ० २।

६०. आगमडम्बर, प्रथम अंक, पृ० १४।

६१. वी० राघवन्, आगमडम्बर, भूमिका पृ० २६।

६२. वही, भूमिका पृ० २५।

६३. आगमडम्बर ४।५४, पृ० ८९ का यह श्लोक न्या० म० पृ० २६७ में देखा जा सकता है।

६४. वक्ता कविस्त्ववक्तृत्वफला यस्य सरस्वती। का० क० सा० १।१०।

और उनकी वाणी सरस तथा सदलङ्कारा थी, यह अभिनन्द भी बताते हैं[६५], परन्तु 'आगमडम्बर' साहित्यिक कृति होते हुये भी जयन्त की साहित्यिक प्रतिभा के पूर्ण विकास का अवसर नहीं प्रदान करता। डॉ० वी० राघवन् का कहना है कि यदि हम दार्शनिक जयन्त में कवि के दर्शन 'न्याय-मञ्जरी' में करते हैं तो 'आगमडम्बर' में कवि जयन्त में दार्शनिक जयन्त के दर्शन करते हैं।[६६] धार्मिक एवं दार्शनिक मत-वादों के वाद-विवाद का प्रतिपादन करने के कारण यह नाटक समूचे संस्कृत वाङ्मय में अपने ढंग का अकेला और शैली में नया है। 'आगमडम्बर' के प्रारम्भ में जयन्त स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि यह नाटक 'नाट्य-शास्त्र' के सिद्धान्त के अनुकूल न होने से अशास्त्रीय है।[६७]

इस अनूठे नाटक की पाण्डुलिपियाँ 'जैन भण्डार पाटन' तथा 'भण्डारकर प्राच्यशोध संस्थान, पूना' से प्राप्त करके डॉ० ए० ठाकुर तथा वी० राघवन् ने इस नाटक को १९३४ ई० में मिथिला इंस्टीट्यूट दरभङ्गा से प्रकाशित किया है।

महामहिम पी० वी० काणे का मत है कि जयन्त ने धर्मशास्त्र पर कई पुस्तकें लिखीं, जो काल के कराल गाल में समा गयीं।[६८]

जयन्त भट्ट का व्यक्तित्व

जयन्त भट्ट पदवाक्यप्रमाणपारावारीण पण्डित हैं। वैदिक अवैदिक सभी दर्शनों में इनकी गति अप्रतिहत है। ये जैसे उच्चकोटि के शास्त्रार्थ कुशल वक्ता हैं, उसी प्रकार से उच्चकोटि के मधुर वाक् रससिद्ध कवि भी।[६९] ये अपनी यशः प्रभा से समस्त दिङ्मण्डल को उद्भासित करने वाले महापण्डित चन्द्र के पुत्र थे। विद्वज्जन "नववृत्तिकार" कह कर इनकी प्रशंसा करते थे। शास्त्रार्थ सभाओं में सदैव विजय पाकर इन्होंने अपने जयन्त नाम के शब्द को अर्थ दिया।[७०] बौद्धों से वैचारिक लड़ाई लड़ने वाले प्राच्य नैयायिकों में ब्राह्मण तार्किक जयन्त का प्रमुख स्थान है। जयन्त धर्म-सहिष्णु थे और यह मानते थे कि धार्मिक अन्तर्द्वन्द्व विशेष महत्त्व का नहीं है क्योंकि सभी धर्मों का लक्ष्य एक ही है और वह है, मोक्ष। बौद्ध दर्शन का गहन अध्येता होने के कारण, वह धर्मनीति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं और जहाँ

---

६५. सरसाः सदलङ्काराः प्रसादमधुराः गिरः।
कान्तास्तातजयन्तस्य जयन्ति जगतां गुरोः॥ का० क० सा० १।२।

६६ वी० राघवन्, आगमडम्बर, भूमिका पृ० ८।

६७ नदिदमलौकिकमशास्त्रीयमप्रयुक्तपूर्वं कथं प्रयुञ्ज्महे ? आगमडम्बर पृ० ३।

६८. पी० वी० काणे, हिस्ट्री ऑफ धर्मशास्त्र, भाग १ (पूना १९३०) ६९८ बी०।

६९. द्रष्टव्य—पादटिप्पणी संख्या ४ और ५।

७०. न्या० म० का अन्तिम श्लोक।

वे बौद्ध लेखकों से वैचारिक साम्य रखते हैं, वहाँ इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हैं। एस० मुखर्जी ने जयन्त की शान्तरक्षित से केवल इस बात पर तुलना की है कि दोनों ही विद्वान् सहनशील थे और अपने काल की समस्त साहित्यिक विधाओं का विश्व-जनीन ज्ञान रखने थे।[७१] जैसा कि जयन्त की वन्दनाओं से स्पष्ट होता है, वह शैव धर्मोपासक थे, तथा भासर्वज्ञ और अन्य शैव दार्शनिकों की तरह शिव के रूप में देवत्व सर्वज्ञत्व आदि की कल्पना करते हैं।[७२] जयन्त ने शिव में आत्मा के ९ विशेष गुणों में से तीन के स्थान पर पाँच विशेष गुण माना है। ज्ञान, इच्छा और कृति के अतिरिक्त उन्होंने शिव में धर्म और सुख नाम के दो अतिरिक्त गुण माने हैं। फिर भी जयन्त वेदों पर विश्वास रखते हैं और बौद्धों पर वेद-निन्दक होने का आक्षेप करते हैं। वे न्यायशास्त्र का समर्थन सदा वेद से करते हैं।[७३]

जयन्त ने भारतीय तर्क के छः सम्प्रदायों--न्याय, सांख्य, बौद्ध, जैन, चार्वाक और वैशेषिक का परिचय दिया है। यद्यपि 'न्याय-मञ्जरी', 'न्याय-कलिका' और 'आगमडम्बर' उनके ये ही तीन ग्रंथ आज उपलब्ध हैं, परन्तु इन ग्रंथों में जयन्त ने जिस सार्वभौमिक विद्वत्ता का परिचय दिया है, उससे उनका कृतित्व ज्ञान का कोश और विश्वासास्पद बन गया है। इसके लिये उन्होंने विद्या के विविध-प्रस्थानों का साङ्गोपाङ्ग अध्ययन किया। बौद्ध-न्याय के सिद्धान्तों एवं साहित्य का उन्होंने विधिवत् अध्ययन किया था। यद्यपि चार्वाकों के संकुचित विचारों के प्रति उनका बहुत ही शिथिल आक्षेप है, फिर भी चार्वाक तत्त्वमीमांसा को समझने में जयन्त ने कोई भूल नहीं की। उन्होंने मीमांसा-दर्शन के भट्ट एवं प्राभाकर मतों का विधिवत् अध्ययन किया था और दोनों की गवेषणाओं के सूक्ष्म अन्तर को समझा था। व्याकरण के क्षेत्र में उन्होंने 'महाभाष्य' और 'वाक्यपदीय' जैसे प्रौढ ग्रंथों तक का अच्छा अध्ययन किया था। नैयायिकों ने प्रायः वैदिक धर्मग्रंथों, विशेषतः अथर्ववेद को उपेक्षित रखा है, जब कि जयन्त एक उद्भट वैदिक विद्वान् थे। उनका वेद-सम्बन्धी अध्ययन इतना विस्तृत था कि उन्होंने वैदिक पाठ्यग्रंथों के सन्दर्भ में मीमांसकों के निष्कर्षों का पुनर्मूल्याङ्कन किया है। यह कहना अत्युक्ति न होगी कि जयन्त को न्याय के हर महत्व-हीन या महत्त्वपूर्ण विस्तार का ज्ञान था। दूसरे शब्दों में जयन्त एक घूमता पुस्तकालय है। हम यह जानते हैं कि जयन्त ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'न्याय-मञ्जरी' का प्रणयन उस

---

७१. एस० मुखर्जी, बी० २४७७।

७२. न्याय-मञ्जरी पृ० २००, पंक्ति ११-२५।

७३. न्यायविस्तरस्तु मूलस्तम्भभूतः सर्वविद्यानां वेदप्रामाणयहेतुत्वात्। न्या० म० पृ० ३।

समय किया, जब वे निःशब्द जेल में बन्द थे,[७४] उनका सम्बन्ध पुस्तकों, साहित्य और समाज—सबसे टूट चुका था। उनके पास सूचना या परामर्श के लिये जेल में कोई सहायक सामग्री न थी। ऐसी स्थिति में ग्रंथ प्रणयन हेतु उन्हें केवल अपनी स्मृति और विद्वत्ता पर ही आश्रित रहना पड़ा। जयन्त के महत्त्व के सम्बन्ध में यह इतना शक्तिशाली और दृढ़ प्रमाण है जो भारतीय इतिहास में कभी ही कहीं देखने को मिला हो। हम 'न्याय-मञ्जरी' के साथ अन्याय करेंगे, यदि हम इसे केवल एक व्याख्या मात्र मानकर चुप हो जाते हैं। यह तो तर्क, अध्यात्म, नीति और धर्मशास्त्र का विश्वकोष है। यदि भारतीय-दर्शन का इतिहासवेत्ता 'न्याय-मञ्जरी' से अपरिचित रह जाता है तो उसका ज्ञान सदा के लिये अधूरा रह जाता है।

जयन्त एक प्रौढ़ नैयायिक थे। जयन्त से पहले सदियों तक बौद्धों ने न्याय-दर्शन का इतना मजाक उड़ाया कि उनके आक्षेपों का उत्तर देना कठिन हो चुका था। लगभग २०० वर्षों तक न्याय-सम्प्रदाय में कोई भी महत्वपूर्ण विद्वान न हुआ जो बौद्धों के आक्षेपों का उत्तर दे सके। जयन्त और वाचस्पति मिश्र ने इस चिर-प्रतीक्षित कार्य को पूरा किया। परन्तु वाचस्पति भी समर्पित नैयायिक न थे; उन्होंने अपने ही तर्कों एवं गवेषणाओं का विरोध स्वयं ही अन्य दर्शनों पर टीकायें लिखते समय किया है। इसलिये पूर्ण स्वर से बौद्धों के विरुद्ध आवाज उठाने वाले जयन्त ही प्रथम नैयायिक हैं। नैयायिकों के पूर्व मीमांसकों ने नैयायिकों के प्रतिष्ठित स्थान को प्राप्त करने के उद्देश्य से बौद्धों के आक्षेपों का उत्तर दिया था। इसलिये जयन्त ने साथ-साथ मीमांसकों द्वारा प्रस्तुत पक्षों का भी खण्डन करके सर्वत्र न्याय की धाक स्थापित कर दी। बौद्धों के दिङ्नाग सम्प्रदाय और न्याय वैशेषिक के मध्य चलने वाले वैचारिक संघर्ष में जयन्त के योगदान को जानकर ही हम न्याय दर्शन के इतिहास में जयन्त भट्ट के योगदान को समझ सकते हैं।

जयन्त की शैली रोचक एवं भाषा शक्तिशाली है। उनका शब्द-चयन उदार है। कलात्मक अभिव्यक्ति की वेदी पर वे विषय की परिशुद्धता एवं यथार्थ की बलि नहीं देते। उनका विश्लेषण अति सूक्ष्म है। वे अपने आपको तर्क-प्रहारों में व्यस्त नहीं होने देते। उनका ध्यान हमेशा विषय पर केन्द्रित रहता है। उनका ज्ञानक्षेत्र अत्यन्त विस्तृत और निष्पक्ष है। वे अपने विरोधियों के तर्कों की भी सराहना करते हैं, यदि वे उचित और उच्चस्तरीय होते हैं। वह अपने विरोधियों द्वारा प्रस्तुत किसी भी तथ्य की निन्दा नहीं करते। विषय-प्रतिपादन एवं वैचारिक संघर्ष के सन्दर्भ में वे अपने विरोधियों में से किसी को भी छोड़ते नहीं, चाहे वह कितने ही कम महत्त्व का क्यों न हो। वे एक स्पष्टवक्ता हैं और अपनी स्पष्टवक्तृता में कहीं भी संकोच का अनुभव नहीं करते। वे निर्भय होकर यह घोषणा करते हैं कि, प्रभाकर ने अपने

---

७४. राज्ञा तु गह्वरेऽस्मिन्नशब्दकेबन्धनेविनिहितोऽहम्।
ग्रन्थरचनाविनोदादिह हि मया वासरा गमिताः।। न्या० म० पृ० ३९४।

कृतित्व का अमुक-अमुक अंश बौद्धों से बिना उनकी स्वीकृति के चुराया है।[७५] यद्यपि जयन्त शब्द चयन के प्रति अत्यन्त सावधान थे, परन्तु फिर भी पूर्व लेखकों की लेखन शैली से प्रभावित होकर कभी-कभी वे मर्यादा का अतिक्रमण भी कर बैठते हैं और अपने कट्टर विरोधियों के लिये अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग करते हैं।[७६] यद्यपि यह परम्परा परपक्ष खण्डन के सन्दर्भ में सभी लेखकों, यहाँ तक कि शङ्कराचार्य तक में पायी जाती है। आकर्षक स्थानों के प्रति उनका आत्म-संयम प्रशंसा के योग्य है। वे अक्सर विरोधियों के तर्कों का मजाक उड़ाते हैं और उनके विरुद्ध व्यङ्ग्यात्मक शैली का प्रयोग करते हैं।[७७] यद्यपि बौद्धों के कटु आक्षेपों एवं तीखी भाषा ने जयन्त को पवित्र मार्ग का अतिक्रमण करने को प्रेरित किया होगा, फिर भी जयन्त ने अपने आप पर नियन्त्रण रखा और अपनी भाषा, अपने तर्क तथा परिवेश को विनय और शिष्टता से आच्छादित रखा।

जयन्त की ये समस्त विशेषतायें उनके प्रभावी व्यक्तित्व का संकेत करती हैं। उनके व्यक्तित्व एवं प्रतिभा से प्रभावित होकर राजा ने उन्हें अपना मन्त्री बनाया था।[७८] धैर्य और साहस उनमें इतना था, कि वे अपनी विपत्ति का भी मजाक उड़ा सकते थे। क़ैद जैसी कठोर विपत्ति के काल में भी उन्होंने 'न्याय दर्शन' के कीर्ति-स्तम्भ सदृश 'न्याय-मञ्जरी' की रचना की। वस्तुतः न्यायदर्शन, तर्क, अध्यात्म, नीति और धर्मशास्त्र के लिये जयन्त भट्ट का योगदान चिरस्थायी एवं चिरस्मरणीय है। उनका कृतित्व भाषा-सौष्ठव, अर्थगाम्भीर्य, विषयचातुरस्र्य और प्रतिपादन-दाक्ष्य इन सभी दृष्टियों से महनीय, अनुशीलनीय तथा अभ्यसनीय है। इन विशेषताओं ने भारतीय दर्शन के इतिहास में जयन्त-भट्ट का स्थान अग्रपंक्ति में सुरक्षित कर दिया है।

---

७५. जा० व० भट्टाचार्य, न्या० म० (अंग्रेजी अनुवाद) भूमिका पृ० ३१।

७६. ये त्वीश्वरं निरपवाददृढप्रमाण-
सिद्धस्वरूपमपि नाभ्युपयन्ति मूढाः।
पापाय तैः सह कथापि वितन्यमाना
जायेत नूनमिति युक्तमतो विरन्तुम्॥ न्या० म० पृ० २०४।

७७. मीमांसकाः यशः पिबन्तु, पयो वा पिबन्तु बुद्धिजाड्यापनयनाय ब्राह्मी-घृतं वा पिबन्तु, वेदस्तु पुरुषप्रणीत एव नात्र भ्रान्तिः। न्या० म० पृ० २३६।

७८. मन्त्री शास्त्रमहाटवीविहरणाश्रान्तो जयन्तोऽप्यसौ। आगमडम्बर ३।८, पृ० ५४।

चतुर्थ महापुराण की समस्या

डॉ॰ रमाशंकर त्रिपाठी

वाराणसी

The *purāṇas* are the only source of knowing our long old tradition. The evidence, these provide, cannot be overlooked. Our tradition lists *Śivapurāṇa* as the fourth *mahāpurāṇa* (also known as *Vāyavīya*), which may be easily accepted, as this is the view of the majority of the *purāṇas*.

'पुराण' भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के मेरुदण्ड हैं, कुल-पर्वत हैं। भारतीय इतिहास की सच्ची जानकारी पुराणों की सहायता के बिना दुर्लभ है। पुराणों की सत्ता उतनी ही प्राचीन है जितनी की भारतीय संस्कृति की।

यद्यपि पौराणिक साहित्य अत्यधिक प्राचीन है, किन्तु उनका वर्तमान स्वरूप पूर्णरूप से न तो अत्यन्त पुरातन है और न एक काल तथा एक कर्त्ता की ही कृति है। समयानुसार पुराणों में परिवर्तन एवं परिवर्धन बराबर होता चला आया है। 'पुराण' सामयिक परिवर्तनों को आत्मसात् करने से विमुख नहीं होता। कुमारिका खण्ड (४०।१९८) का स्पष्ट कथन है कि इतिहास और पुराण लोक में घटित महत्त्वपूर्ण वृत्तान्तों के कारण परिवर्तित होते हैं। **''इतिहासपुराणानि भिद्यन्ते लोकगौरवात्''।** महर्षि वात्स्यायन अपने न्याय-भाष्य (४।१।६१) में लोक वृत्तान्त को ही इतिहास तथा पुराण का विषय स्वीकार करते हैं। **''लोकवृत्तमितिहासपुराणस्य विषयः''।**

आचार्य यास्क के निरुक्त (३।१९) के अनुसार 'पुराण' की व्युत्पत्ति है— 'पुरा नवं भवति'' (अर्थात् जो प्राचीन होकर भी नवीन होता है)। नवीन इस अर्थ में कि 'पुराण' में समय की गति के अनुसार नवीन बातों का भी समावेश होता चलता था। वह अत्यन्त पुरातन-काल से अपने समय तक का सारा इतिहास अपने भीतर सँजोये रहता था। वह एक लम्बी अवधि का विश्वकोष होता था।

महावैयाकरण पाणिनि के अनुसार 'पुराण' शब्द की निष्पत्ति 'पुरा भवम्' (प्राचीन समय में होने वाला) इस अर्थ में **'सायं चिरं प्राह्णे प्रगेऽव्ययेभ्यष्ट्युट्युलौ तुट् च'** (पाणिनि सूत्र ४.३।२३) इस सूत्र से 'पुरा' शब्द से 'ट्यु' प्रत्यय करने एवं 'तुट्'

के आगम होने पर 'पुरातन' शब्द बनता है। किन्तु स्वयं महर्षि पाणिनि ने ही अपने दो सूत्रों 'पूर्वकालैकसर्वजरत्पुराणनवकेवलाः समानाधिकरणेन' (२।१।४९) तथा 'पुराणप्रोक्तेषु ब्राह्मणकल्पेषु (४।३।१०५) में 'पुराण' शब्द का प्रयोग किया है जिससे तुट् के आगम का अभाव निपातनात् सिद्ध होता है। इस प्रकार महर्षि पाणिनि के अनुसार 'पुरा' शब्द से 'ट्यु' प्रत्यय अवश्य होता है किन्तु 'तुट्' का आगम जो नियम प्राप्त है, नहीं होता। पाणिनि व्याकरण की इस व्युत्पत्ति से पुराण साहित्य की ऐतिहासिकता सूचित होती है। 'पुराण' इस देश के इतिहास समझे जाते थे।

इसके अतिरिक्त स्वयं पुराणों में भी 'पुराण' की व्युत्पत्ति की गई है। वायुपुराण[1] के अनुसार पुराण की व्युत्पत्ति है "पुरा अनति" अर्थात् प्राचीन समय में जो जीवित था। पद्मपुराण[2] में इसकी व्युत्पत्ति कुछ भिन्न है—'पुरा परम्परां वष्टि कामयते' अर्थात् जो परम्परा की कामना करता है, वह 'पुराण' कहा जाता है। इन सबसे भिन्न और अधिक तर्क-सम्मत व्युत्पत्ति ब्रह्माण्डपुराण उपस्थित करता है—'पुरा एतत् अभूत्' अर्थात् 'प्राचीन काल में ऐसा हुआ था[3]"।

इन सभी व्युत्पत्तियों से यह बात पूर्ण स्पष्ट हो जाती है कि 'पुराण' का प्रतिपाद्य विषय अतीत काल की घटनाएँ एवं बातें थीं। यही कारण है कि पुराण का नामोल्लेख प्राचीन बातों का वर्णन करनेवाले इतिहास के साथ-साथ हुआ करता था।[4] 'पुराण' पौराणिक कल्पित बातों के साथ ही अतीत की सच्ची घटनाओं के प्रस्तावक भी समझे जाते थे।

शिवपुराण के अनुसार महापुराणों की संख्या अष्टादश है।[5] इनके नाम इस प्रकार हैं—

(१) ब्रह्म, (२) पद्म, (३) विष्णु, (४) शिव, (५) भागवत, (६) भविष्य, (७) नारद, (८) मार्कण्डेय, (९) अग्नि, (१०) ब्रह्मवैवर्त, (११) लिंग, (१२) वाराह, (१३) स्कन्द, (१४) वामन, (१५) कूर्म, (१६) मत्स्य, (१७) गरुड, (१८) ब्रह्माण्ड।[6]

---

१. यस्मात् पुराह्यनतीदं पुराणं तेन तत् स्मृतम्।
निरुक्तमस्य यो वेद सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ वायु० १।२०३ ॥

२. पुरा परम्परां वष्टि पुराणं तेन तत् स्मृतम् ॥ पद्म० ५।२।५३ ॥

३. यस्मात् पुराह्यभूच्चैतत् पुराणं तेन तत् स्मृतम् ॥ ब्रह्माण्ड।१।१।१७३।

४. छान्दोग्य० ७।१।२।

५. शिवपुराण ७।१।४२।

६. शिव० ७।१।१।४३-४५ तथा ५।४४।११९-१२२।

अधिकांश महापुराणों में पुराणों की यही नामावली दी गई है ।[७] किन्तु कुछ महापुराणों में शिवमहापुराण के स्थान पर 'चतुर्थ महापुराण' में वायुपुराण का नामोल्लेख मिलता है ।[८] ऐसी अवस्था में किस महापुराण को 'चतुर्थ महापुराण' के रूप में गिना जाय, यह आशंका उठनी स्वाभाविक है ।

ऐसी परिस्थिति में पुराणों के बहुमत, पुराणों के व्याख्याकार एवं परम्परा के आधार पर ही निर्णय करना सम्भव एवं न्यायसंगत प्रतीत होता है । जैसा कि पहले निर्देश किया गया है, दो-तीन पुराणों को छोड़कर स्पष्ट ही अधिकांश महापुराण 'चतुर्थ महापुराण' के रूप में शिव महापुराण की गणना करते हैं । पुराणों के इस बहुमत को कथमपि भ्रामक नहीं सिद्ध किया जा सकता है । 'पुराण' अतीत की एक लम्बी परम्परा का प्रतिनिधित्व करते हैं । उनकी सम्मति सुदीर्घ परम्परा की अभिव्यंजिका है । अतः उनका बहुमत प्रामाणिक एवं आदरणीय है । भागवत के प्रसिद्ध टीकाकार श्रीधर स्वामी भागवत की टीका (१।१।४) में (तथा च वायवीये) कहकर ये साढ़े तीन श्लोक उद्धृत करते हैं—

एतन्मनोमयं चक्रं मया सृष्टं विसृज्यते ।
यत्रास्य शीर्यते नेमिः स देशस्तपसः शुभः ।।
इत्युक्त्वा सूर्यसंकाशं चक्रं सृष्ट्वा मनोमयम् ।
प्रणिपत्य महादेवं विससर्ज पितामहः ।।
तेऽपि हृष्टतमा विप्रा प्रणम्य जगतां प्रभुम् ।
प्रययुस्तस्य चक्रस्य यत्र नेमिर्व्यशीर्यत ।।
तद्वनं तेन विख्यातं नैमिशं मुनिपूजितम् ।

ये श्लोक शिवमहापुराण की पूर्व वायवीय संहिता के तृतीय अध्याय में उपलब्ध हैं ।[९] वायुपुराण में ये प्राप्त नहीं होते । इनमें केवल प्रथम श्लोक का भाव वायुपुराण में इस प्रकार प्राप्त होता है—

भ्रमतो धर्मचक्रस्य यत्रनेमिरशीर्यत ।
कर्मणा तेन विख्यातं नैमिषं मुनिपूजितम् ।।२-७।।

इससे अधिक वहाँ कुछ भी इस विषय में उपलब्ध नहीं होता है । वायुपुराण में उस प्रसंग का निर्देश भर किया गया है, जिसका विस्तार शिवमहापुराण में उपलब्ध

---

७. देखिये—विष्णु० ३।६।२०-२४ तथा भागवत १२।१३।३-८ ।
पद्म० उत्तर खण्ड, २६३।८१-८४ आदि ।
८. देखिये—देवीभाग० १।३। मत्स्य० ५३ अ० ।
९. शिव० ७।१।३।५३

होता है। वायुपुराण की सरणि से प्रतीत होता है कि वह अति प्रसिद्ध कथानक का निर्देश कर रहा है। इससे यह बात पूर्ण प्रमाणित हो जाती है कि श्रीधर स्वामी जैसे प्रकाण्ड पौराणिक भी वायवीय शब्द से वायुसंहिताओं से समलंकृत 'शिव महापुराण' का ही अर्थ समझते एवं संकेतित करते थे। श्रीधर स्वामी का समय १२वीं या १३वीं सदी माना जाता है।

पुराण शृंखला में महनीय स्थान प्राप्त करने वाले विष्णु पुराण में भगवान् शंकर की उत्पत्ति के वर्णन प्रसंग में एक श्लोक आता है।[१०] उसकी व्याख्या में आचार्य श्रीधर ने "इति वायूक्तेः ऐसा कहकर एक श्लोक उद्धृत किया है।[११] यह श्लोक वायुपुराण में नहीं मिलता। शिव पुराण इससे अलंकृत देखा जा सकता है।

सौंदर्यलहरी की लक्ष्मीधरा टीका में एक पंचाशत् तत्त्वों का वर्णन करते हुये कहा गया है कि ये एक पंचाशत् तत्त्व वायवीय संहितादि सभी शैव पुराणों में उल्लिखित हैं।[१२] इससे यह प्रतीत होता है कि वायवीय संहिता को भी कभी-कभी शिवपुराण के रूप में उल्लिखित किया जाता था। यही कारण है कि 'इति वायवीये' कहकर जिस ग्रंथ का निर्देश किया जाता था वह अधिकांश स्थलों में वायुपुराण का बोधक न होकर शिवमहापुराणस्थ वायवीय संहिता का ही बोधक होता था।

पुराणों के अनुसार वायवीय पुराण की श्लोक संख्या चतुर्विंशति सहस्र होनी चाहिये।[१३] यह लक्षण शिवमहापुराण में पूर्ण रूप से चरितार्थ होता है, यतः इसकी श्लोक संख्या चतुर्विंशति सहस्र ही है।[१४] वायुपुराण इस लक्ष्य से पूर्ण विसंगत है, क्योंकि इसमें श्लोकों की संख्या केवल द्वादश सहस्र ही निर्दिष्ट की गई है।[१५] आज तो इसकी संख्या इससे भी कम उपलब्ध होती है।

इस प्रकार यह सप्रमाण कहा जा सकता है कि वायुपुराण को 'चतुर्थ महापुराण' मानने वाले स्वयं नारद पुराण तथा मत्स्य पुराण के द्वारा सूचित श्लोक संख्या रूपी

---

१०. रुदन् वै सुस्वरं सोऽथ द्रवंश्च द्विजसत्तम। वि० १।८।३

११. रुदन् द्रवंश्च प्रादुरासीदिति रुद्रनामनिरुक्तिः।
एवमुक्तास्तु रुरुदुर्दुद्रुवुश्च समन्ततः।
रोदनाद्द्रवणाच्चैव रुद्रनाम्नेति विश्रुताः॥ इतिवायूक्तेः॥

१२. देखिये--सौंदर्यलहरी प्रथम भाग, श्लोक ११ पर लक्ष्मीधरा टीका।

१३. मत्स्य० ५३।१८ तथा बृहन्नारदीय ४ पा० ९२ अ०।

१४. शिव० १।२।५६ तथा वही ७।१।१।५८।

१५ वायु० ३२।६६।

निकष पर वायुपुराण एकदम दो-टूक हो जाता है जबकि शिवपुराण उस पर खरा उतरता है।

उपर्युक्त इन तथ्यों के अतिरिक्त एक प्रबलतम तथ्य है, जो शिवपुराण को 'महापुराण' सिद्ध करने में रामबाण है। भगवान् शिव त्रिदेवों—ब्रह्मा, विष्णु, महेश—में अन्यतम हैं। लोक-प्रसिद्धि की दृष्टि से अथवा साहित्य के आलम्बन की दृष्टि से शिव की महिमा विष्णु से कम नहीं थी और न आज भी कम है। पौराणिक युग में शिव की महिमा की प्रबलता का प्रबल प्रमाण है—अधिकांश पुराणों में उनके महत्त्व का प्राधान्येन निरूपण। अठारह पुराणों में दशपुराण शिवपरक कहे गये हैं—

"अष्टादशपुराणेषु दशभिर्गीयते शिवः" (स्कन्द, केदारखण्ड १)। ऐसी अवस्था में जबकि 'ब्रह्मा' के नाम से ब्रह्ममहापुराण तथा 'विष्णु' के नाम से विष्णु महापुराण का निर्माण हुआ तो शिव के इस नाम से शिवमहापुराण का न होना विश्व का अभूतपूर्व आश्चर्य माना जायगा। अतः यह स्वीकार करना पड़ेगा कि शिव के महत्त्व को देखते हुये उनके नाम से निर्मित शिवपुराण ही महापुराण है न कि वायुपुराण।

उक्त साक्ष्यों से यह बात पूर्ण स्पष्ट हो जाती है कि शिवपुराण ही 'चतुर्थ महापुराण' होने का अधिकारी है और यही पुराण 'वायवीय' के भी नाम से जाना जाता था। इसके वायवीय कहे जाने का मुख्य कारण यही है कि इसमें वायवीय संहिता का वर्ण्य विषय की दृष्टि से अधिक महत्त्व है। उद्धृत करने योग्य दार्शनिक तथा धार्मिक बातें इसी संहिता में प्राधान्येन वर्णित हैं। "प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति" इस नीति के अनुसार वायवीय इस नाम से शिवमहापुराण एवं उसकी 'वायवीय संहिता' ही जानी जाती थी।

जैन पुराणों का उद्भव और विकास

डॉ० देवी प्रसाद मिश्र

इलाहाबाद

The Jain *ācārya* wrote *purāṇas* on the pattern of traditional *purāṇas*, and sometimes even adopted their titles, to propagate the principles of Jainism in the masses. They took the well-known plots and characters of *Rāmāyaṇa* and *Mahābhārata* and knitted them in the networks suiting their own purposes. The Jain *purāṇas* are the encyclopaedic works of their period.

प्राचीन भारतीय इतिहास में 'पुराणों' का बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। 'पुराण' शब्द का उल्लेख सबसे पहले वैदिक ग्रन्थों में मिलता है[1], जहाँ इसका तात्पर्य मात्र आख्यान से है। प्राथमिक पुराण संरचना का सूत्रपात इन आख्यानों के समावेश के साथ हुआ था। पारम्परिक पुराणों का विकास आख्यान, उपाख्यान, इतिवृत्त, कल्प, गाथा से हुआ है। चूंकि वैदिक वाङ्मय सभी के लिए सुगम नहीं था, अतः इनका उद्देश्य वेद-वाणी को आख्यान के माध्यम से जनसामान्य में प्रचारित करने एवं उच्च कोटि के धर्ममूलक और दर्शनमूलक तत्त्वों को सरल एवं सुग्राह्य शैली में उतारना था।

जैनाचार्यों ने 'जैन पुराण' का उद्भव प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव से बताया है। जैन पुराणों में 'पुराण' के दो भेद वर्णित हैं—'पुराण' तथा 'महापुराण'। जिसमें एक शलाकापुरुष का चरित्र वर्णित हो उसे 'पुराण' कहते हैं और जिसमें एक से अधिक या तिरसठ शलाकापुरुषों का चरित्र वर्णित हो उसे 'महापुराण' कहते हैं।[2] वस्तुतः पारम्परिक पुराण एक रचयिता की रचना न होकर संकलित ग्रंथ हैं। इसलिये उनका समय एवं ऐतिहासिकता विवाद रहित नहीं है। इसके विपरीत जैन

---

१. ऋग्वेद ३।५।४९, ३।५।८६, १०।१३०।६, ९।८८।४, अथर्ववेद ११।७।२७, ११।८।७, गोपथ ब्राह्मण १।२।१०, १।१।१०।

२. महा०, १, २२।२३, पाण्डव० पृ० ९।

पुराण के रचयिता ऐतिहासिक पुरुष हैं। इसलिये जैन पुराणों का समय निश्चित होने से, उनकी ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्ता है।

जैन पुराणों के उद्भव से संबंधित प्राचीम साक्ष्य स्नानांगसूत्र में मिलता है, जिसमें तीर्थंकर आदि के जीवन के कुछ तथ्यों का संग्रह मिलता है। इसके आधार पर श्वेताम्बर आचार्य हेमचन्द्र आदि ने 'त्रिषष्टिशलाकापुरुष चरित्र' आदि की रचनायें कीं। दिगम्बर परम्परा में तीर्थंकर आदि के चरित्र के तथ्यों का प्राचीन संकलन हमें प्राकृत भाषा के **'तिलोयपण्णत्ति'** ग्रंथ तथा स्वामी समन्तभद्र कृत **'स्वयंभूस्तोत्र'** में मिलता है। चौबीस तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ नारायण, ९ प्रतिनारायण, ९ बलभद्र तथा ११ रुद्रों के जीवन के प्रमुख तथ्य भी इसी में संगृहीत हैं। इन्हीं के आधार पर विभिन्न पुराणकारों ने अपनी लेखनी के बल पर छोटे-बड़े अनेक पुराणों की रचना की है।

जैन पुराणों के उद्भव में तत्कालीन राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परिस्थितियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इन पुराणों का समय गुप्तोत्तर काल था। उस समय देश संक्रमण-काल से गुजर रहा था। सार्वभौमिक सत्ता का अभाव था। जैनधर्म देश के विभिन्न भागों में फैला हुआ था। बहुत से राजा जैन मतावलम्बी थे, जिससे जैन धर्म को राजकीय संरक्षण भी प्राप्त था।

तत्कालीन भारतीय समाज जाति प्रथा से जकड़ता जा रहा था और धार्मिक रीतिरिवाज़ के बन्धन दृढ़ होते जा रहे थे। समाज अनेक जातियों एवं उपजातियों में विभाजित होने लगा था। समाज के शिक्षित एवं अशिक्षित सभी लोग तंत्र-मंत्र, टोना-टोटका, मुहूर्त आदि अंधविश्वासों से ग्रसित थे। सामाजिक वैमनस्य एवं भेद-भाव का अन्तराल विशाल होता जा रहा था।

गुप्त युग को संस्कृत साहित्य का 'स्वर्ण-युग' कहा जाता है। इस समय रामायण, महाभारत, पुराण तथा धर्मशास्त्रों को अन्तिम रूप दिया जा रहा था। कालिदास, भारवि, माघ, भवभूति, बाण आदि रीतिबद्ध शैली से संस्कृत साहित्य को समृद्ध कर रहे थे।

गुप्त युग ब्राह्मण धर्म का पुनर्जागरण काल था। ब्राह्मण धर्म में नाना अवतारों की अवधारणा, उनकी पूजा तथा भक्ति की प्रधानता हो गयी थी। इस समय वेदों के स्थान पर पुराणों का महत्त्व बढ़ गया था। रामायण एवं महाभारत लोकप्रिय हो गये थे। पारम्परिक पुराणों को अन्तिम रूप दिया जा रहा था। विभिन्न धर्मों में परस्पर आदान-प्रदान और सम्मिश्रण अधिक बढ़ रहा था। जैनों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव तथा बौद्धों के भगवान बुद्ध को पारम्परिक ब्राह्मण धर्म

के अवतारों में सम्मिलित कर लिया गया था। धार्मिक विश्वासों में परिवर्तन हो रहा था।

उपर्युक्त तत्कालीन परिस्थितियों के अतिरिक्त यह भी उल्लेखनीय है कि पारम्परिक पुराण जैन एवं बौद्ध धर्म को अनुत्साहित कर रहे थे। पारम्परिक पुराणों में बुद्ध को अवतार मानने तथा बौद्ध धर्म का समादर करने की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती है। मायामोह-आख्यान के माध्यम से बौद्ध धर्म को पौराणिक धर्म के अंगीभूत करने की चेष्टा की गई है।[३]

पारम्परिक विष्णु पुराण में वर्णित है कि कंक, कोंकण, वेंकट, कूठक, दक्षिणी कर्नाटक प्रायद्वीप के पश्चिमी भाग में ऋषभ के अनुयायी नग्न 'अरहत' रहते हैं। ये लोग कलियुग में व्यवस्था को ध्वस्त कर ब्राह्मण धर्म के कर्मकाण्ड, यज्ञ एवं वेदों का विरोध करेंगे। ये दैत्य 'अरहत' कहे गये हैं। मयूरपिच्छधारी दिगम्बर तथा मुण्डित केश मायामोह नामक एक असुर को दैत्यों के प्रति मधुर वाणी में संशयात्मक वेद विरोधी मतों का उपदेश करते हुए पाया गया है। मायामोह को जैन धर्म का प्रवर्तक बताया गया है।[४] भागवत पुराण के पाँचवें स्कन्ध में प्रथम छः अध्यायों में ऋषभदेव के वंश, जीवन व तपश्चरण का वृत्तान्त वर्णित है, जो मुख्य-मुख्य बातों में जैन पुराणों से मिलता है।[५]

यह समीक्षा का विषय है कि क्या जैन पुराणों का उद्भव पारम्परिक पुराणों द्वारा जैन धर्म एवं बौद्ध धर्मों के अनुत्साहित करने से हुआ? वस्तुतः बौद्धों ने न तो 'पुराण' नामधारी कोई ग्रन्थ लिखा और न ही उसे लोकप्रिय बनाने की चेष्टा की, क्योंकि बौद्धों के क्रिया-कलाप का क्षेत्र भारत के अतिरिक्त बाहरी देश भी थे। इस प्रकार उनकी लोकप्रियता बाहर अधिक बढ़ती गयी। इसके विपरीत जैनों के क्रिया-कलाप का केन्द्र भारत था। जैनधर्म को व्यावहारिक रूप प्रदान करने तथा उसे सर्व-साधारण तक सुप्रचालित करने के लिए जैनाचार्यों ने 'पुराण' नामधारी ग्रन्थों की भी रचना की।

---

३. एस०एन० राय—पौराणिक धर्म एव समाज, इलाहाबाद १९६८, पृष्ठ ३५, ३८५-३८७ हिस्टॉरिकल एण्ड कल्चरल स्टडीज इन द पुराणाज, इलाहाबाद। १९७८, पृ० २४५-२६१।

४. एच०एच० विलसन—द विष्णुपुराण : ए सिस्टम आव् हिन्दू माइथालोजी एण्ड ट्रेडीशन, कलकत्ता १९६१, पृ० १३३, २७०-२७१।

५. उद्धृत—हीरालाल जैन, भारतीय संस्कृति में जैन धर्म का योगदान, भोपाल १९४२, पृ० ११।

जैनाचार्यों ने तत्कालीन परिस्थितियों का आकलन किया। जैनधर्म मूलतः अहिंसा, तप, त्याग, ज्ञान, एवं वैराग्य प्रधान था। परन्तु युग की माँग के अनुरूप जैन विद्वानों ने न केवल संस्कृत में अपितु प्राकृत एवं अपभ्रंश में भी अनेक प्रकार की रचनायें लिखीं। जैनों की साहित्य-साधना सर्वप्रथम लोकरुचि की ओर थी। इसी लिए उन्होंने सामान्य जनों के योग्य प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश के अतिरिक्त अनेक प्रान्तीय भाषाओं तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड, गुजराती, राजस्थानी, मराठी, हिन्दी आदि में भी प्रचुर मात्रा में ग्रन्थ-प्रणयन किया। पारम्परिक ब्राह्मण धर्म की लोकप्रियता, प्रभाव एवं जैन धर्म की उपेक्षा के कारण जैन मुनियों का ध्यान शास्त्रों, मन्दिरों एवं मूर्तियों के संरक्षण में होने लगा। वे अब इन कार्यों के लिये दान भी लेने लगे। जिन आगम सूत्रों का अध्ययन मात्र जैन साधुओं तक ही नियत था, देश-काल के परिवर्तन तथा गृहस्थ श्रावकों के प्रभाव से उनकी रुचि का ध्यान रखकर आगमिक प्रकरण और औपदेशिक प्रकरणों के साथ पौराणिक महाकाव्यों, बहुविध कथा साहित्य, स्तोत्रों आदि की रचना होने लगी। जैनाचार्यों ने लौकिक धर्म को भी अपने धर्म में आत्मसात कर लिया।

तत्कालीन भारतीय समाज में रामायण तथा महाभारत के पात्र—राम, लक्ष्मण, सीता, रावण और पाण्डव, कौरव, कृष्ण, बलराम आदि समाज में लोकप्रिय एवं पूज्य थे। जैनपुराणों के रचनाकाल में पारम्परिक पुराणों का समाज में बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान था। इसी समय पारम्परिक पुराणों को अन्तिम रूप दिया जा रहा था। जैनाचार्यों ने धर्म को लोकप्रिय बनाने तथा सर्वसाधारण में प्रचलित करने के उद्देश्य से रामायण एवं महाभारत की कथावस्तु तथा पात्रों को लेकर प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश तथा प्रादेशिक भाषाओं में ग्रन्थों की रचना की। जैन विद्वानों ने न केवल रामायण एवं महाभारत की कथाओं एवं पात्रों को जैन पुराणों में निबद्ध किया, अपितु पारम्परिक पुराणों के कतिपय नामों को भी जैन पुराणों का नाम दिया। उदाहरणार्थ पद्मपुराण, महापुराण। उन्होंने अलौकिक तथा अविश्वसनीय घटनाओं के स्थान पर सरल, तर्कसंगत तथा बोधगम्य घटनाओं को अपने पुराणों में स्थान दिया। यह साहित्य सामान्यतया दिगम्बरों में 'पुराण' तथा श्वेताम्बरों में 'चरित्र' या 'चरित' नाम से अभिहित है।

पारम्परिक पुराणों की संख्या १८ है। इनका विस्तार तीन स्तरों में हुआ था। प्रथम स्तर पर (विष्णु पुराण के अनुसार) पुराणों की संख्या चार थी। वायु-पुराण में इनकी संख्या १० बताई गई है, जो दूसरा स्तर था। तीसरे स्तर में १० के स्थान पर १८ संख्या हो गयी है। १८ महापुराण इस प्रकार हैं—(१) ब्रह्म, (२) पद्म, (३) विष्णु, (४) वायु, (५) भागवत, (६) नारदीय, (७) मार्कण्डेय, (८) अग्नि, (९) भविष्य, (१०) ब्रह्मवैवर्त, (११) वराह, (१२ लिंग, (१३) स्कन्द, (१४) वामन, (१५) कूर्म, (१६) गरुड़, (१७) ब्रह्माण्ड, (१८) मत्स्य।

पारम्परिक पुराणों की भाँति जैन पुराणों की संख्या निर्धारित नहीं है। आधार ग्रन्थ तथा विषयवस्तु के आधार पर जैन पुराणों को निम्नांकित चार भागों में विभाजित किया जा सकता है[६] :—

(अ) रामायण विषयक पुराण।

(आ) महाभारत विषयक पुराण।

(इ) त्रिषष्टि शलाकापुरुष विषयक पुराण।

(ई) तिरसठ शलाका पुरुषों के स्वतंत्र पुराण।

रामायण विषयक पुराण

रामायण विषयक सबसे प्राचीन जैनपुराण विमलसूरि का प्राकृत में निबद्ध **'पउम-चरियं'** है। याकोवी ने इसकी तिथि तृतीय ई० मानी है, परन्तु अधिकांश विद्वानों ने इसकी तिथि वि० स० ५३० मानी है। इसमें श्वेताम्बर, दिगम्बर तथा यापनीय—सभी सम्प्रदायों का समावेश पाया जाता है। इसमें पद्म (राम) के जीवन का वर्णन है, जो कि **वाल्मीकि रामायण** से साम्य रखता है।

'पउम चरियं' के आधार पर ६७७ ई० में जैनाचार्य रविषेण ने सर्वप्रथम संस्कृत में **'पद्मपुराण'** लिखा। रामविषयक यह कथा स्वयंभूकृत अपभ्रंश में **'पउम-चरिउ'**, जिनसेनगुणभद्र कृत संस्कृत में **'महापुराण'**, पुष्पदन्त कृत अपभ्रंश में **'महापुराण'** तथा हेमचन्द्र कृत संस्कृत में **'त्रिषष्टिशलाकापुरुष चरित'** में पायी जाती है।

'पद्मपुराण' के तिथि के विषय में **'पद्मपुराण'** में ही वर्णित है कि महावीर के निर्वाण होने के १२०३ वर्ष ६ माह बाद पद्म मुनि का चरित्र निबद्ध किया गया।[७] यदि वीर निर्वाण से ४७० वर्ष बाद वि० सं० माना जाय तो इसकी रचना वि० सं० ७३३ अर्थात् ६७६-६७७ ई० में हुई है।

पद्मपुराण के आधार पर राम विषयक अधोलिखित पुराण लिखे गये हैं जिन्हें पुराण तथा 'चरित' या 'चरित्र' इन दो भागों में विभक्त किया गया है।

---

६. गुलाबचन्द्र चौधरी, जैन साहित्य का बृहद् इतिहास, इलाहाबाद १९७३, पृ० ३३।

७. पद्म० १२३–१८२।

(क) पुराण ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	पद्मपुराण (अपभ्रंश)	कवि रइधू	१५वीं-१६वीं शती
२.	वही (रामदेव पुराण)	जिनदास	१६वीं शती
३.	वही (—)	सोमसेन	सं० १६५६
४.	वही (रामपुराण)	धर्मकीर्ति	सं० १६६९
५.	वही	भट्टारक चन्द्रकीर्ति	१७वीं शती
६.	वही	चन्द्रसागर	—
७.	वही	श्रीचन्द्र	—

(ख) चरित या चरित्र ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	सीताचरित	भुवनतुंगसूरि	—
२.	राम लक्ष्मण चरित्र	वही	—
३.	पद्म महाकाव्य	शुभवर्धन गणि	—
४.	रामचरित्र	पद्मनाथ	—
५.	पद्म पुराण पंजिका	प्रभाचन्द्र या श्रीचन्द्र	—
६.	सीताचरित्र	वही	(अप्रकाशित)
७.	वही	शान्तिसूरि	—
८.	वही	ब्रह्मनेमिदत्त	—
९.	वही	अमरदास	—

महाभारत विषयक पुराण

'महाभारत' की कथा को आधार मानकर जिनसेनाचार्य द्वारा विरचित संस्कृत में 'हरिवंशपुराण' इस प्रकार का सर्वप्रथम पुराण है। ये जिनसेनाचार्य 'आदि-पुराण' के रचयिता जिनसेनाचार्य से पृथक् हैं। 'हरिवंश पुराण' की तिथि शक सं० ७०५ (७८३ ई०) मानी गई है।

'हरिवंश पुराण' के आधार पर 'महाभारत' विषयक पुराण और चरित्र ग्रन्थों की रचना हुई है।

(क) पुराण ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	हरिवंशपुराण (अपभ्रंश)	यशःकीर्ति	१५०७
२.	,, ,,	जयानन्द	—
३.	,, ,,	सकलकीर्ति	वि० सं० १५२०
४.	,, ,, (अपभ्रंश)	श्रुतकीर्ति	१५५२
५.	,, ,, (अपभ्रंश)	कवि रइधू	१५-१६वीं शती
६.	,, ,,	कवि रामचन्द्र	वि०सं० १५६० से पूर्व
७.	,, ,,	श्रीभूषण	वि०सं० १६७५
८.	,, ,,	धर्मकीर्ति	वि०सं० १६७१
९.	,, ,,	जयसागर	—
१०.	,, ,,	जयानन्द	—
११.	,, ,,	मंगरस	—
१२.	,, ,, (अपभ्रंश)	स्वयंभूदेव	—
१३.	,, ,, (वही)	चतुर्मुखदेव	(अनुपलब्ध)
१४.	पाण्डवपुराण (वही)	यशःकीर्ति	१४९७
१५.	,, ,,	कवि रामचन्द्र	वि०सं० १५६० से पूर्व
१६.	,, ,,	शुभचन्द्र	वि०सं० १६०८
१७.	,, ,,	वादिचन्द्र	वि०सं० १६५४
१८.	,, ,,	श्रीभूषण	वि०सं० १६५७
१९.	शान्तिनाथ पुराण	,,	,, ,, (लगभग)

(ख) चरित्र या चरित ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	पाण्डव चरित	देव भद्रसूरि	वि०सं० १२७०
२.	पाण्डव चरित्र	देव विजयगणि	वि०सं० १६६०
३.	,, ,, (हरिवंश पुराण)	शुभवर्धनगणि	—
४.	,, ,, (लघुपाण्डवचरित्र)	अज्ञात	—

त्रिषष्टिशलाकापुरुष विषयक पुराण

तिरसठ शलाकापुरुषो (२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलभद्र, ९ नारायण, ९ प्रतिनारायण) के चरित्र के आधार पर पुराणों की रचना की गई है, जिसमें संस्कृत का 'महापुराण' सर्वप्रथम माना जाता है। 'महापुराण' में दो भाग हैं :—'आदिपुराण' और 'उत्तरपुराण'। जिनसेन द्वारा विरचित 'आदिपुराण' में १ से ४२ अध्याय एवं ४३वें अध्याय का ३ श्लोक है। चौथे श्लोक से ७३ अध्याय तक 'उत्तरपुराण' है, जिसके रचयिता जिनसेन के शिष्य गुणभद्र हैं।

'महापुराण' की तिथि निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है तथापि 'महापुराण' में उपलब्ध तत्कालीन साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकलता है कि 'आदिपुराण' की रचना ९वीं शती के अन्त में और 'उत्तरपुराण' की रचना १०वीं शती के प्रारम्भ में हुई थी।

'महापुराण' के आधार पर त्रिषष्टिशलाकापुरुष विषयक अधोलिखित पुराण एवं चरित्र नामधारी ग्रन्थों की रचना हुई है।

(क) पुराण ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	महापुराण (त्रिषष्टि महापुराण) या (त्रिषष्टिशलाका पुराण)	मुनि मल्लिषेण	शक सं० ९६९
२.	महापुराण	पुष्पदन्त	—
३.	पुराणसार	श्रीचन्द्र	वि० सं० १०८०
४.	,, ,,	अज्ञात	—
५.	,, ,,	सकलकीर्ति	—
६.	पुराण-सार-संग्रह	दामनन्दि	११वीं से १२वीं शती के मध्य
७.	त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित	हेमचन्द्र	वि०सं० १२१६-१२१८
८.	त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र	आशाधर	वि०सं० १२९२
९.	आदिपुराण	सकलकीर्ति	वि०सं० १५२०
१०.	उत्तरपुराण	,,	,,
११.	आदिपुराण (कन्नड)	कवि पंप	—
१२.	कर्णामृत पुराण	केशवसेन तथा चन्द्रप्रभा	१७वीं शती
१३.	आदिपुराण	भट्टारक चन्द्रकीर्ति	,, ,,
१४.	लघुमहापुराण या त्रिषष्टिशलाका महापुराण	चन्द्रमुनि	—

(ख) चरित्र या चरित ग्रन्थ :

क्र० सं०	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	त्रिषष्टिस्मृति शास्त्र	आशाधर	वि०सं० १२९२
२.	राममल्लाभ्युदय	उपाध्याय पद्मसुंदर	—
३.	चमपन्नमहापुरिसचरिय	विमलमति या शीलाचार्य	वि०सं० ९२५
४.	,, ,,	अज्ञात	वि०सं० १२९०
५.	कहावलि	भद्रेश्वरसूरि	वि०सं० १२४८
६.	त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित	हेमचन्द्र	वि०सं० १२२९
७.	,, ,,	विमलसूरि	—
८.	,, ,,	व्रजसेन	—
९.	चतुर्विंशतिजिनेन्द्रसंक्षिप्तचरितानि	अमरचन्द्रसूरि	१२३८ ई०
१०.	महापुरुष चरित	मेरुतुंग	१३०६ ई०
११.	लघुत्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित	मेघ विजय उपाध्याय	१८वीं शती
१२.	लघु त्रिषष्टि	सोमप्रभ	—
१३.	त्रिषष्टिशलाका पंचाशिका	कल्याण विजय के शिष्य	—
१४.	त्रिषष्टिशलाका पुरुष विचार	अज्ञात	—

तिरसठ शलाका पुरुषों के स्वतंत्र पुराण

रामायण, महाभारत, कथाओं तथा तिरसठ शलाका पुरुषों के पौराणिक महापुराणों का महाकाव्यों और उनके संक्षिप्त रूपों के पश्चात् स्वतंत्र रूप से तीर्थंकरों, चक्रवर्तियों, बलदेवों, वासुदेवों आदि के जीवन चरित्र भी बहुत लिखे गये। १०वीं शती से १८वीं शती तक में रचनाएं निर्बाधगति से लिखी जाती रहीं। १२वीं-१३वीं शती में वे रचनाएँ प्रचुर मात्रा में लिखी गयीं। परन्तु आगे की शताब्दियों में भी इनका क्रम चलता रहा। तीर्थंकरों में सबसे अधिक रचनाएँ शान्तिनाथ पर हैं। द्वितीय स्थान पर २२वें नेमिनाथ तथा २३वें पार्श्वनाथ हैं। तृतीय क्रम में आदि जिन वृषभ, अष्टम चन्द्रप्रभ और अन्तिम तीर्थंकर पर चरित्र ग्रंथ लिखे गये। ये रचनाएँ बहुत बड़ी संख्या में हैं जिनका उल्लेख सम्भव नहीं है। उनमें से कतिपय 'पुराण' नामधारी ग्रन्थों का उल्लेख किया जा रहा है।

क्रम-संख्या	ग्रन्थ का नाम	लेखक का नाम	रचनाकाल
१.	वर्धमान पुराण	जिनसेन	तृ० शती (अनुपलब्ध)
२.	शान्तिनाथ पुराण	असमकवि	१०वीं शती
३.	महावीर पुराण	असमकवि	९१० ई०
४.	चामुण्ड पुराण (कन्नड)	चामुण्डराय	शक सं० ९८०
५.	पार्श्व पुराण (अपभ्रंश)	पद्मकीर्ति	९९९ ई०
६.	पार्श्व पुराण (अपभ्रंश)	कवि रइधू	१५-१६वीं शती
७.	पार्श्वनाथ पुराण	भट्टारक श्रीभूषण	१५वीं शती
८.	,, ,,	वादिचन्द्र	१६६८ ई०
९.	अनन्तनाथ पुराण	श्रीजन्नाचार्य	सं० १२०९
१०.	मल्लिनाथ पुराण	भट्टारक सकलकीर्ति	१५वीं शती
११.	जयकुमार पुराण	ब्र० कामराज	१५५५ ई०
१२.	कर्णामृत पुराण	केशव सेन	१६८८ ई०
१३.	नेमिनाथ पुराण	ब्र० नेमिदत्त	१५७५ ई०
१४.	पद्मनमि पुराण	भट्टारक शुभचन्द्र	१७वीं शती
१५.	चन्द्रप्रभ पुराण	कवि आशा देव	—
१६.	अजित पुराण	अरुणगणि	सं० १७१६
१७.	धर्मनाथ पुराण (कन्नड)	कवि बाहुबलि	—
१८.	मल्लिनाथ पुराण (कन्नड)	कवि नागचन्द्र	—
१९.	मुनि सुव्रत पुराण	ब्रह्म कृष्णदास	—
२०.	मुनि सुव्रत पुराण	भट्टारक सुरेन्द्र कीर्ति	—
२१.	वागार्थ संग्रह पुराण	कवि परमेष्ठी	—
२२.	श्री पुराण	भट्टारक गुणभद्र	—

जैन पुराणों का रचना काल

जैन पुराणों की रचना विभिन्न कालों में हुई है। जैन पुराणों के अध्ययन तथा अन्य समकालीन साक्ष्यों के अनुसार प्राकृत (महाराष्ट्री) के जैन पुराणों का रचना-काल छठी शती ई० से लेकर १५वीं शती ई० तक, संस्कृत पुराणों का समय सातवीं शती से १८वीं शती तक और अपभ्रंश पुराणों की तिथि १०वीं शती से १६वीं शती तक है। प्रायः सभी जैन पुराणों का रचना काल लगभग छठी शती से १८वीं शती तक निर्धारित किया जाता है।

संस्कृत के तीन आधारभूत जैन-पुराण पद्म पुराण, हरिवंश तथा महापुराण (आदि पुराण एवं उत्तर पुराण) हैं, जिनका समय सातवीं शती से १०वीं शती के मध्य है।

जैन पुराणों की विशेषताएँ

जैन पुराण भारतीय वाङ्मय के आधारभूत स्तम्भ हैं। इनके परिशीलन से तत्कालीन भारतीय जीवन का सजीव चित्रण मिलता है। जैन पुराणकारों ने पुराणों को अपने-अपने काल में विश्वकोष बनाने का प्रयत्न किया है। जैन पुराणों में पौराणिक शैली तथा काव्यात्मक शैली का बहुत सुन्दर सामञ्जस्य है। इन पुराणों में अलौकिक तथा अप्राकृतिक तत्त्वों की प्रधानता नहीं है। जैन पुराणों में लोक, देश, नगर, राज्य, तीर्थ, दान, तप, गति तथा फल—ये आठ 'पुराण' के विषय हैं। जैन पुराणों में तीनों लोक, काल-चक्र तथा कुलकरों का प्रादुर्भाव वर्णित है। जैन पुराणों में कथाओं के साथ ही जैनचार्यों के उपदेश, जैन सिद्धांतों का प्रतिपादन, तीर्थकरों की जीवनी आदि का चित्रण हुआ है। सांस्कृतिक दृष्टि से इन तत्त्वों में भाषातत्त्व का विकास, सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का चित्रण, राजनीति, शिक्षा, आर्थिक जीवन धार्मिक स्थिति तथा भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान होता है। जैन धर्म ने यद्यपि वैदिक धर्म के कर्मकाण्ड का विरोध किया, किन्तु आगे चलकर जैन धर्म में भी ब्राह्मण आचार, व्रत, धर्म, संस्कार आदि धार्मिक कृत्य अपना लिये गये।

पारम्परिक पुराणों में देश एवं काल दोनों ही दृष्टियों से अनिश्चितता पायी जाती है, किन्तु जैन पुराणों में काल निर्देश की प्रवृत्ति प्रायः अधिक पायी जाती है और इनके प्रमुख रचयिता एवं रचनाकाल का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। जहाँ पारम्परिक पुराणकार इतिवृत्त की यथार्थता को सुरक्षित नहीं रख सके हैं, वहीं जैन पुराणकारों ने इतिवृत्त की यथार्थता को अधिक सुरक्षित रखा है। इसलिये प्राक्कालीन भारतीय परिस्थितियों को जानने के लिए जैन पुराणों से जो साहाय्य प्राप्त होता है, वह अन्य पुराणों में नहीं। इतिहास का संचित भण्डार जैन पुराणों में मिलता है।

शब्दार्थ-संबंध-स्वरूप

डॉ० त्रिभुवन नाथ शुक्ल

जबलपुर

The author in this paper has discussed the nature of the relation between word and meaning according to Indian Grammarians, namely, Yāska, Vyāḍi, Pāṇini, Kātyāyana, Patañjali, Bhartṛhari, Kaiyaṭa and Nāgeśa.

१.०. शब्द और अर्थ के संबंध के विषय में यह सहज रूप से प्रश्न किया जा सकता है कि शब्द और अर्थ के सम्बन्ध की जानकारी का स्रोत क्या है ? यह अनुभूत सत्य है कि शब्द-श्रवणानन्तर किसी व्यक्ति को अर्थ का बोध हो जाता है और किसी को नहीं। यदि एक व्यक्ति को अर्थ का बोध होता है तो शब्द का अर्थ के साथ कोई सम्बन्ध है, जिसका ज्ञान होने पर अर्थ का बोध होता है, अन्यथा नहीं। इस विषय में भाषाविश्लेषण-कर्ताओं, पदशास्त्र-प्रमाणज्ञों, वैयाकरणों, दार्शनिकों और काव्यशास्त्रियों ने गहन चिन्तन किया है। इस आलेख में शब्दार्थ-संबंध-स्वरूप का विवेचन, मात्र भारतीय वैयाकरणिक चिन्तन को दृष्टिकेन्द्र में रखकर किया जा रहा है।

१.१.०. निरुक्तकार यास्क

वैदिक व्याकरण के पुरोधा एवं पुरस्कर्ता यास्क ने वैदिक शब्दों की निरुक्ति के लिए 'निरुक्त' ग्रंथ की रचना की। किन्तु, इस ग्रंथ का आरंभ पदों के स्वरूप, शब्दों की नित्यता-अनित्यता एवं अर्थ और वाक् के संबंधों से होता है। मूल विवेचन के साथ 'निरुक्त' में शब्द और अर्थ के सम्बन्ध की चर्चा इस प्रकार है।

१.१.१. यास्क ने 'निरुक्त' में—'अथ गत्यर्थशब्दप्रयोगः' और 'अर्थवन्तः शब्दसामान्यात्' (१।१।१५) द्वारा शब्द और अर्थ में नित्य-संबंध स्वीकार किया है। यास्क ने इन सूत्र-खण्डों में यद्यपि नित्यता स्वीकार की है फिर भी, वे शब्द को

विशेष महत्त्व देते हुए प्रतीत होते हैं। क्योंकि लोक और वेद दोनों में अर्थ प्रकट करने के लिए शब्दों का प्रयोग किया जाता है—ऐसा स्वीकार किया है।

१.१.२. यास्क ने कौत्स के "वेद-मंत्र अनर्थक हैं" का उत्तर देते हुए कहा कि "ब्राह्मण तो मंत्र को दुहराता है।" यदि मूल ही अनर्थक हो, तो उसका अनुवाद करने वाला ग्रंथ कैसे सार्थक हो सकता है? तब तो अर्थबोध न तो मंत्र से होना चाहिए, और न ब्राह्मण से। किन्तु अर्थबोध होता अवश्य है। ऐसी स्थिति में अर्थबोध केवल ब्राह्मण से ही होता है, यह भी नहीं कहा जा सकता। अतः मंत्र सार्थक हैं—यथो एतद्ब्राह्मणेन रूप-सम्पन्ना विधीयन्त इति, उदितानुवादः समवलि (१।१६) इस। प्रकार यास्क शब्द और अर्थ में नित्य-सम्बन्ध मानते हैं।

१.१.३. अर्थ को शब्द का पुण्य और फल मानते हुए निरुक्तकार ने लिखा है—"अर्थ वाचः पुण्यफलमाह" (१।२०)[1]।

१.१.४. निरुक्तकार की मान्यता है कि अर्थ के अन्वित होने पर शब्द आदि के प्रादेशिक परिवर्तन की जानकारी के अभाव में शब्दों की परीक्षा उनके अर्थों को ध्यान में रखते हुए कुछ वृत्ति सामान्य के आधार पर करनी चाहिए।[2] इस प्रकार यास्क ने शब्द और अर्थ के नित्य सम्बन्ध को स्पष्टरूप से स्वीकार किया है।

१.२.०. व्याडि

व्याडि ने 'संग्रह' नामक व्याकरण ग्रंथ की रचना की है। यह महत्त्वपूर्ण ग्रंथ सम्प्रति अनुपलब्ध है। अन्यान्य विद्वानों द्वारा उद्धृत अंश से ज्ञात होता है कि इसका आरम्भ शब्दार्थ सम्बन्ध और शब्द के नित्यानित्यत्व-विवेचन से होता है।[3]

१.२.१. व्याडि ने शब्द और अर्थ का स्वाभाविक सम्बन्ध माना है। उनके अनुसार यह सम्बन्ध मनुष्यकृत नहीं है। अर्थ किसी शब्द के रूप में नहीं रहता अपितु वह भावना के रूप में सम्पृक्त रहता है। लोक और वेद में यह स्थिति समानरूप से और स्वतःसिद्ध है। अतः शब्द और अर्थ का सम्बन्ध नित्य है—

सम्बन्धस्य न कर्तास्ति शब्दानां लोकवेदयोः।
शब्दैरेव हि शब्दानां सम्बन्धः स्यात् मृतः कथम् ॥[4] —संग्रह

---

१. लक्ष्मणस्वरूप—निरुक्तम्।
२. अथानन्विते अर्थे अप्रादेशिके विकारे अर्थनित्यः परीक्षेत केनचित् वृत्तिसामान्येन। —निरुक्त २।१
३. डॉ० सत्यकाम वर्मा, संस्कृतव्याकरण का उद्भव और विकास, पृ० ९४।
४. वही, पृ० ९४ से उद्धृत।

१.३.०. मुनित्रय : पाणिनि-कात्यायन-पतंजलि

पाणिनि ने शब्दार्थ के सम्बन्ध में— अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् (अष्टा० १।२।४५) का उल्लेख कर अप्रत्यक्षतः प्रातिपदिक, धातु व प्रत्यय को नित्य अर्थवान् स्वीकार किया है। कात्यायन के बहुर्चचित एवं महत्त्वपूर्ण सूत्र—सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे (महा० १।१।१) की व्याख्या करते हुए पतंजलि ने शब्द और अर्थ को ही नहीं, अपितु उसके सम्बन्ध को भी नित्य माना है। पतंजलि ने शब्द को अर्थवान् और उसका अर्थ से अनिवार्य सम्बन्ध निरूपित किया है (महाभाष्य १।१।१)।

उनके अनुसार शब्द त्रैकालिक सत्ता का बोध कराता है। अतः शब्द और अर्थ का सम्बन्ध त्रैकालिक अर्थात् शाश्वतिक है।[५]

१.३.१. पतंजलि की मान्यता है कि विभिन्न देशों में एक ही शब्द एकाधिक अर्थों में प्रयुक्त होता है। अतः दोनों का सम्बन्ध नित्य है।[६]

अर्थविज्ञान की दृष्टि से यह सिद्धान्त बहुत महत्त्वपूर्ण है। शब्द की अनेकार्थ-शक्तिमत्ता के परिणामस्वरूप एक ही शब्द भाषाभेद अथवा स्थानभेद के कारण बहुविध अर्थों का वाचक होता है।

१.४.०. भर्तृहरि

संस्कृत के प्रसिद्ध वैयाकरण भर्तृहरि ने अपने प्रशस्तग्रंथ वाक्यपदीय में शब्द और अर्थ का सम्बन्ध नित्य माना है। इस सन्दर्भ में उनका यह कथन है कि शब्द और अर्थ में नित्य सम्बन्ध मानने की उनकी धारणा पूर्ववर्ती वैयाकरण पाणिनि, कात्यायन और पतंजलि प्रभृति महर्षियों के अनुरूप है।[७] शब्द और अर्थ का सम्बन्ध निरूपित करते हुए भर्तृहरि ने अनेक तर्क प्रस्तुत किए हैं जो अधोलिखित हैं :—

१.४.१. शब्द में यह स्वाभाविक सामर्थ्य है कि वह किसी नियत अर्थ का बोध कराता है। इससे स्पष्ट है कि शब्द के साथ अर्थ का नित्य सम्बन्ध है।[८]

१.४.२. शब्द का अर्थ के साथ सम्बन्ध होने पर ही शब्द से वस्तु का ज्ञान

---

५. महा० ५।२।९४।

६. सर्वे सर्वार्थवाचकाः। उद्योत महा० (१।१।१)

७. नित्याः शब्दार्थसम्बन्धः समाम्नाता महर्षिभिः। —वा० ९।२३।

८. शब्दानां यत्शक्तित्वं तस्य शाखा सुदृश्यते।
तथार्थप्रत्यायने सामर्थ्यात्, तथाभ्युदये हेतुत्वात् (१।७।१।६)।

हो सकता है। वस्तु का ज्ञान शब्द से होता है, अर्थावबोध की इस प्रक्रिया से शब्द और वस्तु में सम्बन्ध का निश्चय होता है।[९]

१.४.३. भर्तृहरि ने शब्द और अर्थ में योग्यता और कार्य-कारण सम्बन्ध भी स्वीकार किया है। योग्यता-सम्बन्ध का निरूपण करते हुए उन्होंने लिखा है—"जिस प्रकार चक्षु आदि इन्द्रियों में रूप, रस, गन्ध आदि के ग्रहण करने तथा तद्-विषयकज्ञान की स्वाभाविक योग्यता होती है, उसी प्रकार शब्द में यह स्वाभाविक योग्यता होती है कि उच्चरित होने पर अर्थ का बोध कराता है। यही योग्यता-सम्बन्ध है—

इन्द्रियाणां स्वविषयेष्वनादिर्योग्यता यथा।
अनादिरर्थैः शब्दानां सम्बन्धो योग्यता तथा ॥—वा० ३, पृ० ११।

कार्य-कारण सम्बन्ध के विषय में उनकी धारणा है कि शब्द और अर्थ अन्योन्य कारण और कार्य हैं। योग्यता यदि शब्द की अर्थबोधकताशक्ति पर प्रकाश डालती है तो कार्य-कारण सम्बन्ध उसकी व्यावहारिक शक्ति पर। शब्द ही एक साधन है जिससे वक्ता अपने भावों को श्रोता तक पहुँचाता है। अतएव शब्द अर्थ का कारण है अर्थात् श्रोता की बुद्धि में जो अर्थ (वस्तु) विद्यमान रहता है उसका कारण शब्द है। शब्द श्रवणानन्तर श्रोता का बुद्धिगत अर्थ जागरित हो उठता है। बुद्धि में पहले से विद्यमान अर्थ के द्वारा शब्द का ज्ञान होता है। इस स्थिति में अर्थ शब्द का कारण होता है क्योंकि अर्थ की बुद्धि में पूर्व उपस्थिति ही उसका ज्ञान कराती है—

शब्दः कारणमर्थस्य स हि तेनोपजन्यते।
तथा बुद्धिविषयादर्थाच्छब्दः प्रतीयते ॥

—वा० ३, पृ० ११२।

१.४.४ शब्द और अर्थ का सम्बन्ध निरूपित करते हुए वाक्यपदीय के तृतीय काण्ड में भर्तृहरि ने शब्द और अर्थ के सम्बन्ध को वाच्य-वाचक, उपकार्य उपकारक, ग्राह्य-ग्राहक, प्रकाश्य-प्रकाशक, तथा संज्ञा-संज्ञि नाम से अभिहित किया है।[१०]

१.४.५ वेदान्त का आश्रय लेते हुए भर्तृहरि ने ज्ञान और ज्ञेय की भाँति शब्द और अर्थ का सम्बन्ध माना है। जैसे ज्ञान के क्षेत्र में ज्ञाता आत्मा की परम

---

९. सति प्रत्ययहेतुत्वं सम्बन्ध उपपद्यते।
शब्दस्यार्थे यतस्तत्र सम्बन्धोऽस्तीति गम्यते ॥

—वा०, का० ३, पृ० ११४।

१०. वा० २-३२।

परिणति ज्ञेय ब्रह्म के रूप में होती है, वैसे ही शब्द द्वारा अर्थ अपने रूप को प्रकट करता है।[११]

१.४.६ शब्दार्थ का सम्बन्ध धातु अथवा ध्वनि से किसी रूप में नहीं है। (वा० २।२३०)।

१.४.७ भर्तृहरि के अनुसार शब्द और अर्थ का स्वाभाविक सम्बन्ध इससे भी ज्ञात होता है कि शब्द से दृष्ट और अदृष्ट नैमित्तिक अर्थ का संस्कार किया जाता है अर्थात् तान्त्रिक विद्याओं से विष आदि के उतारने में सामर्थ्य देखी जाती है। प्रत्येक तंत्रशास्त्र में प्रसिद्ध बीजाक्षरों से अदृष्ट (धर्म) की प्राप्ति होती है। यदि शब्द और अर्थ में सम्बन्ध न होता तो यह कैसे सम्भव था —

शब्देनार्थस्य संस्कारो दृष्टादृष्टप्रयोजनः।
क्रियते सोऽभिसम्बन्धः अन्तरेण कथं भवेत्॥
—वा० ३, पृ० ११४।

१.४.८ भर्तृहरि ने शब्द और अर्थ को अभिन्न स्वीकार किया है।[१२] दोनों एक ही वस्तु के दो धर्म हैं। बुद्धि द्वारा ग्रहण किये जाने पर दोनों एक हो जाते हैं। ग्रहण के पूर्व दोनों की पृथक् स्थिति रहती है।[१३] शब्द उस धर्म को कहा जा सकता है, जिसका उच्चारण से सम्बन्ध है। अर्थ का सम्बन्ध ग्रहण से है। यदि 'अर्थ' रूप में शब्द का ग्रहण नहीं हो सका तो 'शब्द' को सार्थक भी नहीं कहा जा सकता।

१.५.०. कैयट और नागेश

कैयट और नागेश ने किसी स्वतंत्र व्याकरण ग्रन्थ का सृजन नहीं किया है। दोनों वैयाकरणों ने महाभाष्य पर टीकाएँ लिखी हैं। कैयट ने प्रदीप और नागेश ने प्रदीपोद्योत टीका लिखी है।

---

११. आत्मरूपं यथा ज्ञाने ज्ञेयरूपं च दृश्यते।
अर्थरूपं तथा शब्दे स्वरूपं च प्रकाशते॥
—वही० १।५०॥

१२. एकस्यैवात्मनो भेदौ शब्दार्थावपृथक्स्थितौ।
—वा० २।३९।

१३. भेदेनावगृहीतौ द्वौ शब्दधर्मावपोद्धृतौ।
भेदकार्येषु हेतुत्वं अविरोधेन गच्छतः॥
—वा० १।१५।८।

१.५.१. शब्दार्थ की नित्यता के सन्दर्भ में कैयट और नागेश का कथन है कि "शब्द सत्ता सामान्य का बोध कराता है"। इसके लिए "अस्ति" (है), "आसीत्" (था) और भविष्यति (होगा) का प्रयोग किया है। यह सत्ता की त्रिकाल सत्यता को द्योतित करता है।[१४] कैयट और नागेश ने इस प्रकरण में यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान सत्ता बाह्य सत्ता है. यही मुख्य सत्ता है। जब इस मुख्य सत्ता का अभाव बताना होता है तो "नास्ति" (नहीं) का प्रयोग किया जाता है—

सम्प्रति सत्तायां वर्तमानायां सत्तायाम्। बाह्यां सत्तायामित्यर्थः। बाह्यां मुख्यामित्यर्थः।

—प्रदीपोद्योत ५।२।९४।

१.५.२. नागेश की मान्यता है कि सब शब्दों का सब अर्थों के साथ सम्बन्ध है।[१५] नागेश ने अपने व्याकरणग्रन्थ मंजूषा में तान्त्रिकों के मत का उल्लेख करते हुए लिखा है—

नित्यो शब्दार्थसम्बन्धः इति तान्त्रिकाः। —मंजूषा, पृ० ४९।

१.५.३. नागेश ने शब्दार्थ-सम्बन्ध की नित्यता को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि सृष्टि के प्रारम्भ से ही इस सम्बन्ध की स्थिति और व्यावहारिक नित्यता के कारण इसको नित्य कहा जाता है—

नित्यत्वं तु यावत्सृष्टिस्थित्या व्यवहारनित्यतया च बोध्यम्।

—मंजूषा पृ० ४९।

१.५.४. नागेश ने अपनी मान्यता की पुष्टि के लिए श्रुति वचन को उद्धृत किया है कि वाक्तत्त्व (शब्दतत्त्व) सूक्ष्म और एक है। तात्त्विक रूप से यह अर्थ से पृथक् नहीं है। वही विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होता है, उसी के नाना रूप हैं, वह हृदय में रहता है। उसको सामान्य व्यक्ति पृथक्-पृथक् समझते हैं।

—मंजूषा पृ० ५०।

१.५.५. कैयट और नागेश का चिन्तन फिर भी अन्य वैयाकरणों से भिन्न है। कात्यायन और पतंजलि अर्थ को नित्य मानते हैं, किन्तु कैयट और नागेश अर्थ के

---

१४. प्रदीपोद्योत महा० ५।२।९४।

१५. मंजूषा पृ० ४९।

स्थान पर उसके प्रवाह को नित्य मानते हैं। क्योंकि उनका तर्क है कि यदि एक शब्द एक ही अर्थ देता है तो नित्य माना जा सकता है, अन्यथा नहीं।[१६]

१.६.०. निष्कर्ष

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर विवेच्य विषय से सम्बन्धित निम्नलिखित उपयोगी निष्कर्ष सामने आते हैं—

(१) शब्द और अर्थ का सम्बन्ध समवाय एवं तार्किक नहीं, अपितु यादृच्छिक है।

(२) शब्द के सहारे ही बुद्धि प्रक्रिया सम्पन्न होती है। ऐसा कोई विचार नहीं है, जिसमें शब्द का अनुवेद्य न हो। इस दृष्टि से शब्द और अर्थ का संबंध नित्य एवं अभिन्न है।

(३) भाषा के भौतिक पक्ष अथवा ध्वन्यात्मक पक्ष और भाषा के मानसिक पक्ष अथवा अर्थ में जितना अंतर एवं जितनी निकटता है उतना ही अंतर और उतनी ही निकटता श्रूयमाण शब्द और बोधक अर्थ में है। शब्द के द्वारा ही अर्थ अभिव्यक्त होता है, किन्तु शब्द ही अर्थ नहीं, अपितु अर्थ का वाचक है।

---

१६. यद्येकः शब्दः एकस्मिन्नर्थनियतः स्यात् तत् एतद् युज्यतेऽवगन्तुम्, यतस्त्वनियमः। ततः प्रकृतरेव सर्वे अर्थाः स्युः।

—प्रदीप महा० १।२।४५।

शतक-काव्य-परम्परा : एक सर्वेक्षण

डॉ॰ दुर्गाप्रसाद

इलाहाबाद

The tradition of composing miniature lyrics (*Śatakas*), depicting sentiments and modes in a single stanza of four lines, with perfect observation, depth of feeling and beauty, is very old and rich in our Sanskrit literature. A short survey of the *Śataka* literature is presented here.

काव्य के विभिन्न रूपों में गीति-काव्य का अपना अनूठा स्थान है। गीति की आत्मा भावातिरेक है। सुख-दुःख के तीव्र अनुभव से आप्लावित कवि अपनी भावना को बाह्य-अभिव्यक्ति के रूप में परिणत करता है, । वह 'स्व' गम्य अनुभूति को 'पर' गम्य अनुभूति के रूप में परिणत करने के लिए मधुर, भाव-सम्पन्न, रसमय उक्तियों का आश्रय ग्रहण करता है, तो यही गीतियाँ होती हैं। आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत साहित्य के इसी पर्यावरण में ही 'शतक' काव्यों का विकास हुआ। इन शतकों का मूल उद्‌गम वैदिक ऋषियों की तपस्या तथा देवार्चना ही है।

'शतक' का अर्थ हमारी वैदिक परम्परा में पूर्णता का प्रतीक रहा है। शतक-काव्यों का स्थान गीति-काव्य के अंतर्गत आता है। संस्कृत गीतिकाव्य प्रबन्ध तथा मुक्तक दोनों में पाए जाते हैं। प्रबन्ध काव्य के लिए भावाभिव्यक्ति में पूर्व-प्रसंग की अपेक्षा होती है तथा वर्ण्य विषय प्रारम्भ से अन्त तक एक ही विषय से सम्बद्ध होकर विकसित होता है। मुक्तक काव्य सन्दर्भ आदि बाह्य उपकरणों से मुक्त होकर स्वयं पूर्ण भाव की अभिव्यक्ति करनेवाला तथा रस-पेशल होता है।

"मुक्तकेषु हि प्रबन्धेषु इव रसबन्धाभिनिवेशिनः कवयो दृश्यन्ते"

मुक्तक काव्य के सुन्दर उदाहरण शतक काव्य ही हैं।

शतक-काव्य हमें मुख्यतः तीन रूपों में प्राप्त होते हैं जिनमें शृङ्गारिक, धार्मिक तथा नैतिक रूपों की परिगणना की जाती है। संस्कृत के शतक काव्यों में प्रायः

अधिकतम ११० श्लोक तक ही उपलब्ध होते हैं। कुछ शतक काव्यों में १२० श्लोक तक प्राप्त हुए हैं।

स्तोत्र-साहित्य

धार्मिक शतक काव्यों का प्रतिपाद्य-विषय देवताओं की स्तुतियाँ हैं। कवि ने अपने तथा लौकिक कल्याण के भाव से ओत-प्रोत होकर देवताओं की स्तुतियों में अनेक शतकों की रचना की जिनमें देवता विशेष को ही आधार बनाकर उन्हीं के यशोगान में मुक्तक पद्यों में सुन्दर रस-पेशल भाव व्यक्त हुए। कवि ने देवता विशेष की दिव्याकृति, करुणामय स्वरूप तथा दैवी-शक्ति आदि बातों को काव्यरूप प्रदान किया। यही स्तोत्र-साहित्य के नाम से अभिहित हुए। ऐसी स्तुतियों की प्राचीनता संस्कृत में पर्याप्त रूप से है। समग्र वैदिक संहिताएँ देवताओं की विशिष्ट स्तुतियों से परिपूर्ण हैं। इन शतक काव्यों की उद्गम-स्थली तो स्वयं वेद का अखण्ड कल्याणकारी "जीवेम शरदः शतम्" आदि ही है।

संस्कृत का स्तोत्र-साहित्य अत्यन्त विशाल, सरस तथा हृदयस्पर्शी है, भक्त अपने हृदय की बातें भगवान के समक्ष प्रकट करने तथा महिमा-वर्णन में अपने कोमल, भक्ति-पूरित हृदय की अभिव्यक्ति करता है। परन्तु भारतीय भक्तों ने जिस उदारता के साथ भगवान के समक्ष अपने हृदय के भाव व्यक्त किए हैं, वे सचमुच उपमाहीन हैं। भारतीय भक्त भगवान के दिव्य-स्वरूप में चकित होकर उन्हीं के गुणगान में स्नेह की गाथा गाता हुआ आत्मविस्मृत हो जाता है। वह अपने कर्मों के ऊपर दृष्टिपात कर बेचैन हो जाता है, वह कल्याण की इच्छा से ईश्वर के समक्ष अपने हृदय के समस्त भाव बिना किसी संकोच के प्रकट कर देता है। भारतीय मनीषी ने वैदिक युग से ही ईश्वर के प्रति अपने को अर्पण करने में ही सफलता मानी है। देवताओं तथा देवियों के वन्दन में ही एक-एक सूक्त का निर्माण किया गया। स्तोत्र-शतकों का विकास इसी भाव-भूमि में हुआ, स्तोत्रों का इतना व्यापक प्रभाव रहा कि जैन तथा बौद्ध धर्मानुयायी भी अपने को इससे अलग न रख सके।

स्तोत्र का विकास पद्यात्मक, गद्यात्मक, तथा दण्डक तीनों रूपों में पाया गया। शतककाव्य परम्परा में शैव, वैष्णव, जैन, बौद्ध आदि सभी का ग्रहण किया गया है। कालक्रमानुसार स्तोत्र शतकों का विवरण इस प्रकार है—

चतुःशतक[१] तथा अध्यर्धशतक[२] (मातृचेट—१०० ई० के लगभग), चण्डी-

---

१. एफ० डब्ल्यू० थामस, अंग्रेजी अनुवाद—इण्डियन एण्टीक्वरी वाल्युम २९ (१९०५), पृ० १४५-६३।

२. जर्नल ऑफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी १९७७, पृ० ७५१-७७ से प्रकाशित।

शतक[३] (बाणभट्ट—७वीं का पूर्वार्ध), सूर्यशतक[४] (मयूर भट्ट—६वीं का उत्तरार्ध) देवीशतक[५] (आनन्दवर्धन—९वीं शताब्दी), जिनशतक[६] (जम्बू कवि—९५९ ई० के लगभग), पद्मनाभशतक[७], रामशतक[८], कृष्णशतक[९] (ईशानदेव—११वीं शताब्दी), रामार्याशतक[१०] (गंगेश ११२० ई०). कृष्णकर्णामृतम्[११] (लीलाभुक -१२वीं शताब्दी), रामशतक[१२] (सोमेश्वर—१३ वीं शताब्दी) भक्तिशतक[१३] (रामचन्द्र कवि भारती—१३वीं शताब्दी), शैलेशशतक[१४] (देवाचाजी), अच्युतशतक[१५] (वेंकटनाथ वेदान्त देशिक—१३१८ ई०), वरदराजशतक[१६] (अप्पय दीक्षित—१५४४ ई०), आनन्द-मन्दाकिनीशतक[१७] (मधुसूदन सरस्वती—१६०० ई० के लगभग)।

ईश्वरशतक[१८] (अवतार कवि—१६२२ ई० के लगभग), आनन्दसागर-

---

३. काव्यमाला गुच्छक चतुर्थ में प्रकाशित।

४ काव्यमाला।

५. वही, गुच्छक नवम में प्रकाशित।

६. वही, गुच्छक सप्तम में प्रकाशित।

७. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन त्रावन्कोर।

८. वही।

९ वही।

१०. काव्यमाला में प्रकाशित।

११. एस० के० डे० द्वारा सम्पादित दकन यूनिवर्सिटी १९३८।

१२. रिपोर्ट आन दि सर्च फार संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि बाम्बे प्रेसीडेन्सी—आर० जी० भण्डारकर पृ० ८५।

१३. हरप्रसाद शास्त्री द्वारा सम्पादित अंग्रेजी अनुवाद जे० बी० टी० एस० वॉल्युम १ (१८९३) भाग २ पृ० २१-४३।

१४. ट्रीनियल कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन ओरियण्टल लाइब्रेरी, मद्रास ३-११४६।

१५. ए कैटलाग ऑफ ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ दि (लेट) कालेज फोर्ट सेण्ट जार्ज बाई दि विलियम त्रावन्कोर, १-१४६।

१६. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया आपर्ट मद्रास ६०९, ११०५।

१७. काव्यमाला गुच्छक द्वितीय में प्रकाशित।

१८. वही ९ ,,।

स्तव[19] (नीलकंठ दीक्षित—१७वीं का पूर्वार्ध), शिवशतक[20] (गोकुलनाथ—१७वीं शताब्दी का उत्तरार्ध), नारायणशतक[21] (विद्याकर पुरोहित—१७वीं का उत्तरार्ध), आनन्दमन्दिरस्तोत्र[22] (कवीन्द्र बहादुर लल्ला १८०२ ई०), शूलपाणिशतक[23] (कस्तूरी शिवशंकर शास्त्री—१८३३ ई०), समुद्रशतक[24] (शिवशङ्कर शास्त्री); मीनाक्षीशतक[25], मालिनीशतक[26], हनुमच्छतक[27], लक्ष्मीनृसिंहशतक[28] (परिथियुर कृष्ण शास्त्री—१८४२ ई०), शोणाद्रीश शतक[29], व्याघ्रालयेशशतक[30] (केरला वर्मा—१८४५ ई०), शक्तिशतक[31] (श्रीश्वर विद्यालङ्कार - १८५० ई०), दुर्गासौन्दर्यशतक[32] (पेरीकाशीनाथ शास्त्री—१८५७ ई०), शैलाधीशशतक[33] (नीलकण्ठ शर्मा—१८५८ ई०), शारदाशतक[34], महाभैरवशतक[35] (श्रीनिवास शास्त्री—१९वीं का उत्तरार्ध), लक्ष्मीपतिशतक (जयन्ति वेकन्न—१८६४ ई०), कृष्णशतक[36] (वकथोल नारायण मेनन—१८९० ई०), नृसिंहशतक[37] (तिरुवेंकट

---

१९. काव्यमाला गुच्छक ११ में प्रकाशित।

२०. वही, १८८७, १ में प्रकाशित।

२१. सम्पादित करुणाकर शर्मा पुरी।

२२. काव्यमाला गुच्छक १४ में प्रकाशित।

२३. हिस्ट्री आफ क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर—एम० कृष्णमाचारियर फर्स्ट रीप्रिन्ट १९७०।

२४. वही, मोतीलाल बनारसी दास, पैरा २८८।

२५. वही, पैरा ४९२।

२६. वही, ,,

२७. वही, ,,

२८. वही, ,,

२९. त्रावन्कोर से प्रकाशित।

३०. वही।

३१. हिस्ट्री आफ क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर—एम० कृष्णमाचारियर, पैरा ७३७।

३२. वही, पैरा २४८।

३३. वही, पैरा २५४ के०।

३४. वही, पैरा २५४ के०।

३५. वही, पैरा ७३७।

३६. मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन १९७०।

३७. ओमोल से प्रकाशित।

ततदेशिक—१८९२ ई०), पञ्चशती[३८] (मूककवि), आर्याद्विशती[३९] (दुर्वासा), रामशतक[४०] (केशव भट्ट), रामार्याशतक[४१] (मुद्गलभट्ट) गीतिशतक[४२] (सुन्दराचार्य), गंगालहरीशतक[४३] (लक्ष्मी नारायण कवि), लक्ष्मीनृसिंहशतक[४४] (श्री निवासाचार्य), तारावलीशतक[४५], दयाशतक[४६], मातृभूतशतक[४७]।

इन स्तोत्र शतकों के अतिरिक्त भी बहुत से स्तोत्र-शतक पाए जाते हैं जिनका समय अज्ञात है तथा कुछ शतकों के लेखक भी अज्ञात हैं। ये शतक हस्तलेख रूप में ही सुरक्षित हैं। इन शतकों में शिवोत्कर्षशतक[४८] (हरदत्त), समाधिशतक[४९] (पूज्यपाद स्वामी), सूर्यशतक[५०] (राघवेन्द्र सरस्वती), देवीशतक[५१] (श्रीश्वर), सूर्यशतक[५२] (गोपाल शर्मा), न्यासशतक[५३], भवानीस्तव-

---

३८. काव्यमाला गुच्छक ५ में प्रकाशित।

३९. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इंडिया—आपर्ट-५३४।

४०. आफ़्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग १-१२७।

४१. महेश्वर टीका सहित ग्रन्थरत्नमाला से प्रकाशित।

४२. काव्यमाला गुच्छक ९ में प्रकाशित।

४३. बम्बई तथा बनारस से प्रकाशित।

४४. मद्रास से प्रकाशित।

४५. सम्पादित श्रीविद्या प्रेस कुम्बकोनम।

४६. वही।

४७. वही।

४८. अल्फाबेटिकल इण्डेक्स ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास—मद्रास, ९७।

४९. वही, मद्रास, मद्रास १०३।

५०. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन उलवर स्टेट—२४३८।

५१. नोटिस ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स बाई राजेन्द्र लाल मित्रा—कलकत्ता २३४१।

५२. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इंडिया—आपर्ट—मद्रास ८४२१।

५३. वही।

शतक[५४], वेंकटेशशतक[५५], स्मृतिशतक[५६], रामार्याशतक[५७] (सोमनाथ), रघुनाथशतक[५८] (गंगाधर शर्मा), लक्ष्मणशतक[५९] (नारोजि पण्डित), भक्तिसर्वधनशतक[६०] (ब्रह्मदत्त), भक्तिसप्तशती[६१], अन्नपूर्णाशतक[६२], कृष्णशतक[६३] (अच्युत), गुरुशतक[६४] (सच्चिदानन्द यति), जगदीशशतक[६५] (रघुराज सिंह), नारदशतक[६६], अपराधस्तुतिशतक[६७] (शंकराचार्य),

---

५४. नोटिस ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स बाई राजेन्द्र लाल मित्रा—कलकत्ता ३७८।

५५. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इंडिया—आपर्ट—मद्रास २०४०।

५६. वही, वाल्यूम २, ६८२६।

५७. काव्यमाला से प्रकाशित।

५८. गया से प्रकाशित।

५९. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि पैलेस लाइब्रेरी तंजोर—पी० पी० एस० शास्त्री ३९६३।

६०. ट्रीनियल कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन ओरियण्टल लाइब्रेरी मद्रास, भाग ६—७०९४।

६१. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इंडिया—गुस्तव आपर्ट—६७७३।

६२. मैनुस्क्रिप्ट्स सूचीपत्रम् ऑफ फोर्ट विलियम एसियाटिक सोसायटी इन कलकत्ता १८३८–८–१३९।

६३. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम मद्रास यूनिवर्सिटी, मद्रास, वाल्यूम ४ पृ० ३६१—डॉ० वी० राघवन।

६४. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि इण्डिया आफिस, लन्दन—१५९२।

६५. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स एक्जिस्टिंग इन अवध, ११–६।

६६. पुस्तकानाम् सूचीपत्रम् ऑफ दि लाइब्रेरी ऑफ दि पं० राधाकृष्ण ऑफ लाहौर—२२।

६७. ए हैण्ड लिस्ट ऑफ ५७१ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स ऑफ दि लेट आर० कृष्णस्वामी शास्त्री सत्र रजिस्ट्रार तंजोर, इन दि संस्कृत डिपार्टमेन्ट, यूनिवर्सिटी मद्रास—५२८।

जगत्गुरुअष्टोत्तरशतक[६८], अद्वैतचन्द्रनामशतक[६९] (सार्वभौम भट्टाचार्य), अध्यात्मशतक[७०] (रामचन्द्र), अपराधशतक[७१], अभयहस्तशतक[७२], अमृतशतक[७३] (कृष्णमोहन कवि), आख्याशतक[७४], आशीर्वादशतक[७५] (कुन्ती कवि), कृष्णनामाष्टोत्तरशतक[७६], कृष्णशतक[७७], कृष्णशतक[७८],

---

६८. हिस्ट्री ऑफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर—इण्डेक्स ।

६९. ए ट्रीनियल कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स कनेक्टेड फार दि गवर्नमेंट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास—३०५३ ।

७०. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट दकन गयमखान पूना १८९१-९५ का १५७४ ।

७१. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया—गुस्तव आपर्ट वाल्यूम २-३९५८ ।

७२. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि गवर्नमेंट ओरियण्टल लाइब्रेरी, मैसूर १९२२ ।

७३. ऐन अल्फाबेटिकल टाइप्ड लिस्ट ऑफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि कलेक्शन ऑफ दि डक्का युनिवर्सिटी, डक्का, बंगाल ९३४ ।

७४. ए कैटलाग आफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि अडयार लाइब्रेरी, इन टू पार्ट्स- पं० अक लाइब्रेरी—भाग १–पृ० १९९८ ।

७५. वाणी विलास प्रेस श्रीनगर से प्रकाशित ।

७६. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया—गुस्तव आपर्ट—वाल्यूम १—५९४४ ।

७७. आनन्दाश्रम—७०८५ ।

७८. ए रिवाइज्ड कैटलाग ऑफ पैलेस ग्रन्थप्पुर (लाइब्रेरी) त्रिवेन्द्रम—पृ० ५८, ११९५ सी ।

(कृष्णाहं भावना), कृष्णशतक[७९] (केशव), कृष्णार्याशतक[८०] (सुन्दर राज), गोपालशतक[८१], गोपालशतक[८२] (रघुनाथाचार्य)।

अनुरुद्धशतक[८३] (अनुरुद्ध), कैवल्यशतक[८४] (नीलकंठ गोस्वामी), गुरुत्रिशतीस्तोत्र[८५], गुरुशतक[८६], (सच्चिदानन्द भारती), गुरुस्तोत्रशतक[८७], घटिकाद्रिनाथशतक[८८], जप्येशाष्टप्रासशतक[८९] (वेंकटसुब्वकवि), जलकण्ठेश्वर-शतक[९०] (शिवराम कृष्णयुधि), जिनशतक[९१] (समन्तभद्र), ज्ञानक्रियाद्वयशतक[९२],

---

७९. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ दि बाम्बे – ब्रान्च ऑफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी—११७९।

८०. तेलगू लिपि अनुवाद सहित प्रकाशित—वैखानस ग्रन्थमाला – ९, इगवरी पालेम १९२५।

८१. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ हिज हाइनेस दि महाराज ऑफ बीकानेर ४८६।

८२. ए कैटलाग ऑफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि अडयार लाइब्रेरी, इन टू पार्ट्स बाई द्रि पण्डित अक, लाइब्रेरी भाग १, पृ० १९०९।

८३. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत पालि एण्ड सिंहलीज लिटरेरी वर्क आफ सीलोन भाग १, कोलम्बो १८७०, पृ० १६८–७२।

८४. बंकुर १९२३ से प्रकाशित।

८५. ए हैण्डलिस्ट ऑफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स एक्वायर्ड फार दि त्रावन्कोर यूनिवर्सिटी मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी त्रिवेन्द्रम, ६३०० (डी)।

८६. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी ३९६४।

८७. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि तंजोर महाराजा (सरफोजी सरस्वती महल) लाइब्रेरी, तंजोर २४२९३।

८८. स्तोत्रसमुच्चय भाग २ में प्रकाशित।

८९. वही भाग १, पृ० १६७-९१ में प्रकाशित।

९०. वही भाग १, पृ० १९२-२१३ में प्रकाशित।

९१. ए हैण्डलिस्ट ऑफ ३०९ संस्कृत एण्ड कन्नड मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि श्री वीरवाणी विलास जैन सिद्धान्त भवन, मूदविद्रि—१-११०।

९२. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, दकन गयमखान पूना १८७५-७६ का १२८।

सूर्यशतक[९३] (श्रीश्वर विद्यालंकार), सूर्यशतक[९४] (रखिलदास), सूर्यशतक[९५] (लिङ्गकवि), सूर्यशतक[९६] (कोदण्ड राम) श्रीकण्ठत्रिशती[९७]।

काव्य-साहित्य

संस्कृत के कवियों ने जहाँ एक ओर स्तोत्रशतकपरम्परा को समृद्धशाली बनाया, वहीं पर उनके ऊपर आचार्यों का भी प्रभाव पड़ा और उन्होंने काव्य के महनीय तथा मान्य प्रयोजन "कान्तासम्मित उपदेश" का समादर किया। शतक-काव्यों के माध्यम से भारतीय मनीषियों ने ऐसी उपदेशात्मक तथा नीतिपरक बातों की शिक्षा दी है जिसे शायद किसी भी भाषा के साहित्य में प्राप्त करना असम्भव है। इसका समाज पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा।

यद्यपि शतक काव्यों का विकास हमें धार्मिक, शृङ्गारिक तथा उपदेशात्मक सभी क्षेत्रों में प्राप्त होता है किन्तु जो जीवनोपयोगी तथा सामाजिक हित की बातें उपदेशात्मक तथा नीतिपरक काव्यों में प्राप्त होती हैं, उन्हें अन्यत्र प्राप्त करना दुर्लभ है। उपदेश की दो शैलियाँ होती हैं एक तो साक्षात् रूप से, दूसरी परोक्ष रूप से। शतक काव्यों में हमें कवियों ने प्रत्यक्ष तथा परोक्ष दोनों रूपों में शिक्षाएँ प्रदान की हैं। इन शतकों का यदि हम ऐतिहासिक दृष्टि से अवलोकन करें तो स्पष्ट हो जाता है कि समाज में प्रत्येक युग में यथार्थ दिशा प्रदान करने का कार्य भारतीय मनीषी ही अपने काव्य के माध्यम से करते रहे। नीतिविषयक उपदेशात्मक शतकों का इतिहास भी काफी प्राचीन है। काव्य साहित्य के अन्तर्गत नीति, उपदेश, सुभाषित आदि सभी शतकों का समावेश करके कालक्रमानुसार उनका विवरण प्रस्तुत है—

---

९३. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग १-७३२ पृष्ठ।

९४. हिस्ट्री ऑफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, इण्डेक्स पृ० ११०७।

९५. डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास, भाग १९—७६२४।

९६. ट्रीनियल कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन ओरियण्टल लाइब्रेरी, मद्रास, भाग ४-४९५६।

९७. ए सप्लीमेन्ट्री कैटलाग ऑफ संस्कृत वर्क इन दि सरस्वती भण्डारम् लाइब्रेरी ऑफ हिज हाइनेस दि महाराजा ऑफ मैसूर—८।

चाणक्यशतक[९८] (चाणक्य–४०० ई० पू०), अवदानशतक[९९] (३ शताब्दी), चतुःशतक[१००] (आर्यदेव-३ शताब्दी), नीतिद्विषष्टिका[१०१] (सुन्दरपाण्ड्य–५वीं शताब्दी), नीतिशतक[१०२], वैराग्यशतक[१०३], विज्ञानशतक[१०४] (भर्तृहरि–६वीं शताब्दी), भल्लटशतक[१०५] (भल्लट–८वीं शताब्दी), चारुचर्याशतक[१०६] (क्षेमेन्द्र–१०वीं शताब्दी), शिलाशतक[१०७] (क्षेमेन्द्र), शान्तिशतक[१०८] (शिल्हण–१२०५ ई०), श्रीशयमकशतक[१०९] (धर्मघोष–१३वीं का उत्तरार्ध), दृष्टान्तशतक[११०] (कुसुमदेव–१५वीं शताब्दी), हंसदूत[१११] (वामन भट्ट–१५वीं शताब्दी), आर्याशतक[११२] (अप्पय दीक्षित १५४४ ई०), उद्धवशतक[११३] (रूपगोस्वामी–१७वीं शताब्दी), हंसदूत[११४] (रूपगोस्वामी), सभारंजनशतक[११५] (नीलकंठ दीक्षित–१६५० ई०), अन्यापदेशशतक[११६] (नीलकंठ दीक्षित),

---

९८. जीवानन्द विद्यासागर–काव्य-संग्रह भाग २ कलकत्ता ।

९९. डॉ० कावेल तथा नील द्वारा सम्पादित कैम्ब्रिज १८८६ ।

१००. आलोक प्रकाशन नागपुर से प्रकाशित ।

१०१ मार्कण्डेय शास्त्री द्वारा मद्रास से सम्पादित ।

१०२. जीवानन्द विद्यासागर काव्यसंग्रह भाग २ कलकत्ता ।

१०३. वही ।

१०४. संस्कृत चन्द्रिका—संस्कृत जर्नल, कोल्हापुर–भाग ६ ।

१०५. काव्यमाला गुच्छक ४ में प्रकाशित ।

१०६. वही २ ,, ।

१०७. हिस्ट्री ऑफ क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर पैरा ८८३ ।

१०८. जीवानन्द विद्यासागर सम्पादित 'काव्य-संग्रह' भाग २ कलकत्ता ।

१०९. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन ओरियण्टल लाइब्रेरी मैसूर एण्ड सप्लीमेण्ट द्वितीय ।

११०. काव्यमाला गुच्छक १४ में प्रकाशित ।

१११. डॉ० जे० बी० चौधरी सम्पादित कलकत्ता से प्रकाशित ।

११२. कैटेलोगस कैटेलोगोरम ऑफ आफ्रेक्ट भाग २–५ ।

११३. संस्कृत साहित्य का इतिहास, प्रो० शिवबालक द्विवेदी —सुशीला पाण्डेय संस्करण १९७६ पृ० २९६ ।

११४. जीवानन्द विद्यासागर 'काव्य-संग्रह' से प्रकाशित ।

११५. काव्यमाला गुच्छक ४ में प्रकाशित ।

११६. वही ६ ,, ।

कलिविडम्बनशतक[११७], वैराग्यशतक[११८] (नीलकंठ दीक्षित), उपदेशशतक[११९] (गुमानि कवि १७वीं शताब्दी), वैराग्यशतक[१२०] (अप्पय दीक्षित), अम्बुजवल्ली-शतक[१२१] (वरददेशिक–१७ वीं का प्रारम्भ), श्रीवाराहशतक[१२२] (वरददेशिक), पण्डितराजशतक[१२३], अन्यापदेशशतक[१२४] (पण्डितराज जगन्नाथ) १७वीं शताब्दी), रामभद्रशतक[१२५] (रामभद्र दीक्षित १७११ ई०), सतीशतक[१२६] (वेंकट शास्त्री १७वीं शताब्दी), होलिकाशतक[१२७], आर्याशतक[१२८], (आचार्य विश्वेश्वर १८वीं शताब्दी), आर्यात्रिशती[१२९] (रामराज दीक्षित १७१९ ई०), आर्यात्रिशतीमुक्तक[१३०] (व्रजराज दीक्षित–१८वीं शताब्दी), अन्यापदेशशतक[१३१] (मधुसूदनकवि–१७४५ ई०), माधवसिंहार्याशतक[१३२], हयग्रीवशतक[१३३] (वेल्लामकोदण्डराम–१८७५ ई०),

---

११७. काव्यमाला गुच्छक ५ में प्रकाशित।

११८. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इण्डिया आपर्ट, मद्रास ४६२९।

११९. काव्यमाला गुच्छक २ में प्रकाशित।

१२०. वही, १ ,, ।

१२१. हिस्ट्री ऑफ क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा २४२।

१२२. वही।

१२३. अर्स प्रेस विजगपटम से प्रकाशित।

१२४. पण्डितराज 'काव्यसंग्रह', संस्कृत एकेडेमी, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से प्रकाशित।

१२५. काव्यमाला १२ बम्बई से प्रकाशित।

१२६. हिस्ट्री ऑफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा ९४२।

१२७. काव्यमाला ८-५२ से प्रकाशित।

१२८. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि गवर्नमेंट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास—११९८४।

१२९. काव्यमाला में प्रकाशित।

१३०. वही।

१३१. वही, गुच्छक ९ में प्रकाशित।

१३२. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग १ पृ० २६०।

१३३. हिस्ट्री ऑफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा २८९।

काकशतक या महिषशतक[१३४] (आनन्दराय मखिन–१८वीं शताब्दी), आर्यालंकार-शतक[१३५] (कवि कृष्णराय–१९०० ई० के लगभग), पलाण्डुशतक[१३६] सार-शतक[१३७] (कवि कृष्णराम), आर्याशतक[१३८] (नीलकंठ शर्मा १८५८ ई०), कानन-शतक[१३९] (महामहोपाध्याय ताराचन्द्र—१९वीं शती का पूर्वार्ध), अन्यापदेश-शतक[१४०] (रवि वर्मराज–१८७१ ई०), विज्ञप्तिशतक[१४१] (श्रीनिवास शास्त्री–१९वीं का उत्तरार्ध), योगिभोगिसंवादशतक[१४२] (श्रीनिवास शास्त्री), हेतिराजशतक[१४३] (श्रीनिवास शास्त्री), नखरशतक[१४४] (तिरुवेंकट ततदेशिक–१८९२ ई०), कालिका-शतकम्[१४५]–आत्मनिवेदनशतकम्[१४६]–शतकसप्तकम्[१४७] (वटुकनाथ शर्मा–१८९५ ई०), कचशतक[१४८] (वरदकृष्णमाचार्य–२०वीं शताब्दी), विधवाशतक[१४९] (वरद कृष्णमाचार्य), बल्लालशतक[१५०] (वल्लाल कवि), अन्योक्तिमुक्तालता[१५१] (शम्भु

---

१३४. क्लैसीफाइड इन्डेक्स टु दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि पैलेस ऐट तंजोर बाई ए०सी० बर्नेल लन्दन १६३ बी।

१३५. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा २४५।

१३६. वही।

१३७. वही।

१३८. वही, पैरा २४८।

१३९. वही, पैरा २५४ एक्स।

१४०. तंजोर से प्रकाशित।

१४१. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा २५४ के०।

१४२. वही।

१४३. वही।

१४४. ओंगोल से प्रकाशित।

१४५. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर पैरा २५४ बी।

१४६. वही, २५४ बी।

१४७. वही, २५४ बी।

१४८. वही, ५०४।

१४९. वही, ५०४।

१५०. संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास—वाचस्पति गैरोला, चौखम्भा विद्या-भवन वाराणसी १९७८ पृ० ६३४।

१५१. काव्यमाला गुच्छक २ में प्रकाशित।

कवि), सुदर्शनशतक[१५२] (कूरनारायन), वैराग्यशतक[१५३] (पद्मानन्द कवि), खड्गशतक[१५४], हंससन्देश[१५५], वाङ्मण्डनगुणदूत[१५६] (वीरेश्वर), मृगाङ्कशतक[१५७] (कवि कंकण), चन्द्रलक्ष्मोत्प्रेक्षाशतक[१५८] (नरहरि), जगमोहनवृत्तशतक[१५९] (वासुदेव ब्रह्मपण्डित), चर्वटशतक[१६०] (शंकराचार्य). त्रिविक्रमशतक[१६१] (त्रिविक्रम), योगशतक[१६२] (विदग्ध वैद्य), वाजिरहस्यशतक[१६३] (गीर्वाणयुद्ध विक्रम), व्याजोक्तिशतक[१६४] (त्रिविक्रम), सुश्लोकशतक[१६५] (f-ट्टन शुक्ल), अद्वैतशतक[१६६] (गंगाधर), आशौचशतक[१६७] (नीलकण्ठ), गोरक्षशतक[१६८]।

जारजातशतक[१६९] (नीलकंठ शर्मा), वरवरमुनिशतक[१७०] (देवराज),

---

१५२. काव्यमाला गुच्छक ८ में प्रकाशित।

१५३. वही ७ ,, ।

१५४. वही, ११ ,, ।

१५५. अनन्त शयन संस्कृत ग्रंथावली सं० १०३ त्रिवेन्द्रम १९३० ।

१५६. डॉ० चौधरी सम्पादित कलकता १९४१ ।

१५७. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग २, १५ ।

१५८. काव्यमाला से प्रकाशित।

१५९. ट्रीनियल कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स ओरियण्टल लाइब्रेरी, मद्रास भाग ३–२७३५ ।

१६०. पीटर्सन्स रिपोर्ट आफ दि आपरेशन इन सर्च आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन बाम्बे सर्किल भाग, ४-३० ।

१६१. कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन कश्मीर १६४–एम० ए० स्टेन ।

१६२. वही, १८६ ,, ,, ।

१६३. वही, १८९ ,, ,, ।

१६४. लिस्ट्स आफ़ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन दि बाम्बे प्रेसीडेन्सी, आर०जी० भण्डारकर, भाग १ बम्बई–१८९३ ।

१६५. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन कश्मीर १७६ एम० ए० स्टेन ।

१६६. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग २–२ ।

१६७. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया आपर्ट–मद्रास वॉल्युम २–३०२६, ६६४४ ।

१६८. नोटिस ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स, राजेन्द्र लाल मित्रा ४५१–कलकत्ता ।

१६९. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग १–२०६।

१७०. वही, भाग १–२५२ ।

भूपशतक[१७१] (राघव भट्ट), राघवसिंहकीर्तिशतक[१७२] (नरपति), शालिवाहन-सप्तशती[१७३] (कुमारदेव), पुराणदृष्टान्तशतक[१७४] (धर्मदेव), मोहनसप्तशती[१७५] (मोहन), योगशतक[१७६] (विदग्ध वैद्य), मूर्खशतक[१७७] (तेजसिंह), अन्योक्ति-शतक[१७८] (मोहन शर्मा), अन्योक्तिशतक[१७९] (वीरेश्वर भट्ट), आशौचशतक[१८०] (रामेश्वर), आशौचशतक[१८१] (वेंकटाचार्य), आशौचत्रिच्छ्लोकी[१८२] (भट्टोजी), वैराग्यशतक[१८३] (जनार्दन), वृत्तशतक[१८४] (मनोरथपुत्र महेश्वरकृत), अन्योक्ति-शतक[१८५] (दर्शन विजयगणि), अन्यापदेशशतक[१८६] (गणपति शास्त्री), अन्यापदेशशतक[१८७] (घनश्याम), अन्यापदेशशतक[१८८] (एकनाथ काश्यप),

---

१७१. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग ३–९१ ।

१७२. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला–के० जायसवाल भाग २––१२५ ।

१७३. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम भाग १––११० ।

१७४. काव्यमाला से प्रकाशित ।

१७५. ए कैटालाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स एक्जिस्टिंग इन दि सेन्ट्रल प्राविन्सेज कीलहार्न, नागपुर १८७४–८ ।

१७६. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स कन्टेन्ड इन दि प्राइवेट लाइब्रेरीज ऑफ गुजरात, काठियावाड़, कच्छ एण्ड कम्पाइल्ड अण्डर दि सुपरविजन ऑफ जी० ब्यूहलर २–२३४ ।

१७७. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग १–२३४ ।

१७८. नोटिस ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स बाई राजेन्द्र लाल मित्रा––२०१३ ।

१७९. काव्यमाला से प्रकाशित––बम्बई ।

१८०. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास, वाल्यूम २–३५९२, ३९६९ ।

१८१. वही, वाल्यूम २–१८५९ ।

१८२. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स कन्टेन्ड इन दि प्राइवेट लाइब्रेरीज ऑफ गुजरात, काठियावाड़, कच्छ एण्ड कम्पाइल्ड अण्डर दि सुपरविज़न ऑफ जी० ब्यूहलर, ३–७० ।

१८३. काव्यमाला से प्रकाशित ।

१८४. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन उलवर स्टेट ।

१८५. बम्बई से प्रकाशित ।

१८६. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन अडयार लाइब्रेरी ।

१८७. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि पैलेस लाइब्रेरी–तंजोर, भाग ७–२९०० ।

१८८. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग २–४ ।

अन्यापदेशशतक[१८९] (गीर्वाणेन्द्र), ज्ञानप्रकाशशतक[१९०] (गोरखनाथ शिष्य मीननाथ), श्रीशतक[१९१] (विन्ध्येश्वरी प्रसाद), चतुःशती-वामकेश्वरतंत्र[१९२] (पद्मानन्द), सिद्धान्तशतक[१९३], शक्तिवाहनशतक[१९४], रत्नसारशतक[१९५], प्रश्नशतक[१९६], पद्यशतक[१९७], व्यासशतक[१९८], उद्देश्यशतक[१९९] (तंत्र), अद्वैतशतक[२००], अद्वैतशतक[२०१], ओष्ठशतक या अधरशतक[२०२]

---

१८९. डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास २०—८०१९।

१९०. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम, यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास-मद्रास भाग ४-१७७।

१९१. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ ऑफ दि नार्थ वेस्ट प्राविन्सेज, बनारस एण्ड इलाहाबाद ५४८।

१९२. कैटलाग कोडिकम संस्कृति कोरम बिब्लियोथेसी बोडिलिएनए बाई आफ्रेख्ट ओक्सोनी १८६४, पृ० ११० ए०।

१९३. पुस्तकानाम् सूचीपत्रम् ऑफ दि लाइब्रेरी ऑफ पं० राधाकृष्ण ऑफ लाहौर यूज्ड बाई आफ्रेख्ट ७।

१९४. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ इन सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास ४।२६।

१९५. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग १—४९१।

१९६. पुस्तकानाम् सूचीपत्रम् ऑफ दि लाइब्रेरी ऑफ पं० राधाकृष्ण ऑफ लाहौर यूज्ड बाई आफ़ेख्ट—२१।

१९७. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ दि महाराज ऑफ बीकानेर—२५८ कम्पाइल्ड बाई राजेन्द्र लाल मित्रा—कलकत्ता।

१९८. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग २—१४८।

१९९. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज ऑफ दि नार्थ वेस्ट प्राविन्सेज बनारस एण्ड इलाहाबाद ५—२२।

२००. लिस्ट्स ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया बाई आपर्ट—मद्रास, भाग २—६१८२।

२०१. ए कलेक्शन ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स ऑफ माडर्न संस्कृत लिटरेचर प्रेजेण्टेड टु दि लाइब्रेरी ऑफ इंडिया आफिस, ए० सी० बर्नेल—१०१।

२०२. आफ्रेख्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग १—७६।

(नीलकंठ), कर्मशतक[२०३] (अवदान शतक का), योगशतक[२०४] योगशत या शतक[२०५]।

वोपदेशशतक[२०६] (वोपदेश कवि), योगशतक[२०७] (मदन सिंह), योग-शतक[२०८] (बलभद्र), योगशतक[२०९] (लक्ष्मीदास), शान्तिशतकसंग्रह[२१०] (रामानन्द तीर्थ), वैराग्यशतक[२११] (शंकराचार्य), दृष्टान्तशतक[२१२] (तेजसिंह), आशौचशतक[२१३] (वैदिक सार्वभौम), आशौचशतक[२१४] (वरनेल), वैराग्यशतक[२१५]

---

२०३. एसियाटिक रिसर्चेज, कलकत्ता, वॉल्युम २० पृ० ४७९।

२०४. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ हिज हाइनेस दि महाराजा ऑफ बीकानेर, कलकत्ता १८८०, ८, ५६९।

२०५. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि संस्कृत कालेज लाइब्रेरी, बनारस, इलाहाबाद—२८८।

२०६. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया, मद्रास—२—८२८७।

२०७. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स कन्टेन्ड इन दि प्राइवेट लाइब्रेरीज आफ गुजरात, काठियावाड़, कच्छ एण्ड कम्पाइल्ड अण्डर दि सुपरविजन आफ जी० व्यूहलर २—२३४।

२०८. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इग्जिस्टिंग इन दि सेन्ट्रल प्राविन्सेज—कीलहार्न—नागपुर २३८।

२०९. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज आफ दि नार्थ वेस्ट प्राविन्सेज बनारस एण्ड इलाहाबाद ४—३०।

२१०. नोटिस आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स, राजेन्द्र लाल मित्रा—१०४२।

२११. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास—५४५४।

२१२. आफ्रेक्ट, कैटेलोगस कैटेलोगोरम, भाग १—२३४।

२१३. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन मैसूर एण्ड कूर्ग—लेविस राइस—बंगलोर १९४।

२१४. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास—२—५६८, ७९९।

२१५. काव्यमाला से प्रकाशित।

(सोमनाथ), अन्योक्तिशतक[२१६] (सोमनाथ), अलंकारशतक[२१७] (जयदेव), आर्यासप्तशती[२१८] (आर० गोपालसूरि, नागार्जुनीययोगशतक[२१९] (ध्रुवपाल), हास्यशतक[२२०] (कवीन्द्र), मरकतशतक[२२१] (अघोरनाथ वन्द्योपाध्याय), अमरनाथशतक[२२२] (कृष्णसिंह ठक्कुर), तुरगशतक[२२३], वृन्दावनशतक[२२४], शार्दूलशतक[२२५], आनन्दसागरस्तवशतक[२२६] (नीलकंठ दीक्षित), सुदर्शनशतक[२२७] (वेंकटनाथ वेदान्त देशिक), लोकेश्वरशतक[२२८] (वज्र दत्त), अच्युतशतक[२२९] (अच्युतराय मोदक), पार्थसारथिशतक[२३०] (देवशिखामणि अलिशिङ्गराचार्य),

---

२१६. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स कन्टेन्ड इन दि प्राइवेट लाइब्रेरीज आफ गुजरात, काठियावाड़ कच्छ एण्ड कम्पाइल्ड अण्डर सुपरविजन आफ जी० व्यूहलर, २–७० ।

२१७. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन दि सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास–२–२७६३ ।

२१८. पुडुक्कोट से प्रकाशित ।

२१९. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इक्जिस्टिंग इन अवध, १२–२६ ।

२२०. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर, पैरा ३७३ सी ।

२२१. वही, पृ० ९२१ (इन्डेक्स) ।

२२२. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला के० जायसवाल भाग २–७१ ।

२२३. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर ।

२२४. जीवानन्द विद्यासागर 'काव्य संग्रह' कलकत्ता ।

२२५. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन सदर्न इंडिया, आपर्ट, मद्रास १३३४ ।

२२६. काव्यमाला गुच्छक ११ में प्रकाशित ।

२२७. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर पैरा १२१ ।

२२८. सम्पादित—एफ० डब्ल्यू० थामस, जर्नल आफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी १९२१ पृ० ७०३–२२ ।

२२९. कैटलाग आफ दि लाइब्रेरीज आफ दि इण्डिया आफिस लन्दन, वाल्यूम २, भाग १, पृ० २५ ।

२३०. हिस्ट्री आफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर—इण्डेक्स ।

अक्षरशतक[२३१] (आर्यदेव), अनिरुद्धशतक[२३२] (अनिरुद्धाचार्य), अनिरुद्ध-शतक[२३३], अष्टशतक[२३४] (प्रज्ञापारमितनाम), अष्टशती[२३५], आगमसार-शतकत्रय[२३६], आचरणशतक[२३७] (जैन), आत्मशिक्षाशतक[२३८] (जैन), आत्म-शतक[२३९] (वेदान्त), आत्मानुभवशतक[२४०] (जैन)।

आदिनाथशतक[२४१] (पन्नालाल), आभाणकशतक[२४२], आभाणक-शतक[२४३] (कुमार पाल), आभाणकशतक[२४४] (जैन), आयुदार्ययोगशतक[२४५],

---

२३१. चीनी-तिब्बती अनुवाद—वासुदेव गोखले, हीडेलबर्ग, १९३०।

२३२. पेरिस (वर्न० ६९, कम्बोदग)।

२३३. ए लिस्ट आफ प्रिन्टेड बुक्स इन दि जैन सिद्धान्त भवन अराह पृ० २२।

२३४. एन्नलेस ड्यू म्यूसी गुइमेट राम ज्यूक्सीम पेरिस १८८१, भाग २, पृ० २०१।

२३५. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम, वाल्यूम १-४५५, मद्रास यूनिवर्सिटी—डा० वी० राघवन।

२३६. गवर्नमेन्ट लाइब्रेरी मद्रास-७।

२३७. जैन ग्रन्थावली पृ० १५८।

२३८. वही, पृ० २०८।

२३९. ऐन अल्फाबेटिकल टाइप्ड लिस्ट आफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि कलेक्शन आफ दि डक्का यूनिवर्सिटी, डक्का बंगाल १७३।

२४०. थियोसॉफिकल सोसायटी, अडयार, मद्रास २०, १७ (१८९५-९६) ६८६-८९।

२४१. बम्बई, भाग ४ पृ० १।

२४२. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि अनूप संस्कृत लाइब्रेरी फोर्ट-बीकानेर २९६।

२४३. ए हैण्ड लिस्ट आफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि दाहिलक्ष्मी लाइब्रेरी नाडियाड-२९।

२४४. जैन ग्रन्थावली पृ० २०८। जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेन्स बम्बई से प्रकाशित।

२४५. ए स्क्रोल इन मैनुस्क्रिप्ट्स कन्टेनिंग टाइटिल आफ संस्कृत वर्क्स विद आथर्स नेम—पण्डित दामोदर शास्त्री, संस्कृत विद्यालय, कश्मीर, भाग २-१५१।

आर्यात्रिशती[२४६], आर्याद्विशती या राजयोगद्विशती[२४७], आर्याद्विशती[२४८] (वेंकत यज्वन), आश्लेषाशतक[२४९] (नारायण पण्डित), इन्दोरष्टोत्तरशतक-स्तव[२५०] (वेंकटाचार्य), इन्द्रियपराजयशतक[२५१], अन्यापदेशशतक[२५२] (नारायण दास), अन्यापदेशशतक[२५३] (मानिक्य), अन्यापदेशशतक[२५४] (शिवशंकर), अन्यापदेशशतक[२५५] (श्रीनिवास), अन्यापदेशशतक[२५६] (रघुनाथ-तीर्थ-शिष्य प्रणीत), अन्यापदेशशतक[२५७], अपराजितेशशतक[२५८] (त्रिलोक

---

२४६. ए हैण्डलिस्ट आफ ५४३ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ दि मठ आफ एच० एच० श्री शंकराचार्य आफ दि कामकोटि पीठ—कुम्बकोनम—१४१ (५)।

२४७. ए ट्रीनियल कैटलाग, कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड फार दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, २७५१।

२४८. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल लाइब्रेरी मैसूर १९२२ पृ० ३२९।

२४९. ए कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड बाई दि कुरटोर फार दि पब्लिकेशन आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स त्रिवेन्द्रम—टी० गणपत शास्त्री ७ भाग, भाग ५—१११।

२५०. ए कैटलाग इन स्लिप्स आफ दि मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि तेलगू एकेडमी—कोकनद४०७३ सी।

२५१. प्रकरण रत्नाकर भाग ४—बम्बई १९१२, प्रकाशित।

२५२. ए हैण्डलिस्ट आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि अनिपुण्डित लाइब्रेरी, पी० ओ० वीनी बाजार, सिलहेत, आसाम।

२५३. ऐन अल्फाबेटिकल टाइप्डलिस्ट आफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि कलेक्शन आफ दि ढक्का, यूनिवर्सिटी, ढक्का बंगाल ४३३१।

२५४. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल लाइब्रेरी मैसूर १९२२, पृ० ६३७।

२५५. वही, पृ० २८८।

२५६. ए ट्रीनियल कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड फार दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, ३१५२ (ए)।

२५७. ए हैण्डलिस्ट आफ १०३८ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि संस्कृत पाठशाला इन राजापुर, रत्नगिरि जिला, बाम्बे प्रेसीडेन्सी ९१६।

२५८. ए हैण्डलिस्ट आफ ८३८ संस्कृत प्राकृत एण्ड कन्नड मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि दानशालामठ शास्त्रभंडार मूदविद्रि ४५८ (सी)।

भूषण), अभिलाषशतक[२५९] (केवलराम), अलंकारशतक[२६०], अवधूतशतक[२६१] (जैन दिगम्बर), उपदेशशतक[२६२] (जैन), कर्मोपदेशशतक[२६३] (मेरुतुङ्ग), उपदेशशतक[२६४] (विमलकीर्ति), उपदेशशतक[२६५] (हरसुन्दर तर्करत्न), कबीरशतक[२६६], कबीरैकोत्तरशतक[२६७], कर्मशतक[२६८] (देवेन्द्र सूरि), कालविचारशतक[२६९], कालशतक[२७०], कालहस्तीश्वरशतक[२७१] (वरदन्त), कालिविचार-

---

२५९. ए सप्लीमेन्ट्री लिस्ट आफ ७०० संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लायब्रेरी आफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी वंगाल, भाग ७–५५१३।

२६०. ए कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी उज्जैन—वाल्यूम १–पृ० ४३।

२६१. विज्म नासिक पटवर्धन–टू लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भारतीय इतिहास संशोधक मण्डल, पूना—वि० (६२।१)।

२६२. रिपोर्ट ऑन दि सर्च फार संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि बाम्बे प्रेसीडेंसी ड्यूरिंग इयर १८८३-८४, पृ० १८०।

२६३. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट दकन गमयखान पूना—४, १८९५-९८ का ६०९।

२६४. जैन ग्रन्थावली पृ० १७३, २०८। जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस बम्बई से प्रकाशित।

२६५. कैटलाग आफ दि लाइब्रेरी आफ इण्डिया आफिस, वाल्यूम २—भाग १, लन्दन १९३८ पृ० १९।

२६६. प्रिन्टेड विद हिन्दी मेट्रिकल वरसेज बाई अखयराम बनारस—१९०२।

२६७. कैटलाग आफ दि लाइब्रेरी आफ इण्डिया आफिस, वाल्यूम २—भाग १, लन्दन १९३८—पृ० १२०२।

२६८. ए कैटलाग आफ ३१६८ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि जैन भण्डार्स आफ दि पंजाब भाग १—४७६।

२६९. जैन ग्रन्थावली पृ० २०८, जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस बम्बई से प्रकाशित।

२७०. वही।

२७१. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम आफ मद्रास यूनिवर्सिटी, मद्रास, वाल्यूम ४–४०।

शतक[२७२] (जैन), काशीसारशतक[२७३], कीर्तिशतक[२७४] (द्विजराम शर्मा), कुमारविहारशतक[२७५] ।

कृष्णनामाष्टोत्तरशतक[२७६] (रूपगोस्वामी), कृष्णराजत्रिशती[२७७] (अच्चण्णाचार्य), कृष्णशतक[२७८] (विट्ठल दीक्षित), कृष्णषडुत्तरशतक[२७९], कृष्णार्याशतक[२८०] (राघव आपाखांडेकर), कृष्णार्याशतक[२८१] (सुब्रह्मण्यम्), कोवण्डरामशतक[२८२], गणेशनामाष्टशतक[२८३], गणेशशतक[२८४] (नीलकण्ठ शास्त्री), गणेशशतक[२८५] (यज्ञवेदेश्वर दुरास्वामी), गाथाशतकप्रकरण[२८६] (शिवशर्म सूरि),

---

२७२. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट दकन, गयमखान पूना— ४, १८८०–८१ का ७७ ।

२७३. ए कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ दि बनारस संस्कृत कालेज—४४ ।

२७४. ऐन अल्फाबेटिकल टाइप्ड लिस्ट आफ दि संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि कलेक्शन आफ दि डक्का यूनिवर्सिटी आफ डक्का, बंगाल ५३०३ ।

२७५. भावनगर से प्रकाशित ।

२७६. काव्यमाला ८४ में प्रकाशित, बम्बई १९०३, पृ० १७-२७ ।

२७७. ए० एफ० गोवध रिकार्ड्स आफ एन्सियेन्ट संस्कृत लिटरेचर, पृ० १८६ ।

२७८. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग आफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ दि बाम्बे ब्रांच आफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी—११७९ (टीका सहित) ।

२७९. लिस्ट्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स डिस्कवर्ड इन अवध ड्यूरिंग इयर १८७९--४० ।

२८०. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम, मद्रास यूनिवर्सिटी, मद्रास, वाल्यूम ५, पृ० १९ ।

२८१. पालघाट से प्रकाशित-१८९९ ।

२८२. तेलगू लिपि में प्रकाशित, मद्रास-१८४२ ।

२८३. रिपोर्ट आन सर्च आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन बाम्बे प्रेसीडेन्सी, वी० जी० भण्डारकर-२५, ४१ ।

२८४. ए ट्रीनियल कैटलाग आफ मैनुस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड फार दि गवर्नमेन्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, १५८२७ ।

२८५. स्तोत्रार्णव में प्रकाशित, मद्रास गवर्नमेंट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी सीरीज-७० । पृ० १६-१७, १९६१ ।

२८६. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट दकन गयमखान पूना ४, १४८ एफ-१८८१-८२ ।

गीतासप्तशती[२८७], गुरुगीताशतक[२८८], गुरुचरित्रत्रिशती[२८९] (वासुदेवनन्द स्वामी), गुरुराजशतक[२९०] (श्रीनिवास स्वामी), गुरुशतक[२९१], गोपालशतक[२९२] (गंगादास), गोमटेशशतक[२९३], गोविन्दशतक[२९४] (रामकुरूप), चकियाशतक[२९५] (सरयूप्रसाद मिश्र), चतुःशती[२९६] (नारद), चतुःशती[२९७] (रघुनाथ तर्कवागीश), चतुःशतीतंत्र[२९८], चर्चाशतक[२९९], चर्पटशतक[३००] (चर्पट), चिकित्सायोगशत[३०१], चिकित्साशत-

---

२८७. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि चुरातोर्स आफिस लाइब्रेरी त्रिवेन्द्रम ८६९ बी।

२८८. फाइव हैण्डलिस्ट्स आफ कलेक्शन आफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन त्रिप्पुनित्तुर, कोचीन, केरला स्टेट– प्रथम लिस्ट ६४८ बी।

२८९. निर्णयसागर प्रेस बम्बई १९१५।

२९०. नडुकावेरी १९०१ में प्रकाशित।

२९१. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ आफ दि नार्थ वेस्ट प्राविन्सेज बनारस-इलाहाबाद ७-४४।

२९२. स्टडी इन इण्डियन लिटरेरी हिस्ट्री, बाई पी० के० गोडे, वाल्यूम १, पृ० ४६२।

२९३. कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि इण्डिया आफिस लन्दन बाई ईगलिंग–७६५५।

२९४. केरलसाहित्यचरितम्, वाल्यूम ४–पृष्ठ ७३६।

२९५. बनारस से प्रकाशित-१९०२।

२९६. ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग आफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ दि बाम्बे ब्रांच आफ दि रायल एसियाटिक सोसायटी–८०८।

२९७. नोटिस आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स– राजेन्द्र लाल मित्रा–३१८६।

२९८. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ महाराजा आफ बीकानेर–कम्पाइल्ड बाई राजेन्द्र लाल मित्रा–कलकत्ता–१६४६।

२९९. ए लिस्ट ऑफ प्रिन्टेड बुक्स इन दि जैन सिद्धान्त भवन अर्राह–पृ० ७।

३००. ए कैटलाग आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी आफ दि महाराज आफ बीकानेर–१६४५।

३०१. पुस्तकानां सूचीपत्रम् ४८ पृष्ठ आफ दि लाइब्रेरी आफ पं० राधाकृष्ण आफ लाहौर–३१।

श्लोक[३०२], चित्रशतक[३०३] (नारायण), चिदम्बरनटराजशतक[३०४] (रामनाथ मेनन), चिदानन्दशतक[३०५] (अप्पय शास्त्री, चिमनीशतक[३०६], चैतन्यशतक[३०७] (वासुदेव सार्वभौम भट्टाचार्य)।

चोबीसजिनशतक[३०८], छिन्नमस्ताष्टोत्तरशमशतक[३०९] (गोरक्ष संहिता से), जगन्नाथशतक[३१०] (रघु), जम्भलनामाष्टशतक[३११], जम्भलनामाष्टोत्तरशतक[३१२], जातकरत्नयोगशतक[३१३], जिनवैराग्यशतक[३१४], जिनशतक[३१५], जिनशतक[३१६]

---

३०२. दि मैग्ज़ीन कलेक्शन—ए डिस्क्रिप्टिव कैटलाग श्राफ श्रोरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड-बाई दि लेट ल्यूट कॉल कालिन मैग्जीन—एच० एच० विल्सन, कलकत्ता—१३४।

३०३. ए कैटलाग श्राफ दि मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी उज्जैन, लेटेस्ट एडिशन—३३५।

३०४. मलयालम लिपि में पालघाट से प्रकाशित. १९१९।

३०५. दीक्षित ग्रन्थमाला इन तेलगू लिपि मद्रास १९१४—प्रकाशित।

३०६. ए हैण्ड लिस्ट श्राफ दि मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी श्राफ नाथद्वारा उदयपुर, मेवाड़ स्टेट १७४, १६।

३०७. प्रकाशित—कलकत्ता १९११। कलकत्ता—बंगाली अनुवाद प्रकाशित १९३०।

३०८. रिपोर्ट श्रान दि सर्च फार संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि बाम्बे प्रेसीडेन्सी ड्यूरिंग इयर १८८३-८४, पृ० २२६ बी।

३०९. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी ऑफ महाराजा ऑफ बीकानेर १२६६।

३१०. ए सप्लीमेन्ट्री लिस्ट श्रॉफ ७०० संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि लाइब्रेरी श्रॉफ रायल एसियाटिक सोसायटी बंगाल, वाल्यूम ७—५१८३।

३११. कैटलाग डु फोन्डस तिब्बतन डिला ब्रिब्लियोथेक्यू नेशनल परमारसेल लालोड पेरिस १९३१, पृ० ८३,८७।

३१२. एसियाटिक रिसर्च, कलकत्ता, वॉल्यूम १०, पृ० ५२८।

३१३. ज्योतिष, इलाहाबाद १७२।

३१४. ए कैटलाग ऑफ ३१६८ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि जैन भण्डार ऑफ दि पंजाब पार्ट १ बनारसीदास श्रोरियण्टल कालेज, लाहौर—९५८—६०, ९६१।

३१५. जैन ग्रन्थावली पृ० २११।

३१६. मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि भण्डारकर श्रोरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट दकन गयमखान पूना ४, १:११, १८९१—९५।

(गुलाब दास), जीवशतक[३१७], जीवशतक[३१८] (शान्तिवर्मन), जैनवैराग्यशतक[३१९] (गुलालचन्द्र), जैनशतक[३२०] (भूधर), जैनीयवैराग्यशतक[३२१], ज्वरत्रिशती[३२२], ज्वरत्रिशती[३२३] (सारंगधर), आर्याष्टशत[३२४] (आर्यभटीय), तारासाधनशतक[३२५] (चन्द्रगोमिन), नीतिशतक[३२६] (वेंकट राय), नीतिशतक[३२७] (श्री निवासार्य), नीतिशतक[३२८], नीतिशतक[३२९] (सुन्दराचार्य), अन्यापदेशशतक[३३०]।

शृङ्गारी शतक

काम इस सृष्टि का मूल कारण है। श्रुतियों से लेकर परवर्ती संस्कृत साहित्य में सर्वत्र काम का अस्तित्व स्वीकार किया गया है। सनातन रूप में अवस्थित उस

---

३१७. रिपोर्ट ऑन दि सर्च फार संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि बाम्बे प्रेसीडेन्सी ड्यूरिंग दि इयर १८८३-८४, पृ० १२६ बी।

३१८. कैटलाग ऑफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि सेन्ट्रल प्राविन्सेज एण्ड बेरार बाई रायबहादुर हीरालाल, नागपुर १९२६, पृ० ७०९३।

३१९. कैटलाग ऑफ दि लाइब्रेरी ऑफ दि इण्डिया आफिस लन्दन पृ० ११३२।

३२०. ए लिस्ट ऑफ प्रिन्टेड बुक्स इन दि जैन सिद्धान्त भवन अर्राह पृ० ११।

३२१. ए कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स एण्ड अदर बुक्स इन दि श्री एलाक पन्नालाल दिगम्बर जैन सरस्वती भवन झालरापटन विद् टाइटिल ग्रन्थनामावली १९३३।

३२२. अत्रिदेव विद्यालङ्कार—आयुर्वेद का बृहद् इतिहास पृ० ३१९।

३२३. वही।

३२४. न्यू कैटेलोगस कैटेलोगोरम, यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास, मद्रास, वाल्यूम २, पृ० १७७।

३२५. सम प्राब्लम्स ऑफ इण्डियन लिटरेचर वाल्यूम २, १–२६९।

३२६. कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन ओरियण्टल लाइब्रेरी मैसूर एण्ड सप्लीमेन्ट—२४८।

३२७. डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, १०—८०३८।

३२८. दि हिस्ट्री ऑफ क्लैसिकल संस्कृत लिटरेचर, एम० कृष्णमाचारियर पैरा २६८।

३२९. वही।

३३०. कैटलाग ऑफ मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि पैलेस लाइब्रेरी, तंजोर बाई पी० पी० एस० शास्त्री, कैटलाग भाग ७–२९०१, ३, ६, १९०७।

काम भावना के कारण ही परमेश्वर भी 'तदैक्षत् बहु स्याम्' की भावना से प्रेरित होकर सृष्टि करता है। पुरुष काममय है, उसका स्वरूप, शक्ति, प्रकृति सभी काममय है। मानसिक प्रक्रिया, मानसिक व्यापार, अथवा रागात्मिका वृत्ति का नाम ही काम है। हमारे शृङ्गारी शतकों का विकास भी उच्चकोटि के सामाजिक वातावरण में ही प्रारम्भ हुआ है।

शृङ्गारी गीति काव्य का विकास ईसवी सन् की प्रारम्भिक शताब्दी में विशेष रूप से हुआ। इस समय भारतवर्ष की व्यापारिक उन्नति विशेष रूप से हुई तथा समृद्धि के फलस्वरूप संगीत तथा कला का पूर्ण विकास हुआ। नगरवासियों की सुख-समृद्धि तथा विलासप्रियता का ज्ञान हमें वात्स्यायन के कामसूत्र से होता है। उन्होंने जिस दिनचर्या का उल्लेख किया उसमें सायं-गोष्ठी का आयोजन, पर्वों, उत्सवों में विलास क्रीडा का आयोजन, गीति वाद्य का आयोजन आवश्यक माना है। साहित्य में इन परिस्थितियों का प्रभाव पड़ा तथा मानवीय भावनाओं ने रति भावोन्मुख कविता को अग्र स्थान प्रदान किया। प्रेम भाव के प्राकृतिक स्वरूप के लिए कलात्मक रूपदान का प्रारम्भ हुआ, जिससे सूक्ष्मतापूर्वक रूप चित्रण की, अनुभाव वर्णन की प्रक्रिया चल पड़ी और शृङ्गारी शतकों का विकास हुआ। इन शतकों में शृङ्गार को ही प्रधान रस माना गया तथा काम के विभिन्न स्वरूपों मदन, मन्मथ, मार, काम, कन्दर्प, पञ्चशर आदि के मानव समुदाय में व्यापक व्याप्त प्रभाव का चित्रण किया गया। भारतीय कवि अपने को रमणी के सौन्दर्य से बचा न सके फलतः उन्होंने सौन्दर्य शास्त्र से प्रभावित होकर एक विधा का विकास किया जो शृङ्गार नाम से अभिहित की गयी।

संस्कृत के कवियों का नायिका-विषयक ज्ञान तथा प्रकृति सम्बन्धी ज्ञान विस्मयकारी है। उन्होंने प्रकृति के उन नाना सूक्ष्मरूपों का भी विवेचन इन काव्यों में किया जो उद्दीपक रूप में इस जगत् में समस्त जड़ चेतन प्राणियों को कामोन्मुख कर, परस्पर आकर्षित करते हैं। प्रकृति के सुन्दर स्वरूप को ही सर्वप्रथम हमारे मनीषी सहन न कर सके और उन्होंने वैदिक ऋचाओं के रूप में नाना शक्तियों की प्रार्थना रूप में दिव्य शृङ्गारिक भावों की अभिव्यक्ति की। इसीलिए फ्रांसीसी प्राच्य विद्या विशारद लुई रेनू ने कहा है कि—"भारत की प्रतिभा से ज्ञान की जितनी भी शाखाएँ उत्पन्न हुईं उनमें सौन्दर्य शास्त्र जितने गहरे रूप में भारतीय है उतना और कोई नहीं।"

समाज में प्रचलित मान्यताएँ प्रायः रूढ़िवादी हो जाया करती हैं और उन पर चलना एक सामान्य बात सी हो जाती है। इसी प्रकार बाद में हमारे कवियों में भी यह शृङ्गार शतक रचना की परम्परा रूढ़िवादी बन गयी। कवियों ने रमणी के नयन, मुख, नासिका, केश, कटाक्ष, वक्षोज, कटि, रोमावलि आदि अवयवों को ही

विषय बनाकर काव्य-सर्जना की। इतना अवश्य है कि हमारे इन कवियों का ज्ञान अलौकिक था तथा अपनी अन्तः सूझ से इन्होंने विषय-वस्तु को जिस कलेवर में सँजोया, वह संसार के किसी भी साहित्य में दुर्लभ है। कवि ने मर्यादित शृङ्गार का ही चित्रण किया है। जहाँ कहीं भावविभोर होकर वह लौकिक धरातल पर उतरने लगता है, अश्लीलता भी ला देता है पर उसमें भी एक अपूर्व सौंदर्य तथा आनन्द का समन्वित रूप पाया जाता है।

शृङ्गारी शतकों का विवरण क्रमानुसार प्रस्तुत है—

शृङ्गारशतक[३३१] (भर्तृहरि–६वीं शताब्दी), शृङ्गारशतक[३३२] (वृजलाल) शृङ्गारशतक[३३३] (जनार्दन), शृङ्गारशतक[३३४] (नरहरि), शृङ्गारशतक[३३५] (व्रजराज), अमरुकशतक[३३६] (अमरुक–७वीं शती), शृङ्गारकलिकात्रिशती[३३७] (कामराज दीक्षित-१७वीं शती) सुन्दरीशतक[३३८] (उत्प्रेक्षा वल्लभ–१६वीं शताब्दी), काव्य-भूषणशतक[३३९] (कृष्णवल्लभ भट्ट–१९वीं) भावशतक[३४०] (नामराज), रोमा-वलिशतक[३४१] (रामचन्द्र कवि), कटाक्षशतक[३४२] (मूककवि), कुचशतक[३४३] (आत्रेय श्रीनिवास) सौन्दर्यलहरी[३४४] (शंकराचार्य), शृङ्गारशतक[३४५] (पण्डितराज जगन्नाथ),

---

३३१. चौखम्बा विद्याभवन–बनारस से प्रकाशित।

३३२. काव्यमाला में प्रकाशित बम्बई।

३३३. वही, गुच्छक ११ ।

३३४. वही, गुच्छक १२।

३३५. काव्यमाला में प्रकाशित।

३३६. वही।

३३७. वही, गुच्छक १४।

३३८. वही, गुच्छक ९।

३३९. वही, गुच्छक ६।

३४०. काव्यमाला में प्रकाशित।

३४१. वही।

३४२. वही।

३४३. डिस्क्रिप्टिव कैटलाग ऑफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी मद्रास, १०–३८९३।

३४४. गणेश एण्ड कम्पनी (मद्रास) प्राइवेट लिमिटेड, मद्रास–१७, सन् १९५७।

३४५. पण्डितराज 'काव्य संग्रह', संस्कृत एकेडेमी, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से प्रकाशित।

कृष्णकर्णामृत[३४६] (लीलामुक), रसवतीशतक[३४७] (धरणीधर), कटाक्षशतक[३४८] (गणपति शास्त्री—१९वीं शताब्दी), शृङ्गारधनदशतकम्[३४९] (धनदराज १५वीं शताब्दी), रोमावलिशतक[३५०], वक्षोजशतक[३५१] आर्यासप्तशती[३५२] (आचार्य विश्वेश्वर—१८वीं शताब्दी), शृङ्गारसप्तशती[३५३] (परमानन्द), शृङ्गारकलिका-त्रिशती[३५४] (हरी)।

इस प्रकार शतक-काव्य-परम्परा का सर्वेक्षण करने पर स्पष्ट हो जाता है कि संस्कृत-काव्य की अन्य विधाओं के समान ही शतक-काव्य विधा भी समृद्धिशाली है। हमारे संस्कृत वाङ्मय में हर समय धार्मिक, काव्यात्मक तथा शृङ्गारी शतकों का निर्माण-कार्य प्रारम्भ रहा और इसी के परिणामस्वरूप यह साहित्य (शतक साहित्य) इतना विशाल बन सका। शतक-काव्यों में हमें हर तरह की सामग्री उपलब्ध हो जाती है, जो हमें लौकिक समाज से लेकर मोक्ष तक की उपयोगी शिक्षाएँ प्रदान करती है। यदि शतक-काव्यों की हस्तलिपियों का प्रकाशन एवं सम्पादन कार्य पूरा हो जाय तो हमारी संस्कृत वाङ्मय की ज्ञानराशि में और भी वृद्धि हो जाएगी, जो समाज को तथा ज्ञानेच्छुकों को हर काल तथा परिस्थिति में यथार्थ मार्गदर्शन करेगी।

---

३४६. काव्यमाला में प्रकाशित।

३४७. कैटलाग ग्रॉफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट्स इन दि इंडिया आफिस लंदन बाई इग्गलिंग—२०७९।

३४८. हिस्ट्री ग्रॉफ दि क्लैसिकल संस्कृत लिठरेचर, एम० कृष्णमाचारियर पैरा २५४ एन।

३४९. संस्कृत साहित्य का इतिहास शिवबालक द्विवेदी, सुशीला पाण्डेय, १९७६ संस्करण पृ० २९३।

३५०. काव्यमाला में प्रकाशित।

३५१. वही।

३५२. बम्बई से प्रकाशित। बनारस से प्रकाशित।

३५३. बनारस से प्रकाशित।

३५४. बम्बई से प्रकाशित।

भारतीय तन्त्र और वैदिक शील

डॉ० हरिहर नाथ त्रिपाठी

वाराणसी

Tantra is a mode of worship of *Puruṣa* and *Prakṛti* or *Śiva* and *Śakti*. *Tāntrika sādhanā* aims at nearness to *Brahma śakti* which is eternally manifest both in *Jīva* and creation. Tantra is the path of *Yogīs* but the licentious, in disguise of *Yogīs*, have corrupted this way of *Sādhanā*, by using the five *Makāras* to their selfish ends.

कुलार्णव, पारानन्दसूत्र एवं वायुपुराण में शिव ने पार्वती से कहा कि वेद और आगम को ज्ञान-खंड से मथ कर उन्होंने कुलधर्म की स्थापना की है। इस प्रकार तन्त्र का आधार वैदिक परम्परा कही गयी है किन्तु वही तन्त्र अन्यत्र कहता है कि वेद का अध्येता यदि कुलधर्म ज्ञान-शून्य है तो वह चाण्डाल से भी निकृष्ट है। कुलधर्म का ज्ञाता चाण्डाल वेदज्ञ ब्राह्मण से श्रेष्ठ है। गुह्य समाज के अनुसार गुह्य का तात्पर्य है काय, वाक्, चित्त; और समाज का धर्म है इनका समष्टि भाव। वीर-साधन-कर्म हैं—मद्य, मत्स्य, मांस, मुद्रा, मैथुन। इनके बिना जो चंडिका की उपासना करता है उसके चार नष्ट हो जाते हैं—आयु, विद्या, यश और धन। वह योगियों के द्वारा भक्ष्य होता है, साथ ही पाप का पात्र भी होता है। स्वामि-परायण शक्ति को वाम-भाग में स्थापित कर स्वयं शंकर स्वरूप वीर देवत्व की प्राप्ति करता है। बिना शक्ति के वीर पूजा का अधिकार नहीं माना गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि तन्त्र की यह प्रक्रिया मात्र गृहस्थ के लिए है, अन्यत्र यह भोग का साधन ही हो सकती है।

महानिर्वाणतन्त्र में अन्यत्र कहा गया है कि जीव, प्रकृतितत्त्व, दिक्, काल, आकाश, क्षिति, तेज, अप्, वायु ही कुल हैं। यहाँ पृथ्वी, अप्, तेज, वायु [illegible] को पंचमकार के स्थान पर कहा गया है। इनके माध्यम से ब्रह्मप्राप्ति की प्रक्रिया कुलाचार कहा गया है। इसका लक्ष्य है धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। शाक्त-संगम-तन्त्र मे काली के उपासक को 'कुल' कहा गया है। कुलार्णवतन्त्र में शिव-शक्ति से उत्पन्न गोत्र ही 'कुल' है। शिव को अकुल और शक्ति को कुल कहा है। इस कुलाकुल मर्म का ज्ञाता

ही कौलिक है। लेकिन यहाँ पंचमकार को अनिवार्य रूप से इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि भाग्यहीन को मद्य, मांस, मैथुन आदि प्राप्त नहीं होते। पारानन्दसूत्र के अनुसार परमात्मा एक है और ईश्वर सात हैं—ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, गणेश, शक्ति और भैरव। इनकी प्राप्ति के तीन मार्ग हैं—दक्षिण, वाम और उत्तर। दक्षिण से उत्तम वाम है और वाम से उत्तम उत्तर। उत्तर से उत्तम कुछ नहीं है। वामाचार दो प्रकार का होता है, मध्यम और उत्तम। मद्य, मैथुन, मुद्रा से युक्त उत्तम है और मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन से युक्त मध्यम है। कुलार्णवतन्त्र में वैष्णव से उत्तम शैव, शैव से उत्तम दक्षिण, दक्षिण से उत्तम वाम, वाम से उत्तम सिद्धांत और सिद्धांत से उत्तम कौल है। कौल से उत्तम कुछ नहीं होता।

दक्षिण मार्ग का आधार है वेद, स्मृति और पुराण। वाम मार्ग का आधार है निगम और आगम। उत्तर गुरुवाक्य से आता है। गुरु को जीवनमुक्त माना गया है। परशुरामकल्पसूत्र में पंचमकार प्रयोग को अत्यन्त गुप्त रखने का आदेश हैं, अन्यथा प्रकट होने से नरक गमन होता है। शक्तिसंगम में तो वेद विद्या को वेश्या कहा गया है क्योंकि उसमें गुह्य नहीं होता। वेद, पुराण और शास्त्र को वेश्या और शाम्भवी विद्या को कुलवधू के समान माना गया है। कौलिकाचार सुगुप्तता में देवत्व और प्रकाशन में नाश को प्राप्त होता है। इस कौलिकाचार में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका गुरु की होती है जिसे जीवनमुक्त कहा गया है। पारानन्द में नव्यशिष्य के लिए तीन प्रकार का प्रयोग गुरु के लिए कहा गया है। इसके अनुसार स्वेच्छा ऋतुमती शक्ति साक्षात् ब्रह्म है। इसलिए वस्त्रालंकार भोजन के द्वारा भक्तिपूर्वक उसकी पूजा करनी चाहिए। स्त्री ही देवता है, प्राण है और स्त्री ही भूषण है। न तो स्त्री की निन्दा करनी चाहिए न तो उसे क्रुद्ध करना चाहिए। देवों एवं गुरुओं की अभ्यर्चना वेदतन्त्रोक्त मार्ग से कर, देवता का स्मरण करते हुए मद्य पीते हुए वेश्यागमन में पाप नहीं है। इसी प्रकार की धारणा का प्रचार शक्तिसंगमतन्त्र, कालीखण्ड, ताराखण्ड, कौलावलीनिर्णय, कुलार्णवतन्त्र आदि में किया गया है।

पारानन्दसूत्र में तान्त्रिकों के उत्सवविधि का वर्णन है। इसमें चांडाल तक को दीक्षा दी जा सकती है। विभिन्न तन्त्रों में वर्ण-व्यवस्था का प्रयोग है और अनेक में नहीं। यहाँ तक कि अनेक तन्त्रों में रजकी आदि का विशेष महत्त्व है।

हिन्दूतन्त्र के दो पक्ष हैं—दार्शनिक या आध्यात्मिक, दूसरा रहस्यात्मक। दूसरे में मन्त्र, मुद्रा, मण्डल, न्यास, चक्र और यन्त्र का प्रयोग होता है। महानिर्वाण-तन्त्र उपासना में पंचमकार का प्रयोग विहित मानता है। इसके अनुसार महातन्त्र का ज्ञान हो जाने पर वेद, पुराण और शास्त्रों की उपयोगिता समाप्त हो जाती है। इसके द्वारा ही मनुष्य ब्रह्म हो जाता है। जिस प्रकार सत्य, त्रेता, द्वापर में मद्यादि सेवन किया जाता था, उसी प्रकार कलियुग में भी करना चाहिए। जो व्यक्ति

कुलाचार के अनुरूप ऐसा करता है उसे कलि की बाधा नहीं होती। महानिर्वाण के अनुसार ही कुलस्त्रियों को मद्य का गन्ध-मात्र स्वीकार करना चाहिए। गृहस्थ साधक को भी मात्र पंचपात्र मद्य लेना चाहिए। यदि अपनी स्त्री जीवित है तो साधक अन्य स्त्री का स्पर्श नहीं कर सकता है।

महानिर्वाणतन्त्र के अनुसार भैरवीचक्र प्राप्त होने पर सभी वर्ण द्विजोत्तम हैं। भैरवचक्र निवृत्ति में सभी वर्णों के अलग-अलग कर्म हैं। उच्छिष्टादि विवेचन में नाम-जाति का कोई विचार नहीं है। चक्रमध्य में गया हुआ वीर नर मात्र है। चक्र से विनिवृत्त सभी के अपने-अपने वर्ण और आश्रम होते हैं। लोकयात्रा सिद्धि के लिए सभी को पृथक्-पृथक् कर्म करना चाहिए। इसी प्रकार के विचार **कौलावली-निर्णय, भैरवीचक्र** में भी हैं। **महानिर्वाण** में शैवविवाह की विधि बड़ी विलक्षण है। इसमें वय और वर्ण का विचार नहीं है। इतना अवश्य है कि शैवविवाह से उत्पन्न सन्तति ब्राह्मविवाह से उत्पन्न सन्तति के रहते उत्तराधिकार से वंचित रहती है।

१८वीं शती में यशपाल का **मोहापराजय** नामक नाटक एक कौल का चित्रण करता है: मैं प्रतिदिन मांस खाता हूँ, मुक्त संकल्प होकर प्रतिदिन मद्यपान करता हूँ, अनिवारित मन का प्रसार करना ही मेरा धर्म है। अपरार्क ने आडम्बरग्रस्त व्यक्ति का चित्रण किया है: भीतर से कौल, बाहर से शैव और लोकाचार में वैदिक व्यक्ति नारिकेल फल के समान सार मात्र ग्रहण करता है। इस प्रकार के पाषण्ड-ग्रस्त व्यक्तियों का चित्रण **कुलार्णवतन्त्र, कौलावली निर्णय** में ही नहीं, **बृहज्जा-बालोपनिषद्** और **देवीभागवत्** में भी किया गया है। **महानिर्वाणतन्त्र** में इस प्रकार नानावेशधारी कौलों के आचरण की प्रशंसा है।

गुह्यसमाज की भूमिका में डॉ० भट्टाचार्य ने एक प्रश्न उठाया है कि तान्त्रिकों के पंचमकार के साथ वैदिक नैतिकता का क्या सम्बन्ध है? लगता यह है कि अर्थ-काम से विरक्त बौद्ध तान्त्रिकों ने तन्त्र के माध्यम से अवैदिक नैतिकता एवं व्यक्ति-भोग को तान्त्रिक दार्शनिकता देने का प्रयास किया। इसके विपरीत वैदिक तान्त्रिकों ने तन्त्र को वैदिक नैतिकता के साथ जोड़ने का प्रयोग सदा जारी रखा। **कौल रहस्य** में **हंस विलास** का उद्धरण है जिसके अनुसार जहाँ भोग है वहाँ मोक्ष नहीं हो सकता और जहाँ मोक्ष है वहाँ भोग नहीं रह सकता। लेकिन गृहस्थ के साथ भोग है। सामान्यजन का भोग से सम्बन्ध अनिवार्य है। भोग के साथ भी योग या आध्यात्मिकता का विकास हो सके इसके लिए गृहस्थों के लिए या सामान्य जन के लिए भोग की आध्यात्मिकता तन्त्र की कठिन साधना के साथ जोड़ दी गयी। स्वयं **कौल रहस्य** में आगे कहा गया है कि श्री सुन्दरी सेवन से भोग और मोक्ष दोनों करस्थ हैं। **महानिर्वाणतन्त्र** ब्राह्मण, अंत्यज या भूतल के सभी व्यक्तियों को

कुलाचार का अधिकार देता है। इस प्रकार की तान्त्रिकता के साथ इस देश में एक नयी सामाजिकता का विकास होता है।

महानिर्वाणतन्त्र और अन्य तन्त्र ग्रन्थों की नैतिकता के प्रश्न को खुल कर उठाया गया है। परशुरामकल्पसूत्र के टीकाकार रामेश्वर ने स्पष्ट कहा है कि जो जितेन्द्रिय नहीं है उसके लिए कौलाचार नहीं है। वस्तुतः यहाँ रामेश्वर ने महा-निर्वाणतन्त्र की उस घोषणा का विरोध किया है जिसके अनुसार सभी व्यक्तियों को इस मार्ग पर चलने की छूट दी गई थी। गुह्य समाज में भी वज्रयानियों ने जो मार्ग बताया है वह योगियों के लिए ही है। लेकिन इस स्थिति में समस्या यह है कि कौन यह घोषित करेगा कि अमुक व्यक्ति योगी या जितेन्द्रिय है और वह पंचमकार की तान्त्रिक साधना का पात्र है? वस्तुतः यहीं सारी चरित्रहीनता तान्त्रिक साधना के साथ जुड़ती है, जब सभी अपने को योगी और वीर घोषित कर पंचमकार को मूलतः भोग और प्रचार में तन्त्र का रूप देते हैं। उडरफ ने इस आडम्बर की जड़ को वेदों एवं पुराणों तक में ले जाने का प्रयास किया है। लेकिन मदिरा और सुरा का प्रयोग उस काल तक जाता ही नहीं, सोम को सुरा का पर्याय माना जाना सर्वथा अनुचित है। सुरापान वैदिक काल से ही निषिद्ध हो चुका था। उत्तरवर्ती काल में तान्त्रिक साधना अपनी उच्च-स्थिति में थी, सुरा-पान महापातकों में आ चुका था। मनु ने अभिचार और मूल-कर्म को पातकों में परिगणित किया है। पुराणों के कुछ वर्णन पंचमकार के समर्थन में आते हैं, वे निश्चित ही तान्त्रिकों के द्वारा प्रक्षिप्त हैं।

महाव्रत में मैथुन का विधान प्रतीकात्मक है। इन प्रतीकों के भोग-मूलक प्रयोग ने तान्त्रिकों को समाज में अत्यन्त घृणित बना दिया। अन्ततः शक्ति-संगमतन्त्र जैसे तान्त्रिक ग्रन्थ ने इन प्रतीकों की हिन्दू नैतिकता के अनुकूल व्याख्या की। इस सम्बन्ध में प्रतीकात्मक व्याख्याओं का विश्लेषण आवश्यक है। इस पर अत्यन्त विस्तार से विचार पाया जाता है किन्तु हम अत्यन्त सारांश में कुछ अंश प्रस्तुत कर रहे हैं।

'कुलाचार' की दार्शनिकता

चिन्तामणिस्तबक में 'कुल' का अर्थ है पातिव्रतादिगुणयुक्त वंश। विश्वकोष में 'कुल' शब्द का अर्थ है देश, गृह, जाति, स्वजातीय पुरुष, गोत्र एवं शरीर। लेकिन आगम धारा में 'कुल' का अर्थ है 'कुण्डलिनी-शक्ति'। यथा—

अकुलं शिव इत्युक्तं कुलं शक्तिः प्रकीर्तिता।
कुलाकुलानुसन्धानान्निपुणाः कौलिकाः प्रिये॥

अर्थात् अकुल से शिव और कुल से शक्ति कही है। इस अकुल और कुल के अनुसन्धाता लोग श्रेष्ठ कौलिक हैं।

कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते।
कुलेऽकुलस्य सम्बन्धः कौलमित्यभिधीयते॥

अर्थात् कुल शक्ति और अकुल शिव हैं। अकुल के साथ कुल का मिलन कौल कहा जाता है। कौलज्ञ व्यक्ति भी कौल कहा जाता है।

कुलं शक्तिः समाख्याता अकुलं शिव उच्यते।
तस्यां लीनो भवेद्यस्तु स कुलीनः प्रकीर्तितः॥

अर्थात् कुल शक्ति और अकुल शिव कहा जाता है। कुल नामक शक्ति में जो साधक रत है, वह कुलीन कहा जाता है।

'कुल' शब्द का अर्थ कुंडलिनी शक्ति है। यह शक्ति सहस्रार पद्म में पहुंच कर लय को प्राप्त होती है। कुल कुंडलिनी शक्ति ही कुलाचार का मूल है। कुंडलिनी के साथ जो आचार किया जाता है वही कुलाचार है। इसे ही कौलाचार, वामाचार का भी नाम दिया जाता है। यह आचार मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन इस पंच 'मकार' से सम्पन्न होता है—

मद्यं मांसं च मीनं च मुद्रा मैथुनमेव च।
मकारपंचकमाहुर्योगिनां मुक्तिदायकम्॥

यह पंचमकार ही योगियों के लिए मुक्तिदायक है। कुंडलिनी जागृत या उत्थित हो जाने पर सात्विक भावापन्न साधक पंच मकारों का सेवन करता हुआ मुक्ति प्राप्त करता है। इन पंच मकारों का रूप इस प्रकार है—

मद्य

विजयतन्त्र में निर्विकार, निरंजन परब्रह्म के ज्ञान से उत्पन्न आनन्द को मद्य कहा गया है। कुलार्णव में ब्रह्मरन्ध्र स्थित सहस्रदल कमल से क्षरित सुधा को मद्य माना गया है।

यदुक्तं परमं ब्रह्म निर्विकारं निरंजनम्।
तस्मिन् प्रमदनं ज्ञानं तन्मद्यं परिकीर्तितम्॥
विजयतन्त्र

व्योमपंकजनिस्यन्दसुधापानरतो नरः ।
मधुपायी समं प्रोक्तस्त्वितरे मद्यपायिनः ॥
कुलार्णव ५.१०८

योगिनीतन्त्र के अनुसार सहस्रार में कुंडलिनी का परम शिव के साथ सम्मिलन होने पर मस्तक में स्थित बिन्दु से जो आनन्दप्रद अमृतक्षरण होता है, उसी अमृतपान को कौलाचार में प्रकृत मद्यपान कहते हैं ।

कुण्डल्या मिलनादिन्दोः स्रवते यत्परामृतम् । आदि
योगिनी तन्त्र

भैरवयामल में कहा गया है कि ब्रह्मरन्ध्रस्थित सहस्रदल कमलरूपी पात्र से जो ब्रह्माण्ड तृप्तिकारी अमृतधारा बहती है, वही पान योग्य मद्य है ।

रुद्रयामल में और स्पष्ट कहा गया है कि भाँग या वाह्य मद्य पीकर बहिर्बोधशून्य होकर स्तब्ध रहने वाला योगी ज्ञानी नहीं कहा जा सकता, किन्तु जो वायवी शक्ति कुंडलिनी से प्रसूत आनन्द से युक्त रहता है, वही ब्रह्मज्ञानी है । इसी प्रकार मेरुतन्त्र में भी वर्णन है । ब्रह्मरन्ध्रस्थ चन्द्र से क्षरित सुरापान मत्त योगी कामादि रिपुओं से अभिभूत नहीं होता ।

विजयारससारेण विना बाह्यासवेन च ।
वायव्यानन्दसंयुक्तो ब्रह्मज्ञानी प्रकीर्तितः ॥
रुद्रयामल

गन्धर्वतन्त्र के अनुसार योगी लोग जिह्वा को विपरीत कर भीतरी लघु जिह्वा में लगाकर सहस्रदल क्षरित अमृत का पान करते हैं, वे गुड़ या चावल से बनी सुरा का पान नहीं करते ।

जिह्वानलसंयोगात्पिबेत्तदमृतं तदा ।
योगिभिः पीयते तत्तु न मद्यं गौडपैष्टिवम् ॥
गन्धर्वतन्त्र

कुलार्णव के अनुसार पुण्य और पाप रूप पशुओं को ज्ञानरूप खड्ग द्वारा विनाश कर योगी मन को ब्रह्म में लीन कर देता है ।

पुण्यापुण्यपशुं हत्वा ज्ञानखड्गेन योगवित् ।
परे लयं नयेच्चित्तं मांसाशी स निगद्यते ॥
कुलार्णव ५.१०९

आगमसार के अनुसार 'मा' शब्द से जिह्वा समझी जाती है और वाक्य उसके अंश हैं। जो साधक वाक्यों का सदा भक्षण करता है वही प्रकृत मांस साधक है।

माशब्दाद्रसना ज्ञेया तदंशान् रसनाप्रियान्।
सदा यो भक्षयेद्देवि स एव मांससाधकः॥
आगमसार

मेरुतन्त्र में कहा गया है कि जीवों के देह मांस द्वारा वेष्टित रहते हैं। जीव अज्ञानवश देह में बद्ध रहता है। बन्धनरूप कर्म विचार से मांस तथा अज्ञान समान है।

देहबन्धकरं यत्तु तन्मांसं परिकीर्तितम्।
अज्ञानेन यतो जीवो देहपाशेन बध्यते॥
अज्ञानभक्षणं प्रोक्तं तन्मांसस्य भक्षणम्।
मेरुतन्त्र

इस प्रकार अज्ञान नाश ही मांस भक्षण है। भैरवयामल के अनुसार काम, क्रोध, लोभ, मोहरूपी पशुओं को विवेकरूप खड्ग द्वारा विनाश करके विवेकी पुरुष मोक्ष सुखदायी निर्विषयरूप मांस का भक्षण करता है।

मत्स्य

कुलार्णव मानता है कि मन प्रभृति इन्द्रिय वर्ग को वशीभूत कर जो साधक आत्मा में योजित करता है, वही उसका मत्स्य-भोजी है, इसके सिवा सभी जीव-हिंसक हैं।

मनसादीन्द्रियगणं संयम्यात्मनि योजयेत्।
मत्स्याशी स भवेद्देवि इतरे प्राणिहिंसकाः॥
कुलार्णव ५.११०

मेरुतन्त्र के अनुसार जिसने मन द्वारा इन्द्रिय समूह को आत्मा में संयुक्त किया है वह योगी ही प्रकृत मत्स्य भक्षणकारी है। इसके अतिरिक्त सभी मल्लाह हैं।

मनसा चेदिन्द्रियग्रामं संयोज्यात्मनि योगवित्।
मत्स्याशी मे भवेद्देवि शेषा धीवरवृत्तयः॥
मेरुतन्त्र

भैरवयामल ने और स्पष्ट कहा है कि धीवरगण जैसे जाल फैला कर जलचर मत्स्यादि को बाँध लेते हैं, वैसे ही विषय विराग रूपी जाल द्वारा अहंकार, दम्भ, मद, पैशुन्य, मात्सर्य और द्वेष इन छः मत्स्यों को पकड़कर 'साध्वाचाररूपी अग्नि में भूनकर सर्वदा भक्षण करते हुए पापसंचय से बचना चाहिए। आगमचार के अनुसार शरीर में स्थित इड़ा और पिंगला दो नाड़ियों का नाम यथाक्रम से गंगा और यमुना है। इनके योग से सर्वथा प्रवाहित श्वास और प्रश्वास दो मत्स्य हैं। जो साधक प्राणायाम द्वारा श्वास-प्रश्वास बन्द कर कुम्भक योग से सुषुम्ना मार्ग से प्राणवायु का चालन करता है, वही यथार्थ मत्स्यसाधक है।

मुद्रा

कुलार्णव के अनुसार सहस्रदल महापद्म में मुद्रित कर्णिका में विशुद्ध पारद तुल्य आत्मा का निवास है। यद्यपि आत्मा का तेज कोटिसूर्य सम है तथापि वह कोटि चन्द्रतुल्य स्निग्ध भी है। वह अत्यन्त मनोहर एवं कुंडलिनी शक्ति समन्वित है। जिसमें वह आत्मज्ञान उदित होता है वे ही यथार्थमुद्रा साधक हैं :

सहस्रारे महापद्मे कर्णिका मुद्रितश्चरेत्।
कुलार्णव

मेरुतन्त्र के अनुसार आत्मा से जो आनन्द उत्पन्न होता है वही मुद्रा है। उसे धारणा, ध्यान तथा समाधि कहते हैं। इसी से मुक्ति होती है। विजयतन्त्र ने माना है कि सत्संग के प्रभाव से मुक्ति और असत्संग के प्रभाव से बन्धन होता है। असत्संग का त्याग ही 'मुद्रा' है। भैरवयामल के अनुसार आशा, तृष्णा, जुगुप्सा, मद्य, विषयलालसा, घृणा, मान, लज्जा और क्रोध ये आठ मुद्राएँ हैं। इनका ब्रह्माग्नि में उत्तम रूप से पाक कर के दिव्य भावानुरागी योगी, एकाग्र मन से प्रति दिन भक्षण करता है। पशुहिंसा से विमुख ऐसा महात्मा ही संसार में रुद्र स्वरूप है।

मैथुन

अष्टपाशबद्ध साधारण जीव की कुंडलिनी शक्ति निद्रित रहती है किन्तु योगी की वह शक्ति जागरित होती है। उस जागरित शक्ति का जो योगी सेवन करता है वही मैथुनसेवक है। कुलार्णव के इसी भाव का समर्थन मेरुतंत्र ने भी किया है। इसके अनुसार इड़ा और पिंगला में प्रवाहित प्राण को सुषुम्ना में प्रवेश कराना चाहिए। सुषुम्ना ही शक्ति तथा प्राणरूपी जीव ही शिव है। सुषुम्ना और प्राण का संगम ही मैथुन कहा जाता है। स्त्री सहवास में जो क्षणिक सुख होता है उससे

भारतीय तन्त्र और वैदिक शील

डॉ० हरिहर नाथ त्रिपाठी

वाराणसी

Tantra is a mode of worship of *Puruṣa* and *Prakṛti* or *Śiva* and *Śakti*. *Tāntrika sādhanā* aims at nearness to *Brahma śakti* which is eternally manifest both in *Jīva* and creation. Tantra is the path of *Yogīs* but the licentious, in disguise of *Yogīs*, have corrupted this way of *Sādhanā*, by using the five *Makāras* to their selfish ends.

कुलार्णव, पारानन्दसूत्र एवं वायुपुराण में शिव ने पार्वती से कहा कि वेद और आगम को ज्ञान-खंड से मथ कर उन्होंने कुलधर्म की स्थापना की है। इस प्रकार तन्त्र का आधार वैदिक परम्परा कही गयी है किन्तु वही तन्त्र अन्यत्र कहता है कि वेद का अध्येता यदि कुलधर्म ज्ञान-शून्य है तो वह चाण्डाल से भी निकृष्ट है। कुलधर्म का ज्ञाता चाण्डाल वेदज्ञ ब्राह्मण से श्रेष्ठ है। गुह्य समाज के अनुसार गुह्य का तात्पर्य है काय, वाक्, चित्त; और समाज का धर्म है इनका समष्टि भाव। वीर-साधन-कर्म हैं—मद्य, मत्स्य, मांस, मुद्रा, मैथुन। इनके बिना जो चंडिका की उपासना करता है उसके चार नष्ट हो जाते हैं—आयु, विद्या, यश और धन। वह योगियों के द्वारा भक्ष्य होता है, साथ ही पाप का पात्र भी होता है। स्वामि-परायण शक्ति को वाम-भाग में स्थापित कर स्वयं शंकर स्वरूप वीर देवत्व की प्राप्ति करता है। बिना शक्ति के वीर पूजा का अधिकार नहीं माना गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि तन्त्र की यह प्रक्रिया मात्र गृहस्थ के लिए है, अन्यत्र यह भोग का साधन ही हो सकती है।

महानिर्वाणतन्त्र में अन्यत्र कहा गया है कि जीव, प्रकृतितत्त्व, दिक्, काल, आकाश, क्षिति, तेज, अप्, वायु ही कुल हैं। यहाँ पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, आकाश को पंचमकार के स्थान पर कहा गया है। इनके माध्यम से ब्रह्मप्राप्ति की प्रक्रिया कुलाचार कहा गया है। इसका लक्ष्य है धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। शाक्त-संगम-तन्त्र में काली के उपासक को 'कुल' कहा गया है। कुलार्णवतन्त्र में शिव-शक्ति से उत्पन्न गोत्र ही 'कुल' है। शिव को अकुल और शक्ति को कुल कहा है। इस कुलाकुल मर्म का ज्ञाता

ही कौलिक है। लेकिन यहाँ पंचमकार को अनिवार्य रूप से इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि भाग्यहीन को मद्य, मांस, मैथुन आदि प्राप्त नहीं होते। पारानन्दसूत्र के अनुसार परमात्मा एक है और ईश्वर सात हैं—ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, गणेश, शक्ति और भैरव। इनकी प्राप्ति के तीन मार्ग हैं—दक्षिण, वाम और उत्तर। दक्षिण से उत्तम वाम है और वाम से उत्तम उत्तर। उत्तर से उत्तम कुछ नहीं है। वामाचार दो प्रकार का होता है, मध्यम और उत्तम। मद्य, मैथुन, मुद्रा से युक्त उत्तम है और मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन से युक्त मध्यम है। कुलार्णवतन्त्र में वैष्णव से उत्तम शैव, शैव से उत्तम दक्षिण, दक्षिण से उत्तम वाम, वाम से उत्तम सिद्धांत और सिद्धांत से उत्तम कौल है। कौल से उत्तम कुछ नहीं होता।

दक्षिण मार्ग का आधार है वेद, स्मृति और पुराण। वाम मार्ग का आधार है निगम और आगम। उत्तर गुरुवाक्य से आता है। गुरु को जीवनमुक्त माना गया है। परशुरामकल्पसूत्र में पंचमकार प्रयोग को अत्यन्त गुप्त रखने का आदेश है, अन्यथा प्रकट होने से नरक गमन होता है। शक्तिसंगम में तो वेद विद्या को वेश्या कहा गया है क्योंकि उसमें गुह्य नहीं होता। वेद, पुराण और शास्त्र को वेश्या और शाम्भवी विद्या को कुलवधू के समान माना गया है। कौलिकाचार सुगुप्तता में देवत्व और प्रकाशन में नाश को प्राप्त होता है। इस कौलिकाचार में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका गुरु की होती है जिसे जीवनमुक्त कहा गया है। पारानन्द में नव्यशिष्य के लिए तीन प्रकार का प्रयोग गुरु के लिए कहा गया है। इसके अनुसार स्वेच्छा ऋतुमती शक्ति साक्षात् ब्रह्म है। इसलिए वस्त्रालंकार भोजन के द्वारा भक्तिपूर्वक उसकी पूजा करनी चाहिए। स्त्री ही देवता है, प्राण है और स्त्री ही भूषण है। न तो स्त्री की निन्दा करनी चाहिए न तो उसे क्रुद्ध करना चाहिए। देवों एवं गुरुओं की अभ्यर्चना वेदतन्त्रोक्त मार्ग से कर, देवता का स्मरण करते हुए मद्य पीते हुए वेश्यागमन में पाप नहीं है। इसी प्रकार की धारणा का प्रचार शक्तिसंगमतन्त्र, कालीखण्ड, ताराखण्ड, कौलावलीनिर्णय, कुलार्णवतन्त्र आदि में किया गया है।

पारानन्दसूत्र में तान्त्रिकों के उत्सवविधि का वर्णन है। इसमें चांडाल तक को दीक्षा दी जा सकती है। विभिन्न तन्त्रों में वर्ण-व्यवस्था का प्रयोग है और अनेक में नहीं। यहाँ तक कि अनेक तन्त्रों में रजकी आदि का विशेष महत्त्व है।

हिन्दूतन्त्र के दो पक्ष हैं—दार्शनिक या आध्यात्मिक, दूसरा रहस्यात्मक। दूसरे में मन्त्र, मुद्रा, मण्डल, न्यास, चक्र और यन्त्र का प्रयोग होता है। महानिर्वाण-तन्त्र उपासना में पंचमकार का प्रयोग विहित मानता है। इसके अनुसार महातन्त्र का ज्ञान हो जाने पर वेद, पुराण और शास्त्रों की उपयोगिता समाप्त हो जाती है। इसके द्वारा ही मनुष्य ब्रह्म हो जाता है। जिस प्रकार सत्य, त्रेता, द्वापर में मद्यादि सेवन किया जाता था, उसी प्रकार कलियुग में भी करना चाहिए। जो व्यक्ति

कुलाचार के अनुरूप ऐसा करता है उसे कलि की बाधा नहीं होती। महानिर्वाण के अनुसार ही कुलस्त्रियों को मद्य का गन्ध-मात्र स्वीकार करना चाहिए। गृहस्थ साधक को भी मात्र पंचपात्र मद्य लेना चाहिए। यदि अपनी स्त्री जीवित है तो साधक अन्य स्त्री का स्पर्श नहीं कर सकता है।

महानिर्वाणतन्त्र के अनुसार भैरवीचक्र प्राप्त होने पर सभी वर्ण द्विजोत्तम हैं। भैरवचक्र निवृत्ति में सभी वर्णों के अलग-अलग कर्म हैं। उच्छिष्टादि विवेचन में नाम-जाति का कोई विचार नहीं है। चक्रमध्य में गया हुआ वीर नर मात्र है। चक्र से विनिवृत्त सभी के अपने-अपने वर्ण और आश्रम होते हैं। लोकयात्रा सिद्धि के लिए सभी को पृथक्-पृथक् कर्म करना चाहिए। इसी प्रकार के विचार **कौलावली-निर्णय, भैरवीचक्र** में भी हैं। **महानिर्वाण** में शैवविवाह की विधि बड़ी विलक्षण है। इसमें वय और वर्ण का विचार नहीं है। इतना अवश्य है कि शैवविवाह से उत्पन्न सन्तति ब्राह्मविवाह से उत्पन्न सन्तति के रहते उत्तराधिकार से वंचित रहती है।

१८वीं शती में यशपाल का **मोहापराजय** नामक नाटक एक कौल का चित्रण करता है : मैं प्रतिदिन मांस खाता हूँ, मुक्त संकल्प होकर प्रतिदिन मद्यपान करता हूँ, अनिवारित मन का प्रसार करना ही मेरा धर्म है। अपरार्क ने आडम्बरग्रस्त व्यक्ति का चित्रण किया है : भीतर से कौल, बाहर से शैव और लोकाचार में वैदिक व्यक्ति नारिकेल फल के समान सार मात्र ग्रहण करता है। इस प्रकार के पाषण्ड-ग्रस्त व्यक्तियों का चित्रण **कुलार्णवतन्त्र, कौलावली निर्णय** में ही नहीं, **बृहज्जाबालोपनिषद्** और **देवीभागवत्** में भी किया गया है। **महानिर्वाणतन्त्र** में इस प्रकार नानावेशधारी कौलों के आचरण की प्रशंसा है।

गुह्यसमाज की भूमिका में डॉ० भट्टाचार्य ने एक प्रश्न उठाया है कि तान्त्रिकों के पंचमकार के साथ वैदिक नैतिकता का क्या सम्बन्ध है ? लगता यह है कि अर्थ-काम से विरक्त बौद्ध तान्त्रिकों ने तन्त्र के माध्यम से अवैदिक नैतिकता एवं व्यक्ति-भोग को तान्त्रिक दार्शनिकता देने का प्रयास किया। इसके विपरीत वैदिक तान्त्रिकों ने तन्त्र को वैदिक नैतिकता के साथ जोड़ने का प्रयोग सदा जारी रखा। **कौल रहस्य** में **हंस विलास** का उद्धरण है जिसके अनुसार जहाँ भोग है वहाँ मोक्ष नहीं हो सकता और जहाँ मोक्ष है वहाँ भोग नहीं रह सकता। लेकिन गृहस्थ के साथ भोग है। सामान्यजन का भोग से सम्बन्ध अनिवार्य है। भोग के साथ भी योग या आध्यात्मिकता का विकास हो सके इसके लिए गृहस्थों के लिए या सामान्य जन के लिए भोग की आध्यात्मिकता तन्त्र की कठिन साधना के साथ जोड़ दी गयी। स्वयं **कौल रहस्य** में आगे कहा गया है कि श्री सुन्दरी सेवन से भोग और मोक्ष दोनों करस्थ हैं। **महानिर्वाणतन्त्र** ब्राह्मण, अंत्यज या भूतल के सभी व्यक्तियों को

कुलाचार का अधिकार देता है। इस प्रकार की तान्त्रिकता के साथ इस देश में एक नयी सामाजिकता का विकास होता है।

महानिर्वाणतन्त्र और अन्य तन्त्र ग्रन्थों की नैतिकता के प्रश्न को खुल कर उठाया गया है। परशुरामकल्पसूत्र के टीकाकार रामेश्वर ने स्पष्ट कहा है कि जो जितेन्द्रिय नहीं है उसके लिए कौलाचार नहीं है। वस्तुतः यहाँ रामेश्वर ने महानिर्वाणतन्त्र की उस घोषणा का विरोध किया है जिसके अनुसार सभी व्यक्तियों को इस मार्ग पर चलने की छूट दी गई थी। गुह्य समाज में भी वज्रयानियों ने जो मार्ग बताया है वह योगियों के लिए ही है। लेकिन इस स्थिति में समस्या यह है कि कौन यह घोषित करेगा कि अमुक व्यक्ति योगी या जितेन्द्रिय है और वह पंचमकार की तान्त्रिक साधना का पात्र है? वस्तुतः यहीं सारी चरित्रहीनता तान्त्रिक साधना के साथ जुड़ती है, जब सभी अपने को योगी और वीर घोषित कर पंचमकार को मूलतः भोग और प्रचार में तन्त्र का रूप देते हैं। उडरफ ने इस आडम्बर की जड़ को वेदों एवं पुराणों तक में ले जाने का प्रयास किया है। लेकिन मदिरा और सुरा का प्रयोग उस काल तक जाता ही नहीं, सोम को सुरा का पर्याय माना जाना सर्वथा अनुचित है। सुरापान वैदिक काल से ही निषिद्ध हो चुका था। उत्तरवर्ती काल में तान्त्रिक साधना अपनी उच्च-स्थिति में थी, सुरा-पान महापातकों में आ चुका था। मनु ने अभिचार और मूल-कर्म को पातकों में परिगणित किया है। पुराणों के कुछ वर्णन पंचमकार के समर्थन में आते हैं, वे निश्चित ही तान्त्रिकों के द्वारा प्रक्षिप्त हैं।

महाव्रत में मैथुन का विधान प्रतीकात्मक है। इन प्रतीकों के भोग-मूलक प्रयोग ने तान्त्रिकों को समाज में अत्यन्त घृणित बना दिया। अन्ततः शक्ति-संगमतन्त्र जैसे तान्त्रिक ग्रन्थ ने इन प्रतीकों की हिन्दू नतिकता के अनुकूल व्याख्या की। इस सम्बन्ध में प्रतीकात्मक व्याख्याओं का विश्लेषण आवश्यक है। इस पर अत्यन्त विस्तार से विचार पाया जाता है किन्तु हम अत्यन्त सारांश में कुछ अंश प्रस्तुत कर रहे हैं।

'कुलाचार' की दार्शनिकता

चिन्तामणिस्तबक में 'कुल' का अर्थ है पातिव्रतादिगुणयुक्त वंश। विश्वकोष में 'कुल' शब्द का अर्थ है देश, गृह, जाति, स्वजातीय पुरुष, गोत्र एवं शरीर। लेकिन आगम धारा में 'कुल' का अर्थ है 'कुण्डलिनी–शक्ति'। यथा—

अकुलं शिव इत्युक्तं कुलं शक्तिः प्रकीर्तिता।
कुलाकुलानुसन्धानान्निपुणाः कौलिकाः प्रिये ॥

अर्थात् अकुल से शिव और कुल से शक्ति कही है। इस अकुल और कुल के अनुसन्धाता लोग श्रेष्ठ कौलिक हैं।

कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते।
कुलेऽकुलस्य सम्बन्धः कौलमित्यभिधीयते ॥

अर्थात् कुल शक्ति और अकुल शिव हैं। अकुल के साथ कुल का मिलन कौल कहा जाता है। कौलज्ञ व्यक्ति भी कौल कहा जाता है।

कुलं शक्तिः समाख्याता अकुलं शिव उच्यते।
तस्यां लीनो भवेद्यस्तु स कुलीनः प्रकीर्तितः ॥

अर्थात् कुल शक्ति और अकुल शिव कहा जाता है। कुल नामक शक्ति में जो साधक रत है, वह कुलीन कहा जाता है।

'कुल' शब्द का अर्थ कुंडलिनी शक्ति है। यह शक्ति सहस्रार पद्म में पहुँच कर लय को प्राप्त होती है। कुल कुंडलिनी शक्ति ही कुलाचार का मूल है। कुंडलिनी के साथ जो आचार किया जाता है वही कुलाचार है। इसे ही कौलाचार, वामाचार का भी नाम दिया जाता है। यह आचार मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन इस पंच 'मकार' से सम्पन्न होता है—

मद्यं मांसं च मीनं च मुद्रा मैथुनमेव च।
मकारपंचकमाहुर्योगिनां मुक्तिदायकम् ॥

यह पंचमकार ही योगियों के लिए मुक्तिदायक है। कुंडलिनी जागृत या उत्थित हो जाने पर सात्विक भावापन्न साधक पंच मकारों का सेवन करता हुआ मुक्ति प्राप्त करता है। इन पंच मकारों का रूप इस प्रकार है—

मद्य

विजयतन्त्र में निर्विकार, निरंजन परब्रह्म के ज्ञान से उत्पन्न आनन्द को मद्य कहा गया है। कुलार्णव में ब्रह्मरन्ध्र स्थित सहस्रदल कमल से क्षरित सुधा को मद्य माना गया है।

यदुक्तं परमं ब्रह्म निर्विकारं निरंजनम्।
तस्मिन् प्रमदनं ज्ञानं तन्मद्यं परिकीर्तितम् ॥
विजयतन्त्र

व्योमपंकजनिस्यन्दसुधापानरतो नरः ।
मधुपायी समं प्रोक्तस्त्वितरे मद्यपायिनः ।।
कुलार्णव ५.१०८

योगिनीतन्त्र के अनुसार सहस्रार में कुंडलिनी का परम शिव के साथ सम्मिलन होने पर मस्तक में स्थित बिन्दु से जो आनन्दप्रद अमृतक्षरण होता है, उसी अमृतपान को कौलाचार में प्रकृत मद्यपान कहते हैं।

कुण्डल्या मिलनादिन्दोः स्रवते यत्परामृतम् । आदि
योगिनी तन्त्र

भैरवयामल में कहा गया है कि ब्रह्मरन्ध्रस्थित सहस्रदल कमलरूपी पात्र से जो ब्रह्माण्ड तृप्तिकारी अमृतधारा बहती है, वही पान योग्य मद्य है।

रुद्रयामल में और स्पष्ट कहा गया है कि भाँग या बाह्य मद्य पीकर बहिर्बोधशून्य होकर स्तब्ध रहने वाला योगी ज्ञानी नहीं कहा जा सकता, किन्तु जो वायवी शक्ति कुंडलिनी से प्रसूत आनन्द से युक्त रहता है, वही ब्रह्मज्ञानी है। इसी प्रकार मेरुतन्त्र में भी वर्णन है। ब्रह्मरन्ध्रस्थ चन्द्र से क्षरित सुरापान मत्त योगी कामादि रिपुओं से अभिभूत नहीं होता।

विजयारससारेण विना बाह्यासवेन च ।
वायव्यानन्दसंयुक्तो ब्रह्मज्ञानी प्रकीर्तितः ।।
रुद्रयामल

गन्धर्वतन्त्र के अनुसार योगी लोग जिह्वा को विपरीत कर भीतरी लघु जिह्वा में लगाकर सहस्रदल क्षरित अमृत का पान करते हैं, वे गुड़ या चावल से बनी सुरा का पान नहीं करते।

जिह्वानलसंयोगात्पिबेत्तदमृतं तदा ।
योगिभिः पीयते तत्तु न मद्यं गौडपैष्टिकम् ।।
गन्धर्वतन्त्र

कुलार्णव के अनुसार पुण्य और पाप रूप पशुओं को ज्ञानरूप खड्ग द्वारा विनाश कर योगी मन को ब्रह्म में लीन कर देता है।

पुण्यापुण्यपशुं हत्वा ज्ञानखड्गेन योगवित् ।
परे लयं नयेच्चित्तं मांसाशी स निगद्यते ।।
कुलार्णव ५.१०९

आगमसार के अनुसार 'मा' शब्द से जिह्वा समझी जाती है और वाक्य उसके अंश हैं। जो साधक वाक्यों का सदा भक्षण करता है वही प्रकृत मांस साधक है।

माशब्दाद्रसना ज्ञेया तद्देशान् रसनाप्रियान्।
सदा यो भक्षयेद्देवि स एव मांससाधकः॥
आगमसार

मेरुतन्त्र में कहा गया है कि जीवों के देह मांस द्वारा वेष्टित रहते हैं। जीव अज्ञानवश देह में बद्ध रहता है। बन्धनरूप कर्म विचार से मांस तथा अज्ञान समान है।

देहबन्धकरं यत्तु तन्मांसं परिकीर्तितम्।
अज्ञानेन यतो जीवो देहपाशेन बध्यते॥
अज्ञानभक्षणं प्रोक्तं तन्मांसस्य भक्षणम्।
मेरुतन्त्र

इस प्रकार अज्ञान नाश ही मांस भक्षण है। भैरवयामल के अनुसार काम, क्रोध, लोभ, मोहरूपी पशुओं को विवेकरूप खड्ग द्वारा विनाश करके विवेकी पुरुष मोक्ष सुखदायी निर्विषयरूप मांस का भक्षण करता है।

मत्स्य

कुलार्णव मानता है कि मन प्रभृति इन्द्रिय वर्ग को वशीभूत कर जो साधक आत्मा में योजित करता है, वही उसका मत्स्य-भोजी है, इसके सिवा सभी जीव-हिंसक हैं।

मनसादीन्द्रियगणं संयम्यात्मनि योजयेत्।
मत्स्याशी स भवेद्देवि इतरे प्राणिहिंसकाः॥
कुलार्णव ५.११०

मेरुतन्त्र के अनुसार जिसने मन द्वारा इन्द्रिय समूह को आत्मा में संयुक्त किया है वह योगी ही प्रकृत मत्स्य भक्षणकारी है। इसके अतिरिक्त सभी मल्लाह हैं।

मनसा चेदिन्द्रियग्रामं संयोज्यात्मनि योगवित्।
मत्स्याशी से भवेद्देवि शेषा धीवरवृत्तयः॥
मेरुतन्त्र

भैरवयामल ने और स्पष्ट कहा है कि धीवरगण जैसे जाल फैला कर जलचर मत्स्यादि को बाँध लेते हैं, वैसे ही विषय विराग रूपी जाल द्वारा अहंकार, दम्भ, मद, पैशुन्य, मात्सर्य और द्वेष इन छः मत्स्यों को पकड़कर 'साध्वाचाररूपी अग्नि में भूनकर सर्वदा भक्षण करते हुए पापसंचय से बचना चाहिए। आगमचार के अनुसार शरीर में स्थित इड़ा और पिंगला दो नाड़ियों का नाम यथाक्रम से गंगा और यमुना है। इनके योग से सर्वथा प्रवाहित श्वास और प्रश्वास दो मत्स्य हैं। जो साधक प्राणायाम द्वारा श्वास-प्रश्वास बन्द कर कुम्भक योग से सुषुम्ना मार्ग से प्राणवायु का चालन करता है, वही यथार्थ मत्स्यसाधक है।

मुद्रा

कुलार्णव के अनुसार सहस्रदल महापद्म में मुद्रित कर्णिका में विशुद्ध पारद तुल्य आत्मा का निवास है। यद्यपि आत्मा का तेज कोटिसूर्य सम है तथापि वह कोटि चन्द्रतुल्य स्निग्ध भी है। वह अत्यन्त मनोहर एवं कुंडलिनी शक्ति समन्वित है। जिसमें वह आत्मज्ञान उदित होता है वे ही यथार्थमुद्रा साधक हैं :

सहस्रारे महापद्मे कर्णिका मुद्रितश्चरेत्।
कुलार्णव

मेरुतन्त्र के अनुसार आत्मा से जो आनन्द उत्पन्न होता है वही मुद्रा है। उसे धारणा, ध्यान तथा समाधि कहते हैं। इसी से मुक्ति होती है। विजयतन्त्र ने माना है कि सत्संग के प्रभाव से मुक्ति और असत्संग के प्रभाव से बन्धन होता है। असत्संग का त्याग ही 'मुद्रा' है। भैरवयामल के अनुसार आशा, तृष्णा, जुगुप्सा, मद्य, विषयलालसा, घृणा, मान, लज्जा और क्रोध ये आठ मुद्राएँ हैं। इनका ब्रह्माग्नि में उत्तम रूप से पाक कर के दिव्य भावानुरागी योगी, एकाग्र मन से प्रति दिन भक्षण करता है। पशुहिंसा से विमुख ऐसा महात्मा ही संसार में रुद्र स्वरूप है।

मैथुन

अष्टपाशबद्ध साधारण जीव की कुंडलिनी शक्ति निद्रित रहती है किन्तु योगी की वह शक्ति जागरित होती है। उस जागरित शक्ति का जो योगी सेवन करता है वही मैथुनसेवक है। कुलार्णव के इसी भाव का समर्थन मेरुतंत्र ने भी किया है। इसके अनुसार इड़ा और पिंगला में प्रवाहित प्राण को सुषुम्ना में प्रवेश कराना चाहिए। सुषुम्ना ही शक्ति तथा प्राणरूपी जीव ही शिव है। सुषुम्ना और प्राण का संगम ही मैथुन कहा जाता है। स्त्री सहवास में जो क्षणिक सुख होता है उससे

शतकोटिगुणित अधिक सुख सुषुम्ना में प्राणवायु के स्थित होने पर होता है। इसे ही प्रकृत में मैथुन कहते हैं। इसके अतिरिक्त गधे का मैथुन है।

इडापिंगलयोः प्राणान् सुषुम्नायां प्रवर्तयेत्।
उत्पद्यते तु यत्सौख्यं शतकोटिगुणं तु तत्।
एतदेव रत-प्रोक्तमन्यत्स्याद्रासभं रतम्।।
मेरुतन्त्र

विजयतंत्र के अनुसार प्रत्येक देहधारी जीव में कुंडलिनी शक्ति विद्यमान है। उसे सहस्रारस्थ शिव के साथ संयुक्त करना ही मैथुन है। योगिनीतंत्र मानता है कि सहस्रारस्थ बिन्दु के साथ कुंडलिनी का मिलन यतियों का दिव्य मैथुन है। भैरवयामल मानता है कि परमानन्द प्राप्त, सूक्ष्मरूपवती सुषुम्ना नाड़ी ही आलिंगन सेवनीय कमनीय है, मानवी सुन्दरी वेश्या के समान रमण योग्य नहीं है। परब्रह्म के साथ सुषुम्ना का संयोग ही वास्तविक मैथुन है। स्त्री संभोग वास्तविक भोग नहीं है। योगीन्द्र वारवनिता के त्यागपूर्वक इस सुषुम्ना के भोग से ही आनन्द प्राप्त करते हैं।

या नाड़ी सूक्ष्मरूपा परमपदगता सेवनीया सुषुम्ना
सा कान्तालिंगनार्हा न मनुजरमणी सुन्दरी वारयोषित्।।
कुर्याच्चंद्रार्कयोगे युगपवनगते मैथुनं नैव योगी
योगीन्द्रो विश्ववन्द्यः सुखमयभवने त्वां परिष्वज्य नित्यम्।।
भैरवयामल

स्पष्ट है कि वही कौलाचार का अधिकारी है जो परद्रव्य में अन्ध तुल्य, परस्त्री में नपुंसक, परनिन्दा में मूक और इन्द्रियजयी हो (मेरुतन्त्र)। शिव कथित, सर्वसिद्धिदाता, सर्वश्रेष्ठ कुलाचार धर्म इन्द्रियजयी व्यक्ति के लिए ही सुलभ है, अनन्त जन्म पर्यन्त प्रयत्न करने पर भी लोलुप मनुष्य इसे प्राप्त नहीं कर सकता है (पुरश्च-र्यार्णव)। तन्त्ररहस्य अत्यन्त लुप्त होने के कारण तन्त्र का भाव भी अत्यन्त गुप्त है। वेदशास्त्र का अर्थ तत्त्व ज्ञाता, बुद्धिमान जितेन्द्रिय उपासक ही मन्थन कर तन्त्र के अर्थ एवं भाव की उद्भावना कर सकता है और ऐसा ही व्यक्ति कुलाचार का अधिकारी हो सकता है। इससे भिन्न मांस का आलम्बन मात्र पाखण्ड है।

कुलार्णव में कहा गया है कि यदि मद्यपान से ही सिद्धि प्राप्त हो जाय तो पामर प्राणी प्रतिदिन मद्यपान करता है और वह सिद्ध हो जाय। मांस-भक्षण से ही यदि स्वर्गगमन हो सकता है तो नरक का दरवाजा ही बन्द हो जाय। जो व्यक्ति विषय भोगार्थ मद्यपान करता है और जो मनुष्य सांसारिक ग्राम्यसुख भोग के लिए

अथवा कामपीड़ित होकर मैथुन करता है वह साधना के माध्यम से अपनी दुर्दान्त वासना का प्रसार करता है। ऐसा व्यक्ति तन्त्र दर्शन के अनुसार ही नरक-गामी होता है। कौलाचार उक्त साधना की उस चरम परिणति का द्योतक है जहाँ कीचड़-चन्दन, पुत्र-शत्रु, प्रिय-अप्रिय, श्मशान और गृह, तृण और स्वर्ग में कोई भेद नहीं दिखायी पड़ता।

वामाचार का एक भ्रान्तिपूर्ण अर्थ किया जाता है कि वामा के प्रयोग से होने वाला अनुष्ठान। लेकिन तन्त्र में वाम का अर्थ प्रशस्य है, न कि कामिनी। ब्रह्महत्या से निवृत्ति के लिए वामजप का विधान है। हारीत ने श्रुति का दो रूप प्रस्तुत किया है, वैदिकी और तान्त्रिकी। फलतः आगम धारा भी निगम के समान ही अनादि है। इनके मिश्रण से पूजा तीन प्रकार की हो जाती है, वैदिकी, तान्त्रिकी और मिश्रित। इसमें रुचि वैचित्र्य से किसी भी मार्ग का अवलम्बन किया जा सकता है। तन् धातु में 'त्र' प्रत्यय करने पर निष्पन्न होने वाले तन्त्र का तात्पर्य है शिवशक्ति की उपासना का विस्तारक शास्त्र। आगम, यामल और तन्त्र की समष्टि ही तन्त्र है।

आगम में सृष्टि, प्रलयादि का वर्णन, षट्कर्म साधन, पुरश्चरण, देवतार्चन, चतुर्विध ध्यान-योगादि का वर्णन है। यामल में सृष्टि के साथ ग्रह, नक्षत्र, गृह्य कल्पादि ग्रन्थों की उपयोगिता, नित्यकृत्य, वर्णभेद, जातिभेद, युगधर्म आदि का विवेचन है। तन्त्र में देवताओं की कल्पना और संस्थान, आश्रम धर्म, राजधर्म, दानधर्म, युगधर्म, मानवधर्म, तीर्थमाहात्म्य, शिवचक्र का आख्यान, ज्योतिषशास्त्र की प्रामाणिकता, व्रतपरिचय, नरक वर्णन, स्त्रीपुरुष लक्षण, प्राणायामादि यौगिकक्रिया, धर्म की संस्थिति एवं अध्यात्मविद्या की अवतारणा इत्यादि बहुत से विषय हैं।

उपनिषदों में जो आत्मा, परमात्मा या ब्रह्म कहा गया है, पुराणों में जो भगवान्, नारायण, सदाशिव आदि कहा गया है, तन्त्र में वही परमा प्रकृति, महाविद्या, महामाया, महादेवी, आद्याशक्ति इत्यादि नामों से अभिहित है। निर्गुण से चैतन्य में जब 'एकोऽहं बहुस्याम्' भाव प्रकट होता है तब वही चैतन्य ब्रह्मशक्तिरूप से प्रकाश पाता है। यह ब्रह्मशक्ति की महामाया, ब्रह्मचिच्छक्ति या स्वयं ब्रह्म है। भाषानुरोध से यद्यपि ब्रह्म सकल (शक्तियुक्त) और निष्कल (शक्तिविरहित) है तथापि ब्रह्म एवं ब्रह्मशक्ति में पार्थक्य नहीं है—अविनाभावसम्बन्धं तयोरेव परस्परम्। अग्नि और उसकी दाहिका शक्ति की अभिन्नता के समान ही ब्रह्म और ब्रह्मशक्ति महामाया एक है। अव्यक्त स्थिति में जो एक, व्यक्तावस्था में वही अनेक हो जाती है। सृष्टि के पूर्व में भी विद्यमान होने से उसे आद्याशक्ति कहते हैं।

"प्र" शब्द का अर्थ है प्रकृष्ट और 'कृति' का अर्थ है सृष्टि। अतः सृष्टि में

जो प्रकृष्ट है, वह प्रकृति है। सृष्टि में आत्मा ही प्रकृष्ट है और शेष सभी स्वप्नदृष्टवत् निकृष्ट। फलतः आत्मा ही प्रकृति है। प्रकृति नित्य सनातनी, ब्रह्म और ब्रह्मस्वरूप है। आद्याशक्ति निष्क्रिय रूप से ब्रह्म कही जाती है। सृष्टि, स्थिति, प्रलय के समय वही महामाया कही जाती है। परब्रह्म से वह निर्गुण, किन्तु महामाया रूप से उसे परा, सूक्ष्म, स्थूल त्रिविध मानते हैं। उसका परम रूप बोधगम्य नहीं है—"तन्न जानाति कश्चन"। उसका सूक्ष्मरूप मन्त्रमय किन्तु अवयव शून्य है। निरवयव रूप की धारणा करने में मन असमर्थ है। फलतः सृष्टि, स्थिति, लय-कर्त्री घनीभूत मूर्ति की कल्पना करनी पड़ी। सृष्टिकर्त्री के रूप में ब्रह्मा, स्थितिकर्त्री के रूप में विष्णु, वैष्णवी, प्रलयकर्त्री के रूप में महाकाली का रूप प्राप्त करती है।

सांख्य एवं वेदान्त में जैसे प्रकृति से संसारोत्पत्ति और प्रकृति में ही पुनः उसका लय माना गया है, तन्त्र भी यही सिद्धान्त मानता है। लेकिन सामान्य भेद भी है। सांख्य में प्रकृति और पुरुष दोनों सद्वस्तु हैं, वे स्वतन्त्र और स्वयम्भू हैं। उन दोनों के संयोग से सृष्टि क्रिया होती है। वेदान्त में वे स्वतन्त्र और स्वयम्भू नहीं हैं। इनसे परे ब्रह्म है। तन्त्र में पुरुष प्रकृति सद्वस्तु है, किन्तु स्वतन्त्र नहीं है। जो पुरुष है, वही प्रकृति है और वही ब्रह्म है। निष्क्रियावस्था में पुरुष सक्रियावस्था में प्रकृति कही जाती है। प्रकृति जड़ नहीं है। चैतन्य का जड़त्व प्रतीति मात्र है। बोधवस्तु जड़ नहीं चेतन होती है। चेतन ही नहीं आनन्द भी उसका स्वरूप है। सत्ता, चैतन्य और आनन्द एक ही के तीन नाम हैं। परमानन्द की प्राप्ति ही विवेकख्याति है। प्रकृति पुरुष की याथार्थ्य उपलब्धि का नाम ही ख्याति है। केवलानन्द रस आत्मा का ब्रह्म अपने निरंजन स्वरूप को सदा अक्षुण्ण रखता हुआ भी एक साथ ईश्वर, जीव तथा जगद्रूप से प्रकट हो रहा है। वही ब्रह्म का ब्रह्मत्व है। उसी आत्मा को तन्त्र शास्त्र "मा" कह कर पुकारता है।

पुरुष और प्रकृति या शिव और शक्ति की उपासना ही तन्त्र है। फलस्वरूप तन्त्र में द्वैत और अद्वैत दोनों रूप आते हैं। शिव-उपासना में द्वैतभाव शक्ति उपासना में अद्वैत है। मुख्य लक्ष्य शक्ति की उपासना है। जो ब्रह्मशक्ति जीव और जगदाकार से नित्य प्रकाशित है, उसी शक्ति का सान्निध्य लाभ तान्त्रिक साधना का लक्ष्य है। आगम निगम भेद से तन्त्र के दो भेद हैं। जो तन्त्र महादेव से उक्त, महादेवी से श्रुत और वासुदेव से अनुमोदित है, वह आगम है। जो तन्त्र देवी के मुख से निःसृत, महादेव से श्रुत और वासुदेव से अनुमोदित है, वह निगम है।

मध्ययुग में तन्त्र के नाम पर व्यभिचार फैला हुआ था। बीसवीं शती में विशेषतः द्वितीय विश्व-युद्ध के बाद, तन्त्र ने बड़ा वीभत्स रूप धारण कर लिया है। परम लम्पट, परस्त्रीगामी, सभी प्रकार के कुत्सित आचरण के स्वार्थी व्यक्ति

तान्त्रिक साधना के केन्द्र बन गये हैं। यान्त्रिकता से जनमी भविष्य के प्रति अस्थिरता ने इस प्रकार के वंचकों के लिए स्वर्णयुग ला दिया है। अपने तमाम कुत्सित आचरण को तन्त्र के साथ जोड़ना अपनी निजी मान्यता या मापदंड ही हो सकता है किन्तु तन्त्र दर्शन या भारतीय परम्परा से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। अब 'भोग से समाधि' दर्शन का रूप ले रहा है। अपना-अपना पक्ष है। विशेष प्रकार के व्यक्तियों के लिए वह आकर्षण का केन्द्र हो सकता है किन्तु उससे भारतीय साधना का कोई सम्बन्ध नहीं है और तन्त्र-दर्शन उसे अत्यन्त घृणित रूप में स्वीकार करता है। यह सही है कि सारी लोलुपताओं के पुतले घंटे भर कमरे में बैठ कर तत्काल सिद्धि का व्यामोह पाल सकते हैं और मोहान्ध व्यक्ति का मार्ग-निर्देशन करने का भी स्वांग रच सकते हैं किन्तु यह भारतीय-परम्परा और दर्शन से सर्वथा दूर है।

सिद्धपुर (गुजरात) से प्राप्त विष्णु की एक अभिलिखित प्रतिमा

प्रमोद कुमार त्रिवेदी

नई दिल्ली

The present Viṣṇu figure, made of brass, with an inscription dated Saṃvat 1485 provides an evidence of the usage of the metalic art side by side with the stone and wood work, in the north Gujarat, in the later medieval period.

सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी सिद्धपुर गुजरात राज्य के मेहसाना जिले में मुख्यालय से २६ कि० मी० दूर पालनपुर और दिल्ली प्रमुख मार्ग पर सरस्वती नदी के तट पर अहमदाबाद-दिल्ली मीटर गेज लाइन पर स्थित है। प्राचीन-काल में इसका नाम "श्री स्थल" तथा "श्री क्षेत्र" था। प्रचलित परम्परा के अनुसार १२वीं शती ई० में इसका नाम सिद्धपुर सोलंकी सिद्धराज के नाम पर पड़ा जिसका विवरण अल्बेरूनी के वृत्तान्त में उपलब्ध होता है। यह क्षेत्र वैष्णव धर्म के लिये मध्यकाल एवं परवर्ती युग में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रहा है। इस तथ्य की प्रामाणिकता इस क्षेत्र में यत्र-तत्र प्राप्त पाषाण एवं धातुनिर्मित तत्सम्बन्धित कलाकृतियों एवं प्रतिमाओं से सिद्ध होती है। विवेच्य प्रतिमा नगर के श्री बाबूलाल ईश्वर लाल दवे के पूजागृह में विद्यमान है। १५.७×८×६ से० मी० माप की, पीतल में ढाल कर निर्मित भगवान विष्णु की इस प्रतिमा के पृष्ठ भाग में सम्वत् १४८५ (१४२९ ई०) तिथि से युक्त एक लेख उत्कीर्ण है (चित्र क्र० २)। लेख इस प्रकार है—

प्रथम पंक्ति

सं० १४८५ वर्षे माघ वदि १३ भौमे जालंधर जाताय श्रे० (श्रेष्ठि)

रणसी भार्या लखमादेव्या सुत जां (?) टा भार्या हस्ते (?)।

द्वितीय पंक्ति

सव (स्व ?) भ्रातृ (?) काला भार्या श्रमरा — (?) श्री न(ा)रायण प्रतिमा कारापिता श्र (श्रे०) यसे ।।

अभिलेख से विदित होता है कि इस प्रतिमा की प्रतिष्ठा माघ मास, कृष्ण-पक्ष त्रयोदशी मंगलवार को, जालन्धर नगर में उत्पन्न श्रेष्ठि रणसिंह, उसकी पत्नी लक्ष्मीदेवी, पुत्र जांटा (?), उसकी पत्नी एवं भ्राता काला (?) जिसकी पत्नी का नाम अमरा (? अस्पष्ट) था, के द्वारा कराई गई थी।

समभंग-मुद्रा में निरूपित विष्णु की निचले एवं ऊपरी दोनों दाहिने हाथों को क्रमशः वरद मुद्रा एवं गदायुक्त प्रदर्शित किया गया है। निचले एवं ऊपरी वामहस्तों में क्रमशः शंख एवं चक्र है (चित्र क्रमांक १)[1]। किरीट-मुकुट धारण किये, सिर के पीछे प्रभावली तथा ऊपर कलशयुक्त छत्र है। ये वप्रकुण्डल, वलय, रत्नकेयूर, कण्ठाभरण, वनमाला एवं पादवलय से विभूषित हैं। दोनों भुजाओं के मध्य लटकता हुआ उत्तरीय प्रदर्शित किया गया है। चार लड़ियों की मेखला द्वारा कटि पर बांधा गया अलंकृत अधोवस्त्र उरः जालक द्वारा सुसज्जित है, एवं उसका छोर दोनों घुटनों के मध्य स्पष्ट दिखाई देता है। निचले भाग में शंख एवं चक्र पुरुषों का मूर्तन, क्रमशः बायीं ओर चामरधारी पुरुष तथा दाहिनी ओर चँवर लिये स्त्री-परिचारिका विद्यमान है। ईलिका तोरण से सुसज्जित इस प्रतिमा के ऊपरी दाहिने कोनों पर अर्धपर्यंकासन में चतुर्भुजी श्मश्रुयुक्त ब्रह्मा अक्षमाला, कलश एवं पोथी धारण किये आसीन हैं। बायें कोने पर इसी मुद्रा में पीठिका पर आसीन शिव को वरद मुद्रा में त्रिशूल, पुष्प एवं सर्प धारण किये अंकित किया गया है। परिकर एवं पीठिका के रिक्त स्थान को रेखाच्छादित समवर्गीय एवं मालाकार अभिप्रायों के अंकन द्वारा सुन्दर बनाया गया है। सामने की ओर एक कोने पर पीठिका कुछ भग्न हो गयी है। इसका सम्मुख भाग नीचे की ओर शीर्ष किये त्रिकोणीय अलंकरणों द्वारा सज्जित है। पीठिका के दोनों ओर अञ्जलि-मुद्रा में दो उपासक विद्यमान हैं।

यहाँ महत्त्वपूर्ण यह है कि यद्यपि अभिलेख में 'नारायण' के नाम से निर्दिष्ट यह प्रतिमा मूर्ति विज्ञान का अनुगमन पूर्णरूपेण नहीं करती है किन्तु शैली

---


१. श्री हेनरी माइकल द्वारा तैयार किये गये चित्रों का प्रतिलिप्यधिकार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सुरक्षित है।

चित्र १



विष्णु की प्रतिमा

चित्र २



विष्णु प्रतिमा के पृष्ठ भाग पर उत्कीर्ण अभिलेख

की दृष्टि से परिष्कृत न होते हुये भी यह तिथियुक्त कलाकृति उत्तरी गुजरात क्षेत्र में परवर्ती मध्यकाल में पाषाण एवं काष्ठकर्म के साथ धात्विक कला कर्म के प्रचलन की साक्षी है। इस युग में गुजरात में धात्विक कलाकृतियों के निर्माण हेतु पीतल का प्रचलन व्यापक रूप से होता था, क्योंकि यह स्वर्ण की भाँति चमकीला होता था।[२]

---

२. स्वर्णकमल : एन्शियेण्ट आर्ट ऐण्ड टेक्नालाजी ऑफ गुजरात, म्यूज़ियम एण्ड पिक्चर गैलरी, बड़ोदा, १९८०, पृष्ठ १३०.

सांख्य दर्शन में ब्रह्म की मान्यता

डॉ० शिवशङ्कर अवस्थी

गोरखपुर

Yuktidīpikā—an anonymous treatise on *Sāṃkhyakārikā,* mentions views of several philosophers regarding *Sāṃkhya* system of which there is no trace in other works such as *Māṭharavṛtti, Gauḍapādabhāṣya, Jayamaṅgalā* and *Tattvakaumudī*. Though *Yuktidīpikā* does not accept *Īśvara* as the material cause of the creation but it does not mean that *Sāṃkhya* totally denies *Īśvara*. Only *puruṣa Parameśvara* can be the governing agent of the cosmos and not the *Jīvātmā puruṣa.*

सांख्यकारिका की अज्ञातकर्तृक पद्धति युक्तिदीपिका की भाषा-शैली, विक्रम की पाँचवीं शती (४१४) में विद्यमान, द्वादशारनयचक्र के रचयिता मल्लवादिसूरि की शैली से मिलती-जुलती है, अतः उक्त रचना पञ्चम[१] शतक (विक्रमीय) के बाद की नहीं हो सकती। युक्तिदीपिकाकार, "अनवस्थितं हि दृष्टादीनां लक्षणम्, दृष्टिवैचित्र्यात्" कह कर अनेक दार्शनिकों का मत प्रस्तुत करते हुए अन्त में कहते हैं 'कल्पनापोढमित्यन्ये'।[२] यह वसुबन्धु के शिष्य दिङ्नाग का मत है।[३] इससे भी उक्त

---

१. श्रीवीरवत्सरादथ शताष्टके चतुरशीतिसंयुक्ते। जिग्ये स मल्लवादी बौद्धान् इति विजयसिंहसूरिप्रबन्धगतेन गाथावृत्तेन श्रीवीरवत्सरात् (८८४) नवमशतकः, विक्रमाच्च (४१४) पञ्चमशतकोऽवगम्यते।

—द्वादशारनयचक्र, उपोद्‌घात—विजयलब्धिसूरि

२. युक्तिदीपिका पृष्ठ ३५ दिल्ली संस्करण।

३. दिग्नागसमयस्तु ख्रिस्तीयो द्वितीयस्तृतीयो वा शतक इति विश्वकोषकार आह। शतीशचन्द्रविद्याभूषणमहाशयस्तु पंचशतकान्तभाग इति वदति।

—द्वादशार०, उपोद्घात।

रचना के समय की सूचना मिलती है। युक्तिदीपिका, सांख्यशास्त्रीय अज्ञात मतों का विस्तार के साथ उल्लेख करती है, जिनका माठरवृत्ति, गौडपादभाष्य, जयमंगला और तत्त्वकौमुदी में संकेत तक नहीं मिलता।

युक्तिदीपिका के अनुसार सांख्यकारिका की अड़सठवीं कारिका प्रस्तुत रूप में उपलब्ध होती है—

प्राप्ते शरीरभेदे चरितार्थत्वात् प्रधानविनिवृत्तौ।
एकान्तमात्यन्तिकमभयं कैवल्यमाप्नोति ॥६८॥

प्रायः अन्य टीकाओं वाले संस्करणों में, प्रस्तुत श्लोक ''अभयं' के स्थान पर 'उभयं' पाठ उपलब्ध होता है जो सर्वथा अशुद्ध है। टीकाकारों ने तो नहीं, किन्तु अनुवादकों ने 'उभयं' का उभयप्रकारक अर्थ किया है जिसकी कैवल्य के साथ कोई संगति नहीं बैठती। यहाँ कैवल्य को युक्तिदीपिकाकार इस प्रकार स्पष्ट करते हैं—

''एतत् परं ब्रह्म ध्रुवममलमभयमत्र सर्वेषां गुणधर्माणां प्रतिप्रलयः। एतत्प्राप्य सर्वायासैः सर्वबन्धनैरनादिकालप्रवृत्तरागद्वेषवियुक्तो मुक्तो भवति। एतदर्थं ब्राह्मणा दयितपुत्रदारधनसम्बन्धमपहाय गुरुशुश्रूषापराः शरीरमरण्येषु यापयन्ति।''

अर्थात् यह कैवल्य, ध्रुव, निर्मल, अभय परब्रह्म है; इसी में समस्त गुणधर्मों का लय हो जाता है। इसे प्राप्त करके सम्पूर्ण आयासों एवं समग्र बन्धनों से तथा अनादि काल से प्रवृत्त राग-द्वेष से वियुक्त होकर व्यक्ति, मुक्त हो जाता है। इसीलिए ब्राह्मण प्रिय पुत्र, स्त्री और धन के सम्बन्ध को छोड़कर गुरु-शुश्रूषा में तत्पर होकर जङ्गलों में शरीरयापन करते हैं।

उक्त कारिका के उत्तरार्द्ध के पूर्व इस कैवल्य के सम्बन्ध में युक्तिदीपिकाकार ने और भी लिखा है :—

''अतीन्द्रियमसंवेद्यं लघु सर्वत्र सन्निहितं प्रशस्तमनिर्मितम् विशुद्धमक्षयं निरतिशयम्। धर्मो ज्ञानं विराग ऐश्वर्यम्।'' २३।

इस कारिका की पद्धति में युक्तिदीपिकाकार का कथन है :—

''सङ्कल्पमूलोच्छिन्नविषयमृगतृष्णो हि अयं यतिरिन्द्रियाणामन्तःकरणस्य च प्रवृत्तिनिवृत्त्योरीष्टे। एकाग्र एकारामोऽविद्यापवर्णोऽतिक्रान्तः, परस्य ब्रह्मणः प्रत्यनन्तरो भवति।''

इसके अतिरिक्त उन्तीसवीं कारिका की युक्तिदीपिका की युक्ति है—"सोऽयं धर्मादिषु प्रवणः तत्प्रतिपक्षाऽऽक्रान्तः सत्त्वारामो विनिवृत्ताभिमानो ज्ञाननिष्ठः सविशुद्धयोनिरचिरेण परं ब्रह्मोपपद्यत इति।" (पृष्ठ १०९)।

छियालिसवीं कारिकागत 'प्रत्ययसर्ग' की व्याख्या के प्रसङ्ग में युक्तिदीपिका, आचार्य पञ्चशिख का एक वचन उद्धृत करती है :—

"अथवा प्रत्ययपूर्वकः सर्गः प्रत्ययसर्गः। बुद्धिपूर्वक इत्युक्तः। कथम् ? एवं हि शास्त्रम्"।—"महदादिविशेषान्तः सर्गो बुद्धिपूर्वकत्वात्। उत्पन्नकार्यकरणस्तु माहात्म्यशरीर एकाकिनमात्मानमवेक्ष्याभिदध्यौ हन्ताहं पुत्रान् स्रक्ष्ये ये मे कर्म करिष्यन्ति। ये मां परं चापरं च ज्ञास्यन्ति। तस्याभिध्यायतः पञ्च मुख्यस्रोतसो देवाः प्रादुर्बभूवुः। तेषूत्पन्नेषु न तुष्टिं लेभे। ततोऽन्ये तिर्यक्स्रोतसोऽष्टाविंशतिः प्रजज्ञे। तेष्वप्यस्य मतिर्नैव तस्थे। अथापरे नवोर्ध्वस्रोतसो देवा प्रादुर्बभूवुः। तेष्वप्युत्पन्नेषु नैव कृतार्थमात्मानं मेने। ततोऽन्येऽष्टावर्वाक् स्रोतस उत्पेदुः। एवं तस्माद् ब्रह्मणोऽभिध्यानादुत्पन्नस्तस्मात्प्रत्ययसर्गः। स विपर्ययाख्यः, अशक्त्याख्य, तुष्ट्याख्यः, सिद्ध्याख्यश्चेति।"

प्रत्यय, पदार्थ और लक्षण ये पर्याय हैं। प्रत्ययों, पदार्थों का सर्ग ही प्रत्यय सर्ग है। अथवा प्रत्यय, बुद्धि, निश्चय और अध्यवसाय ये पर्याय हैं।[४] प्रत्यय या बुद्धिपूर्वक सर्ग प्रत्यय सर्ग है। जैसी कि शास्त्र की उक्ति है :—

महत्तत्त्व से लेकर महाभूतपर्यन्त सर्ग बुद्धिपूर्वक होता है। कार्य अर्थात् देह और करण—अन्तःकरण (बुद्धि)[५] से सम्पन्न माहात्म्य शरीर (परमेश्वर) ने अपने को एकाकी देख कर संकल्प किया कि मैं पुत्रों की रचना करूंगा जो मेरे लिए कर्म करेंगे। जो, पर और अपर रूप मुझे जानेंगे। उसके इस प्रकार संकल्प करते हुए पाँच मुख्य स्रोतस् देव उत्पन्न हुए। उनके उत्पन्न होने पर उसे सन्तोष नहीं हुआ। तब अन्य तिर्यक् स्रोतस् अट्ठाईस प्रकार के प्राणी उत्पन्न हुए। उनमें भी इसकी बुद्धि स्थिर नहीं हुई। इसके अनन्तर नव प्रकार के ऊर्ध्व स्रोतस् देव उत्पन्न हुए। इतने पर भी उसने अपने को कृतार्थ नहीं माना। तब अन्य आठ अर्वाक् स्रोतस् प्राणी उत्पन्न हुए। इस प्रकार ब्रह्म के उस संकल्प से प्रत्यय सर्ग हुआ।"

---

४. प्रत्ययः पदार्थो लक्षणमिति पर्यायाः, प्रत्ययानां सर्गः प्रत्ययसर्गः पदार्थसर्गो लक्षणसर्ग इत्यर्थः। अथवा प्रत्ययो बुद्धिर्निश्चयोऽध्यवसायः इति पर्यायाः। (पृष्ठ १२७)

५. करणं बुद्धितत्त्वं, कार्यं शरीरम्—तत्त्वकौमुदी, कारिका ४३

यहाँ यह ध्यान रखना चाहिए कि परमेश्वर के दो रूप हैं एक पर और दूसरा अपर। 'न तस्य कार्यं करणं च विद्यते' वाला ही पर रूप है जिसे ब्रह्म कहते हैं, और दूसरा अपर रूप है कार्य-करण-सम्पन्न माहात्म्य शरीर। एक तीसरा रूप भी है जिसे महानात्मा या ब्रह्मा कहते हैं। यह एक ब्रह्माण्ड का अधिष्ठाता ईश्वर है।

"महान् बुद्धिर्मतिर्ब्रह्मा पूर्तिः ख्यातिरीश्वरो विश्वर इति पर्यायाः।" (युक्तिदीपिका, पृष्ठ ९१)।

महान् या महानात्मा ही ईश्वर है। यह सही है कि युक्तिदीपिकाकार ने भी सृष्टि के उपादान रूप में ईश्वर को नहीं माना है, किन्तु सांख्य को ईश्वर[६] सर्वथा मान्य न हो ऐसी बात नहीं है।

युक्तिदीपिका प्रकृति और महान् के बीच में एक अन्य तत्त्व को मानने वाले आचार्य की विप्रतिपत्ति की बात कहती है :—

"केचिदाहुः प्रधानादनिर्देश्यस्वरूपं तत्त्वान्तरमुत्पद्यते ततो महान्।"--पृष्ठ ९१।

यह मत निरुक्त में विवृत हुआ है। यथा—

"भूतग्रामाः पृथिवीमपि यन्ति पृथिव्यप आपो ज्योतिषं ज्योतिर्वायुं, वायुराकाशमाकाशो मनो मनो विद्यां विद्या महान्तमात्मानं महानात्मा प्रतिभां प्रतिभा प्रकृतिं सा स्वपिति॥"

यहाँ महानात्मा और प्रकृति के बीच में प्रतिभा नामक तत्त्व गृहीत हुआ है। किन्तु वाक्यपदीय की वृत्ति में प्रतिभा को ही महानात्मा कहा गया है और वहाँ महानात्मा या प्रतिभा से परे विद्या-तत्त्व को स्वीकार किया गया है यथा—

"येषां तु स्वप्नप्रबोधवृत्त्या नित्यं विभक्तपुरुषानुकारितया कारणं प्रवर्तते तेषामृषयः केचित् प्रतिभात्मनि विवर्तन्ते सत्तालक्षणं[७] महान्तमात्मानमविद्यायोनिं

---

६. "न ह्येकान्तेन वयं भगवतः शक्तिविशेषं प्रत्याचक्ष्महे माहात्म्यशरीरादिपरिग्रहात्"—युक्तिदीपिका, पृष्ठ ७२।

७. व्याकरण दर्शन में प्रतिभा को सत्ता, महानात्मा अविद्यायोनि, और प्रकृति के नाम से कहा जाता है इससे परे परा प्रकृति है जिसे शब्द ब्रह्म कहते हैं। यह चेतन तत्त्व है :—

"सोऽव्यतिकीर्णां वागवस्थामधिगम्य वाग्विकाराणां प्रकृतिं प्रतिभामनु परैति। तस्माच्च सत्तानुगुण्यमात्रात्प्रतिभाख्यात् शब्दपूर्वयोगभावनाभ्यासाक्षेपात्प्रत्यस्तमितसर्वविकारोल्लेखमात्रां परां प्रकृतिं प्रतिपद्यते।" वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड, श्लोक १४ की वृत्ति।

पश्यन्तः प्रतिबोधेनाभिसम्भवन्ति । केचित्तु विद्यायां विवर्तन्ते'' (ब्रह्मकाण्ड, (कारिका १३७) पूना संस्करण) ।

निरुक्त के चतुर्दश अध्यायगत 'अपश्यं गोपाम्....' इस मन्त्र की व्याख्या में यास्क कहते हैं :—

''आवरीवर्ति भुवनेष्वन्तरित्यथैष महानात्मा सत्त्वलक्षणः तत्परं तद्ब्रह्म तत्सत्यं तत् सलिलं तदव्यक्तं तदस्पर्शं तदरूपं... तन्निष्ठो भूतात्मा सैषा भूतप्रकृतिरित्येके तत् क्षेत्रम् ।''

यह अध्याय प्राचीन है प्रक्षिप्त नहीं । वृत्तिकार दुर्ग ने दैवत काण्ड के प्रारम्भ में इसे स्वीकार किया है :—

''प्रकृतिभूमभिः ऋषयः स्तुवन्तीत्याहुः'' । यास्क ''प्रक्रियन्ते अस्यां सर्वे विकारा इति प्रकृतिः स सत्तालक्षणो महानात्मा हिरण्यगर्भ इति । वक्ष्यति हि—स एव महानात्मा सत्तालक्षणः तत्परं तद् ब्रह्म.......।'' (दुर्गवृत्ति) ।

इसके अतिरिक्त माठराचार्य ने सांख्यकारिका श्लोक १७ की वृत्ति में षष्टि-तन्त्र से एक वचन उद्धृत किया है :—

''अपि चोक्तं षष्टितन्त्रे—'पुरुषाधिष्ठितं प्रधानं प्रवर्तते ।' ततः पश्यामोऽसौ परमात्मा अस्ति पुरुषः येनाधिष्ठितं प्रधानं महदहङ्कारतन्मात्रेन्द्रियभूतान्युत्पादयति । तस्मादस्ति पुरुष इति ।''

ऐसा प्रतीत होता है कि षष्टितन्त्र[८] आदि-विद्वान् कपिल की ही रचना है । इसमें पञ्चशिख ही प्रमाण हैं । यथा—'आदिविद्वान्निर्माणचित्तमधिष्ठाय कारुण्याद्भगवान् परमर्षिरासुरये जिज्ञासमानाय तन्त्रं प्रोवाच ।'' (योगभाष्य १।२५)

---

८. युक्तिदीपिका के अनुसार सांख्यकारिका की बहत्तरवीं कारिका, उद्धरण मात्र है, मूल कारिकांश नहीं। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि सांख्यकारिका षष्टितन्त्र का संक्षेप है। यह रचना कपिल की ही हो सकती है। युक्तिदीपिका के मङ्गलाचरण में भी कहा है :—

''ऋषये परमायार्कमरीचिसमतेजसे । संसारगहनध्वान्तसूर्याय गुरवे नमः ।
तत्त्वं जिज्ञासमानाय विप्रायासुरये मुनिः । यदुवाच महत्तन्त्रं दुःखत्रयनिवृत्तये ॥''

माठराचार्य ने भी कहा है :—

तस्मात्समासदृष्टं शास्त्रमिदं नार्थतश्च परिहीनम् । तन्त्रस्य च बृहन्मूर्तेर्दर्पण-संक्रान्तमिव बिम्बम् ।

यहाँ यह ध्यान रखना चाहिए कि परमेश्वर के दो रूप हैं एक पर और दूसरा अपर। 'न तस्य कार्यं करणं च विद्यते' वाला ही पर रूप है जिसे ब्रह्म कहते हैं, और दूसरा अपर रूप है कार्य-करण-सम्पन्न माहात्म्य शरीर। एक तीसरा रूप भी है जिसे महानात्मा या ब्रह्मा कहते हैं। यह एक ब्रह्माण्ड का अधिष्ठाता ईश्वर है।

"महान् बुद्धिर्मतिर्ब्रह्मा पूर्तिः ख्यातिरीश्वरो विखर इति पर्यायाः।" (युक्तिदीपिका, पृष्ठ ९१)।

महान् या महानात्मा ही ईश्वर है। यह सही है कि युक्तिदीपिकाकार ने भी सृष्टि के उपादान रूप में ईश्वर को नहीं माना है, किन्तु सांख्य को ईश्वर[६] सर्वथा मान्य न हो ऐसी बात नहीं है।

युक्तिदीपिका प्रकृति और महान् के बीच में एक अन्य तत्त्व को मानने वाले आचार्य की विप्रतिपत्ति की बात कहती है :—

"केचिदाहुः प्रधानादनिर्देश्यस्वरूपं तत्त्वान्तरमुत्पद्यते ततो महान्।"—पृष्ठ ९१।

यह मत निरुक्त में विवृत हुआ है। यथा—

"भूतग्रामाः पृथिवीमपि यन्ति पृथिव्यप आपो ज्योतिषं ज्योतिर्वायुं, वायुराकाशमाकाशो मनो मनो विद्यां विद्या महान्तमात्मानं महानात्मा प्रतिभां प्रतिभा प्रकृतिं सा स्वपिति॥"

यहाँ महानात्मा और प्रकृति के बीच में प्रतिभा नामक तत्त्व गृहीत हुआ है। किन्तु वाक्यपदीय की वृत्ति में प्रतिभा को ही महानात्मा कहा गया है और वहाँ महानात्मा या प्रतिभा से परे विद्या-तत्त्व को स्वीकार किया गया है यथा—

"येषां तु स्वप्नप्रबोधवृत्त्या नित्यं विभक्तपुरुषानुकारितया कारणं प्रवर्तते तेषामृषयः केचित् प्रतिभात्मनि विवर्तन्ते सत्तालक्षणं[७] महान्तमात्मानमविद्यायोनिं

---

६. "न ह्येकान्तेन वयं भगवतः शक्तिविशेषं प्रत्याचक्ष्महे माहात्म्यशरीरादिपरिग्रहात्"—युक्तिदीपिका, पृष्ठ ७२।

७. व्याकरण दर्शन में प्रतिभा को सत्ता, महानात्मा अविद्यायोनि, और प्रकृति के नाम से कहा जाता है इससे परे परा प्रकृति है जिसे शब्द ब्रह्म कहते हैं। यह चेतन तत्त्व है :—

"सोऽव्यतिकीर्णां वागवस्थामधिगम्य वाग्विकाराणां प्रकृतिं प्रतिभामनु परैति। तस्माच्च सत्तानुगुण्यमात्रात्प्रतिभाख्यात् शब्दपूर्वयोगभावनाभ्यासाक्षेपात्प्रत्यस्तमितसर्वविकारोल्लेखमात्रां परां प्रकृतिं प्रतिपद्यते।" वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड, श्लोक १४ की वृत्ति।

पश्यन्तः प्रतिबोधेनाभिसम्भवन्ति । केचित्तु विद्यायां विवर्तन्ते'' (ब्रह्मकाण्ड, (कारिका १३७) पूना संस्करण) ।

निरुक्त के चतुर्दश अध्यायगत 'अपश्यं गोपाम्....' इस मन्त्र की व्याख्या में यास्क कहते हैं :—

''आवरीवर्ति भुवनेष्वन्तरित्यथैष महानात्मा सत्त्वलक्षणः तत्परं तद्ब्रह्म तत्सत्यं तत् सलिलं तदव्यक्तं तदस्पर्शं तदरूपं'' तन्निष्ठो भूतात्मा सैषा भूतप्रकृतिरित्येके तत् क्षेत्रम् ।''

यह अध्याय प्राचीन है प्रक्षिप्त नहीं । वृत्तिकार दुर्ग ने दैवत काण्ड के प्रारम्भ में इसे स्वीकार किया है :—

''प्रकृतिभूमभिः ऋषयः स्तुवन्तीत्याहुः'' । यास्क ''प्रक्रियन्ते अस्यां सर्वे विकारा इति प्रकृतिः स सत्तालक्षणो महानात्मा हिरण्यगर्भ इति । वक्ष्यति हि—स एष महानात्मा सत्तालक्षणः तत्परं तद् ब्रह्म.........।'' (दुर्गवृत्ति) ।

इसके अतिरिक्त माठराचार्य ने सांख्यकारिका श्लोक १७ की वृत्ति में षष्टि-तन्त्र से एक वचन उद्धृत किया है :—

''अपि चोक्तं षष्टितन्त्रे —'पुरुषाधिष्ठितं प्रधानं प्रवर्तते ।' ततः पश्यामोऽसौ परमात्मा अस्ति पुरुषः येनाधिष्ठितं प्रधानं महदहङ्कारतन्मात्रेन्द्रियभूतान्युत्पादयति । तस्मादस्ति पुरुष इति ।''

ऐसा प्रतीत होता है कि षष्टितन्त्र[८] आदि-विद्वान् कपिल की ही रचना है । इसमें पञ्चशिख ही प्रमाण हैं । यथा—'आदिविद्वान्निर्माणचित्तमधिष्ठाय कारुण्याद्भगवान् परमर्षिरासुरये जिज्ञासमानाय तन्त्रं प्रोवाच ।'' (योगभाष्य १।२५)

---

८. युक्तिदीपिका के अनुसार सांख्यकारिका की बहत्तरवीं कारिका, उद्धरण मात्र है, मूल कारिकांश नहीं । इसमें स्पष्ट कहा गया है कि सांख्यकारिका षष्टितन्त्र का संक्षेप है । यह रचना कपिल की ही हो सकती है । युक्तिदीपिका के मङ्गलाचरण में भी कहा है :—

''ऋषये परमायार्कमरीचिसमतेजसे । संसारगहनध्वान्तसूर्याय गुरवे नमः ।
तत्त्वं जिज्ञासमानाय विप्रायासुरये मुनिः । यदुवाच महत्तन्त्रं दुःखत्रयनिवृत्तये ॥''

माठराचार्य ने भी कहा है :—

तस्मात्समासदृष्टं शास्त्रमिदं नार्थतश्च परिहीनम् । तन्त्रस्य च बृहन्मूर्तेर्दर्पण-संक्रान्तमिव बिम्बम् ।

'तन्त्रं' से षष्टितन्त्र को लिया जा सकता है। एक और प्रमाण है जिसे दुर्गाचार्य ने दैवतकाण्ड (निरुक्त) की वृत्ति में उद्धृत किया है : –

"सांख्यास्तु तमः शब्देन प्रधानं साम्यापन्नं गुणत्रयमुच्यमानमिच्छन्ति। ते हि पारमर्षं सूत्रमधीयते—"तम एव खल्विदमग्र आसीत्। तस्मिंस्तमसि क्षेत्रज्ञ एव प्रथमोऽध्यवर्तत इति"।

परमर्षि कपिल को ही कहा जाता है। उन्हीं का यह वचन है। यह उक्त तन्त्र का ही हो सकता है।

माठरवृत्ति (कारिका ७१) में भी यह वचन मिलता है : —

"तम एव खल्विदमग्र आसीत्। तस्मिंस्तमसि क्षेत्रज्ञोऽभिवर्तते प्रथमम्।"

समष्टि प्रकृति का अधिष्ठाता पुरुष परमेश्वर ही हो सकता है जीवात्मा पुरुष नहीं।

उपनिषदों, पुराणों एवं महाभारत में सांख्यशास्त्रीय ब्रह्म की स्वीकृति तो है ही :—

"पुण्यपापक्षयार्थं हि सांख्यज्ञानं विधीयते।
तत्क्षये ह्यस्य पश्यन्ति ब्रह्मभावे परां गतिम्।।
—महाभारत, शान्ति पर्व, अ० २७५।३९।

साहित्यशास्त्रे रसानुमितिवादः

डॉ॰ ब्रजमोहन चतुर्वेदी

दिल्ली

Śaṅkuka's concept of *Rasānumiti* was fully established by Mahimabhaṭṭa. There is an inherent relation between word and meaning, and the meaning, which is in the form of *rasa*, is always inferable. To Mahimabhaṭṭa, the soul of poetry is *rasa*. Abhinavagupta agrees with him on this point but disagrees on its nature. To him, *rasa* is the experience of happiness, of *Ātman*, whereas Mahimabhaṭṭa takes it for delightful taste. *Rasa* is the experience of the very nature of the *Varṇya-vastu* of poetry. It is devoid of worldly sorrows. The theory of *rasānumiti* is in consistent with modern rhetoricians.

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः ।
येषां नास्ति यशःकाये जरामरणजं भयम् ।।
वाङ्मयं कल्पवृक्षाभं विद्यास्तस्य फलं स्मृताः ।
काव्यं हि विद्यानिष्यन्दस्तस्यात्मा तु रसः स्वयम् ।।
रसामृतनदीमग्ने ध्वनिकारे महागुरौ ।
अनुमायास्तु महिमा काव्यगोष्ठीं न मुञ्चति ।।[1]

श्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासार्थकाममोक्षप्रभृतीनां विद्यानां मूर्तिचित्रसंगीतनृत्यादीनां च कलानां सकलानां निर्गलितमेव काव्यमिति भूयो भूयो प्रतिपादितं कविभिः काव्यलक्षणविधायिभिश्च । तथा हि—

साहित्यपाथोनिधिमन्थनोत्थं काव्यामृतमिति समुद्घोषितं कविपुङ्गवेन बिल्हणेन स्वकीये महाकाव्ये विक्रमाङ्कदेवचरिताख्ये । काव्यमीमांसाकृद् राजशेखरो लिखति—"आन्वीक्षिकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्चेति चतस्रो विद्याः । पञ्चमी साहित्यविद्येति यायावरीयः । सा हि चतसृणां विद्यानां निष्यन्दः" ।[2]

---

१. भट्टगोपाल कृत काव्यप्रकाश टीका पृ० ३, अनन्तशयन संस्कृत ग्रन्थावली, त्रिवेन्द्रम् ।

२. काव्यमीमांसा, द्वि० अध्या०, पृ० ४, बड़ौदा, १९३४ ।

रसस्य पुनः काव्यात्मत्वं साहित्यसरणिव्यवस्थापकैराचार्यानन्दवर्द्धनैरेव प्रकारान्तरेण व्यधायि । तैर्हि खलु रसध्वनिः काव्यस्याङ्गिभूततत्त्वमिति प्रतिपादितम् । गुणालङ्कारयोर्भेदं विवृण्वन्तस्ते स्पष्टत उद्घोषयन्ति—

तमर्थमवलम्बन्ते येऽङ्गिनं ते गुणा स्मृताः ।
अङ्गाश्रितास्त्वलङ्कारा मन्तव्या कटकादिवत् ।।[३]

यद्यपि रस एव काव्यपुरुषस्यात्मेति प्रथमं सर्वेषु निगदितं कविभावकोभयप्रतिभासमन्वितेनाचार्येण राजशेखरेण काव्यमीमांसायां तथापि रसं काव्यात्मपदे सुतरामभिषिच्य सुप्रतिष्ठापितमाचार्यपादैरभिनवगुप्तैरेव । अतएव महिमभट्टैरपि ध्वनिध्वंसात्मके स्वकीये ग्रन्थे व्यक्तिविवेके यदुक्तं—"काव्यस्यात्मनि संज्ञिनि रसादिरूपे न कस्यचिद्विमतिः," तदेवाभ्यर्हितं पुनः पुनर्मम्मटविश्वनाथपण्डितराजप्रभृतिभिः स्वे स्वे ग्रन्थे ।

प्रकारान्तरेणापि तस्यैव तथ्यस्य परिपुष्टिर्भवति । तथा हि—काव्यजन्यानुभूतेस्तिस्रो विधाः स्वीकृताः । काव्यानुशीलनेन कदाचित् सहृदयहृदये वैचित्र्यमात्रमेवानुभूयते । विशेषतश्चालंकाराणां कार्यं वैचित्र्यसृष्टिरेव । अलंकारैः स्वभावोत्प्रेक्षायमकप्रभृतिभिः सचेतसां मनसि केवलं वैचित्र्यस्य सृष्टिः क्रियते । तेनैव सहृदयहृदयस्यावर्जनं भवतीति सुतरां प्रसिद्धम् । स एव प्रथमः काव्यानुभूतेः प्रकारः । द्वितीयस्तु प्रकारः वस्तुनाम्नोच्यते । वस्तु इत्यनेन ज्ञानमात्रमुपलक्षितं भवति । काव्यश्रवणेन नाट्यावलोकनेन वा यदा धर्मार्थकामविषये सहृदयसामाजिकानां कृत्याकृत्यविवेको भवति तदा वस्तुमात्रमित्यस्यावसरः काव्यविद्यायाः । अनया खलु विद्ययाऽस्माकं ज्ञानराशौ कापि वृद्धिः संभवति । तृतीयस्तु यः प्रकारस्तेन निरतिशयानन्दस्यानुभूतिः । लौकिकानामेव रत्यादीनां भावानामविद्यमानतायामपि तदुपादानभूतसामग्र्यां यदा काव्यवर्णनद्वारैव साक्षादनुभवः क्रियते तदा विलक्षणः कोऽपि आनन्दः समुद्भवति सहृदयहृदये । स एवानुभवः रसपदेन व्यवह्रियते । रस्यते आस्वाद्यते इति व्युत्पत्तित्वात् ।

काव्यजन्यानुभूतेरयं प्रकारः सर्वातिशायी सकलसहृदयसामाजिकमनोविनोदी वेद्यान्तरशून्यत्वात् सर्वविधानुभूतितिरस्कारीति प्रतिपाद्यते । अतः स एव प्रधानः प्रकारः काव्यानुभूतेः । उक्त हि हृदयदर्पणे—

वाग्धेनुर्दुग्ध एतं हि रसं यद्बालतृष्णया ।
तेन नास्य समः स स्याद्दुह्यते योगिभिर्हि यः ।।[४]

---

३. ध्वन्यालोक, कारिका, २।६ ।
४. ध्वन्यालोकलोचनम्, चौखम्भा, पृ० ९३ ।

एवं हि काव्यरसं वाग्रूपा धेनुः दुग्धे स्वयमेव प्रस्नुतवती भवति किं वा यतः काव्यरसरूपं दुग्धं सहृदयबालानां काव्यरसलालसया तृष्णया वाग्रूपा धेनुः स्वयं दुग्धे प्रस्नुतवती, तेन तस्मादेव कारणात् अस्य रसस्य समः तुल्यकोटिकः सः अनुभवः नैवास्ति यः योगिभिः इन्द्रियसंयमादिप्रयासद्वारा सविकल्पकनिर्विकल्पकसमाधौ दुह्यते अनुभूयते । सहजरूपेणोपलभ्यत्वात् काव्यजन्यरसानुभूतिः प्रयासजन्यसमुपलम्भमानीयां समाधिजन्यात्मानुभूतिं तिरस्करोतीति फलितार्थः खलु कारिकायाः भट्टनायककृतायाः ।

रसात्मिकायाः काव्यानुभूतेरस्याः स्वरूपं किमस्तीत्यस्मिन्विषये नैके विसम्वादाः सन्ति । ते खलु समुद्भवन्ति भरतीयरससूत्रव्याख्यया । तद्धि रससूत्रं विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिरिति । सूत्रेऽस्मिन् संयोगनिष्पत्तिपदयोरर्थविषये विसंवदन्ति व्याख्यातारः । तत्रापि संयोगपदस्यार्थो निष्पत्तिपदार्थमनुसरति । चत्वारोऽभूवन् प्रमुखव्याख्यातारो नाट्यशास्त्रस्य । ते सन्ति भट्टलोल्लटः, श्रीशङ्कुकः, भट्टनायकः अभिनवगुप्तश्च ।

मीमांसकधुरीणेन भट्टलोल्लटेन मीमांसादर्शनस्यापूर्वसिद्धान्तमनुसृत्य विभावानुभावव्यभिचारिणां कार्यकारणभावरूपात् सम्बन्धाद्रसस्य निष्पत्तिरर्थात् अपूर्वात्मिककृतिर्भवतीति सूत्रार्थः कृतः । अनुमितिवादिना श्रीशङ्कुकेन पुनः ज्ञाप्यज्ञापकभावसम्बन्धाद्रसस्य ज्ञप्तिरर्थादनुमितिर्भवतीति पक्षः समुपस्थापितः । सांख्यशास्त्रविशारदेन भट्टनायकेन भोज्यभोजकभावसम्बन्धाद्रसस्य भुक्तिर्भवतीति प्रतिपादितम् । परममाहेश्वरेणाभिनवगुप्तेन व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावसम्बन्धाद्रसस्याभिव्यक्तिर्भवतीति व्यवस्थापितम् ।

उत्पत्तिपक्षे रामादावनुकार्य एवोत्पद्यते रसः । अनुकर्तारो नटादयस्तस्य प्रतीतेराश्रयाः । सहृदयसामाजिकाः पुनस्तस्यानुभूतेराश्रयाः भवन्ति । रत्यादिस्थायिभावा एवानुभवविषयतां गताः रसपदवीं प्राप्नुवन्ति । ते हि काव्यनाट्यादिषु निरूपितैर्विभावैः सहृदयहृदये समुत्पद्यन्ते, अनुभावैरुपचीयन्ते, व्यभिचारिभिश्च परिपुष्टाः सन्तोऽनुभवगोचरतां यान्ति । तत्रादौ शाब्दी भावना तत आर्थी भावना तदनन्तरं रसभावनेति क्रमः ।

अनुमितिपक्षे रसोऽनुमेयो भवति । तत्र अनुकर्तारो नटाः पक्षः, विभावादयो वर्णनरूपा अभिनयरूपा वा हेतवो रत्यादीनां स्थायिभावानामनुभवगोचरतैव साध्यतामुपयान्ति । रसात्मकोऽयमनुभवः सम्यङ्मिथ्यासंशयसादृश्यात्मकेभ्यो ज्ञानस्य चतुष्कोटिभ्यो विनिर्मुक्तः । अन्येभ्यश्च धूमादिना वह्न्याद्यनुमीयमानपदार्थेभ्योऽपि विलक्षणः । यतो हि वह्निप्रभृतिपदार्था अनुमिताः सन्तोऽनुभवगोचरतां न कदापि यान्ति । किन्तु रसात्मकोऽय रत्यादिपदार्थोऽनुमितः सन्ननुभवगोचरोऽपि भवति वासनात्मकस्वरूपत्वात् ।

भुक्तिपक्षे अभिधातो द्वितीयेन विभावादीनां साधारणीकरणात्मना व्यापारेण रत्यादिस्थायिभावस्यापि भावना संजायते। ततो सहृदयसामाजिकानामन्तःकरणे सत्त्वगुणस्योद्रेकः संजायते। तस्मात् प्रकाशानन्दात्मको बोधः कश्चनानुव्यवसायात्मको भवति। विश्रान्तिस्तस्य परिणतिः। सैव भुक्तिः। स एवानुभवो रसः। स च पुरुषस्य विशदीभूते मनो मुकुरे प्रतिफलितानां रत्यादिभावानां ममात्मकः प्रमात्मको बोधः।

रसाभिव्यक्तिवादस्तु सुतरामाध्यात्मिकः। साधारणीकृद्भिर्भावादिभिः सहृदय-सामाजिकानां मनसि साधारणीकृतानामेव रत्यादिस्थायिभावानां संवलितः स्वात्म-परामर्श एव रसः। आनन्दः खलु स्वात्मपरामर्शादेव जायते। स च स्वात्मपरामर्शो मनस एकाग्रतां विना न संभवति। चित्तस्यैकाग्रता पुनः स्वस्वभावप्रकाशनलक्षणे झटिति संजायते। स्वभावस्य प्रकाशनं तत्तल्लौकिकविषयाणामुपभोगक्षणे स्वत एव भवतीति सर्वेषामस्माकमनुभवः। तस्मिन्काले विषयोपभोगक्षणे चित्तैकाग्रे याते यः स्वात्मपरामर्शो भवति तेनापि आनन्दोऽनुभूयते। स एव विषयानन्द इत्युच्यते। काव्यानुशीलनकाले विषयाः साक्षादुपस्थिता न भवन्ति। अपि तु तेषां स्थायिरूपेण विद्यमानः संस्कारस्तिष्ठति। स एव काव्यानुरोधेनोद्बुध्यते। तस्मिन् क्षणेऽपि चित्तमेकाग्रं संजायते। तत्रैवैकाग्रे मनसि स्वात्मनो यत् प्रतिफलनं तस्य बोध एव काव्यानन्दः। स एव रसः। स च द्वितीयकोटिकः। निर्विकल्पके समाधौ तु विषयाणां न हि साक्षान्नापि संस्काररूपेणोपस्थितिः संभाव्यते। अतः तस्यामवस्थायां यः स्वात्म-परामर्शो भवति स परमानन्द इत्युच्यते।

काव्यजन्यानुभूतौ जायमानः स्वात्मपरामर्शो रत्यादिस्थायिभावसंस्कारसंवलितो भवति। पण्डितराजशब्दैः "रत्याद्यवच्छिन्न चिदेव रसः"। काव्यजन्येयं स्वात्मानुभूतिः सर्वाभिश्च कलाभिः शक्यते संपादयितुम्। अत एव कलानामपि जीवने महत्त्वमाध्या-त्मिकदृष्ट्यापि न्यूनं नास्ति। काव्यालापांश्च वर्जयेदित्यादि कथनं सर्वथा अभ्यर्ह-णीयम्। आध्यात्मिकानुभवः यथाकथंचित्सर्वेषामेव जनानां स्यादिति कलानामुद्भवो मानवानां श्रेयसे जातः।

एत एवोपर्युक्ताश्चत्वारो वादाः काव्यरसस्वरूपविषये प्रमुखाः। काव्यावलो-कनश्रवणकाले वर्ण्यवस्त्वनुसारं रत्यादिस्थायिभावानां सहृदयसामाजिकानां मानसपटले आविर्भावतिरोभावात्मकोऽनुभवः सर्वजनसाधारणः। स एव तत्तद्भावानामुत्पत्ति-ज्ञप्तिभुक्त्यभिव्यक्तिपदैः प्रकटितः। एष्वैकैकं पक्षमनुसृत्य विस्तृताः व्याख्याः विद्वद्भिः सम्पादिताः। एषु यथार्थः पक्षः क इति निर्णेतुं न शक्यते। सर्वेष्वपि पक्षेषु अस्ति काचिद् मौलिकोद्भावना यस्या निरसनं न शक्यते कर्तुम्। इह रसानुमितिपक्षम-धिकृत्य विस्तरेण किंचिदभिधीयते।

काव्यजन्यरसानुभूतिरनुमानस्यैव विषयः इति पक्षः श्रीशङ्कुकेन समुद्भावितः।

विक्रमस्य सप्तम्यां शताब्द्यां भारतस्य प्रायः सर्वेष्वपि भागेषु मीमांसादर्शनस्य प्राबल्यमभूत् । बौद्धविचारधारायाः विरोधार्थं सर्वेष्वेव क्षेत्रेषु मीमांसकाः कार्यमकुर्वन् । काव्यालापांश्च वर्जयेदित्यासीदुद्घोषो बौद्धानाम् । तत्प्रतिषेधार्थं मीमांसकधुरीणेन भट्टलोल्लटेन साहित्यविषयेऽपि लेखनी नियोजिता । भरतनाट्यशास्त्रस्य व्याख्या तेन सम्पादिता । मानवजीवनस्य कृते भोजनादिकं यथावश्यकं तथैव नृत्यसंगीतादय कलाः । अत एव धर्मादिशास्त्रवदेव नाट्यशास्त्रस्यापि व्याख्यानं मीमांसकैरभीष्टम् । मीमांसा-सिद्धान्तरीत्या रससूत्रस्य व्याख्या भट्टलोल्लटेन कृतेत्युक्तपूर्वमेव । तदनुसारं रसस्य कार्यत्वं सिध्यति । श्रीशङ्कुकदृष्ट्या रसस्य कार्यत्वं परीक्षाकृते न समीचीनमुपपद्यते । तथा हि—रसो हि यदि कार्यस्तदा "कारणमन्तरा कार्यत्वस्यासम्भवात्" नियतपूर्व-वृत्तित्वेन रसानुकृतान्वयव्यतिरेकेण वा विभावादय एव कारणत्वेन तस्य गृह्यन्ते । ते पुनः न शक्नुवन्ति भवितुं समवायिकारणं, नाप्यसमवायिकारणं, कार्यरूपरसेन सह तेषामयुतसिद्ध्यभावात् । विभावादीनामभावे अनुभूतिपक्षमागतस्यापि रसस्यान्तर्धाना-न्नोपपद्यते तेषां निमित्तकारणत्वमपि रसस्य । यतो निमित्तापाये न भवति कार्यस्यो-त्पन्नस्याप्यपायः । रसस्तु विभावादिजीवितावधिरित्युक्तः । यावत्कालं विभावादय-स्तिष्ठन्ति तावत्कालपर्यन्तमेव काव्यरसानुभूतिर्जायते । यदैव विभावादयोऽपहृतास्तदैव रसानुभूतेरपि स्थगनं संजायते । एवं समवाय्यसमवायिनिमित्तेषु न कस्मिंश्चित्प्रकारे कारणस्यापतन्ति विभावादयः । तस्मान्नार्हति भवितुं रसः कार्यः ।

रसानुभूतेः कार्यत्वनिरसनेन ज्ञाप्यत्वं तत्र स्वतः समायाति । यतः कोऽप्यनुभवः कार्यो वा स्याज् ज्ञाप्यो वा । कार्यत्वं यदि युक्तिभिर्निरस्तं तर्हि ज्ञाप्यत्वमेवैकं शरणम् । अभूततद्भावत्वं हि कार्यत्वं, भूतस्यैव पुनरावरणनिरसनपूर्वकं बोधो ज्ञाप्यत्वम् । घटरूपकार्यस्य पूर्वतोऽविद्यमानस्य कुलालेन निर्मितिस्तत्र कार्यत्वमापादयति निर्मितस्यापि तस्य तमसाच्छन्नस्य प्रदीपेन प्रकाशनं ज्ञाप्यत्वं विदधाति । अतो रसो यदि न कार्यस्तदा ज्ञाप्यः स्यात् । विभावादयस्तदा तस्य ज्ञापका एव । एवं विभावादिभिः सह ज्ञाप्यज्ञापक-भावसम्बन्धरूपसंयोगाद्रसस्य निष्पत्तिरर्थाज्ज्ञप्तिर्भवतीति भरतसूत्रार्थः । ज्ञाप्यज्ञापकभाव एवानुमाप्यानुमापकभावः । ज्ञप्तिरेव रसस्यानुमितिः । पक्षेऽस्मिन् रसोऽनुमेयः विभावादयोऽनुमापकहेतवस्तस्य सिद्ध्यन्ति ।

रसानुमितिवादस्योद्भावकः श्रीशङ्कुक आसीत् । रससूत्रस्य व्याख्यां कुर्वता तेन विभावादीनां ज्ञापकत्वं रसस्य च ज्ञाप्यत्वं प्रतिपादितम् । तत्र रसानुमितेः पक्षो नटाः, साध्यं सहृदयकृद्रसानुभूतिः, हेतवः कविप्रकाशिता नटप्रकाशिता वा विभावादयः । अनुमाता सहृदयसामाजिकः । अन्यानुमीयमानतत्त्वेभ्यो वह्न्यादिभ्यो रसस्य पार्थक्यमेवं सिद्ध्यति यद्रसोऽनुमितिविषयः सन्नपि अनुभवपथमधिरोहति । नान्यत्तत्त्वं तथा । अत एवान्यानुमीयमानविलक्षणोऽयं ख्यातः ।

रसानुमितिवादस्य वस्तुतः प्रतिष्ठाताऽभूत् महिमभट्टः । ध्वनिध्वंसात्मको ह्यस्य

ग्रन्थो व्यक्तिविवेकः परमां ख्यातिमवाप। व्यक्तिविवेके व्यञ्जनायाः परीक्षाप्रसङ्गे काव्यानुभूतेः सर्वेषामेव प्रकाराणां विवेचनमनुमितिपरं व्यवस्थापनं चोपलभ्यते। महिमभट्टेन समेषामेव काव्यतत्त्वानां व्यवस्थापनं स्वकीये ग्रन्थे कृतम्। प्रसंगेऽस्मिन् रसनिष्पत्तिविषयकाः सर्वे पक्षाः सुतरां विवेचिताः। महिमभट्टस्य विवेचने काव्यविषयकाधुनातनविचाराणामपि समुपलब्धिर्भवति। रसविषये तु महिमभट्टस्य विवेचनं सर्वथा मौलिकं नूतनं युक्तिभिः समलंकृतं चास्ति। महिमभट्टस्याग्रहः ध्वनिसिद्धान्तखण्डने तथा बलवान्नास्ति यथानुमितिपक्षस्य प्रतिपादने। अत एव महिमभट्टेन स्वसिद्धान्तस्य प्रतिपादने काचनैतादृशी व्यवस्थाङ्गीकृता यथा शब्दार्थविषयको निखिलः क्रियाकलापोऽत्राङ्गीकृतः। अनुमितिरत्र न केवलं प्रमाणविशेषमनुहरति अपि तु निखिलेऽपि शाब्दव्यवहारे भूमिका ह्यस्या वरीवर्ति। अनुमितेरत्र वादरूपेण सिद्धान्तरूपेण च प्रतिष्ठा जाता। तमेवसिद्धान्तमक्षिलक्षीकृत्य रसानुमितिपक्षस्य विवेचनमत्र क्रियते।

(अ) शाब्दव्यवहारस्य साध्यसाधनगर्भता

अनुमितिवादे सर्वस्मिन् शाब्दव्यवहारे साध्यसाधनगर्भताङ्गीक्रियते। शब्दः साधनोऽर्थश्च साध्यो भवति। शब्दार्थयोर्मध्ये साध्यसाधनभाव एव सम्बन्धः कार्यं करोति। साध्यसाधनभावः खलु शब्दार्थयोरविनाभावसम्बन्धाश्रितः। येन शब्देन यस्यार्थस्याविनाभावसम्बन्धः सिद्धः स एव शब्दस्तस्यार्थस्य वाचको भवति। अर्थोऽपि द्विविधः प्रोक्तः वाच्योऽनुमेयश्च। तत्र शब्दव्यापारस्याभिधया यो विषयः स तु वाच्यः। अनुमेयस्तु सर्वथा अर्थान्तरं भवति। तस्यानुमानं वाच्याद्वा भवति वाच्यानुमिताद्वार्थात्। अर्थादनुमेयार्थस्य प्रत्यायकः शब्दः कश्चन न भवति अपितु अर्थ एवास्यानुमापकः स्यात्। तत्रापि पदस्य योऽर्थो भवति स वाच्यतां केवलमर्हति नानुमेयताम्। वाक्यार्थस्तु सदानुमेय एव भवति। अनुमेयस्त्वर्थस्त्रिविधः प्रकीर्तितः—वस्तुरूपोऽलंकाररूपो रसादिरूपश्चेति। वस्त्वलंकारौ कदाचिद्वाच्यावपि भवतः। रसादिरूपस्त्वर्थः सदाऽनुमेय एव भवतीति सिद्धान्तः। वाच्यरूपेणोपवर्णिता विभावादय एव तत्र लिङ्गत्वमुपयान्ति।

(इ) वाच्यानुमेययोः सम्बन्धः प्रतीतिक्रमश्च

ध्वनिसिद्धान्तानुसारं वाच्यव्यङ्ग्ययोर्व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावसम्बन्धो भवति। व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावस्तु ध्वनिकृता घटप्रदीपन्यायेन व्यवस्थापितः। स च द्वयोर्यौगपद्यतां प्रत्याययति। उक्तं च ध्वनिकृता—"व्यञ्जकत्वमार्गे तु यदाऽर्थोऽर्थान्तरं द्योतयति तदा स्वरूपं प्रकाशयन्नेवासावन्यस्य प्रकाशकः प्रतीयते प्रदीपवत्। अन्यच्च नहि व्यङ्ग्ये प्रतीयमाने वाच्यबुद्धिर्दूरीभवति। वाच्याविनाभावेन तस्य प्रकाशनात्। तस्मात् घटप्रदीपन्यायस्तयोः। यथैव हि प्रदीपद्वारेण घटप्रतीतावुत्पन्नायां न प्रदीपप्रकाशो निवर्तते तद्वद् व्यङ्ग्यप्रतीतौ वाच्यावभासः।" विशेषतश्च रसादिध्वनौ व्यङ्ग्यव्यञ्जक-

भावः असंलक्ष्यक्रमेण व्यवस्थापितः । अस्यायमेवाभिप्रायो यद्यदा वाच्येन सहैव व्यङ्ग्यस्य प्रतीतिर्भवति स रसादिध्वनिः । यत्र च पृथक्तया प्रतीतिस्तत्र वस्त्वलंकारध्वनी भवतः । अनुमितिवादानुसारं वाच्यादेवानुमेयो रसः अतो वाच्यानुमेययोः प्रतीतिरेककालावच्छेदेन न भवितुमर्हति । यतो द्वयोर्मध्ये साध्यसाधनभावः कार्यं करोति । ध्वनिसिद्धान्तेऽपि यदि रसादिध्वनिप्रसङ्गे वाच्यव्यङ्ग्ययोः पार्थक्यं स्वीकृत्यैवालक्ष्यक्रमभावेन व्यवस्थापनं स्वीक्रियते तर्हि कृतं घटप्रदीपन्यायेन । पौर्वापर्यस्वीकारे लिङ्गलिङ्गिभाव एव श्लाघ्यो मन्तव्यश्च । अतो रसादिलक्षणोऽर्थः सदा अनुमेय एव भवति । वाच्यात्तस्य प्रतीतिस्तु क्रमशो भवति न कदापि सहभावेन । रसादिस्थले वाच्यानुमेययोर्युगपत्प्रतीतिः भ्रान्तिरेव । अत एव विभावादिप्रतीत्यविनाभाविनी रसादीनां प्रतीतिरिति तत्प्रतीतयोः कार्यकारणभावेनावस्थानात् क्रमोऽवश्यंभावी ।

(उ) रसस्य काव्यात्मता

अनुमितिवादे काव्यतत्त्वेषु रसस्य स्थानं किमस्तीत्यस्मिन् विषयेऽपि विचारः स्पष्टतया कृतः । श्रीशङ्कुकद्वारा प्रस्तुतरससूत्रव्याख्यायां नास्ति कश्चन संकेतोऽपि येन काव्यात्मविषये तस्य स्थितिर्ज्ञायेत । किन्तु महिमभट्टेनास्मिन् विषयेऽपि सुतरां प्रकाशः कृतः । तदनुसारः काव्यस्यात्मा रस एव केवलं भवितुमर्हति नान्यत् तत्त्वम् । व्यक्तिविवेककारो न केवलमेतदेव कथयति यद्रसः काव्यस्यात्मा अपि तु एतादृशरचनायाः कृते काव्यसंज्ञा रसमेवाक्षिलक्ष्यीकृत्य दत्ता । रसवत्वमेव काव्यत्वमिति तेन सुतरां व्यवस्थापितमुक्तं च—

काव्यस्यात्मनि संज्ञिनि रसादिरूपे न कस्यचिद्विमतिः ।[५]

रसः काव्यस्य न केवलमात्मा अपितु संज्ञी अपि अस्ति । अनेन प्रकारान्तरेण तदेवोक्तं यद्विश्वनाथेन साहित्यदर्पणे प्रतिपादितम् । तद्धि रस एव काव्यस्य स्वरूपाधायकं तत्त्वमस्ति । विश्वनाथस्य प्रेरणास्रोतः महिमभट्ट एवात्रापि प्रतीयते । आनन्दवर्धनेन रसः काव्यस्याङ्गीत्युक्तः । महिमभट्टानुसारं रसः काव्यस्य संज्ञी भवति ।

न कस्यचिद्विमतिरित्यनेन रसस्य काव्यात्मत्वं सार्वभौमः सिद्धान्त इति प्रतिपादितं भवति । उक्तं च—अत एव न गुणालंकारसंस्कृतशब्दार्थमात्रशरीरं तावत्काव्यं ...... तस्य रसात्मताभावे मुख्यवृत्या काव्यव्यपदेश एव न स्यात् ।[६] अनुमितिवादानुसारं यद्यपि वस्त्वलंकारावपि अनुमेयतां भजतस्तथापि रसस्तु सर्वथा अनुमेय एवेति न कदापि वाच्यतां यातीति, अयमेव काव्यस्यात्मा । रीतिध्वनिवक्रोक्तीनां काव्यात्मता न कथमपि

---

५. व्यक्तिविवेकः, सं० का० १।२५ ।

६. व्यक्तिविवेकः, पृ० २१, त्रिवेन्द्रम् ।

अभ्यर्हिता रसानुमितिसिद्धान्ते । अत एवानन्दवर्धनप्रतिपादितध्वनिसिद्धान्तानुरोधिनापि मम्मटेन रसस्यैव काव्यात्मता व्यवस्थापिता न ध्वनेः । शब्दस्यैव काव्यपदप्रवृत्तेः निमित्तत्वं प्रतिपादयता पण्डितराजेनापि रसस्यैव काव्यात्मता प्रशस्ता ।

अभिनवगुप्तमहिमभट्टौ यद्यपि सिद्धान्ततः परस्परविरोधिनौ तथापि रसस्य काव्यात्मताविषये एकमतौ स्तः । तयोरैकमत्यं रसस्वरूपविषये किञ्चिदपि नास्ति इति प्रतिपादयिष्यते ।

(ऋ) रसस्य सुखास्वादस्वरूपम्

अनुमितिवादे रसस्य स्वरूपं सर्वथा विलक्षणमेव प्रतिपादितमस्ति । भरतनाट्यशास्त्रे रसानुभूतिर्हर्षाद्यात्मिका विहिता । तत्र प्रयुक्तेनादिपदेन केचन व्याख्यातारः शोकादीनामपि ग्रहणं कुर्वन्ति । करुणवीभत्सभयानकादौ रसे हर्षस्यानुभवो न भवितुमर्हति । अतस्तत्र शोकक्षोभोपेक्षादीनामनुभवो भवतीति प्रतिपादयन्ति । आनन्दवर्धनेन रसः सामान्येन प्रह्लादनात्मकोऽनुभवोऽभिहितः । भट्टनायकेनैव सर्वप्रथमं रसो ब्रह्मानन्दसहोदरः प्रकाशानन्दसंविच्च कथितः । अभिनवगुप्तस्तु रसमानन्दात्मकमनुभवं विदधाति, आत्मनश्चैवानुभूतिं मनुते । ततो रसस्यानन्दात्मकतायाः प्रतिष्ठा सुतरां जाता । विश्वनाथजगन्नाथादयः सर्वेऽपि मतस्यैवास्यानुयायिकाः ।

महिमभट्टस्तु विषयेऽस्मिन् सर्वथा मौलिकः प्रतीयते यदा स कथयति रसः केवलं सुखास्वादः । क्वापि असौ रसानुभूतेर्ब्रह्मास्वादसहोदरतामानन्दरूपतां वा न समर्थयति ।

महिमभट्टो रसमात्मानुभवं न मनुते अपितु काव्यवर्ण्यवस्तुन एवानुभवं स्वीकरोति । काव्यविषयाणां सुखदुःखाद्यनेकरूपत्वेऽपि तेभ्यः सुखास्वाद एव यद्भवति तत्र कारणं वर्ण्यवस्तूनां स्वभावद्वैविध्यमेव । एतानि वस्तूनि यदा लोके साक्षादनुभूयन्ते तदा तेभ्यः सुखदुःखादयो विविधा भावा अनुभूयन्ते । परं यदा ते काव्ये वर्णिता भवन्ति तदा तेभ्यः केवलं सुखात्मक एवानुभवो भवति न कदापि दुःखात्मकः । वर्ण्यवस्तुनः स्वभाव एवायमतो न पर्यनुयोगपदवीमवतरति प्रामाणिकानाम् ।

एवं रसानुभूतिः, अनुमितिवादानुसारं काव्यस्य वर्ण्यवस्तुनः स्वभावस्यैवानुभूतिर्नात्मतत्त्वस्य न वा ब्रह्मतत्त्वस्य । इत्थं रसानुमितिवादी आचार्यः सौन्दर्यानुभूतेः स्वरूपविषये ,सर्वथा वस्तुवादी एवास्ति । आधुनिककाव्यालोचने काव्यजन्यानुभूतेः स्वरूपं वर्ण्यवस्तुनः पृथङ् न स्वीक्रियते । काव्यवर्ण्यवस्तुस्वभावस्यानुभूतिरेव कापि काव्यानुभूतिर्भवितुमर्हति ।

लोके ये कारणकार्यसहकारिभावास्ते काव्ये न यथार्थतया घटयितुं शक्नुवन्ति। ते हि कृत्रिमा एव भवन्ति। कृत्रिमेभ्य एव तेभ्यः सहृदयसामाजिकानां मनःसु अनुभवात्मको यो बोधो जन्यते स एव रसः। अतस्तैरेव कारणादिभिः कृत्रिमैर्विभावाद्यभिधानैरसन्तो रत्यादयः प्रतिबिम्बकल्पाः स्थायिभावव्यपदेशभाजः कविभिः प्रतिपत्प्रतीतिपथमुपनीयमाना हृदयसंवादास्वाद्यत्वमुपयन्तः सन्तो रसा इत्युच्यन्ते। तदेवं विभावादीनां हेत्वादीनां च कृत्रिमाकृत्रिमतया काव्यलोकविषयतया च स्वरूपभेदे विषयभेदे चावस्थिते सत्येकत्वासिद्धेर्यदा विभावादिभिर्भाविषु रत्यादिष्वसत्स्वेव प्रतीतिरूपजन्यते तदा तेषां तन्मात्रसारत्वात् प्रतीयमाना इति गम्या इति च व्यपदेशा मुख्यवृत्त्योपपद्यन्त एव। तत्प्रतीतिपरामर्श एव च रसास्वादः स्वाभाविक इत्युक्तम्।

(लृ) रसस्योपायमात्रता

अनुमितिवादे रसो यद्यपि काव्यस्यात्मा तथापि न प्रयोजनं काव्यविद्यात्मकस्य वाङ्मयस्य। यतः काव्यस्यापि लक्ष्यं तदेवास्ति यदन्येषां शास्त्राणाम्। तद्धि कृत्याकृत्यविवेकः। उक्तं च—सामान्येनोभयमपि च तत् शास्त्रवद्विधिनिषेधव्युत्पत्तिफलम्। विवेकोऽयं शास्त्रान्तरैः कठिनः सम्पादयितुम्। नापि जनसामान्यस्य कृते सुलभः। काव्यस्यायं मार्गः सुकुमारबुद्धीनामपि जनानां शास्त्रविमुखानामपि सरसतापादनेन स एव कृत्याकृत्यविवेको सरलतया यथा संपादनीयः स्यात्तथोद्भावितः। केवलं व्युत्पाद्यजनजाड्यतारतम्यापेक्षया काव्यनाट्यशास्त्ररूपोऽयमुपायमात्रभेदो न फलभेदः। एवं च ये सुकुमारमतयः शास्त्रश्रवणादिविमुखाः सुखिनो राजपुत्रप्रभृतयः पूर्वत्राधिकृताः, ये चात्यन्तोऽपि जडमतयस्तावता व्युत्पादयितुमशक्याः स्त्रीनृत्यातोद्यादिप्रसक्ता उभयेऽपि ते अभिमतवस्तुपुरस्कारेण गुडजिह्विकया रसास्वादनसुखं मुखे दत्त्वा तत्र कटुकौषधपानादाविव प्रवर्तयितव्याः।

रसस्तु तदवाप्तुं सरणिः। अतोऽयमुपायमात्रो नतूपेयः। अभिनवगुप्तपण्डितराजप्रभृतिभी रस एवाध्यात्मिकबोधतयोपेयात्मकफलम्। स एवानन्दात्मको रसो निखिलकाव्यविद्यायाः मौलिभूतं प्रयोजनमिति मम्मटभट्टैरपि प्रतिपादितम्।

अत्रापि अनुमितिवादिनः आधुनिकानां काव्यलोचनविधायिनां मतेन साम्यं भजन्ते। एतेऽपि पाश्चात्यपौरस्त्योभयविधाः काव्यरचनायाः प्रयोजनं कृत्याकृत्यविवेकस्योपदेश एवेति प्रतिपादयन्ति। महिमभट्टस्यैवाय प्रभावो यद्विश्वनाथेनोक्तम्—

चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि।
काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निगद्यते॥[7]

---

७. सा० द० १।१।

